ओम् पारब्रह्मणे नमः

अथ मात्रा शास्त्र

कहु रे बाल! किसने मूँडा,किसने मुँडाया,किस का भेजा नगरी आया ।। सत्गुरु मूँडा लेख मुँडाया, गुरु का भेजा नगरी आया ।। चेतहु नगरी तारहु गाम,अलख पुरुष का सुमिरहु नाम ।। गुरु अविनाशी खेल रचाया,अगम निगम का पंथ बताया ।। ज्ञान की गुदड़ी खिमा की टोपी,यत का आड़बंद शील लंगोटी ।। अकाल खिंथा निराश झोली,युक्ति का टोप गुरुमुखी बोली ।। धरम का चोला सत की सेली,मरयाद मेखला लै गले मेली ।। ध्यान का बटुआ व्रित्त का सुईदान,ब्रहम अंचला लै पहिरे सुजान ।। बहुरंगी मोरछड़ निरलेप विष्टी,निरभउ जंगडोरा ना को द्रिष्टी ।। जाप जंगोटा सिफत

उड़ानी,सिंङी शब्द अनाहद गुरुबाणी ।। शरम की मुद्रा शिव विभूता,हरि भगती म्रिगानी लै पहिरै गुरुपूता ।। संतोष सूत विवेक धागे,अनेक टल्ली तहाँ लागे ।। सुरति की सुई लै सत्गुरु सीवे,जो राखै सो निरभउ थीवे ।। स्याह सफेद ज़रद सुरखाई,जो लै पहिरै सो गुरु भाई ।। त्रैगुण चकमक अगनि मथ पाई,दुख सुख धूणी देह जलाई ।। संयम कपाली शोभाधारी,चरण कमल में सुरति हमारी ।। भाव भोजन अम्रित कर पाया,भला बुरा मन नहीं बसाया ।। पात्र विचार फरुआ बहुगुणा,करमंडल तूम्बा किस्ती घणा ।। अम्रित प्याला उदक मन दीया,जो पीवे सो सीतल थीया ।। इड़ा में आवे पिंगला में धावे,सुषमन के घर सहज समावे ।। निराश मठ निरंतर ध्यान,निरभउ नगरी दीपक गुरु गिआन ।। स्थिर ऋद्धि अमर पद दंडा,धीरज फहुड़ी तपकर खंडा ।। वशकर आशा समद्रिष्टि चौगान,हरख शोक नहिं मन में आन ।। सहज विरागी करे विराग,माया मोहिनी सकल त्याग ।। नाम की पाखर पवन का घोड़ा,निहकरम जीन तत्त्व कर जोड़ा ।। निरगुण ढाल गुरु शब्द कमान,अकल संजोह प्रीति के बान ।। अकल की बरछी गुणों की कटारी,मन को मार करो असवारी ।। विषम गढ़ तोड़ निरभउ घर आया,नौबत शंख नगारा बाया ।। गुरु अविनाशी सूषम वेद,निरवाण विद्या अपार

भेद ।। अखंड जनेऊ निरमल धोती,सोहं जाप सच माल पिरोती ।। सिखा गुरुमंत्र गायत्री हरिनाम, निश्चल आसन कर विश्राम ।। तिलक संपूरण तरपण यश,पूजा प्रेम भोग महारस ।। निरवैर संध्या दरशन छापा,वाद विवाद मिटाओ आपा ।। प्रीति पीतांबर मन म्रिगशाला,चीत चितांबर रुणझुण माला ।। बुद्धि बाघंबर कुलह पोस्तीन,खौंस खड़ावाँ इह मति लीन ।। तोड़ा चूड़ा और जंजीर,लै पहिरै साधू उदासी धीर ।। जटा जूट मुकुट सिर होइ,मुक्ता फिरे बंध नहिं कोइ ।। नानक पूता श्रीचंद्र बोले, जुगत पछाणे तत्त्व विरोले ।। ऐसी मात्रा लै पहिरै कोइ,आवागमन मिटावे सोइ ।। ।। इति ।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

नमो गणपति सारदा,शिव हरि अरु दिनेश ।। पूरण परिपूरण प्रभु,श्रीचंद्र जपो हमेश ।।१।। एको देवः सरव भूतेषु,गूढ़ वेद बताए ।। सरव विआपी घट घट भीतरि,श्रीचंद्र जोति लुकाए ।।२।। अगम

अगोचर अंतरजामी,निराकार आधारा ।। सभ का करता धरता रख्यक,श्रीचंद्र गिआन उजारा ।।३।। अंतरजामी सरब विधाता,पूरण पुरुख दयालू ।। सरब आधारा सरब सरूपा,श्रीचंद्र ब्रहम किरपालू ।।४।। सनकादिक ब्रहमादिक देवा,भेद न ताका जाने ।। आदि पुरुख परमेस्वर आपे,अपना रूप पहचाने ।।५।। परमेस्वर जगदीस्वर सुआमी,जाकी लीला निआरी ।। वेद कतेब ऋषि मुनि जा को, श्रीचंद्र है बलिहारी ।।६।। गिआनागार अगिआन विनाशक,श्रीचंद्र प्रभु उर धारो ।। अनंत अनादि आतम जोति,परम तत्त्व विचारो ।।७।। घट घट अंतरि सदा निरंतर,जाकी जोति समाई ।। निराकार निरगुण प्रभु दाता,श्रीचंद्र भए सहाई ।।८।। अघनासक संताप विनाशक,एक देव जगदीस्वर ।। आदि अंत अरु मध्य न जाका,श्रीचंद्र बसत है भीतर ।।९।। राम रहीम करीम वह एको,निरभै जोति निआरी ।। श्रीचंद्र सच्चिदानंद सुआमी,आदि पुरुख मुरारी ।।१०।। परम पिआरा जगत अधारा, निरालंब ओंकारा ।। अलख निरंजन निरगुण सुआमी,श्रीचंद्र एक सहारा ।।११ ।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग रामकली ।।

आदि सत्गुरु पाद मनाइ ।। अविनासी गुरु पुरुख बिधाता,सदा रहहुँ ताकी सरनाइ ।।१।। रहाउ ।। वेद पुरान सिम्रिति सभ सासत्र,गुरू क्रिपा ते लहिऐ ।। नाराइण गोबिंद सुआमी,राम हरी तिहँ कहिऐ ।।१।। आदि जुगादि अनादि सदा प्रभु,सत्गुरु दिओ दिखाई ।। अगम अगोचर अकल कलाधर,घट घट रहिआ समाई ।।२।। जगदाधार आनंद सरूपा,खिन महि थाप उथापै ।। सुत बनिता जिहँ तात न माता,सत्गुरु ते उर जापै ।।३।। श्रीचंद्र गुरु परम पुनीता,नित नूतन हरि देवा ।। होत दयाल जाहिं नर ऊपर,ताहिं जनावत भेवा ।।४।।१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग रामकली || अविनासी गुरु पूरा || आगम निगम सुझावत गुरुमुख,पारब्रहम भरपूरा ||१|| रहाउ || घट घट माहि राम रम रहिआ,आदि न अंत गुसाईं || अंतरजामी सभ कछु पेखे,जहँ जहँ जंतु कमाई ||१|| सगल घटां महि एको जोती,करत अंधेरा नासा || राम गुपत पट पट महि रहिता,सत्गुरु ते परगासा ||२|| गूह्य कला ससधर की प्रगटत,चरन कमल प्रतापै || नीच ऊच महि तेज समायो,गुरु दिखलावै आपै ||३|| तीन ताप अरु पंच कलेसा,पंच विकार नसावै || पाद कंज श्रीचंद्र गुरू के,पुर बैकुंठ पुजावै ||४||२||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग रामकली || सत्गुरु बिना अंधेरी रात || अधिक लमेरी सुखपत सुख नहि,महा भयानक सुपन लखात ||१|| रहाउ || गहबर बन अगनी चहुँदिसि महिं,कैसे पावहि घात || केते जलत तड़फते केते,केते इत उत प्रात ||१|| केतन धूड़ि पड़ी है धरणी,केते उडत अकासै || केते सर सोखे है अनलै,अनिल न दे अवकासै ||२|| तरुवर मंडल गगन झुलंते,सगरे कड़कड़ बोले || फल फुल पात

साख बिनसानी,महा अगनि के झोले ।।३।। बाँह पकड़ सत्गुरू हिलायो,बिनसी पीर सबाई ।। अपर देस अरु जंतु अपर ही,श्रीचंद्र गुरु पाई ।।४।।३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। मो कउ सत्गुरु पार लगाया ।। चिंता सागर महि मन बोहिथ,त्रिसना वायु वहाया ।।१।। रहाउ ।। तरंग भयानक अपकरमन कउ,सिमरन करि दुख पाता ।। केवट कोइ न रहिओ खिवैआ,खेपणि परे अत्राता ।।१।। केनिपात अभ्री अरु सेचन,हाथन तिआग पराने ।। अतिनु पार परे बूडत लखि,तरणी जल निरगमाने ।।२।। परिओ आवरत किलाल गंभीरे,महत सुलाल उठंती ।। पुलिन निकट पिखियंत न कोऊ,मकर कुंभीर गहंती ।।३।। अवहारन कच्छप गन झुंडन,पेख रिदै दहिलायो ।। श्रीचंद्र गुरु सुनी पुकारा,सगरो बिघन मिटायो ।।४।।४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। मेरा सत्गुरु पूरा ।। कोटि कलंक काट खिन भीतरि,सभ गुण सिउं भरपूरा ।।१।। रहाउ ।। पातक भारे काठ सकेले,लाई अगनि जलाए ।। जनम जनम की मल उर लागी,धोए कीन

सफाए ॥१॥ काली कूह अंधारी निसि महि,अविनासी चंद पायो ॥ तम अगिआन बुद्धि की स्रिस्टी, रवि प्रताप प्रगटायो ॥२॥ काम क्रोध तमचर छुप बैठे,हिंसा पास निवारी ॥ मोह लोभ मद पेचक अंधे, भरत न ऊच उडारी ॥३॥ दसोदिसा परगास निरमला,सूझ बूझ हरि केरी ॥ भुज गहि अपनी उर लिआयो,श्रीचंद्र गुरु हेरी ॥४॥५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग रामकली घर २ ॥ पूरण सत्गुरु की सरणाई,गुरू क्रिपा सिउं परमगति पाई ॥ गए भाग बिख कंटक दूरी,अम्रित संच रिदै भरपूरी ॥१॥ ऊन रही नहिं काहूँ बात,नाम दान इस्नान द्रिढ़ायो,तम सभ नासिओ भी परभात ॥१॥ रहाउ ॥ भूल चूक उर नाहिन धारी,दास जान निज लिए उबारी ॥ काटि सिलक माया मद मोहा,बोहिथ चाड़ि न लायो होहा ॥२॥ एक संग हरि हरि गुन गाइ,धरमराज ते लिए छुड़ाइ ॥ दूजा थाउं न पेखिओ कोई,नाराइण जप ते गति होई ॥३॥ गिआन धिआन गुण अंतरि पूजा,गोबिंद दरस परस सुप भूँजा ॥ परम निधान गुरू ते पाया,श्रीचंद्र फिर जोनि न आया ॥४॥६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। सिमर मना हरि नाम निधाना,गुरु करुणा ते होहु सावधाना ।। खिन महि पाप कोटि परिहार,राम नाम उर अंतरि धार ।।१।। गुण गावहु गोबिंद हरि केरे ।। सावल सुंदर मधुर धुनी संग,करत रहित बंसी की टेरे ।।१।। रहाउ ।। जीव जंतु खग मीन उधारे,काक ऊलूक चील चितकारे ।। भालुक कपि म्रिग अंत न पार,हरि हरि नाम जपत भे पार ।।२।। सहसा सगरा गयो बिलाइ,राम नाम नित रहे समाइ ।। जनम जनम दुख माया मोह,जपु जपु नाम बिडारे धोह ।।३।। नाम सरी कीनो इस्नान,मन दीनो सत्गुरु को दान ।। अबिचल अचल ब्रहमपुर धाम,श्रीचंद्र को सद बिसराम ।।४।।७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली।। गुरु पूरे करि दीनी ओटा,मन ते पाप बिनासिओ खोटा ।। ध्रोह छोह सगले परिहरे, गोबिंद नाम रसन नित ररे ।।१।। ऐसा नाम नाराइण केरा ।। सूख सहिज आनंद का पोता, कोटि कलेस हरत इकबेरा ।।१।। रहाउ ।। साजन संगी साथी एक,दलदल निघरत की ह्वै टेक ।।

मात पिता समसर प्रतिपाला,करुणा सागर दीन दयाला ।।२।। सके भ्रात समाना रण महि,संग लरत नहि तिआगत गण महि ।। भोजन स्वादी समसर देत,निरधन धनी न उर महि भेत ।।३।। पाणि गहित पुनि छोर न जाइ,सदा क्रिपालू गोबिंद राइ ।। नाराइण लड़ दीने लाइ,श्रीचंद्र गुरु बलि बलि जाइ ।।४।।८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली घर ३ ।। संगति सत्गुरु देव की,तन डाहपण बिनसात ।। राम नाम के जाप ते उपजति अंतरि सांत ।।१।। सभ सुख आनंद धाम ।। नाराइण पुर पाइऐ,गुणनिधि निहचल धाम ।।१।। रहाउ ।। भ्रम भै सगल निवार कै,अबिचल पदवी पाइ ।। आवण जाणा तहँ नहीं, दुबिधा दूज न भाइ ।।२।। एका टेक गुपाल की,भटकन हो गई दूर ।। गोबिंद को जस गाइ कै,थित भे सत्त ठरूर ।।३।। प्रभु बिन नदरि न आवई,भव माया अंधिआर ।। गहिर गंभीर अथाह प्रभु,श्रीचंद्र अगम अपार ।।४।।९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। सभ बिधि सभ सुख पाइऐ,सत्गुरु ते हरि नाम ।। रिधि सिधि नउनिधि का, प्रभु चरनन महि ठाम ।।१।। जपु मन राम नाम सुख होइ ।। पूरा गुरु ही देवता,हरि की सैंची सोइ ।।१।। रहाउ ।। माया मोह विसरजिआ,टेक धरी गोपाल ।। आतम अंतरि प्रगटिओ,प्रभु प्रीतम नंदलाल ।।२।। गिआन चरागै चानणै,सूझत है तिंनि लोअ ।। दूजा भाउ विसारिआ,एक जोति रहहि होअ ।।३।। धरम धिआन गुण प्रगटै,मन को मेट अंधिआर ।। श्रीचंद्र पहि अति किरपा,गुरु अविनासी धार ।।४।।१०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली।। आदि अनादि अगाध प्रभु,गुरु पूरे ते पाइ ।। हउमै दुबिधा दूर करि,हरि हरि नाम धिआइ ।।१।। माई री,जाओ न जम के धाम ।। अहनिसि हरि प्रभु सिमरिऐ,सदा सूख बिस्राम ।।१।। रहाउ ।। संता संगति पाईए,चार पदारथ मोख ।। गुण गोबिंद बखानिऐ,मन ते हरिए दोख ।।२।। साध संगति सिउं बासबो,पुरी बैकुंठ सथान ।। आनंद रूप अगम प्रभु,सरब काल

सवधान ॥३॥ मन बुद्धि जाहि न जानही,वेद कतेब अनेक ॥ करता पुरुख चित आवई,श्रीचंद्र गुरु टेक ॥४॥११॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग रामकली॥ सदा सहाई संग प्रभु,बैठत ऊठत सोत ॥ रवि रहिआ सरबत्र महि,अद्भुत जोति उदोत ॥१॥ भाई रे,हउमै गरब निवार ॥ गुरु पूरे की सेव ते,पाइए अगम अपार ॥१॥ रहाउ ॥ चंदन वास बनासपति,सगरी महिक परी ॥ पारस के संग भेट के,लोहो रूप हरी ॥२॥ जीवन मुकत दयाल प्रभु,सत्गुरु परम सुजान ॥ दासन दासा होइ कै,पावत जन कलिआन ॥३॥ नाराइण गोबिंद गुरु,घट घट जहँ परगास ॥ साधु संग हरि नाम जपु,श्रीचंद्र सद रास ॥४॥१२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग रामकली॥ अपनी उर की पीर को,जे जानत नर कोइ ॥ तब ही सत्गुरु वैद ते,अउखधि सूख समोइ ॥१॥ बिखु भी अम्रित होइ ॥ जे गुरु पूरा पाईए,संजम सो मुख चोइ ॥१॥ रहाउ ॥ मन खरले अभिमान को,रस बाणी को पाइ ॥ हरि भगती की अगनि धर,होत सुधा रस साइ ॥२॥

जनम मरण गति हरण की,अहै रसाइण सार ॥ जर जड़ता को परिहरे,काम क्रोध अहंकार ॥३॥ अम्रित दाता सत्गुरू,जोनि गती कट देत ॥ तरुणापन सद ही रहे,श्रीचंद्र संकेत ॥४॥१३॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ **राग रामकली** ॥ जीवन मुकत दयाल प्रभु,गुरु सरणाई लेह ॥ परिहर जम पुर मारगै,हरि हरि नाम जपेह ॥१॥ भाई रे,साधु संग सुख होइ ॥ हउमै गरब निवार के,पावै अनुभउ लोइ ॥१॥ रहाउ ॥ गुरु करुणा ते जाणिआ,अंतरि ब्रहमबिचार ॥ मोह माया संसार का,बिनस गया अंधिआर ॥२॥ जिनि जिनि नाम धिआइआ,साध संग लिव लाइ ॥ हउमै गरब निवार कै, प्रभु महि रहे समाइ ॥३॥ सावल सुंदर मोहणा,अंतरि धुनि विसमाद ॥ पारब्रहम नित श्रीचंद्र,सेवहु गुरु परसाद ॥४॥१४॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ **राग रामकली** ॥ सत्गुरु की सरणी परे,हउमै गरब विनास ॥ सत्गुरु सेवे आपणा,सभ सुख नाम निवास ॥१॥ मन रे,गुरुमुख होइ गुण गाइ ॥ सत्गुरु सेवे लगिआ,राम नाम रस

आइ ।।१।। रहाउ ।। सत्गुरु पूरा ता मिले,जे पूरब होवै भाग ।। जनम जनम की नींद ते,मानुख पावै जाग ।।२।। जिन पूरण सत्गुरु पाइआ,तिसकी दुबिधा नास ।। पारब्रहम सभ विआपिआ, घट अंतरि परगास ।।३।। आदि जुगादी सदा प्रभु,सत्गुरु ते दरसाइ ।। दुबिधा दूजा परिहरे, श्रीचंद्र गुरु पाइ ।।४।।१५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। जिस प्रभु करे अनुग्रह,तिस जन साधू संग ।। नाराइण हरि राम नाम,चढ़ता गूढ़ा रंग ।।१।। मन रे,साधू संगति नाम ।। पूरे गुरु ते पाईए,निहचल पद बिस्राम ।।१।। रहाउ ।। सास सास प्रभु सिमरिऐ,मन तन लाइ पिआर ।। मल पापन की उतरै,काम क्रोध अहंकार ।।२।। अंतरि चानण परगटै,चौदह भुवनै लोइ ।। घट घट अंतरि रवि रहिआ,निज मन सभ अवलोइ ।।३।। गुण की साख निवार कै,पेखै ब्रहम विचार ।। अनहद नाद समाइआ,श्रीचंद्र करतार ।।४।।१६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। जा कउ हरि प्रभु मिहर है,राम नाम जपु चीत ।। पंच दूत सभ भाग गे,जम भै ते

निरभीत ।।१।। मन रे,राम नाम लिव लाइ ।। गुरुमुख सहिज धिआन महि,इकरस सहिज समाइ ।।१।। रहाउ ।। मोह माया के जाल ते,सिमरत छूटै सोइ ।। अंतर आतम ब्रहम मय,अवर न सूझै कोइ ।।२।। किरपा करि कै आपणी,आपे लै लड़ि लाइ ।। आवागउण मिटाइ कै,आपे माहि मिलाइ ।।३।। सूरज गिआन प्रगासिआ,भरम अंधेरा दूर ।। दहदिसि एको श्रीचंद्र,पारब्रहम को नूर ।।४।।१७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। लिव लागी हरिनाम सिउं,दसम मंडल महि थाउं ।। अचरज रूप सुहावणा, अचरज सबद अलाउ ।।१।। बिसम बिसम बिसमाद ।। ताल म्रिदंग उपंग धुनि,बीना बेणू नाद ।।१।। रहाउ ।। संख घंट बेगिणत हैं,सुर सप्ती सुर एक ।। तार मध्य मंद ग्राम की,दूजी नाही टेक ।।२।। वाद विवाद न जाणीए,आकल बिकल सरूप ।। झालर घुँघरु पाउंदे,सुर मंजीरी भूप ।।३।। छुधा पिपासा बिसरै,स्वासन गती निरोध ।। जीवन मरणा परिहरे,श्रीचंद्र हरि बोध ।।४।।१८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग रामकली || मिथिआ द्रिस्टि बिलानिआ,हरि रामै लिव लाइ || आतम पद परगासिआ, अनुभव धुनि प्रगटाइ ||१|| गुरु पूरे की वडिआई || सभ महि एको रवि रहिआ,दूजा नहिं द्रिस्टाई ||१|| रहाउ || जीव जंत सभ तिसी के,जिसके तरवर बाग || परबत नदीआं वाह सरब, पंखी हरिण तड़ाग ||२|| सागर गागर नारि नर,तिस बिन दूजा नाहिं || रूप कुरूपी करम धरम, बिधि निखेध अवगाहि ||३|| हरि मंदर महि बसि रहिआ,एको सच्चा साह || निज मन महि ही पाईए,श्रीचंद्र गुरु राह ||४||१६||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग रामकली || आवहु मीत पिआरिओ,गाईए हरि प्रभु नाम || साधू संगति बास कै,निहचल सभ सुख धाम ||१|| कामधेनु सत संग || पारब्रहम की मिहर ते,खीर पिए हरि रंग ||१|| रहाउ || जहाँ जाण ते औण नहिं,तम बिनसै बिन सूर || दहदिसि लोका लोक लौ,घट घट सत भरपूर ||२|| नित नूतन ऊजल महा,सांत मयंक सुहाइ || सीतल परमल सरद रुति,मंद बहंती वाइ ||३|| दूख

भूख पिआसा हरे,आसा मनसा चूर ।। मान अमान समान गुण,श्रीचंद्र रस मूर ।।४।।२०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। अविनासी गुरुदेव के,सदा रहहुँ पग लाग ।। जाहिं क्रिपा ते पाइओ,पूरण ब्रहम सुहाग ।।१।। निसि अंधिआरी प्रगटिओ चंद ।। तम अगिआन बिनासिओ खिन महि,भयो परकास अमंद ।।१।। रहाउ ।। काम क्रोध लोभ मोह सभ भागे,तसकर नजर न आए ।। अहं बिनासिओ मन ते सगरा,आतम पद दरसाए ।।२।। अपनी धारी छुटकि गई हौं,ममता मत बिलानी ।। परधन परदारा परिहरि करि,अनुभउ जोति प्रगटानी ।।३।। दूजा भाउ मन ते उठ भागा,पूरब करम जगायो ।। पारब्रहम सभ एक समाना,श्रीचंद्र मुहि पायो ।।४।।२१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली ।। सत्गुरु चरन कमल महि,टेक धरो मन मेरे ।। अनिक जोनि को भ्रमणो मिटिहै, वास करो हरि नेरे ।।१।। जिहँ जन पाई सत्गुरु धूरि ।। त्रिसना काम क्रोध मोह परिहरि,हरि कीरति

रस सिउं भरपूरि ॥१॥ रहाउ ॥ जनम मरण को मेटिओ संसय,तम अगिआन बिनासा ॥ चार पदारथ ग्रिह ही भीतरि,पूरण होई आसा ॥२॥ लंमी धाई ते अब चूकै,जम को पैंड बिहाई ॥ भरम बिडार धरी लिव एकै,प्रभु किरपाल सहाई ॥३॥ सगल समग्री आपे पूरी,कीनी करणैहारे ॥ जपत जाप पारब्रहम श्रीचंद्र,करते पुरुख मुरारे ॥४॥२२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग रामकली ॥ भव की ओर जाइ जब देखिओ,निरधन को नहि कोई ॥ सुत दुहिता माता पितु नारी,लागत धन संगोई ॥१॥ मन मेरे,हरि हरि नाम सम्हार ॥ संग न साथ जहाँ को तेरा,तहँहू रहित संगार ॥१॥ रहाउ ॥ भाई मीत सुहिरद बंधु साक,जम ते नाहिं छुडावैं ॥ संगी साथी अति हितु चित के,अंत काल तजि जावैं ॥२॥ पग बेड़ी गल संगल डारे,भूख पिआसे ताड़ें ॥ सागर अगनि रेत तपताई,तन पर कोड़े झाड़ें ॥३॥ पारब्रहम धन की उर थाती,किंकर दूत सबाए ॥ अजपा जाप लुटावहु आगै,श्रीचंद्र सुख थाए ॥४॥२३॥

अम्रितांजली

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग रामकली घर ४ ।।

सलोक- ओम् जपत सुख पाईए,दिनस राति परभाति ।। सदा सहाई सरब थाँ,उपजावत उर सांति ।।

अस्टपदी-ओम् आदि मंत्र भगवान,ओम् जपीए लाइ धिआन ।। ओम् जपते सभ सुख पाइ,ओम् जपते निरमल थाइ ।। ओम् जपते निधि सिधि दास,ओम् जपते पूरन आस ।। ओम् जपते कमल परगास,ओम् जपते कमला दास ।। ओम् जपते अग्रज सूझै,श्रीचंद्र प्रभु ओम् बूझै ।।१।। ओम् जपते कसमल चूरे,ओम्

जपते कारज पूरे ।। ओम् जपते सहिज समाइ,ओम् जपते ऊच पद पाइ ।। ओम् जपते त्रिसना बूझै,ओम् जपते त्रिभुअन सूझै ।। ओम् जपते भूख न विआपै,ओम् जपते आतम ध्रापै ।। ओम् जपते दूखन नास, श्रीचंद्र ओम् परगास ।।२।। ओम् जपते ब्रहम गिआन,ओम् जपते पूरण धिआन ।। ओम् जपते देव सहाइ,ओम् जपते लोक सु पाइ ।। ओम् जपते अगनि विनास,ओम् जपीए सास गिरास ।। ओम् जपते निरमल मना,ओम् जपते आनंद घना ।। ओम् जपते आपा मिटै,श्रीचंद्र माया मोह छुटै ।।३।। ओम् जपत न आवागौण,ओम् जपते पावन भौण ।। ओम् जपते पावन जीहा,ओम् जपते गहरी लीहा ।। ओम् जपते गिरा पवित्र,ओम् जपते वैरी मित्र ।। ओम् जपते सुरग विहार,ओम् जपते पापन टार ।। ओम् जपते पतित पुनीत,श्रीचंद्र ओम् हितु चीत ।।४।। ओम् जपते पूरन भाग,ओम् जपते सहिज विराग ।। ओम् जपते दुबिधा भंग,ओम् जपते गूढ़ा रंग ।। ओम् जपते मन वसि आवै,ओम् जपते रूप सुहावै ।। ओम् जपते अउगुण जाहि,ओम् जपते गुण प्रगटाहि ।। ओम् जपते दरगह मान,श्रीचंद्र ओम् परमान ।।५।। ओम् जपते परम सु सिद्ध,ओम् जपते मन तन बिद्ध ।। ओम् जपते निरमल सोइ,ओम् जपते भ्रम भै खोइ ।। ओम् जपते सत्त सु पंथी,ओम् जपते छूटसि ग्रंथी ।। ओम् जपते अगनि निवारी,ओम् जपते हउमै

टारी ।। ओम् जपते परब इस्नान,श्रीचंद्र ओम् मन मान ।।६।। ओम् जपते जस त्रैलोक,ओम् जपते हरत सु सोक ।। ओम् जपते सभ ते ऊचे,ओम् जपते परम सु सूचै ।। ओम् जपते पावन देहा,ओम् जपते लोक सनेहा ।। ओम् जपते मारग सीधा,ओम् जप रस संगी गीधा ।। श्रीचंद्र गुरु प्रभ अविनासी,ओम् नाम दीन सुख रासी ।। ७।। ओम् जपते ऊजल बुद्धी,ओम् जपत अम्रित सुद्धी ।। ओम् जपते पूरण लोक, ओम् जपते प्रापत थोक ।। ओम् जपते गुपत लखाइ,ओम् जपते पदारथ पाइ ।। ओम् जपते तोट न धना, ओम् जपते खोट न मना ।। ओम् जपत नाराइण पाद,श्रीचंद्र सद ही अहलाद ।।८।।१।। **सलोक-** अविनासी सत्गुरु प्रभू,चरन कमल लिव लाइ ।। पार परत भव सिंधु ते,जनम मरन बिनसाइ ।। **अस्टपदी-** अविनासी पूरण गुरुदेव,सफल दरस अरु सफली सेव ।। पारब्रहम सत्गुरु रिद बसै, काम क्रोध मोह भै नसै ।। सत्गुरु ते निगमागम जान,मान अमान परिहर अभिमान ।। सत्गुरु सेव परमपद पाइ,सत्गुरु सेवे सहिज समाइ ।। सत्गुरु सेवे नाम निधान,श्रीचंद्र गुरु सेव प्रमान ।।१।। सत्गुरु सेवा नाम धिआइ,सत्गुरु सेवा भरम गवाइ ।। सत्गुरु सेवा सफला करम,सत्गुरु सेवा केवल धरम ।। सत्गुरु सेवा निधि सिधि वास,सत्गुरु सेवा सुफल फलास ।। सत्गुरु सेवे हउमै

जाइ,सत्गुरु सेवे निहचल पाइ ॥ सत्गुरु सेवे सदा अरोग,श्रीचंद्र गुरु ते सभ योग ॥२॥ सत्गुरु सेवे देव प्रसंन,सत्गुरु सेवे सदा धन धंन ॥ सत्गुरु सेवे सत संतोख,सत्गुरु सेवे अंतर मोख ॥ सत्गुरु सेवे मल लहि जाइ,सत्गुरु सेव कमल बिगसाइ ॥ सत्गुरु सेवे स्वरग निवास,सत्गुरु सेवत नहि जम पास ॥ सत्गुरु सेवे ऊचा होइ,श्रीचंद्र भव नयन अलोइ ॥३॥ सत्गुरु सेवे की वडिआई,हउमै जाती रोग गवाई ॥ सत्गुरु सेवे आपा बूझै,सत्गुरु सेवे भुवन त्रै सूझै ॥ सत्गुरु सेवे सफली काया,सत्गुरु सेवे परिहर माया ॥ सत्गुरु सेवे काण चुकाइ,सत्गुरु सेव एक लिव लाइ ॥ सत्गुरु सेवे मोख दुआर,श्रीचंद्र गुरु अगम अपार ॥४॥ सत्गुरु सेव पाए दस चार, सत्गुरु सेवे भरे भंडार ॥ सत्गुरु सेवा अहं गवाइ,सत्गुरु सेवा निरमल भाइ ॥ सत्गुरु सेवे तत्तु गिआन,सत्गुरु सेवे नाम निधान ॥ सत्गुरु सेवे मन निरमाइल,सत्गुरु सेवे सत का काइल ॥ सत्गुरु सेवे निरमल देही,श्रीचंद्र गुरू परम सनेही ॥५॥ सत्गुरु सेवे वेदन गिआता,सत्गुरु सेवे पुरुख बिधाता ॥ सत्गुरु सेवा फल प्रद चार,सत्गुरु सेव पदारथ सार ॥ सत्गुरु सेवा तुरियातीत,सत्गुरु सेवे हरि हरि मीत ॥ सत्गुरु सेवा मन वसि करती,सत्गुरु सेवा बुद्धि

निखरती ॥ सत्गुरु सेवे ऊच वडाई,श्रीचंद्र गुरु सेव महाई ॥६॥ सत्गुरु सेवे उत्तम संत,सत्गुरु सेवे लहत अनंत ॥ सत्गुरु सेवे दान इस्नान,सत्गुरु सेवे पद निरबान ॥ सत्गुरु सेवा करम सु थाइ,सत्गुरु ही सिउं नाम बसाइ ॥ सत्गुरु सेवे उतरे दूख,सत्गुरु सेव न विआपै भूख ॥ सत्गुरु सेवे कसमल जाइ,श्रीचंद्र गुरु आप समाइ ॥७॥ सत्गुरु सेवे होइ परगास,सत्गुरु सेवे कमल विगास ॥ सत्गुरु सेवे सफले सास,सत्गुरु सेवे आस निरास ॥ सत्गुरु सेवा गमन अकास, सत्गुरु सेवा साधु निवास ॥ सत्गुरु सेवा सद निभरंती,सत्गुरु सेवा ऊन भरंती ॥ सत्गुरु सेवा सभ ते ऊची,श्रीचंद्र को सकत न मूची ॥८॥२॥ **सलोक-** सत्गुरु जिन जन पाइआ,मन वसि कीनो ताहि ॥ सिख सत्गुरु एकै भए,एकहि माहि समाहि ॥ **अस्टपदी-** सत्गुरु सभ देवन को देव,सत्गुरु सभ स्रुति सासत्र भेव ॥ सत्गुरु निधि सिधि पूर भंडार,सत्गुरु पूज अठारह भार ॥ सत्गुरु भ्रम भै मेटनहारा,सत्गुरु हउमै करत निवारा ॥ सत्गुरु बंध अगिआन गवाइ,सत्गुरु ते हरि हरि गुन गाइ ॥ सत्गुरु काम क्रोध वसि आनै,श्रीचंद्र गुरु माहि समानै ॥१॥ सत्गुरु करम धरम का पूरा,सत्गुरु पूरण धरम का सूरा ॥ सत्गुरु सूरज गिआन परकास,सत्गुरु ते सभ पूरण आस ॥

सत्गुरु वाक्य चंद्र की जौन,सत्गुरु वाक्य पुनीतत भौन ।। सत्गुरु वाक्य रिदै का तीर,सत्गुरु वाक्य बिनासत पीर ।। सत्गुरु वाक्य मधुर मिस्टान,श्रीचंद्र गुरु सम नहि आन ।।२।। सत्गुरु सद जीवन का दाता,सत्गुरु पारब्रहम समवाता ।। सत्गुरु माया मल मोह हरता,सत्गुरु सद अभरन का भरता ।। सत्गुरु अगनि निवारी जाल,सत्गुरु कीनो वसि महा काल ।। सत्गुरु चंदन वास वसाई,ब्रिख भए परमल सरसाई ।। सत्गुरु हिमकर सीतल बानी,श्रीचंद्र सत्गुरु ब्रहम गिआनी ।।३।। सत्गुरु पारब्रहम का रूप,सत्गुरु गिआन शक्ति धर भूप ।। सत्गुरु मात पिता सुत बंधु,लोक परलोक निबहतो बंधु ।। सत्गुरु सीतल पवन झुलारा,सत्गुरु धिआन खड़ग हउ मारा ।। सत्गुरु अतुल शक्ति भंडार,लोभ मोह मेटत जंजार ।। सत्गुरु तीरथराज इस्नान,श्रीचंद्र गुरु मोखद प्रान ।।४।। उत्तम पद सत्गुरु निरबान,सत्गुरु घट घट बोवत धान ।। सत्गुरु काटिआ भरम अंधेरा,सत्गुरु हरि दिखलायो नेरा ।। सत्गुरु शक्ति राखसी हंत,सत्गुरु निरमल तत्तु द्रिगसंत ।। सत्गुरु संतति सद अविनासी,सत्गुरु सुधा सरोवर भासी ।। सत्गुरु परम पुरुख प्रभु हरी,श्रीचंद्र गुरु ही नरहरी ।।५।। सत्गुरु मीत सदा उर संगी,सत्गुरु नाराइण

त्रैभंगी ।। सत्गुरु मसक खगिंद बणाइ,सत्गुरु चटिक बाज खवाइ ।। सत्गुरु करत स्रिगालहु शेर, सत्गुरु काढत घूमनघेर ।। सत्गुरु चंचल चीत टिकाइ,सत्गुरु गोबिंद गुण समवाइ ।। सत्गुरु अंतर की गति जाणै,श्रीचंद्र गुरु प्रभु कै भाणै ।।६।। सत्गुरु गुपत प्रगट परगासै,सत्गुरु दयानिधान विकासै ।। सत्गुरु देत निमाने मान,सत्गुरु देतो पद निरबाण ।। सत्गुरु ते सुगनंतर सास,सत्गुरु अंधकार बिनास ।। सत्गुरु सुरगुण का दातार,सत्गुरु पूरण असुर संघार ।। सत्गुरु दुरगम गढ़ तोड़ाया,सत्गुरु बाधा मुकत कराया ।। सत्गुरु चौदसि भुवनहुँ ऊचा,श्रीचंद्र सत्गुरु अति सूचा ।।७। सत्गुरु कै ग्रिह नाम निवास,गिआन धिआन संजम सुख रास ।। सत्गुरु कै आतम परगास,सत्गुरु आतप करता नास ।। सत्गुरु हरि प्रभु पठिआ आप,सत्गुरु गोबिंद जपिआ जाप ।। सत्गुरु पारब्रहम प्रगटाया,सत्गुरु संसयावरण मिटाया ।। सत्गुरु ते सिख सत्गुरु होआ,श्रीचंद्र परमेस्वर ढोआ ।।८।।३।। **सलोक-** जिनि जन सेविआ भाउ करि,पूरण सत्गुरु देव ।। ते सद ही पूरण भए,पूरण ब्रहम समेव ।। **अस्टपदी-** नाम दान सिउं पूरण होइ,पारब्रहम पूरण अवलोइ ।। पूरण गुण पूरण राज जोग,पूरण धन पूरण सुख भोग ।। पूरण वेद वाक्य

परतीति,पूरण संजम पूरण प्रीति ॥ पूरण गिआन धिआन इस्नान,पूरण दरगह पाया मान ॥ पूरण ते पूरण सभ होइ,श्रीचंद्र कबि घाट न जोइ ॥१॥ आदि अंत मध्य जन पूरा,सुर नर असुर बांछते धूरा ॥ पूरण सागर रतन अपार,पूरण चानण दहदिसि सार ॥ पूरण तेज प्रताप सुहावा, पूरण छत्र चहुकुंटी छावा ॥ पूरण कला चंद प्रगटाई,पूरण जोति निरंतर पाई ॥ पूरण जपिओ हिरदै जाप,श्रीचंद्र सो पूरण आप ॥२॥ पूरण सांत दांत सुख संग,पूरण करम धरम सुभ अंग ॥ पूरण भगति प्रेम रस पूरी,पूरण निहचलता मगरूरी ॥ पूरण अस्ट दसन की साखी,पूरण नाम समग्री राखी ॥ पूरण सिम्रिति पूरण वेद,पूरण घट घट जाता भेद ॥ पूरण पारब्रहम मन बसिआ, श्रीचंद्र पूरण रस रसिआ ॥३॥ पूरण आसन पूरण जत,पूरण जप पूरण परतत ॥ पूरण राज छत्र सिर सोह,पूरण प्रभा न विआपत मोह ॥ पूरण धनुख प्रत्तंच रु तीर,पूरण ते भागत भव भीर ॥ पूरण एक अखंड अनीह,पूरण ही मेटत जग लीह ॥ पूरण द्रिस्टि पदारथ गिआत,श्रीचंद्र पूरण परभात ॥४॥ पूरण लय पूरण उतपत,पूरण प्रगटिआ जप तप सत ॥ पूरण आया पूरण गया, पूरण पूरण पूरण भया ॥ पूरण धरम राम नाम आस,पूरण भ्रमन कीनो नास ॥ पूरण दसा

अलमस्त पुनीत,पूरण धरणी पावन कीत ।। पूरण पायो परम निधान,श्रीचंद्र पूरण भगवान ।।५।। पूरण कुंभक स्वास ठहिराया,पूरण अनहद नाद वजाया ।। पूरण चेतिओ सगलो गाम,पूरण निहचल अबिचल धाम ।। पूरण किरपा कटाख्य विलोक,पूरण पूरण हर दिए सोक ।। पूरण उपमा परम पुनीत,पूरण आनंद गीत संगीत ।। पूरण त्रित्त ताल गत पाव,श्रीचंद्र पूरण करि भाव ।।६।। पूरण भंग अभंग वखान,पूरण तान रिदै अंगान ।। पूरण सुर राजेस धनेस,पूरण नाद वेद सुभ देस ।। पूरण गुरु जत द्रुत मंदेसा,पूरण रूप सिंगार विसेसा ।। पूरण कल कला प्रबीन,पूरण तंती पंच अरु बीन ।। पूरण नाइक नाइका भाव,श्रीचंद्र सिख पूरण दाव ।।७।। पूरण होयो सगरो साज,पूरण बाजिओ सबद अगाज ।। पूरण जंत्र मंत्र अरु तंत्र,पूरण अजपा जाप निरंत्र ।। पूरण अस्टादस सभ सिद्धि,पूरण पाई सगली निधि ।। पूरण दीखिआ करणी कीरति,पूरण सुखमा सोभा सीरति ।। पूरण दास पूरण गुरु कीन,श्रीचंद्र तिहँ सदा अधीन ।।८।।४।। **सलोक-** मन मेरे प्रभु नाम जप,उदै भाग बड होहिं ।। आवागउन निवार कै,परमातम संग सोहिं ।। **अस्टपदी-** अकल कला को थाउ न कोई,जो पेखी सो नाहिन होई ।। नैन तहाँ कछु पेख न साकै,रसना भाखत नाहिन वाकै ।। कर बिन करम चलन

बिन पैर,रिदै धरम बिन धंधै धैर ।। घ्राण सुगंध विहून परे हैं,जीभ रसन सगरेऊ हरे हैं ।। जहाँ वास दुरगंध विथारी,श्रीचंद्र कल छूटी सारी ।।१।। जास अगनि ते डरता रहै,सोऊ तास देह को दहै ।। जो पहिरत बो सुंदर कपरे,सोऊ नगन पखालत पखरे ।। जो भूसन भूसित सुभ अंगा,तेऊ बहित जात जल गंगा ।। जो संधिआ त्रै करत इस्नाने,बंधी मीत जुरे हितु ठाने ।। जो दारा नित करती प्रीत, श्रीचंद्र भागी विपरीत ।।२।। पूत बंधु लग मेदनि बाटे,धन मालन को लागसि छाटे ।। मंडप महिल अटारी घनी,इक खिन ताकै अपरो धनी ।। बाग भए माली बिन खाली,आइ बिराजै अन बनमाली ।। भूपति दीनी मरघट थाइ,खिन भर कीनी है है हाइ ।। जिनि को सगरी आयुस पारा, श्रीचंद्र सो भए किनारा ।।३।। देह ज्वलित बहु भेदे जोर,ज्वलितत ही दीनो सिर फोर ।। करम धरम सभ पंडित नासिओ,मंत्रन पठित सु प्रेत प्रगासिओ ।। पुंन दान जो जीवत कीनो,कहित प्रेत ते सगरो छीनो ।। जमदूतन घेरिओ मग लायो,अधिक ताप करि अपर छिनायो ।। नगन अंग इक एऊ जीउ,श्रीचंद्र अपरन सुख सीउ ।।४।। बारू तपत माहि पथ डारा,मुख त्रिसना सोखत बिन बारा ।। जब पुंनन जम किंकर लीआ,एक पिआला पानी दीआ ।। सर अगनी में पुनि चलवाया,कोऊ संग न साथ सुहाया ।।

तेज प्रभाव तपत दुख विआपा,सनमुख सगरे आए पापा ।। बिललावत अस्तुन को द्वार,श्रीचंद्र नहिं सुनत पुकार ।।।५।। मल मूत्र सरिता पुनि पाई,अति दीरघ विस्तार महाई ।। पंच सहस कोसन को पाड़,महा दुरगंधित देत दहाड़ ।। किंकर अंतक डारिओ ताहिं,गोते खावत मरतो नाहिं ।। बिन तरने तरले भरिआहि,कउन सुनै किहँ कउ परवाहि ।। जिमि किमि लागिओ परलै पार,श्रीचंद्र पुनि भी जम मार ।।६।। असीपत्र बन अग्रज आयो,कोड़न मार परी बिललायो ।। देही बसन बिहीन कराई,दीन चलाए पंथ लमाई ।। छीजत तन ब्रिण रुधिर बहंत,पांव फिसल इत ऊत गिरंत ।। अतिआतुर औ छुधातुर भयो,घाव बिना कोऊ थाव न रहियो ।। कठिन घोर दुख सिंधु अथाह,श्रीचंद्र कछु चलत न वाह ।।७।। थूल देह के कस्ट घनेरे,जानत नर भोगत घर घेरे ।। नाती पूत सहाइक नारी,साक संबंधी अपर अपारी ।। तऊ मानुख महा दुखवंता,हाए हाए कूकत पुकरंता ।। जहाँ न सैन मित्र सुखकारी,सुननहार को नाहिं पुकारी ।। ता कउ कैसे करहि वखान,श्रीचंद्र राखै भगवान ।।८।।५।।

सलोक- बंधन ते छुटकाइ प्रभु,राम नाम जप जाप ।। पसरी असुरी सत्तता,असत्तता कै माप ।।

अस्टपदी- माया ममता असत्तता लाई,अनिक प्रकारी ब्योंति बनाई ।। असतै मात पिता अरु

नारी,असतै चार ओर परिवारी ।। असतै सुत कन्या जामाता,असतै साक संबंधी भ्राता ।। असतै देह खेह की साजी,असतै गज सिअंदन अरु बाजी ।। असतै असन रु बसन अमोल,श्रीचंद्र पालकि झूल चंडोल ।।१।। असतै धरनी मंडल सारा,खेती बाड़ी बाग बहारा ।। असतै पाट पटंबर वेसा,असतै सिआम सुधारे केसा ।। असतै सिहजा बिसद बिछाई,असतै धूप सुगंधित वाई ।। असतै खोड़सि कीन सिंगार,असतै पानै बदन रंगार ।। असतै भरे अनाज भंडार,श्रीचंद्र असतै पासार ।।२।। असतै युवा अवस्था केल,असतै मेली मेला मेल ।। असतै मीत चीत हितकारी,असतै सगल समग्री पसारी ।। असतै बाम धाम सुखदाई,असतै धन की आई जाई ।। असतै ऊँच धुजा फहरंती,असतै नाद वाद त्रितंती ।। असतै राग रूप अनूपा,श्रीचंद्र असतै पद भूपा ।।३।। असतै उपबन पत्री पत्र,असतै झूलत दहदिसि छत्र ।। असतै चरम बरम चितकारी,असतै ढाल बान असि धारी ।। असतै तिलक चंदनहि लाइ,असतै अंग अंग दमकाइ ।। असतै झूलत हाथी घोरै,असतै उपबन नाचत मोरै ।। असतै दहदिसि विआपी सोभ,श्रीचंद्र जग असत प्रबोध ।।४।। असतै लिआइ तंबोल तंबोली,असतै सुंदर सारी चोली ।। असतै म्रिदुल माधुरी गिरा,असतै मेदनि अंतम सिरा ।। असतै जोजन कोस किदारा,

असतै ग्राम मंडल संसारा ।। असतै सिंधु मेखला सारी,असतै संपति भुअन भंडारी ।। असतै वाहन अपर विमाना,श्रीचंद्र नर असत भुलाना ।।५।। असतै राग नाद अरु नाच,असतै रंक भूप किय याच ।। असतै रंग बरंगी बसन,असतै नाना ढंगी जसन ।। असतै ऊजल पट अंगधारी,असतै भगवाधार भिखारी ।। असतै सिआह पीत हरिआई,असतै मखतूली दरिआई ।। असतै वेस अनंत प्रकारी,श्रीचंद्र तन असत विकारी ।।६।। असतै महिल मुनारे अटा,असतै जोगी धारी जटा ।। असतै बिभूती सिंङी नाद,असतै आसण बैसिओ बाँध ।। असत लंगोटा सेली मेली,असत सुधारे चेला चेली ।। असत सिंघासन चमर झुलारे,असतै ही सिर धारी नारे ।। असत बंदीजन अरु भाट,श्रीचंद्र असतै सभि ठाट ।।७।। असतै हउमै बंधन पाया,असतै अकल कला वरताया ।। असतै माया द्रिस्टि पसार,असत उठायो सिर पर भार ।। असत संकल्प विकल्प मझार,असतो समाधान निरधार ।। असत द्रिस्टावै अदभुत खेल,सत न पेखिऐ युकती मेल ।। असत लोक सभ पेखन जोग,श्रीचंद्र असतै रस भोग ।।८।।६।। **सलोक-** हउमै माया मोहिआ,थिरता लहित न कोइ ।। सुत बनिता धरणी सकल,बिनस जाति दुख होइ ।। **अस्टपदी-** हउमै धरती मेर बखानी,हउमै बन उपबन

अभिमानी ॥ हउमै सुंदर बाग बगीचै,हउमै माली पानी सीचै ॥ हउमै जूही बेलि चमेली,हउमै लाए अतर फुलेली ॥ हउमै साख रवस विसतार,हउमै लता नम्रित फल भार ॥ हउमै सैर करत मन भाया,श्रीचंद्र हउमै उर छाया ॥१॥ हउमै तन पिखि सुभ्र सरूप,हउमै पहिरण बसन अनूप ॥ हउमै नैनी पेखत भला,हउमै वासन लेवत खला ॥ हउमै मुखड़ा चंद समान,हउमै भ्रिकुटी काम कमान ॥ हउमै द्रिग कटाछ किअ बाना,हउमै त्रिअन चलावत घाना ॥ हउमै मनसिज माहि विआपा,श्रीचंद्र हउमै संतापा ॥२॥ हउमै सुंदरि नारी संग,निसदिन करतो केलि अभंग ॥ हउमै खोड़सि साज सिंगार,मिलत बाम पर चित हित धार ॥ हउमै रति द्रिढ़ अंग मझार,हउमै पूत सुता परिवार ॥ हउमै पेखत अधिक कुटंबु,अधिकै ही मुख पूरत अंबु ॥ हउमै धावत गावत सारे,श्रीचंद्र हउमै बबकारै ॥३॥ हउमै बाहूदंड कठोर,हउमै वसतु पराई चोर ॥ हउमै भुज बल सिउं मतवाला,हउमै मदिरा पीवत पिआला ॥ हउमै जार बनत विगसायो,हउमै दुश्मन मार गिरायो ॥ हउमै बाजी बाजी लाइ,हउमै सिअंदन धरति सजाइ ॥ हउमै करि करी असवारी,श्रीचंद्र हउमै पासारी ॥४॥ हउमै स्रुति सासत्र वखान,हउमै वकता निखल पुरान ॥ हउमै गिआन उपनिसद पूर,हउमै संस

विपरये चूर ॥ हउमै गिरा म्रिदुल संभाखण,हउमै गुपत प्रगट करि भाखण ॥ हउमै सूरवीर पिखिआत,हउमै बात बात बतरात ॥ हउमै जाति कुलह वडिआई,श्रीचंद्र हउमै ऊचाई ॥५॥ हउमै सरब कला परबीन,हउमै धरणि बिगानी छीन ॥ हउमै माल पसू गो महिखी,हउमै जन गन बिचरत सहखी ॥ हउमै कनक खजूर अरु रांगा,हउमै तामर पीतर सांगा ॥ हउमै पदमराग मणि पूर,हउमै बज्र प्रवाल लसूर ॥ हउमै जन धन अधिक पसारा,श्रीचंद्र हउमै अहंकारा ॥६॥ हउमै ऊचै महिल अटारी,चूने गज चित्रित चितकारी ॥ हउमै दास दासिआं संग,हउमै आनंद गीती रंग ॥ हउमै ऊचै तखत विराजै,हीरे मुकता जटिते ताजै ॥ हउमै हुकम चलाइ अरोक,हउमै घावत जनन असोक ॥ हउमै रावत सीस झुकाइ,श्रीचंद्र पेखत चहुँधाइ ॥७॥ हउमै निधि सिधि वसि कर राखी, हउमै जहँ तहँ होवत साखी ॥ हउमै गमनत है आकास,हउमै धरत न अन की आस ॥ हउमै नाग न डासित अंग,हउमै ब्रिसचिक छुहत न डंग ॥ हउमै सगरे तीरथ न्हान,हउमै गज रथ बाजी दान ॥ हउमै मन विआपिआ नहि जानै,श्रीचंद्र गुरु परम निधानै ॥८॥७॥ **सलोक-** पहु फूटी हउमै गई, संत संग लिव लाइ ॥ भरम अंधेरा मिट गया,उदिओ मित्र महाइ ॥ **अस्टपदी-** संत उदै रवि भयो

महान,किरण गिरा पसरी असमान ।। भरम अंधेरा सगल विनासा,कमल दास विगसे चहुँ पासा ।। निरमल बुद्धी आतप तीखी,वेद भ्रस्ट पंथी नहिं दीखी ।। गुरुमुख चटिका बहु चुहचानी,चुगत चोग गुण ग्राम महानी ।। तसकर विभिचारी लख दुरे,श्रीचंद्र संतन संग दुरे ।।१।। संतन राम नाम धुनि लाई,बरखा सांति घटा वरसाई ।। तपत विनास मनीखा धरणी,त्रिण पल्लव हरि भगती रवणी ।। अंकुर प्रेम किरखि संघाता,उपजी उर किंकर विखिआता ।। नियम भोग भोगत सुख संगा,छुधा पिपासा कीनसि भंगा ।। त्रिपत भए बिनसी अन ईहा,श्रीचंद्र संतन रस लीहा ।।२।। संत आए अविनासी राम,संत उतर आए परमधाम ।। संत ही छीरसिंधु ते आइ,बैकुंठहुँ धरणी पधराइ ।। संत देवतन के महादेवा,संत ही पारब्रहम को भेवा ।। संगत संत सुधरमा राजी,हरि अम्रित पीवत त्रिपताजी ।। जनम मरण कटि अमर भए हैं,श्रीचंद्र गुरु संत निमये हैं ।।३।। संत करत नीचन ते ऊच,संत संग हरि जन भे पूच ।। संत संग सीतल मन छाती,संत संग हिरदै निभ्रांती ।। संत संग उर महि प्रभु पेखै,संत संग जम छूटे लेखै ।। संत संग आतम रस रसिआ,संत संग अन जोनि न बसिआ ।। संत संग बंधन बिनसए,श्रीचंद्र भै ते निरभए ।।४।। संत संग गोबिंद धिआया,संत संग नाराइण गाया ।। संत संग

कीरति हरि नाम,संत संग आनंद विस्राम ।। संत संग गुण ऊतम होइ,संत संग मन निरमल होइ ।। संत संग अंतर परगास,संत संग आतम विस्वास ।। संत संग परमेस्वर पाइऐ,श्रीचंद्र मोह छोह मिटाइऐ ।।५।। संतन संगत पड़दा टूटै,संतन संगत हउमै छूटै ।। संतन संगत जीवन मुकत,संतन संगत निरमल जुगत ।। संतन संगत काम विनास,संतन संगत पूरत आस ।। संतन संगत सूख निधान,संत संग मिलतो भगवान ।। संत संग आवै नहि जाइ,श्रीचंद्र पारब्रहम समाइ ।।६।। संत संग माया गई भाग,संत संग लागै हरि लाग ।। संत संग अगिआन निवारी,संत संग दिब्य द्रिस्टि निहारी ।। संत संग ते सूखा हरिआ,संत संग ते अफरा फरिआ ।। संत संग अजरा उर जरिआ,संत संग ते अभरा भरिआ ।। संत संग बड वकता मूक,श्रीचंद्र संत संग अचूक ।।७।। संत संग पिंगल लहि टांग,संत संग कातर लहि डांग ।। संत संग मिलि अकह कहाया,संत संग पूरण हरि पाया ।। संत संग तीरथ इस्नान,संत संग प्राणन लौं दान ।। संत संग बानी बिगसानी,संत संग ऊजल भए प्रानी ।। संत संग परमातम मिलिआ,श्रीचंद्र निज उर महि हिलिआ ।।८।।८।। **सलोक-** सीतल छाती मन सुखी,साधु वचन उर धार ।। आतम राम निहारिआ,अंतक दूत निवार ।। **अस्टपदी-** साधुन

निज मन साधन कीना,प्रभु के नाम रते जल मीना ।। साधुन हउमै तन की तिआगी,प्रेम प्रकासी चकमक आगी ।। साधुन बूझी जोती बाली,साधुन प्रगटायो बनमाली ।। साधुन नाम निधान बताया, गुपता धन धर तली दिखाया ।। साधुन काटे सगरे फंदा,श्रीचंद्र साधुन हरि धंधा ।।१।। साधु द्रिढ़ावै गोबिंद नाम,साधु द्रिढ़ावै अबिचल धाम ।। साधु द्रिढ़ावै करणी कीरति,साधु द्रिढ़ावै रामहि की रति ।। साधु द्रिढ़ावै करम सुकरमा,साधु द्रिढ़ावै निहचल धरमा ।। साधु द्रिढ़ावै ब्रहम गिआन,साधु द्रिढ़ावै अनुभउ धिआन ।। साधु द्रिढ़ावै पद निरबान,श्रीचंद्र साधुन कुरबान ।।२।। साधु दरस मल मोह निवारे,साधु दरस भव फंध बिदारे ।। साधु दरस माया सिलक काटी,साधु दरस तम निसि पहु फाटी ।। साधु दरस जम दूत नसाए,साधु दरस बैकुंठहि पाए ।। साधु दरस जप तप संतोख, साधु दरस उपजे उर मोख ।। साधु दरस दूखन को नास,श्रीचंद्र धर साधुन आस ।।३।। साधु दरस ते सफल सु घाल,साधु दरस ते रोगन गाल ।। साधु दरस मन निरमल करत,साधु दरस नर हरि हरि ररत ।। साधु दरस पापन मल धोत,साधु दरस अवगुण सभ खोत ।। साधु दरस ते काया सुखी,साधु दरस व्रिति अंतरमुखी ।। साधु दरस ते अनुभउ फुरत,श्रीचंद्र सिर चामर ढुरत ।।४।। साधु संग हरि

भजत पवित्त,साधु संग वैरी हितु चित्त ।। साधु संग नीचह ते ऊच,साधु संग कलिमल किल मूच ।। साधु संग सुभ तीरथ वास,साधु संग नाराइण पास ।। साधु संग कीरति प्रभु नाम,साधु संग सद हरि गुण गाम ।। साधु संग लिव अनहद नाद,श्रीचंद्र पेखै विसमाद ।।५।। साधु संग स्तुति सासत्र गिआन,साधु संग नित पाठ पुरान ।। साधु संग धुनि गान संगीत,साधु संग इक प्रभु सिउं प्रीत ।। साधु संग गगनंतर वास,साधु संग हरि सास गिरास ।। साधु संग जाने सभ ब्रहम,साधु संग बिनसावत भरम ।। साधु संग अंतरगति बूझै,श्रीचंद्र त्रैदेवन सूझै ।।६।। साधु संग अमरन महि वसै,साधु संग कलि दोख विनसै ।। साधु संग ते लछमी दासी,साधु संग रिधि सिधि अनासी ।। साधु संग गति अगम लखाइ,साधु संग मुकतो पद पाइ ।। साधु संग सीतल मन होइ,साधू संग अंधेरे लोइ ।। साधु संग माया ते परे,श्रीचंद्र हरि चरनन धरे ।।७।। साधु संग पंकज ह्वै सीधा,साधु संग कुंडलि को बीधा ।। साधु संग सुखमन को जाप,साधु संग बिनसै त्रै ताप ।। साधु संग नासंत विरोध,साधु संग ह्वै आतम बोध ।। साधु संग नउनिधि भरपूर,साधु संग हरि हरि गुण मूर ।। साधु संग की कीमत नाहि,श्रीचंद्र रतनाकर थाहि ।।८।।६।। **सलोक-** जटा जूट सिर पर धरे,फटकी मुंद्रा कान ।। भेख बनाए मिलत

नहि,परिपूरण भगवान ।। **अस्टपदी-** पारब्रहम प्रभु अंतरजामी,परिपूरण लघु दीरघ सुआमी।। सरब विआपक देवन देव,जीव जंतु उर जानत भेव।। गज चीटी लौं इकरस फैला,कैसो ऊजल कैसो मैला ।। वेसी मिलत न काहूँ भाता,जटाजूट धारै अगिआता ।। मुंद्रा कान फार जो पहिरी,श्रीचंद्र हरि पाइ न लहिरी ।।१।। मन विआपिओ धन कंचन रूपा,कस कै होइ विराजहुँ भूपा ।। जातरूप सिर छत्र फिराऊँ,मुकुट धार निज हुकम चलाऊँ ।। आगिआकारी ह्वै हैं दासा,निसदिन धरहि हमारी आसा ।। कर माला फेरत बड जोरा,प्रभु का रंग न लागा भोरा ।। करतो भगवो भेख भुलाना,श्रीचंद्र नहि संग सधाना ।।२।। देह रमाई भसम मसान,गोपीचंदन तिलक सुहान ।। ऊरध पुंड त्रिपुंड बनायो,कर लोटा अधिकै चमकायो ।। पाद पावरी चरम बिहीनी,निज कर संग रसोई कीनी ।। अन सीअल बसनन पहिरावा,क्रिया करम विसतार कमावा ।। प्रिव्रित्ति दीरघ दहदिसि फैला,श्रीचंद्र हरि प्रभु बिन मैला ।।३।। गावत गीत रबाबी आगै,ढोल म्रिदंग पखावज लागै ।। धुनि मंजीरन रुणझुणकारी,इकरस ताल बजावत तारी ।। न्रित अखारा खूब जमायो,हाव भाव युत चाव बढायो ।। नर नारी चहुँघा रहि छाई,ता थै ता थै पाव चलाई ।। श्रीचंद्र हरि भगति न होई,लोक दिखावै मिलत

न ढोई ॥४॥ मुख वकता हरि भगति कहानी,म्रिदुल मधुर मनोहर बानी ॥ ऊजल धोती तिलक कपाला,गर विगसावति तुलसी माला ॥ मुंडी कर संकेत हिलावै,अनिक जतन सिउं भव डहकावै ॥ लाल चोलनै घेर घुमाया,रिदै पुकारत माया माया ॥ आदि पुरुख प्रभु नैक न जाना,श्रीचंद्र मद मत्त भुलाना ॥५॥ दंभ धार साधी सुर पवना,द्रब्य चाह करि किअ बन गवना ॥ तीरथ सुरसरि तन पखलावा,जगननाथ का दरसन पावा ॥ कासी कांची दुआरावती,पुरी अवधि न्हायो सरस्वती ॥ संग भीर नर लीन सिधायो,फिरत फिरत बहु काल बितायो ॥ सप्तै सागर कीन इस्नाना,श्रीचंद्र भ्रमिओ उदिआना ॥६॥ मौन साध मंदर थित कीना,दूधाहार बरत निज लीना ॥ फलोहार धरनी तलपाई, कंद मूल वलकल पहिराई ॥ सीत ताप बरखा तन जारा,घने दिवस रह पौनाधारा ॥ निराहार अधिक दिन कीआ,हठ मारग साधिओ करि हीआ ॥ श्रीचंद्र प्रभु सिमरन रस,नहिं आयो तौ सिर पर भस ॥७॥ बिन गुरु नहि हरि सिमरन पाइए,हरि सिमरन बिन हठ भरमाइए ॥ हठ करि जोग न आवत हाथ,जोग बिना रस सुधा न पाथ ॥ सुधा पिए बिन आनंद नाहि,बिन आनंद उर अगनी दाहि ॥ अनल बिनासै साधू संग,मन त्रिपतासै भगती रंग ॥ भगति भाइ मति बुधि भरपूर,श्रीचंद्र

साधू पद मूर ॥८॥१०॥ **सलोक-** हरि हरि हरि आराधिऐ,बिधि निखेध परितिआग ॥ साध संग उर प्रगटिओ,नाराइण वडभाग ॥ **अस्टपदी-** हरि सिमरन ते मिटत जंजाल,हरि सिमरन काटे जम काल ॥ हरि सिमरन ते छूटे लेखा,हरि सिमरन ते छुटके भेखा ॥ हरि सिमरन पापा मल खोइ, हरि सिमरन उर निरमल होइ ॥ हरि सिमरन ते हउमै मारी,हरि सिमरन ते अनुभउ तारी ॥ हरि सिमरन हरि की जब मया,श्रीचंद्र करि करुणा दया ॥१॥ हरि सिमरत हरि चरण निवास,हरि सिमरत सतसंगति वास ॥ हरि सिमरत सभ जाइ बलाइ,हरि सिमरत अनुभउ प्रगटाइ ॥ हरि सिमरत सूरज उजिआरा,हरि सिमरत मिटिआ अंधिआरा ॥ हरि सिमरत जन पूरब भाग,हरि सिमरत संतन पग लाग ॥ हरि सिमरत नहिं विआपत काल,श्रीचंद्र हरि सिमरन भाल ॥२॥ हरि सिमरत सभ कारज पूरे,हरि सिमरत कबहूँ नहिं झूरे ॥ हरि सिमरत नहिं विआपै काड़ा,हरि सिमरत बिनसै सभ झाड़ा ॥ हरि सिमरत सभ सिद्धन मेला,हरि सिमरत आनंदित केला ॥ हरि सिमरत नर चढ़ै सुमेर,हरि सिमरत नहिं जोनी फेर ॥ हरि सिमरत धरणी को थंभ,श्रीचंद्र हरि सिमरन खंभ ॥३॥ हरि सिमरत नाहीं दुख रोग,हरि सिमरत पूरण बिधि जोग ॥ हरि सिमरत संतन

कै संग,हरि सिमरत मद मत्त अभंग ।। हरि सिमरत बिघनन को नास,हरि सिमरत आतम परकास ।। हरि सिमरत रसकस भरपूर,हरि सिमरत कसमल सभ चूर ।। हरि सिमरत स्त्रिस्टी को राजा,श्रीचंद्र अनहद अगाजा ।।४।। हरि सिमरत सिर अचल धराइ,हरि सिमरत बैकुंठ समाइ ।। हरि सिमरत बिख अम्रित होइ,हरि सिमरत प्रगटै हरि लोइ ।। हरि सिमरत उर परम पुनीत,हरि सिमरत वैरी सभ मीत ।। हरि सिमरत चूकै सभ लेखा,हरि सिमरत मेटी सभ रेखा ।। हरि सिमरत आनंद अपार,श्रीचंद्र निसि दिओति समार ।।५।। हरि सिमरत माया मोह छूट,हरि सिमरत हउमै गई हूट ।। हरि सिमरत तम भरम बिनास,हरि सिमरत सत सहिज परगास ।। हरि सिमरत मल अंतर खोइ,हरि सिमरत मुकता अवलोइ ।। हरि सिमरत नहिं करत विगार,हरि सिमरत के उतरसि भार ।। हरि सिमरत मुख उत्तम लेख,श्रीचंद्र सिमरन निरपेख ।।६।। हरि सिमरत भनि मीठी बानी, हरि सिमरत पद चतुरथ धिआनी ।। हरि सिमरत पावत निरबान,हरि सिमरत अपरंपर मान ।। हरि सिमरत काटत अपकरम,हरि सिमरत प्रगटित सुभ धरम ।। हरि सिमरत त्रिसना सभ बुझै,हरि सिमरत हरि ही संग लुझै ।। हरि सिमरत चालै सहुँ मौत,श्रीचंद्र सिमरत हरि सौत ।।७।। हरि

सिमरत नहिं इंद्रिअ स्रौत,हरि सिमरत कै हरि हरि गौत ।। हरि सिमरत अद्‌भुत रस पाया,हरि सिमरत की पलटी काया ।। हरि सिमरत अचरज तमासा,हरि सिमरत बिनसै भव आसा ।। हरि सिमरत अभिमान बिलाइ,हरि सिमरत निज रहहि समाइ ।। हरि सिमरत सिर सूखा सूख,श्रीचंद्र की रही न भूख ।।८।।११।। **सलोक-** परमेस्वर फिटकारिआ,लख चउरासी पेल ।। कूकर सूकर तिरिअक जोनि,निंदक दीनो मेल ।। **अस्टपदी-** संत का निंदक नित मल भखी,संत निंदक की नाही अखी ।। संत निंदक उर अगनि मचाई,संत निंदक मुख कालख छाई ।। संत निंदक रति रहित कुकरम,संत निंदक का थोथा धरम ।। संत निंदक पचिआ अभिमान,संत निंदक की कूड़ जबान ।। संत निंदक परत्रिय अनुगामी,श्रीचंद्र प्रभु पुर नहिं ठामी ।।१।। संत निंदक परिहरिआ लोक,संत निंदक उर महि सद सोक ।। संत निंदक परलोकहुँ गया,संत निंदक ते भला न भया ।। संत निंदक चित पांचहुँ आग,संत निंदक धुर माड़े भाग ।। संत निंदक मिलिआ संग भूत,संत निंदक कै होइ न सूत ।। संत निंदक चित राग द्वेस,श्रीचंद्र कुलघाती भेस ।।२।। संत निंदक कै नहि गुण कोइ,संत निंदक कै दुबिधा दोइ ।। संत निंदक अपराधिनि पूर,संत निंदक मुख लिपता धूर ।। संत निंदक सुरपुर ते गिरे,संत

निंदक कै लाला परे ॥ संत निंदक नहिं ईत न ऊत,संत निंदक कुल नीच कुपूत ॥ संत निंदक नित खाइ पुरीख,श्रीचंद्र मन निंदा ईख ॥३॥ संत निंदक का कौड़ा बोल,संत निंदक विखिआ का घोल ॥ संत निंदक चित काला काउँ,संत निंदक इंद्रिअ रस ठाउँ ॥ संत निंदक दुहुँ लोक धकेला,संत निंदक जम नरके ठेला ॥ संत निंदक हरकाया कुत्ता,संत निंदक फड़ जोनी जुत्ता ॥ संत निंदक सूअर गूंह खाइ,श्रीचंद्र नहिं ठौर सु पाइ ॥४॥ संत निंदक का काला वेस,संत निंदक का काला देस ॥ संत निंदक संतति ते हीन,संत निंदक का नाहीं दीन ॥ संत निंदक निगुरा भरमाइ,संत निंदक कत टिकण न पाइ ॥ संत निंदक बण छड़ा भिड़ै,संत निंदक का थाउँ सु भिड़ै ॥ संत निंदक परमेस्वर धक्का,श्रीचंद्र ताकत हक्का बक्का ॥५॥ संत निंदक कै बिफलै काज,संत निंदक का बिनसत राज ॥ संत निंदक सिर पापन पोट,संत निंदक चित खोटे खोट ॥ संत निंदक का नरकै वास,संत निंदक कै निहफल सास ॥ संत निंदक बुरिआई आदि,संत निंदक नहिं सुख अहलादि ॥ संत निंदक कै केवल झूठ,श्रीचंद्र माया मोह मूठ ॥६॥ संत निंदक दरगह मुँह काला,संत निंदक का निकसत दिवाला ॥ संत निंदक हथ छुरा कसाई,संत निंदक नर लहू अघाई ॥ संत निंदक वेदन परिहरता,संत निंदक जिअ जंतु संघरता ॥

संत निंदक चरित अपवित्र,संत निंदक काहूँ नहिं मित्र ।। संत निंदक रचिआ अपवाद,श्रीचंद्र तिस निंदा स्वाद ।।७।। संत निंदक सत पंथ तिआगी,संत निंदक उर माया लागी ।। संत निंदक चित अगनी लाग,संत निंदक कै खोटे भाग ।। संत निंदक महा दोख कमाइ,संत निंदक नरकै थित पाइ ।। संत निंदक जमदूतन बाधा,संत निंदक सहितो सिर बिआधा ।। संत निंदक नित नित भरमाइ,श्रीचंद्र माता सरमाइ ।।८।।१२।। **सलोक-** करता पुरुख पछानिऐ,भव विसतार नुहार ।। रूप रंग लच्छण युकति,संगिआ बिबिध प्रकार ।। **अस्टपदी-** अविनासी प्रभु अगम अथाह,कीनो सरब विस्व परवाह ।। जनम मरण की धार मझारि,बहिओ जात भव सरिता वारि ।। अनिक नरन की देह बनाई,भिंन भिंन तिनि लसत लुनाई ।। रोम रोम की समता नाहि,नाक आंख सभ भिंन जनाहि ।। गंड कपोल स्त्रवण कर पाद,श्रीचंद्र सभ छिंनी वाद ।।१।। उर भुजदंड जंघा अरु उरू,गुलफ जानु अंगुरिका पुरू ।। नख सिख भिंन भिंन रचि राखा,बुद्धि गिआन धिआन अभिलाखा ।। रूप कुरूप सुरूप सुहावा,लघु दीरघ मध्यम प्रगटावा ।। मित्र अमित्र उदास प्रबीन,लच्छण अहै असंख नवीन ।। बिधि निपुणाई जोग अजोग,श्रीचंद्र भव के गण भोग ।।२।। अनिक प्रकारी ब्रिख निपजाइ,पात बिहून

सपात महाइ ।। पुहप बिना फल संजुत केत,पाक बिना सुमनान समेत ।। कबि फल फलत कबी ह्वै फूला,उसन सीत वायु को मूला ।। कई कोटि बिन मूलहुं हरे,कई कोटि रस अम्रित भरे ।। करते की रचना अनगणत,श्रीचंद्र करतारै भणत ।।३। अनिक प्रकारी रचना राची,काची पाकी झूठी साची ।। केचित अमर फली विदताए,केचित बिख रस सिउं सरसाए ।। केचित देव वास प्रगटंत,भूत प्रेत केचित विगसंत ।। केचित कोटिक काम सिधंते,केचित निहफल ही वरधंते ।। केचित जंतु पाक उपजंत,श्रीचंद्र कछु आदि न अंत ।।४।। केचित नर नारी किं पुरख,केचित जल थल सम ही सरख ।। केचित द्वै त्रै इंद्रिअवान,केचित बिन पग ही परयान ।। केचित द्रिस्टि अद्रिस्टि लखाइ,केचित गगनंतर परिछाइ ।। केचित थिर केचित भरमंत,केचित थिर चहुँघा चकरंत ।। केचित साखा अध लटकाहि, श्रीचंद्र ऊरध मूलाहि ।।५।। केचित उपजत ही मर जात,केचित परलै हूँ दरसात ।। केचित दिवस एक दोइ जीव,केचित संवतसर नहिं सीव ।। केचित जनम मरण महि लूझै,केचित मुकत विवस्था रूझै ।। केचित जल महि सदा निवास,केचित औड़ मध्य पर सास ।। केचित पउणाहार करंत,श्रीचंद्र भव को नहिं अंत ।।६।। केचित जोगिनि यख्य रु बीर,केचित भूत मसाणी भीर ।। केचित भैरव भैरव

पिसाच,केचित नरभक्खी चड़ि माच ।। केचित नगन अंग डकरात,केचित बिचरत तम रुचिरात ।। केचित निसिदिन बोलत गिरा,केचित मौन साध बहि थिरा ।। केचित चलत नितप्रति रहहिं,श्रीचंद्र कछु अंत न लहहिं ।।७।। अगणत तारे अगणत पहार,तरुवर अगणत जाति अपार ।। अगणत जीव जंतु बिखिआत,अगणत रेसा अगणत पात ।। अगणत रोमावलि अरु हाड,अगणत दाणा अगणत फराड ।। अगणत उडुगन गगन लसंत,अगणत नस रकतादि बहंत ।। अगणत ने अनगणत रचाना,श्रीचंद्र मन तन कुरबाना ।।८।।१३।। **सलोक-** गुरु सेवत सद ही सुखी,लोक परलोक मझार ।। आतम राम प्रगास है,जनम मरण निरवार ।। **अस्टपदी-** गुरु का सेवक सद ही सुखिआ,गुरु का सेवक आतम रुखिआ ।। गुरु का सेवक आतम गिआनी,गुरु का सेवक ब्रहम धिआनी ।। गुरु का सेवक पारब्रहम गिआता,गुरु का सेवक माया हाता ।। गुरु का सेवक भव समद्रस्टा,गुरु का सेवक सांति व्रिस्टा ।। गुरु का सेवक जनम न मरै,श्रीचंद्र गुरु रखिआ करै ।।१।। गुरु का सेवक निहचल चित्त,गुरु का सेवक सभ का मित्त ।। गुरु का सेवक सद अहलादी,गुरु का सेवक नहिं परमादी ।। गुरु का सेवक रामहि रसिआ,गुरु का सेवक निरभै वसिआ ।। गुरु का सेवक दीन दयाल,गुरु का सेवक परम किरपाल ।।

गुरु का सेवक प्रण का पूरा,श्रीचंद्र गुरु सेवक सूरा ।।२।। गुरु का सेवक दीन हित लड़ता,गुरु सेवक उपकारहि करता ।। गुरु सेवक सद ही पतवंता,गुरु सेवक आतम धनवंता ।। गुरु सेवक गुण गिआन सपूर,गुरु सेवक कसमल गण चूर ।। गुरु सेवक ठंडक का सोमा,गुरु सेवक की ऊजल कोमा ।। गुरु सेवक के भरे भंडार,श्रीचंद्र सिमरत निरंकार ।।३।। गुरु सेवक मनमत परिहरी,गुरु सेवक उर गुरुमत भरी ।। गुरु सेवक दरगह परवान,गुरु सेवक नहिं आवन जान ।। गुरु सेवक गुण दैवी पूरा,गुरु सेवक संतन पग धूरा ।। गुरु सेवक अहंकार तिआगी,गुरु सेवक सतसंगत लागी ।। गुरु सेवक पद ऊच निवास,श्रीचंद्र गुरु सद अविनास ।।४।। गुरु सेवक जम दुआर न जाइ,गुरु सेवक नहि जोनी धाइ ।। गुरु सेवक सद ही संतोखी,हरि सिमरन रच काया पोखी ।। गुरु का सेवक राम रंग राता,बिसरी सरब पराई ताता ।। गुरु का सेवक सद निभराता,हरि कीरति महि जनम लगाता ।। गुरु का सेवक सिद्ध संसार,श्रीचंद्र अदुतीय महि मार ।।५।। गुरु का सेवक निर अभिमान,गुरु का सेवक तान नितान ।। गुरु सेवक की निरमल देह,गुरु सेवक भव जानत खेह ।। गुरु सेवक की द्रिस्टि अगोचर,गुरु सेवक चरता अचरो चर ।। गुरु सेवक गति अगमी गिआता,गुरु सेवक की अद्भुत

बाता ।। गुरु सेवक मित कही न जाय,श्रीचंद्र विसमय विसमाय ।।६।। गुरु सेवक उर अंतरजामी, गुरु सेवक नर पूरत कामी ।। गुरु सेवक का लख्य नाराइण,गुरु सेवक सत धरम पराइण ।। गुरु सेवक रस अमिअ सरोवर,गुरु सेवक भव काम तरोवर ।। गुरु सेवक रतनन की खाण,गुरु सेवक भा जाण अजाण ।। गुरु सेवक कै कमल विकास,श्रीचंद्र तिस कमला दास ।।७।। गुरु सेवक हरि धिआनहि मस्त,गुरु सेवक कै सभ बिधि स्वस्त ।। गुरु सेवक गगनंतर चढ़िआ,गुरु सेवक उड़ता मन फड़िआ।। गुरु सेवक अनहद धुनि पाई,गुरु सेवक परिहरी लुगाई ।। गुरु सेवक रंग लाल सुहाया,गुरु सेवक दुत्तर तर पाया ।। गुरु सेवक गुरु माहि समाइ,श्रीचंद्र तिस परसत पाइ ।।८।।१४।। **सलोक**-अउगुण सगरे परिहरे,राम नाम लिव लाइ ।। नाद अनाहद वजिआ,गोबिंद मन प्रगटाइ ।। **अस्टपदी**- पारब्रहम परमेस्वर धिआया,गुण निधान प्रभु पूरण पाया ।। अविनासी घट घट महि रविआ,सिमरि सिमरि फिरि जोनि न गविआ ।। भगवन परम पुरुख गोबिंद,सिमरि नाम बिनसी सभ चिंद ।। आतम राम रविआ सभ लोइ,जपत जपत अपरंपर होइ ।। अणू परमाणू विआपक जान,श्रीचंद्र पूरण विगिआन ।।१।। साध संग हरि गुण वखिआन,सिम्रिति

सासत्र वेद पुरान ।। हरि हरि जपत उतारी मैल,अति ऊजल भए काले चैल ।। अनुभउ अचल अमर परगास,राम राम जप निसदिन सास ।। रिधि सिधि नउनिधि हरि नाम,जपत जपत राम पूरण काम ।। दामोदर गोपाल अनंत,श्रीचंद्र जप जप भगवंत ।।२।। आदि अनादि अगाध अपार,परम पुरुख देवाधि मुरार ।। माधव मनमोहन निरंकार,अलख अभेव अगम अपार ।। सरब सिद्ध निरभै निरवैर,साध जना के बाँधत पैर ।। सदा सहाई भूपन भूप,अनउपमा उपमेअ अनूप ।। निराकार निरगुण भगवान,श्रीचंद्र सभ माहि समान ।।३।। निराधार निरधाम निरीह,सद अकाम सदगुण की लीह ।। सुखदाई वासी बैकुंठ,सागर छीर विराजित गुंठ ।। मायापती दयाल अधार,दुस्ट दैत्त डारत करि छार ।। सारंगधर भ्रिगु पाद धरंत,निद्रा जोग विराजत संत ।। करता पुरख कारण करतार,श्रीचंद्र संतन आधार ।।४।। चक्रपाणि सरगुण विगसाया,चतुर भुजा गरुड़ै चढ़ि धाया ।। सेससाइ अनकाल अपार,सरब जिअन करता प्रतिपाल ।। अरंग अभंग अरेख अरूप,निरगुण निरविकार भव भूप ।। बनमाली नटवर त्रैभंगी,देव दैत्त रचि राचै जंगी ।। आदि न अंतु मध्य जिस केरा,श्रीचंद्र संतन के नेरा ।।५।। सत्त सरूप सुतह सिध सुआमी,घट घट पूरण अंतरजामी ।।

मायातीत विआपक सरवा,किंनर यख्य न रूप गंधरवा ।। अकल कला भरपूर समाया,बिन बोलहूँ ही बोल सुनाया ।। जड़ जंगम सभ कीन पसारा,तौ भी लायो निज दरबारा ।। सभ की सुनत सदीव पुकार,श्रीचंद्र नित्त रिदै समार ।।६।। करुणायतन जन प्रतिपालक,दीन सहायक अरि गन घालक ।। रख्यक करता करणेहारा,गो रख्यक गोबिंद गोपारा ।। पीतांबर सत्त संध बडेरा,घट घट पट पट सरब बसेरा ।। बनमाली नीलांबर धारी,बंसीधर भरतार मुरारी ।। सिमरि सिमरि हरि प्रभु सुख पाईए,श्रीचंद्र नित्त नित्त धिआईए ।।७।। पर ते परे नेर ते नेरा,माया महि जहिं कीनसि डेरा ।। चक्र चिहन कछु वरण न जाता,इकरस सरब ठौर विखिआता ।। आदि अकाल अपाल अघाला,जीव जंतु की फेरत माला ।। अंतरगति जानत सभ जिअ की,प्रीति पेखतो जन के हिअ की ।। नित्त सहायक सद ततकाला,श्रीचंद्र सिमरो सुखसाला ।।८।।१५।। **सलोक-** सद ही जन प्रतिपालको,दुस्ट अरिस्टन टाल ।। हिरदै समारत जाहिं को,छूटत जम के जाल ।। **अस्टपदी-** जहाँ दूख भै भार विआपै,तहाँ छुडावत हरि प्रभु जापै ।। जहाँ भूख त्रिसना बहु भारी,गोबिंद नाम भजो तहँ वारी ।। जहाँ अगनि सागर भड़कावा,परमेस्वर जप तहाँ सहावा ।। जहँ रतनाकर गहिर गंभीर,परम पोत प्रभु नाम

वहीर ।। जहँ मारग को संग न साथ,श्रीचंद्र गोपालहि हाथ ।।१।। जहँ सभ पुंन दान को हरते,तहँ सिमरत परमातम वरते ।। जहँ करमन का चलत न दाउ,गोबिंद सिमरत ही सुख थाउ ।। जहाँ भयानक जीव डरात,परमेस्वर जप रूप सुहात ।। जहँ बहु जोजन पंथ करारा,नाम प्रभू का पार उतारा ।। चित्रगुप्त जहँ लेखा लेत,श्रीचंद्र तहँ हरि हरि हेत ।।२।। जहँ सभ गिआन धिआन असहाइ,राम नाम इक संग सहाइ ।। जहँ तम अंधकार सद छाया,राम नाम चानण तहँ पाया ।। जहाँ काल सभ जीवन हंत,राम नाम इक रख्यक जंत ।। जहाँ न पूत मीत धन दारा,तहँ विसंभर देत छुटकारा ।। जहाँ न आत चतुरता काम,श्रीचंद्र संगी तहँ राम ।।३।। जहाँ न बाग मिलख जागीर,हरि सिमरन ही रहिता तीर ।। जहाँ न सेवक दासी दास,तहाँ एक विधु रख्यक सास ।। जहाँ न मंडप महिल अटारी,त्रिविक्रम जप तहाँ उबारी ।। जहाँ न गज सिअंदन असवारी,तहाँ चेत केवल मधुवारी ।। जहाँ नरक दुख अधिक घनेरा,श्रीचंद्र प्रभु जाप निबेरा ।।४।। जहाँ चलत है भीड़ी बीथी, तहाँ मुकुंद ही पेखहु चीथी ।। जहाँ कपाट जटे द्रिढ़ बंद,रिखीकेस जप काटत फंद ।। जहाँ ब्रहम सूत्र झरि परे,पुरुख पुराण नाम रहि हरे ।। जहाँ न जटा मुकुट किहँ काम,पदमनाभ ही तहाँ

सहाम ।। जहाँ न पंचभूत की काया,श्रीचंद्र यग्य पुरुख समाया ।।५।। जहाँ महा दुरगंध विआपी, तहाँ सुगंधी राम सथापी ।। जहाँ लाल मज्जा मल मूत,तहाँ नाम सारंगी सूत ।। जहाँ भयानक मेचक रूपी,तहाँ नाम केसव ससि ऊपी ।। जहँ सूची मुख पंथ दसाई,तहाँ नाराइण नाम खुलाई ।। जहाँ सिंञाणू नाहीं कोइ,श्रीचंद्र प्रभु रख्यक होइ ।।६।। जहाँ नाग सिंघ शेर बघेले,माधव सिमरन संग सुहेले ।। जहाँ भयंकर बड उद्याना,विस्व रूप सिमरन संग साना ।। जहाँ गरत करदम की झेर,गोबिंद सिमरन काढे घेर ।। जहाँ भानु दुआदस की तपस,अच्चुत नाम सीत रस बरस ।। जहँ त्रिसना सोखत मुख महा,श्रीचंद्र अम्रित हरि तहाँ ।।७।। गोबिंद नाम समान न कोइ,सिमरत उबरत नर गन जोइ ।। खत्री ब्राहमण सूद चंडाल,नाम जपत उधरत गोपाल ।। नरक निवार सुरग महि बसै,राम नाम रंग रसना रसै ।। सगल भुवन को नाइक होइ,हरि प्रभु उर महि रखै परोइ ।। इस ते ऊपर पद नहि कोइ,श्रीचंद्र मुख नामहि जोइ ।।८।।१६।। **सलोक-** गुरुमुख उज्वल बुद्धि है,राम नाम रस पाइ ।। आपा भाव उतार कै,हरि हरि माहि समाइ ।। **अस्टपदी-** गुरुमुख राम नाम लिव लाइ,गुरुमुख दान इस्नान कमाइ ।। गुरुमुख सहिज पदारथ पावै,गुरुमुख हउमै मेट समावै ।।

गुरुमुख कीरतन सद ही राता,गुरुमुख संगति तीरथ न्हाता ।। गुरुमुख हरि जस गाइ अतोट,गुरुमुख परिहर अंतर खोट ।। गुरुमुख वेद बाणी परगास,श्रीचंद्र गुरुमुख जप रास ।।१।। गुरुमुख सद ही गुण भरपूर,गुरुमुख तिआगै हउमै कूर ।। गुरुमुख राग नाद बिस्राम,गुरुमुख अजपा जापै राम ।। गुरुमुख तुरिआ पद को पावै,गुरुमुख जनम मरण छुटकावै ।। गुरुमुख निरविकल्प समार,गुरुमुख चौसठ विद्या सार ।। गुरुमुख अस्टदसी प्रभु जाता,श्रीचंद्र गुरुमुख रंग राता ।।२।। गुरुमुख मन प्रयाग इस्नाना,गुरुमुख सुरसरि पाप मिटाना ।। गुरुमुख पितरी मुकत कराया,गुरुमुख उतरी हिरदै माया ।। गुरुमुख ऊजल मस्तक जोत,गुरुमुख प्रगटि नाम स्रोत ।। गुरुमुख सुंन समाधि थिरंत,गुरुमुख मत अगाध अनंत ।। गुरुमुख मरे न आवै जाइ,श्रीचंद्र अबिचल थित पाइ ।।३।। गुरुमुख लागै नाम पिआर,गुरुमुख सभ कुल करे उधार ।। गुरुमुख केवल हरि हरि धिआइ,गुरुमुख संगति सकल तराइ ।। गुरुमुख छुधा पिपासा छीन,गुरुमुख धरम करम परबीन ।। गुरुमुख परमपरा पर धिआन,गुरुमुख विचरत ब्रहम गिआन ।। गुरुमुख परिहर सगल विकार,श्रीचंद्र परिवार सधार ।।४।। गुरुमुख सत संतोख गिआन,गुरुमुख नाम दान इस्नान ।। गुरुमुख सच्च वपार

कमाया,गुरुमुख निज मन अघड़ घड़ाया ।। गुरुमुख वणज दरगाही खेप,गुरुमुख तिआगी माया झेप ।। गुरुमुख अपणा मन परबोधे,गुरुमुख अंतर आतम सोधे ।। गुरुमुख बैठत उठत सभागा,श्रीचंद्र हरि प्रभु लिव लागा ।।५।। गुरुमुख तिहुँ लोकन उजिआरा,गुरुमुख पसरिआ सत्त पसारा ।। गुरुमुख दुरमति दुबिधा खोई,गुरुमुख खनली काली धोई ।। गुरुमुख समद्रस्टा सु विचारी,गुरुमुख काम क्रोध परिहारी ।। गुरुमुख लोभ मोह मत तिआगी,गुरुमुख सुभ गुण संपत भागी ।। गुरुमुख आपा खोइ पुनीत,श्रीचंद्र गुरुमुख का मीत ।।६।। गुरुमुख जत सत महि परधान,गुरुमुख दया धरम द्रिढ़ ठान ।। गुरुमख वैर विरोध विहीना,गुरुमुख संगी दुखिआ दीना ।। गुरुमुख ऊची द्रिस्टि समाल,गुरुमुख सबद सुरति कै खिआल ।। गुरुमुख नीच ऊच बिन जात,गुरुमुख ठंडक नामहि सात ।। गुरुमुख ऊजल मति परवान,श्रीचंद्र गुरुमुख हरि धिआन ।।७।। गुरुमुख द्रिस्टी निरमल करता,गुरुमुख अंन दान संग भरता ।। गुरुमुख वेद वाक वखिआन,गुरुमुख पाठ पुरान कुरान ।। गुरुमुख तत्त वेता अवदात,गुरुमुख वस्तू निखुट न दात ।। गुरुमुख ब्रहम द्रिस्टि लिव लागा,गुरुमुख अनुदिन सिमरत जागा ।। गुरुमुख चार पदारथ दानी,श्रीचंद्र गुरुमुख ब्रहमगिआनी ।।८।।१७।। **सलोक-** लख

चउरासी जोनि महि,मनमुख सद भरमाइ ॥ ऊच नीच जाती जनम,थिरता लहित न काइ ॥
अस्टपदी- मनमुख निगुरा साकत नीच,मोह लोभ धसिआ बड कीच ॥ संतन संग न कबहूँ कीन,मदमत्त अहंबुद्धि परबीन ॥ खोट कमावै हत जीवान,नीच मंत्र साधत मासान ॥ परधन परतन परत्रिअ राता,परअपकारी जंतुन हाता ॥ भटकत बहु जोनिनि के दुआर,श्रीचंद्र जनमिओ बिरथार ॥१॥ मनमुख जनम मरे पछुतावै,मनमुख जार चोर कहलावै ॥ मनमुख संगति जूप खिलारी,मनमुख निसिदिन पावत हारी ॥ मनमुख अंतहकरण मलीन,मनमुख रोवत हो पराधीन ॥ मनमुख कूड़ो कूड़ वखान,मनमुख मन मुट्ठा अगिआन ॥ मनमुख दंभ कमावै वेस,श्रीचंद्र डहिकावै देस ॥२॥ मनमुख अस्थिर मत नहि काई,मनमुख नित मुख चोटा खाई ॥ मनमुख नरक चुरासी भोग,मनमुख प्रगटित लच्छन सोग ॥ मनमुख इंद्री वसि न होई,मनमुख मनमथ स्त्रिस्टी विगोई ॥ मनमुख सुत बनिता रंग रचिआ,मनमुख कलिमल निकरन पचिआ ॥ मनमुख माया माया बोलै,श्रीचंद्र मूँह काले डोलै ॥३॥ मनमुख थान भ्रस्ट निवास,मनमुख नित्त अपूरण आस ॥ मनमुख अंतरि सांत न पाइ,मनमुख कालख दाग लगाइ ॥ मनमुख चर हरिआरा पसू,मनमुख के मुख सद

ही भसू ।। मनमुख दरगह लहै न ढोई,मनमुख अंतर काली लोई ।। मनमुख रचिआ चित नित रार,श्रीचंद्र मनमुख सद खुआर ।।४।। मनमुख करम धरम सभ कूड़,मनमुख की मति विआपित हूड़ ।। मनमुख सोझी बूझ न पाइ,मनमुख उमर बिरथी जाइ ।। मनमुख जनम बिरथा गवाया,मनमुख कूड़े धंधे धाया ।। मनमुख करम विफल सभ भांति,मनमुख कस्ट सहत दिनराति ।। मनमुख बाधा धरम बिगार,श्रीचंद्र मनमुख सिर भार ।।५।। मनमुख चित्त अघ काला काँउं,मनमुख सूकर विस्टा थाँउं ।। मनमुख गरधब लेटण स्वाह,मनमुख फिरता भरता आह ।। मनमुख का कोऊ संग न साथ,मनमुख बंदी बंद अनाथ ।। मनमुख कूकर हड्डा रोड़,मनमुख कै उपजत रुज कोड़ ।। मनमुख गज न्हाते सिर सुवाह,श्रीचंद्र मनमुख दह भाह ।।६।। मनमुख ऊधा हिरदै कमल,मनमुख भाखण यमलै यमल ।। मनमुख कुत्सित अति विकराल,मनमुख भयंकर भैरव काल ।। मनमुख मिरतक गीध लखाया,मनमुख चितवत पर की काया ।। मनमुख विभिचारी हित चीत,मनमुख झूठो झूठी प्रीत ।। मनमुख लांछन लगत अमेट,श्रीचंद्र मनमुख नहिं भेट ।।७।। मनमुख कुंभी पाक गिरंत,मनमुख कै भोगन ही मंत ।। मनमुख माता गरभ गलाहि,मनमुख सुपनहि थिरता नाहि ।। मनमुख लेखा जम सिर मार,मनमुख चित्रगुप्त

फिटकार ।। मनमुख बिरथी घाल गवाई,मनमुख त्रिसना अगनि वधाई ।। मनमुख धिक धिक लोक कराइ,श्रीचंद्र प्रभु नाम न न्हाइ ।।८।।१८।। **सलोक-** करणहार करतार के,चितवत नहि उपकार ।। खिन खिन जाहि दयालता,जीव जंतु बिन पार ।। **अस्टपदी-** करणहार करतार अपार,खिन खिन करता पर उपकार ।। माटी ते जिन कीनी देह,पउण पाणी अगनि रचि खेह ।। पिता बिंद माता की रकत,निपजायो धर उत्तम युकत ।। गरभ अगनि महि जरन न दीना,बिना मुख के भोजन पीना ।। अद्भुत ते अद्भुत रचि खेल,श्रीचंद्र प्रभु मेल अमेल ।।१।। सास रहित महि डारिओ सास,ब्रिख चरित लटकत लर तास ।। नासा स्वास न बाहरि आय,विसमय विसम विसम ठहिराय ।। नैनन दीनी किस बिधि जोत,नव मासन कर पग चर कोत ।। तल सिर को धर ऊरध कीन,स्रोत सुनते बात नवीन ।। बोलत बोल अबोली रसना,श्रीचंद्र हरि अद्भुत रचना ।।२।। तुरस खटाई तिकत सलवणा,किस बिधि गिआन दिओ जल भवणा ।। अनिक जतन करि राखणहारे,सगले जीअ जंतु विसतारे ।। खान पान हित अपरा दुआर,धंन धंन जग सिरजनहार ।। जठर अनल को लगिओ सेक,माता भोज पचाइ अनेक ।। कीन अरोगी जनमत काया,श्रीचंद्र सभ प्रभु की दाया ।।३।। प्रथमहि दीनो दूध अहार,तिस

प्रभु कउ सिमरहु इकसार ।। मात पिता अरु दाई दाया,सेवक थापे हरि प्रभु राया ।। निसि दिन खेल खिलावत गोद,गोबिंद उपजायो मुह मोद ।। दात दिए संग भोजन पान,पर उपकार प्रभू पहिचान ।। शक्ति वधाई चालन पैर,श्रीचंद्र नाराइण खैर ।।४।। हाथन जाहिं काम बलधार,नित नित सिमरन करि निरंकार ।। जाहिं दया ते देह अरोगी,सो नाराइण भजहु संजोगी ।। जाहिं दया ते पेखत रूप,हरि प्रभु सिमरहु सदा अनूप ।। जाहिं दया ते ऊजल हंस,नरहरि भजिऐ सो निरसंस ।। जाहिं दया ते जस चहुकुंटा,श्रीचंद्र सिमरहु बैकुंठा ।।५।। जाहिं दीन अन धन बेअंत,सिमर मना सोई भगवंत ।। जाहिं दीन सुभ बाग बहार,सदा सदा हरि नाम सम्हार ।। अचार विचार विहार पराता,सिमरहु सोऊ अनुभउ दाता ।। जाहिं दीन सेवक गण दासी,सिमरहु सोऊ नित अविनासी ।। जाहिं दीन प्रभुता वडिआई,श्रीचंद्र सो संग सहाई ।।६।। जाहिं दीन पित माता बंध,ताको सिमरत सदा अनंद ।। जाहिं दीन सुभ सिहजा मंदर,राम राम सिमरहु मन अंदर ।। जाहिं दीन सभ राज रु भोग,सरब सुहेला कीना लोग ।। जाहिं दीन रस अगण अतोट,सो सिमरहु उर परिहर खोट ।। जाहिं दीन ग्रिह सुंदर नारी,श्रीचंद्र सिमरहु गिरिधारी ।।७।। जाहिं किरपा ते ऊचो ऊचा,सिमरहु गोबिंद

अगम अगूचा ।। जाहिं किरपा ते लोकन मान,सिमरहु नितप्रति सो भगवान ।। जाहिं किरपा ते धन अनगिनती,सिमरहु राम राज तजि मिनती ।। जाहिं किरपा ते ऊची धुजा,सिमरहु छीरनिधी चतुभुजा ।। जाहिं किरपा ते नित आनंद,श्रीचंद्र सद सिमर गोबिंद ।।८।।१९।। **सलोक-** परिपूरण प्रभ राम स्याम,गोबिंद पूरण काम ।। सिमर सिमर नित पाइऐ,अच्चुत परम सुखधाम ।। **अस्टपदी-** जा की दया सरब सुख होइ,राम राम उर माल पिरोइ ।। जाहिं दया ते पूरण घाल, नितप्रति ता का नाम समाल ।। गोबिंद सेवा जपबो राम,सगले होवत पूरण काम ।। तोट न आवत भरे भंडार,रतनाकर प्रभु अपर अपार ।। सास ग्रास न बिसरै सोइ,श्रीचंद्र तिहुँ लोकन जोइ ।।१।। माया रंग न मन त्रिपतावा,हरि हरि नाम जपत आघावा ।। मनमथ भोगत नहि संतोख,राम राम जप पावत मोख ।। राज तखत थित बाढै भूखा,नाराइण जपु उतरसि दूखा ।। वेद वखानै प्रापति गरबा, क्रिपानिधान सांत सुख सरबा ।। सिंधु मेखला धरनी जीत,श्रीचंद्र करि गोबिंद मीत ।।२।। संग न साथी साजन सैन,हरि हरि नाम जपत ह्वै चैन ।। सगल पसारा बिनसनहारा,राम नाम जप सागर पारा ।। गयो सास पुनि आवत नाहिं,राम सिमर मत कब पछुताहिं ।। जेते दिवस गए

अनजानै,समझ बूझ जप राम महानै ।। मत को भूलै भरम मझार,श्रीचंद्र नाराइण सार ।।३।। पाहन सुरसरि न्हाइ न तरिओ,राम नाम संसार उधरिओ ।। अवधि लई वैकुंठ मझार,राम नाम भव हेतु सम्हार ।। करम धरम पूजा वडिआई,राम नाम सम नाहिन भाई ।। राम नाम बिन बिरथे पाज,राग नाद स्वर तार समाज ।। कलिजुग राम नाम आधार,श्रीचंद्र बोहिथ मंझधार ।।४।। नाम जपत एकै जगदीस,पापी उधरै बिसवै बीस ।। नाम जपत अनगणत अनंत,प्रिथवी चाई सुन्य समंत ।। नाम जपत उलटायो मरा,राम राम विस्तारिओ धरा ।। नाम जपत उर निरमल जना,प्रगटायो पाहन निर मना ।। राम नाम की अमित वडाई,श्रीचंद्र को पार न पाई ।।५।। राम नाम सिउं गंगा खैंची, राम नाम रंग रंगा पैंची ।। राम नाम रामहि लै आय,जहँ तहँ करता सदा सहाय ।। राम नाम जपु दिब्य गिआन,देवन गति करतल विगिआन ।। राम नाम जपु सदा आनंद,जमदूतन की काटत बंद ।। नाम निरंजन जपु तप सार,श्रीचंद्र भव पार उतार ।।६।। सरगुण निरगुण नाम समाइ,जन जैसे चाहे प्रगटाइ ।। नाम बिना नहिं बंधन छूटै,नाम बिना मोह माइ न हूटै ।। नाम बिना नहिं तीरथ फलै,नाम बिना नाहीं यग्य सफलै ।। नाम बिना नहिं भेख प्रमान,नाम बिना मुख झूठ

वखान ।। नाम बिना फीका उपदेस,श्रीचंद्र नहि मिटत कलेस ।।७।। वेद पुरान सिम्रिति सिधांत,राम नाम जपु एक मतांत ।। मंदर देव देवालै पूजा,राम नाम सम अवर न दूजा ।। हवन समग्री रचितो होम,राम नाम जपु सफलत तोम ।। जलधारा कर कस्ट सहारे,राम नाम संग नाहि पुजारे ।। राम नाम जपु सुद्ध इस्नान,श्रीचंद्र करता कलिआन ।।८।।२०।। **सलोक-** सद गोबिंद धिआइए,सभ बिधि जा कै हाथ ।। मानुख करम कमावणा,सफल नाराइण साथ ।। **अस्टपदी-** करम करत मानुख रुचि धारि,तबि सफलै जब करत मुरारि ।। होम यग्य तीरथ इस्नान,फल प्रद सभ का श्री भगवान ।। अनिक दान द्विजन कहु दीनै,होवत सफलै श्रीपति कीनै ।। पंच अगनि तन तापन कीना, सफलत हरि प्रभु कै आधीना ।। अनिक प्रकारी जप तप करै,श्रीचंद्र सफलित नरहरै ।।१।। दान दीन प्रिथवी अधिकाई,सफलित करुणा पाइ गुसाई ।। भागवत पाठ गायत्री मंत्र,सफल करन हित प्रभु सुतंत्र ।। राम राम जपु अजप विधान,भारत वकता दस अस्टान ।। सिम्रिति सगरी पठबो पाठ, अनिक भाँति पूजा जुत ठाठ ।। लाड़े बिना बराती लोग,श्रीचंद्र प्रभु करणै जोग ।।२।। जिहँ गनिका लगि बिखै विकार,राम नाम भाखिओ इक बार ।। सूआ गयो न प्रभु दरबारै,हरि प्रभु वेस्या लीन

उबारै ।। अजामेल सभ उमर गवाई,काम गरत रहि सुधि न काई ।। पूत नाराइण नाम उचारा, ता का कीना हरी उधारा ।। आपन हाथ रखी वडिआई,श्रीचंद्र प्रभु कल वरताई ।।३।। कई कोटि तन ताप सहंत,कई कोटि हरि नाम रटंत ।। कई कोटि धरनी विचरंते,कई कोटि सद मौन रहंते ।। कई कोटि निरधार विचार,कई कोटि का पउनाहार ।। कई कोटि तिथि वारी वरत,रहित सगल ही आयु धरत ।। सफलावै जिहँ की करतार,श्रीचंद्र सो उतरे पार ।।४।। कई कोटि जपनी रहि फेर,कई कोटि पैठे जल घेर ।। कई कोटि करि ऊरध बाहु,कई कोटि पग एक थिराहु ।। कई कोटि तन देवत दाह,कई कोटि गगनंतर साह ।। कई कोटि कासी महि मरते,कई कोटि गया पिंड भरते ।। जिहँ जन पर प्रभु द्रिस्टि पसारी,श्रीचंद्र तिहँ मिलि गिरिधारी ।।५।। कई कोटि प्राछित कर रहै,कई कोटि करवत सिर सहै ।। कई कोटि धन लोभ तिआगी,कई कोटि विचरत वैरागी ।। कई कोटि लुंछित कर केसा,कई कोटि धरि भगवे वेसा ।। कई कोटि सिर जटा बढाई,कई कोटि नख धार लखाई ।। लछमीपति जहँ पावै थाइ,श्रीचंद्र सो मुकती पाइ ।।६।। कई कोटि पुर गाम न आवहिं,कई कोटि निरधाम रहावहिं ।। कई कोटि देवालै थिरहिं,अपर किसू ग्रिह नाहिन बरहिं ।। कई कोटि रहिं

ब्रिखन छाहिं,कई कोटि आतप सेवाहिं ।। कई कोटि बालू खावंत,कई कोटि जीह नाग डसंत ।। प्रभु भावै तब ही सफलंत,श्रीचंद्र हरि अगम अनंत ।।७।। कई कोटि भच्छत कंद मूल,कई कोटि नर हरते सूल ।। कई कोटि पय भच्छन रूझै,कई कोटि त्रिण साक फरूझै ।। कई कोटि मसाण निवासी,कई कोटि सेवत गौरासी ।। कई कोटि धरणी महि धसहिं,कई कोटि त्रिअन ते नसहिं ।। जा को करता पुरुख क्रिपाल,श्रीचंद्र तिस पूरण घाल ।।८।।२१।। **सलोक-** पारब्रहम भगवान प्रभु,करन करावन जोग ।। नर उर जानत कछु नहीं,किह विध भोगत भोग ।। **अस्टपदी-** कउन भाँति नित ब्रहम विचारे,कउन भाँति सतपुरुष उचारे ।। कउन भाँति अंतरि मन खोए,कउन भाँति सद गिआन विलोए ।। कउन भाँति परमेस्वर चीना,कउन भाँति परम पद लीना ।। कउन भाँति उर धिआन समारे,कउन भाँति करता मन धारे ।। कउन भाँति सतधाम मिलाए,श्रीचंद्र मारग आप बताए ।।१।। कउन भाँति इहि पीवत दूधा,कउन भाँति ह्वै मारग सूधा ।। कउन भाँति नर नीर पिवंत,कउन भाँति संगति मिलवंत ।। कउन भाँति करि करम कमात,कउन भाँति पाकन विगसात ।। कउन भाँति इह जीव कहाया,कउन भाँति ईसर रचि माया ।। कउन भाँति करि ब्रहम जनात,श्रीचंद्र हरि गुप्ती

बात ॥२॥ कउन भाँति किहँ की प्रतिपाला,कउन भाँति करि सफली घाला ॥ कउन भाँति रोगी है देही,कउन भाँति सिउं मिलत सनेही ॥ कउन भाँति रुज जाइ बिलाइ,कउन भाँति सुख सहिज समाइ ॥ कउन भाँति थित मंदर वास,कउन भाँति थित कुटिया घास ॥ कउन भाँति बन बन बिचरंत,श्रीचंद्र प्रभु हाथ मतंत ॥३॥ कउन भाँति इह जगत उपाया,कउन भाँति सिउं कारै लाया ॥ कउन भाँति सिउं आवा जाई,कउन भाँति सिउं ऊच नीचाई ॥ कउन भाँति किस ठौर निवासै,कउन भाँति सिउं होत उदासै ॥ कउन भाँति संजोग विओग,कउन भाँति सिउं भुख अरु भोग ॥ कउन भाँति नेत्र पेखंत,श्रीचंद्र हरि सदा अनंत ॥४॥ कउन भाँति सूँघती घ्राण,कउन भाँति सिउं बहते प्राण ॥ कउन भाँति मेदनि रचि राखी,कउन भाँति उर अंतरि साखी ॥ कउन भाँति रतनाकर रतना,कउन भाँति सिउं सफलित जतना ॥ कउन भाँति परबत रचि राखै,कउन भाँति करि कीनी साखै ॥ कउन भाँति तरु फल फुल फली,श्रीचंद्र प्रभु माया बली ॥५॥ कउन भाँति सुत सुता उपाई,कउन भाँति दारा लपटाई ॥ कउन भाँति सिर कस्ट सहारै,कउन भाँति सुखकर संचारै ॥ कउन भाँति नभ कीन पुलाड़,कउन भाँति रवि तपत पहाड़ ॥ कउन भाँति ससि सीतल कला,कउन भाँति ध्रुव इकथल

खला ।। कउन भाँति उडगन को फेर,श्रीचंद्र प्रभु शक्ति अंधेर ।।६।। कउन भाँति बोलत मुख बानी, कउन भाँति नर पावत गिआनी ।। कउन भाँति मन चंचल कीना,कउन भाँति सुन अनहत बीना ।। कउन भाँति पंखी पसु बाजी,कउन भाँति भए कातर गाजी ।। कउन भाँति नागन कुल कीनी,कउन भाँति माखी मधु भीनी ।। कउन भाँति ब्रिसचिक खाजूरे,श्रीचंद्र मसकन रंग पूरे ।।७।। कउन भाँति रुचि काम अरु क्रोध,कउन भाँति किअ सांत संबोध ।। कउन भाँति रुचि चोरी जारी,कउन भाँति रुचि परिहर नारी ।। कउन भाँति गजराज तुरंग,कीने नर के वाहन ढंग ।। कउन भाँति केहरि म्रिग घाती,कउन भाँति गोधन किअ थाती ।। करनहार बिन कोइ न जानै,श्रीचंद्र त्रैदेव हिरानै ।।८।।२२।।

सलोक- माया अनिक प्रकार प्रभु,अति सूछम तिहँ रूप ।। नाराइण जप दिनस राति,उबरत अंधे कूप ।। **अस्टपदी-** प्रभु नाराइण गरब प्रहारी,जपु जपु नाम उधरे संसारी ।। अनिक प्रकारी माया जाल,मायापति ही साकत टाल ।। निसिदिन भूल भुलाई परिआ,रवि रथ हाथन चाहत फरिआ ।। सूछम ते सूछम हरि माया,खिन खिन अनिक रंग वरताया ।। जो पेखहु सो संग न होइ,श्रीचंद्र सिमरहु हरि सोइ ।।१।। चतुर मुखन ते सहस प्रयंत,माया ब्रहमे रचे अनंत ।। कई कोटि सुरदेव उपाए,हरि

अवतार बेअंत लखाए ॥ कई बार जनमिओ महादेव,कई बार दुरगा अवतरेव ॥ कई बार जग कीन पसार,कई बार परलै परकार ॥ अविआक्रित न जानत ईस,श्रीचंद्र हरि भज थिर थीस ॥२॥ कई बार सतरूपा स्वंभू,कई बार मनवंतर अंभू ॥ कई बार सागर दधि खीर,कई बार देवन की भीर ॥ कई बार अज बेणू भरत,कई बार सुरथ दसरथ ॥ कई बार दैत्तन किय राज,कई बार तीरथंकर साज ॥ अनिक विसरपणि साजे मेटी,श्रीचंद्र बहु गेंदन तेटी ॥३॥ कई बार दत्तात्रै आयो, कई बार गोरख भरमायो ॥ कई बार मछिंदर बनाए,कई बार पारस समझाए ॥ अनिक राम दसरथ निरमए,क्रिसन अनिक गोपिन संग रए ॥ अनिक कपिल पिंगल मुनिमंड,अनिक खंड नव अनिक ब्रहमंड ॥ अनिक जीव जंतुन परवाह,श्रीचंद्र माया असगाह ॥४॥ अनिक सेस सिर धरनी धार,अनिक धौल सूकर अवतार ॥ अनिक नरसिंघ अनिक प्रहलाद,अनिक ध्रूव भगती अहलाद ॥ अनिक एक कछु मेल न बनै,अनिक समावै अनिकै भनै ॥ अनिक रंग मन माहि उठंत,अनिक प्रकारी वरतति जंत ॥ अनिक प्रकारी विदिआ भानु,श्रीचंद्र अनिकै विगिआन ॥५॥ अनिक नाम अनिकै परकार,अनिक कला प्रगटै करतार ॥ अनिक तीरथन मन इस्नानै,अनिक मूरतनि धारत

धिआनै ।। अनिक रूप प्रभु के अवतार,अनिक निदेसी करत उधार ।। अनिक धार वखिआन वखान, अनिक जिगिआसी मोख निदान ।। अनिक भाँति भगती परवाह,श्रीचंद्र संतन ओमाह ।।६।। अनिक नाम प्रभु केर जपंत,अनिक लीला गावत भगवंत ।। अनिक भोग नैवेदत लोग,अनिक प्रकारहि साधत जोग ।। अनिक शक्ति आवत उर भगत,अनिक जीव बरसावत जगत ।। अनिक स्तोत्र उचरत कवच,अनिक मुकति द्विज पावत स्वपच ।। अनिक कला विकसित परगास,श्रीचंद्र माया अविनास ।।७।। अनिक मनोरथ पूरण होत,अनिक पाप मल खिन महि धोत ।। अनिक कलपद्रुम ठाढे दुआर,चिंतामणि बहु रोग बिदार ।। कामधेनु अनिकै चलि आवै,अनिक साधु अम्रित रस पावै ।। अनिकै हरि पद पदम निवासी,अनिक ग्रिहस्ती अनिक उदासी ।। पारब्रहम को अनिक लखाहिं, श्रीचंद्र तिनि बलि बलि जाहिं ।।८।।२३।। **सलोक-** सरब विआपक पूरण हरि,आदि मध्य अरु अंत ।। घट घट पट पट थित भयो,अंग संग भगवंत ।। **अस्टपदी-** घट घट पूरण रहिओ विआपै, आदि मध्य अरु अंतु न जापै ।। पूरण पुरुख सरब बिधि जाता,पूरण होवति जा की दाता ।। पूरण राज सिंघासन राजा,पूरण लोक बजायो बाजा ।। पूरण होत न पूरण भिंन,पूरण पूरण मिले अछिंन ।।

पूरण गगन नगारा धुणै,श्रीचंद्र पूरण हरि गुणै ।।१।। पूरण गुरु अविनासी राया,पूरण ब्रहम रिदै दरसाया ।। पूरण करम सफल करि दीना,पूरण प्रेम जलहि जिमि मीना ।। पूरण धरम अटल फुरमान,पूरण द्रिढयो हरि हरि गिआन ।। पूरण अंग संग सभ ठाइ,पूरण इक रस सरब समाइ ।। पूरण सांत विराजी अंग,श्रीचंद्र पूरण सरबंग ।।२।। पूरण निधि सिधि भंडार,पूरण तखत थिरे निरंकार ।। पूरण धिआन अखंड उदोत,भुवन चतुरदस पूरण जोत ।। पूरण सुंन समाधि समाई, पूरण नाद निनाद सुनाई ।। पूरण सूरवीर वरियाम,पूरण जीतिओ पूरण धाम ।। पूरण वेदन फेर दुहाई,श्रीचंद्र परिपूरण पाई ।।३।। पूरण पाठपुराण पढ़ायो,पूरण राग अलाप सुहायो ।। पूरण ताल तान अनुरागी,पूरण कामी पूरण तिआगी ।। पूरण पंथ दिखायो आप,पूरण ग्रंथि छुड़ाई पाप ।। पूरण आधि उपाधि नसाई,पूरण रस भेखन उपजाई ।। पूरण राम रसाइण खाइ,श्रीचंद्र पूरण कहिवाइ ।।४।। पूरण पाव न पाछै होइ,पूरण सत्रु संघारै लोइ ।। पूरण बाण न खाली जाइ, पूरण ब्रहम कवच अकटाइ ।। पूरण ज्वाला बमणी चाल,पूरण रण भूमहि अनटाल ।। पूरण सारंग धनुस सम्हारा,पूरण नंदग कउ चमकारा ।। पूरण गड़ अनभीत सुहावा,श्रीचंद्र पूरण कउ

धावा ।।५।। पूरण माया चक्र व्यूहा,पूरण अनविवेक को लूहा ।। पूरण दूत बसि करि राखै,पूरण कोस मोरचे नाखै ।। पूरण दुंदभि सत्त सु गाजा,पूरण कीरति धुजा समाजा ।। पूरण सुरगुण सैन सुहाई, पूरण दुरगुण कंदर छाई ।। पूरण अत्रपत्र ढुर चमरा,श्रीचंद्र पूरण चलि दमरा ।।६। पूरण सीस चंदोआ ताना,पूरण दीरघ फरह निसाना ।। पूरण बंदीजन रट जसहि,पूरण फतह अमरपुर बसहि ।। पूरण राज जोग वडियाई,पूरण पाइ उपाइन पाई ।। पूरण गुण भरपूर सदीवा,पूरण दिग मंडल वर दीवा ।। पूरण गुरु उपदेस द्रिढ़ावा,श्रीचंद्र शिष्य पूरण पावा ।।७।। पूरण पारब्रहम किरपाल,पूरण किंकर किओ निहाल ।। पूरण पति राखी गोबिंद,पूरण नासी माया चिंद ।। पूरण सूख आनंद निधान,पूरण गिआन धिआन इस्नान ।। पूरण ओम् जाप विधान,पूरण ठंडक वरष जहान ।। पूरण पाए पूरण लोक,श्रीचंद्र पूरण हर सोक ।।८।।२४।।

।। ओम् जाप समाप्त ।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। रामकली घर ५ छंत ।।

बारह माहा

गोबिंद गीत सुहावणे,सखी समारहु नीत ।। आनंद मंगल सहिज सुख,लागै हरि संग चीत ।। हरि चीत बिनसी भीत माया,रसन रस हरि पाया ।। अनहद वाजे वजहि निसदिन,दुतिअ भाव गवाया ।। सदा संग गोपाल गुण निधि,ईत ऊतहि मीत ।। श्रीचंद्र भगवान भजि,नित दिनस रैणी चीत ।।१।। चेत सुहावणिआ साधु बन तरु फूलै राम ।। गोपाल गावणिआ,पवन सुगंधित झूलै राम ।। झूलै होली गीत गाइऐ,लाल गुलालहि रंगीऐ ।। झाँझ झालर तूर घंटै,पहिर चोली तंगिऐ ।। त्रित त्रितित छुटै आपा, गोबिंद रस रंग फूल ।। चेत सिमरत श्रीचंद्र प्रभु,अनंद मंगल झूल ।।२।। वैसाखै धीरज गई,वांढी

करत पुकार ।। जग जीवन बिन साध कै,पायो नहि दरबार ।। दरबार पाए पीस पीसे,पाक रोटी फालसे ।। लवणे मिलाइ खाय प्रीतम,ध्राप जै है काल से ।। रस प्रेम पावै पुस्ट थावै,भूख त्रिखा निवार ।। श्रीचंद्र बतीह पीसहि,वैसाख हरि दरबार ।।३।। जेठै तपस तपाइआ,पंथी पंथ तिआग ।। छाह खोज बैठत पसू,पंखी चहुकत जाग ।। जाग पंखी करत केलन,छाय ब्रिख सुहावणी ।। सर उस्न पानी म्रिग त्रिसना,द्रिस्टि दूर पुजावणी ।। साधु संगति सीत थानै,काम क्रोध लोभ तिआग ।। श्रीचंद्र भव जेठ तपतो,उठि मोह निद्रा जाग ।।४।। आसाढ़े घाम घनी,नहि सूझै जाणा राम ।। मोहिओ रंग दुनी,बहुरो पछुताणा राम ।। बहुरो पछुताणा आवण जाणा,करे कुकरम फलाने ।। जम मारग की तपत विआपी,दुख पाए बिललाने ।। संगति साधु न क्रोध बिनासिओ,कीते करम भुगाणा ।। श्रीचंद्र मन तपत असाढ़ा,सुनिओ नरकै जाणा ।।५।। सावण जल घन बरसिआ,जीव जंतु सरसाए राम ।। चहुँदिसि नर आनंद मय,धान जमाए राम ।। धान जमाए आनंद छाए,गोधन चढ़ी खुमारी ।। हरिआवलि धर भई सबाई,सांत वुठी नर नारी ।। पाक खरीफ रब्बी की आसा,धरम करम मन भाए ।। श्रीचंद्र सावण सर पूरे,जल थल साधु समाए ।।६।। भादव मास आयो,मेघन आवा जाई राम ।। कबही जल बरसै,कबि

गगन दिखाई राम ।। कबि ऊचो कबि नीचो जावे,सुख दुख बाधा घेरे ।। जनम मरण अरु रोग सोग महि,थहरावत नहि पेरे ।। घटीजंत्र सिउं चैन न पावै,भरि आवै ऊणाई ।। श्रीचंद्र भादव दव लागी, मेघन आवा जाई ।।७।। अस्सुन आस भई,संगति साधू पाई राम ।। जपु तपु करम करे,निसि सांति सुहाई राम ।। सांति सुहाई सरद समाई,धरम करम रुचि जागी ।। राम राम गावत धुनि ऊची,होत मोख के भागी ।। तम बारिद उडि गयो किदाऊ,निरमल मन आगासा ।। श्रीचंद्र अस्सुन प्रभु पूरी,सगरी कीनी आसा ।।८।। कत्तिक सफलत करम सुभ,जल महि वेद निवासा राम ।। नित्तप्रति हरि प्रभु पूजिऐ,संतन सिउं भरवासा राम ।। संतन भरवासै उपज दिलासै,मिलिहै फल रस पूरा ।। उत्तम जोनी कीरति होनी,राम नाम रंग गूरा ।। धरमराज दर सूख समाने,भोग भोग अबिनासा ।। श्रीचंद्र कत्तिक किअ करमन,पूरन होई आसा ।।९।। मंगसिर हिम बरसी,हरि नाम सुखाना राम ।। दुख बिख परिहर कै,रस अमिअ लुभाना राम ।। अमिअ लुभाना सांति समाना,बिखिआ तपत बिनासी ।। साधु संग नाराइण धिआया,काटी अंतक फासी ।। सहिज सील सत भाउ घनेरा,हरि हरि राम सुखाना ।। श्रीचंद्र मंगसिर भा सीतल,संतनि संग टिकाना ।।१०।। पोखै पुस्ट किआ हरि गुण,प्रीतम गाए राम ।।

साधन सुख प्रगटै,सज्जन साधु मिलाए राम ।। साधु मिलाए हरि गुण गाए,राम नाम रस साधी ।। जागै गिआनी माधव धिआनी,पाइआ सहिज समाधी ।। तजै विकारा धरम सम्हारा,घर मंदर सच थाए ।। श्रीचंद्र पोखै किअ पुस्टी,साधुन कहिओ कमाए ।।११।। माघ प्रयाग न्हाए,संतन संग पुनीता राम ।। बेणी पाप हए,जस कीरति गीता राम ।। कीरति गीता परम पुनीता,नाम निधाना पाइआ ।। माया मोह उपाधि बिसरजी,ब्रहम समाज समाइआ ।। दुबिधा दुरमति कूड़ बिनासी,काम क्रोध लोभ जीता ।। श्रीचंद्र गुरु बेणी न्हाते,राज सुरग का लीता ।।१२।। फलगुण रंग रवी,लालो लाल सुहाइआ राम ।। नटवर आइ गया,गोपिन राग सुनाइआ राम ।। राग सुनाया ताल दिवाया,नाची आप निवारी ।। गोधन दधी दूध दुह तिआगा,संग रली गिरिधारी ।। गया कलेस पाट ले गमनिओ,ब्रिख कदंब लखाया ।। श्रीचंद्र फलगुण के फागै,बंसी सबद सुनाया ।।१३।। बारह मास फलै तरुवर,गुरु अविनासी राम ।। प्रणवै नाम दिओ,काटी जम फासी राम ।। काटी फासी गुरु अविनासी,दीनो नाम खजाना ।। तोट न आवै वधदो जावै,जीव जंतु जग दाना ।। प्रभु गुण गाइऐ बीच समाइऐ,साधु संगि रंग रूढ़ै ।। श्रीचंद्र अंतरि प्रभु प्रगटै,लाल गोपाल सु गूढ़ै ।।१४।।

।। बारह माह समाप्त ।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। रामकली घर-६ ।।

खट रितु

जान रे जान अजान महा प्रभु,लोगन संग लाग कै,किउं लाज तैं गवाई है ।। काम क्रोध मोह मूठो,लोभ रचि रहिओ झूठो,ठूठो करि गहै माँग माँग न अघाई है ।। किरपाल दीनदयाल,प्रतिपाल सुख साल तजि,गर माल डारी राम राम न अलाई है ।। पख दिन मास रितु,संवत अनंत गए,श्रीचंद्र सुध नाहि आयु अंत आई है ।।१।। काम को जनम दाता,रितुराज आयो खिआता,बात बात माहि हरि नाम ते सरकिओ ।। राम निज धाम तजि,भव महि तुहारे ढिग,आइ कै निवास कीनो तऊ न जरकिओ ।। रचि पचि रंग रूप धन तन त्रिअ कूप,दानन को डार सूप खूब ही छरकिओ ।। श्रीचंद्र जान मन समै गयो

मिलै नाहि,जाहि ते निदान कामरूप किउं पर किओ ।।२।। ग्रीसम की धूप कूप ताकत है सीत रस, अगनि अगास की निवारी जात छाह ते ।। ताक तरु छाह राहगीर तजि राह रहै,खग आइ थिरै मुख टाड ऊभे साह ते ।। गोधन बछारू संग झुंड झुंड बैठ रही,छुधा हूँ संतावै पै न चुगति है घाह ते ।। ऐसे घोर हूँ ते आगै घोर घोर जानिअत,श्रीचंद्र भजि राम साधु के विसाह ते ।।३।। प्राव्रिट वारिद बरस बन सरसाने,तड़िता तड़ित औ बलाक पंत सोहती ।। वाम मिलि गावत झुलावत चंडोल दोल,पति के आगम को स्वकिआ पंथ जोहती ।। नाचत मयूर भूर कूकत सरूर सुर,गावत मल्हार मेघ गंधन सिउं बोहती ।। श्रीचंद्र गुरू वाक काक जो वखानै उडि,पति प्रभु पाए ते आनंद मुख मोहती ।।४।। सरद सुहानी नभ ऊजल भा दसोदिसि,वेदन निवास जलपति सरसावतो ।। सुक्ति स्वाति पाइ नितांत सिउं सिधांत जाइ,पैठ कै पाताल न उकस पर आवतो ।। डूब मरजीवड़े पयोधि सो मुकत पाइ,मगन मस्त मन फिरै कछु गावतो ।। श्रीचंद्र अद्भुत रस विसमानो मनि,सारदा सरद ससि सत्गुरु धावतो ।।५।। साज कै हेमंत सित कटक चढायो सीत,ब्रिखन को रस सुसकायो लाग फली सी ।। पसरी कुहार ओस जोस सुस्तानो सभ,काम क्रोध लोभ मोह मद फौज दली सी ।। तख्त विराजै राम आनंद गुणी निधान,पट

पीत लहिराए हरि संग हली सी ।। श्रीचंद्र जड़ता मै जपु तपु संजम सत,अगनि जराई जठरागनि अबली सी ।।६।। सिसिर मै झड़े पात पत्री अचल ठाढै,अरजुन दूत को न हानी कछू जानिऐ ।। आस लग रही राम आइगो अवध धाम,उरमिला उरमिला अनंत रस ठानिऐ ।। अंत सरसात पात अकुंर समात नाहि,राम राम जाप ते अघात न पछानिऐ ।। मिलि अविनासी काटी जनम मरन फासी,खासी साधु संग की अचंभव कहानिऐ ।।७।। साधु संत पाए ते अनंत उर प्रगटाए,रंग सरसाए मति धरणी पुनीत भी ।। गोबिंद नाराइण माधव मधु कैटभारि,नरहरि राम स्याम केसव के गीत भी ।। जलजात कुमुद गुण सर उद्भव भए,काठ बिहाय खटपद आए मीत भी ।। कीरति मगन रस हरिनाम रहिओ बस,श्रीचंद्र गाए जस त्रिपुर मै जीत भी ।।८।।

।। खट रितु समाप्त ।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग जय जयंती ।।

छाड दै रे छाड दै,जगत झूठो पाज है ।। मातु पिता बंधु साक,अंत काल रहहिं झाक,कोऊ न उबार सकहि,जैहैं दूरि भाज है ।। नारी सुत सुता भैण,संग साथि सखा सैण,परम सनेही सभी,काढने कै साज है ।। काय को नवाइ धोइ,नूतन बसन पोइ,श्रीचंद्र चिता धरि अगनी उपराज है ।।१।। जान बूझ जान बूझ काहे को संकात हैं ।। बन उपबन सारे,नीर छूटते फुहारै,प्राण तन भे निआरे,खिन महि परात हैं ।। अटा संग घटा छुही,गज गच ग्रिह जू ही,सरवर गंभीर कूही,आगै नाहि जात हैं ।। श्रीचंद्र भरम डार,सिमर हरि प्रभु मुरारि,पावहि निरबाण पद,राम ही संगात हैं ।।२।। कठिन पंथ कठिन पंथ,काहि न लखाहि रे ।। मंडप माड़ी महिल पके,माणक मोती वज्र खचे,पेखते ही हके बके, काहे बिरमाहि रे ।। दारा दुहिता जामाते,धन धरा केर नाते,अंत बार संग हाते,हाँडी फोर आहि रे ।।

श्रीचंद्र आगि लाई,हायहूय धूम चाई,धन धना की लराई,सगरे मचाहि रे ।।३।। भजो मन,भजो मन,राम नाम संगीआ ।। समवरती पुरी महान,दूत भयंकर भयान,ताड़ते बेजान जान,बीथी डार तंगिआ ।। बारू तपत नगन पाइ,आगि निधि महि डराइ,असीपत्र बन लिजाइ,ग्रीव माहि जंगिआ ।। श्रीचंद्र अजहुँ जान,सिमर लेहु गुणनिधान,पावहि दरगाहि मान,राम राम रंगिआ ।।४।। फेर चित,फेर चित,काल जै है हाथ ते ।। अन धन अतोट भारा,गोधन दुगध धारा,दारा सुत सुता संगी,बांधे तोर आथ ते ।। अरुजी काया प्रबीन,नैन जोति ठरी पीन,कहूँ बातै नाही दीन,भोज भोग पाथ ते ।। श्रीचंद्र कहिओ मान,भजहु हरि क्रिपानिधान,सूख खेम लहि कलिआन,साधु संत साथ ते ।।५।। आयो भव,आयो भव,गुरू अविनासिआ ।। दीनो नाम दान महान,पायो द्रिढ़ गिआन धिआन,संजम जाप ताप सत,नित्त सुख रासिआ ।। गगन चाढ़ जोति पाइ,नाद अनहद वाइ,राग अगम गीत गाइ,त्रित परगासिआ ।। श्रीचंद्र मन मीन,प्रणव जाप माहि लीन,ममत अलमत्त होइ,चिदानंद वासिआ ।।६।। पूरो पाइ,पूरो पाइ,पूरे होइ गए हैं ।। तन मन धन बंधु डार,भजत प्रभु निरंकार, अनुभव आनंद धार,सीतल समए हैं ।। ब्रहमानंद सुख निधान,मात पिता तिआग धान,एक राम नाम

जान,परमानंद रए हैं ।। श्रीचंद्र पूरा पाइ,पूरे माहि गए समाइ,पूरो आवै नाहि जाइ,राम राम भए हैं ।।७।। पूरो पाइ,पूरो पाइ,पूरे होइ गए हैं।। ऊरे हूँ को लोकालोक,ऊरे हूँ को मोह सोक,ऊरे हूँ को जमलोक,दूत दुख दए हैं ।। ऊरे उर नाहिं राम,ऊरा जाइ धाम धाम,ऊरे काहूँ नाहि नाम,कोटि कलुखए हैं ।। श्रीचंद्र ऊरो तज,पूरे चरन कंज भज,पूरो सुभ साज सजि,पूरन समए हैं ।।८।। भलो रे,भलो रे,संत साधु संग रे ।। जहाँ जाप ताप सूख,राम राम नित्त मूख,भाग जात पिआस भूख,हाथ नाहिं तंग रे ।। जहाँ ब्रहमा बिसनु सेस,देवी दुरगा महेस,रमा सरस्वती गणेस,सदा रहित संग रे ।। श्रीचंद्र नवों निधि,सहित अस्टदसे सिधि,पेखत मुख आगिआ हित,करत नाहि भंग रे ।।९।। भलो रे,भलो रे, नाराइण प्रभू दुआर ।। छत्रपती महा जोधे,सनद्ध बद्ध सस्त्र गहे,ठाढै दिनस रैणि रहित,आगिआ अनुहार ।। सुर असुर नर नारी,रंभा उरवसी सारी,यख्य गण गंधरब किंनर,गावतगुण चार ।। श्रीचंद्र सोऊ आइ,करत मनु मध्य ठाइ,जगत परत पाइ,धाइ देवत उपहार ।।१०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी घर १ ||

गुरुमुख नाम जपहु लिव लाइ,राम नाम चित रहहि समाइ || सफला भोजन पहिरन खाण,हरि हरि नाम जपत निरबाण ||१|| जा के कीने सगले भोग || नाराइण गोबिंद आराधे,बिनस जात तन ते सभ रोग ||१|| रहाउ || मोह भरम दुख सगला चूर,संत जना की बांछहु धूर || सगल तीरथ सागर इस्नान,राम नाम दरगह परवान ||२|| हरि हरि माधव सदा धिआइऐ,गुरु पूरे ते गिआन कमाईऐ || पारब्रहम सभ ठाईं रविआ,राम नाम जिनि जन मुख चविआ ||३|| सगले करम धरम तिस लेखै,संत जना के दरसनु पेखै || आवै जाइ न ब्रहम समाइ,श्रीचंद्र रस अनुभव गाइ ||४||१||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || जीवन पद हरि एको नाम,बेणी संगम माघ इस्नान || आसा मनसा

पूरन होहि,रिधि सिधि मुख नैनन जोहि ॥१॥ हरि हरि राम राम कलि ऊचा ॥ वैर विरोध काम क्रोध बिनसे,सगरे किलविख खिन महि मूचा ॥१॥ रहाउ ॥ अंतरजामी प्रभू सम्हार,कलि महि जनम न आवहि हार ॥ हरि का नाम कलपतरु हरिआ,मुकत पदारथ सुफरो फरिआ ॥२॥ चिंतामणि भव रोग बिदार,कामधेनु वथु बेसुमार ॥ ऊँधो कमल नाम परगास,देवी देव निहारहि सास ॥३॥ सभ ते ऊतम गोबिंद नाम,सहिज सूख आनँद परधाम ॥ मोख दुआरा हरि गुण गाइ,श्रीचंद्र हरि रूप समाइ ॥४॥२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मन मेरे प्रभु जापहु नाम,साधु संग सभ सुख बिस्राम ॥ अजपा जाप मगन रस होइ,आधि विआधि छुह सकहि न कोइ ॥१॥ नाम बिना झूठा संसार ॥ महा भार पापन सिर लाद,गरधब जोनी लेटिओ छार ॥१॥ रहाउ ॥ मनमुख नहि सूझत हरि नाम,आगे दरगहि आवत काम ॥ चित्रगुपत का दफतर जार,हरि प्रभु के जावत दरबार ॥२॥ काण चुकाई दूतन केरी, करम भरम की ढाही ढेरी ॥ हरि हरि नाम जपत सद चीत,महा पतित ते भए पुनीत ॥३॥ नीच

चंडाल चूहड़ा सूद,हरि हरि जाप जपत महासूध ।। गोबिंद गोबिंद नाम धिआइ,श्रीचंद्र पूरण प्रभु पाइ ।।४।।३।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। जा को कोइ न देवत धीर,हरि हरि नाम बिनासत पीर ।। जा को लागो दूख संताप,हरि हरि नाम उतारत पाप ।।१।। सदा सहाई हरि प्रभु नाम ।। भूत प्रेत बैताल बिलानै, निकटि न आवत बीर मसान ।।१।। रहाउ ।। साहनसाह तखत सिर राजा,प्रभु का नाम सरब सिर गाजा ।। ठाढा इंद्र बंद कर दोइ,नाम जपत ते जाचत सोइ ।।२।। भूमिवंत धनवंत सिआणे,नाम अग्रजनु दास अयाणे ।। रूपवंत कुलवंत अपारा,राम नाम कहु करत जुहारा ।।३।। परम पुनीत राम रंग राचा,साचो साच उबाचे बाचा ।। साच राम जग सगरो झूठ,श्रीचंद्र जानहि नहिं मूठ ।।४।।४।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लाल रंग हरि हरि प्रभु नाम,दुनिआ के रंग काचै खाम ।। चढ़ै चढ़ावै मस्त अलमस्त,सभ ते सरब काल भरि स्वस्त ।।१।। महा सहाय एक ही नाम ।। परम चलूला

सत्गुरु चाढ़िआ,दरगह प्रभु की आवहि काम ।।१।। रहाउ ।। जनम मरन की काण उतार,रंगणि भगती डोबिओ चार ।। धूप तपसिआ खूब सुकायो,नाम चोलना पाइ नचायो ।।२।। संत सहेली सावण आया,अनंद मंगल झूला झुलाया ।। गीत गाइ प्रभु को बोलाइ,सेज सुहावै नाम समाइ ।।३।। पती मिले हरि भोगै भोग,सहिज समाधि रमावै जोग ।। सद कलिआन सूख निधि पूरा,श्रीचंद्र हरि रंगी मूरा ।।४।।५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। राम मजीठ सनेहे रंग,धूप न सकै उतार सुरंग ।। सतसंगत मन बसन भिगोइ,तार तार प्रभु नाम समोइ ।।१।। चोला पायो पति हरि राखी ।। पारब्रहम प्रभु भयो क्रिपाला, प्रगटी लोइ मजीठे भाखी ।।१।। रहाउ ।। संत सुहागणि मेली आइ,गावति गीत अनंद उपाइ ।। भयो विवाह मिटायो आप,परमेस्वर को जपिआ जाप ।।२।। रिधि सिधि सहु डारी आन,भरे भंडारे धनगन धान ।। सेवक सकल नाम बरसाए,बड परिवारे सांति सुभाए ।।३।। जनम मरन दुख रोग न विआपै,रंगणि रांगिओ हरि हरि जापै ।। जरा मरा सभ मेट गवाया,श्रीचंद्र रंग गूढ़ा छाया ।।४।।६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मन राम नाम रंग रांगा ।। गुरु पूरे हरि नाम द्रिढ़ायो,बिनसे दम्भी सांगा ।।१।। रहाउ ।। साधु संग रंग हरि पूरण,लोक परलोक सभांगा ।। आदि अंत पूरण प्रभु सुआमी,विसरे सरबे स्वांगा ।।१।। वण त्रिण त्रिभुवन सभनी थाईं,अंग प्रत्यंग सरबांगा ।। मन मोहन रविआ मन मध्ये,ऊच नीच मंद चांगा ।।२।। जा को कोइ न पहुँचनहारा,हार परे यतनांगा ।। करम धरम संजम सुचि नेमा,जोग धिआन अस्टांगा ।।३।। हरि भगती रथ मन आरूढ़ो,सैन संग चतुरांगा ।। जीतिओ श्रीचंद्र त्रैभुवना,झूलिओ छत्र अभांगा ।।४।।७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। पायो हरि हरि नाम निधान ।। परिपूरण जल थल महिअल प्रभु,ऊन न कोऊ दीसत थान ।।१।। रहाउ ।। अगम अपार पारब्रहम सोइ,ऊच नीच रविआ सभ लोइ ।। घट घट वासी हरि प्रभु मेरा,दुख भंजन सभ संग बसेरा ।।१।। अंतरजामी राम गोबिंद,साधु संग पाइए हरि बिंद ।। वेद पुरान कुरान बिलोक,संतन बिन किछु अवर न ओक ।।२।। नाराइण रस परम

रसाइण,संत संग प्रभु के गुण गाइण ।। रस रसिओ इक रामहि नाम,लोभ मोह बिनसे मद काम ।। ३।। जा को नरहरि करुणा कीन,राम राम ताकी मति भीन ।। नाम गुबिंद महा धन पाया,श्रीचंद्र सफली सो काया ।।४।।८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। जिनि जन नाम नाराइण जापा,सगल बिनासे तिसके पापा ।। अतताई महाँ दुस्ट बिगाना,सिमरित नाम भयो परवाना ।। १।। कलि महि राम नाम ततसार ।। कसमल सगल बिनासहि खिन महि,जमदूतन ते भा छुटकार ।।१।। रहाउ ।। जिस प्रभु कीने सगले लोग, छतीह अम्रित भोजन भोग ।। पूत मीत दारा सुख दीना,राम नाम मन किउं बिसरीना ।।१।। सगल समग्री संपद सूखा,हरि हरि जपत बिनासी भूखा ।। बैरी मीत किए खिन माहि,सिमर मना नाराइण वाहि ।।२।। प्रभु किरपाल अउगुण सभ मेटे,हरि हरि नाम साधु संग भेटे ।। संत नाम धन लादिओ संग,वणज किओ जन रामहि रंग ।।३।। जनम मरण की काण चुकाई,निसिदिन भजिओ एक रघुराई ।। सगल कलेस ताप बिनसानै,श्रीचंद्र गोबिंदहि धिआनै ।।४।।९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || जपु मन एको हरि को नाम,सहिज सूख पावहि बिस्राम || अबिचल अटल अटारी ऊच,जपत नाम तिहँ थिरत पहूँच ||१|| माधव मायापति गिरिधारी || नाराइण नरहरि अविनासी,आदि पुरुख पूरण बनवारी ||१|| रहाउ || सदा संग दुख लगन न देत,माया गुह्य बखानत भेत || ऊच नीच सभ संग समाइ,सेवक को नहि ताती वाइ ||२|| पाप विकार सकल जल गए,हरि हरि नाम अम्रित रस रए || लेखा पोट बिडारी दूर,राम राम सद ही भरपूर ||३|| जमदूतन का मारग रोका,गोबिंद नाम गहिओ धन थोका || आदि अपार अनंत गुबिंद,श्रीचंद्र उबरे जप जिंद ||४||१०||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || पापन ढेरी सगल बिनासी,हरि सिमरिओ पूरण अविनासी || आधि विआधि उपाधि न नाम,निसदिनु सिमरहु केवल राम ||१|| राम राम मीता गुन गाइ || जनम जनम की कालख उतरे,उज्जल मन गोबिंद धिआइ ||१|| रहाउ || सूख नहीं रस भोगन संग,

सूख नहीं न्रित्त नाट सुरंग ।। सूख नहीं लोगन प्रभुताई,सूख नहीं पूरण सिहजाई ।।२।। सूख नहीं ग्रंथन के पाठा,सूख नहीं मद पीने माटा ।। सूख नहीं भव मित्र घनेरे,सूख नहीं दारा सुत नेरे ।।३।। सूख नहीं धन अधिक कमाया,सूख नहीं धरनी भरमाया ।। सूख समानो इक हरि नाम,श्रीचंद्र किअ निहचल धाम ।।४।।११।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। नाराइण नरहरि गोबिंद,सिमरि सिमरि बिनसी सभ चिंद ।। आतम राम प्रकास आनंद,हरि को नाम जपहु सुख छंद ।।१।। गीत गोबिंद नाम धुनि बानी ।। जपत जपत रस अमिअ चुआईए,पाइऐ हरि हरि पद निरबानी ।।१।। रहाउ ।। गुरुमुख अंतरि राम धिआइ, गुरुमुख सुभ गुण प्रगटीआइ ।। गुरुमुख अंतरि अंतर नाहि,गुरुमुख सहिज समाधि समाहि ।।२।। गुरुमुख निरमल सोइ जहान,गुरुमुख बिनसै तन अभिमान ।। गुरुमुख दरगह सदा खलास,गुरुमुख सगली पूरण आस ।।३।। मनमुख मुँह काला दरबार,मनमुख जनम जुआरी हार ।। मनमुख नित जम फाही फाथा,श्रीचंद्र गुरुमुख के साथा ।।४।।१२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || डर बिनसे सिमरत प्रभु नाम,निकट न आवत ता कै जाम || भूत प्रेत डाकिनि बैताल,बीर पिसाची भैरव काल ||१|| राम नाम धुनि सुनि सभ भागै,दुखभंजन सुखदाता मोहन,स्याम सिमरि निसि जागणि जागै ||१|| रहाउ || वेकारी डर लोक पराता,वेकारी डर पंडित बाता || डरु सिमरत तरु ठूठे चोर,डरु रज्जू महि भखण मोर ||२|| डरु डरु करम करत नित होम,डरु डरु जावत तीरथ सोम || डरु डरु विभिचारी निसि चोर,डरु डरु राज हेतु अघ घोर ||३|| डरु डरु घावत बाघ बघेले,डरु डरु निज गर फाही मेले || सिमर नाराइण डर बिनसाइ,श्रीचंद्र हरि निडर धिआइ ||४||१३||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || केवल सुख सिमरण प्रभु राम,सदा धिआइऐ गोबिंद नाम || जा कै प्रापत नाहि बिनास,जा कै प्रापत भूख न पिआस ||१|| जा कै सिमरन पूरन काम,स्याम सुंदर मनमोहन प्रभु,हरि दरस मन लहहिं बिस्राम ||१|| रहाउ || जा कै प्रापत नगन न होइ,जा कै प्रापत पैंडा

खोइ ।। जा कै प्रापत त्रिसना मिटै,जा कै प्रापत जम ते छुटै ।।२।। जा कै प्रापत नाही रोक,जा कै प्रापत नाहीं टोक ।। जा कै प्रापत ऊच निवास,जा कै प्रापत पूरन आस ।।३।। जा कै प्रापत अम्रित रस, जा कै प्रापत दहदिसि जस ।। श्रीपति पद्मनाभ मधूसूदन,श्रीचंद्र जपु दूख निसूदन ।।४।।१४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। राम राम सिमरण सुखदाई,पाप ताप सभ देंत गवाई ।। आगै आवत जिअ कै काम,धरमराज इक जानत राम ।।१।। हरि बिन कोटि करम जप तापा ।। जम दुआरै पै काम न आवत,निहफल प्रापत अधिक संतापा ।।१।। रहाउ ।। परा पूरबल जागै भाग,राम नाम की लागै लाग ।। पूरे गुरु ते पाइऐ नाम,मन महि सांति सहिज सुखधाम ।।२।। अगनि बुझी मन सीतल भए,रसना अम्रित रस सरसए ।। त्रिसना मेट सुख सागर पाया,हीरा रतन हाथ चढ़ि आया ।।३।। अमर भए अम्रित फल खाइ,धन धर राज दए निपटाइ ।। विस्वंभर यग्य पुरुख पुरान,श्रीचंद्र प्रभु नाम लुभान ।।४।।१५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सदा सदा प्रभु जापहु नाम,दरगह सवरे सगला काम ।। दुस्मन दूत न आवहि नेर,बिनसिओ उर ते माया घेर ।।१।। जीवन मुकत नाम हरि संग ।। जपु जपु रैणि दिना त्रिपतासे,दुत्तर तरे अनंत तरंग ।।१।। रहाउ ।। मारग तपत सीत रस पाया,अगनि मेटि अम्रित वरसाया ।। गोते खावत लाए पार,पाप कोटि कीने मिसमार ।।२।। अमर पदारथ पाया राम,ऊच महिल कीनो विस्राम ।। सीतल छाया सुगंधी वारी,मधुकैटभ जित सिमर मुरारी ।।३।। सगले कसमल गए विलाइ,गोबिंद चरन कमल परसाए ।। भव सागर ते उतरे पार,श्रीचंद्र मगनो हरि तार ।।४।।१६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। रसना पावन सिमरत राम,चरन चलत पावन प्रभु धाम ।। हस्त पुनीत सेविऐ साध,स्त्रवण पवित सुनत हरि नाद ।।१।। नमसकार करि सफली काया ।। अन धन वसन साध संग अरपण,होवत सफली सोऊ माया ।।१।। रहाउ ।। नैन पुनीत साधु के दरस,महिल पवित्र संत पद धरस ।। रिदै पुनीत धरत हरि धिआन,संगति पावन हरि गुण गिआन ।।२।। पावन अस्व

नाग झंपान,साधु संत जहँ पर चढ़ धान ।। पावन धरनि साधु पग धरिओ,मारग पावन साधु विचरिओ ।।३।। संगति साधू परम पुनीति,सेवत चरनन राम परीति ।। धन्य सु देस गाम पुर राज, श्रीचंद्र थित साधु समाज ।।४।।१७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। साधु संग बिनु त्रिसन न जाइ,साधु संग बिनु नाम न पाइ ।। साधु संग बिनु पटल न नासै,साधु संग बिनु बिरथा सासै ।।१।। साध संग बिनु हरि प्रभु नाहि ।। त्रिसना जलत मोह का बाधा,परबत पंथ पाहन टकराहि ।।१।। रहाउ ।। साधु संग बिनु मिटत न भरम, साधु संग बिनु निहफल करम ।। साधु संग बिनु धरम न कोइ,साधु संग हउमै रंग खोइ ।।२।। साधु संग बिनु थोथा गिआन,साधु संग बिनु नहिं प्रभु धिआन ।। साधु संग बिनु झूठ न भागै,साधु संग बिनु रंग न लागै ।।३।। साधु संग बिनु नहिं निरवैर,साधु संग बिनु बींगा पैर ।। साधु संग बिनु जोग न होइ,श्रीचंद्र साधू संग जोइ ।।४।।१८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सत्गुरु संगति करि दिनु राति,हरि हरि नाम देत सद दाति ।। सत्गुरु संगति निरमल रिदै,सत्गुरु संगति अंतरि भिदै ।। १।। सत्गुरु संगति मिटै अंधेर ।। अंतरि जोति गिआन उजिआरा,जनम मरन के चूके फेर ।।१।। रहाउ ।। सत्गुरु संगति वेद अभिआस,सत्गुरु संगति कुंभक सास ।। सत्गुरु संगति तीरथ इस्नान,सत्गुरु संगति नहि अपमान ।।२।। सत्गुरु संगति नीकी सोइ,सत्गुरु संगति चानण लोइ ।। सत्गुरु संगति हरि हरि गाथ,सत्गुरु संगति निरमल आथ ।।३।। सत्गुरु संगति विधु बिस्वास,सत्गुरु संगति धरम परगास ।। अविनासी सत्गुरु का संग,श्रीचंद्र रंगति प्रभु रंग ।।४।।१६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मनमुख संग नरक का दुआरा,मनमुख संग बोदला खारा ।। मनमुख संग बढत अभिमान,मनमुख संग सदा अपमान ।।१।। मनमुख संगति अंना खूह ।। मरत न उबरत गोते खावत,आस पास कछु सूझ न जूह ।।१।। रहाउ ।। मनमुख संग चउरासी पाइ,मनमुख संग करत

पछुताइ ।। निगुरा मनमुख निंदा धाम,जार चोर झूठा बदनाम ।।२।। निगुरा लोभी हल्का सुआन, कूड़ बोल भौंकत हित खान ।। मनमुख सूकर विस्टा भोग,मनमुख काक डहकावै लोग ।।३।। मनमुख संग थूक मुख पाइ,मनमुख संग बिहावै थाइ ।। मनमुख हाथी नीर नहाया,श्रीचंद्र सिर खेह पुआया ।।४।।२०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। नितप्रति सिमरहु मन महि राम,सील सहिज सुख पूरण धाम ।। जपु नाराइण कारज पूरे,सिमरि गुबिंद सरब दुख चूरे ।।१।। राम नाम की बेला एह ।। जब लग घर धन धान सपूरा,जोबनवंत निरोगी देह ।।१।। रहाउ ।। जरा ग्रसत नहि होइ इस्नान,जरा ग्रसत मित बंधु परान ।। जरा ग्रसत चिंता अधिकाइ,जरा ग्रसत कै पूत पराइ ।।२।। जरा ग्रसत धन होइ पराया,जरा ग्रसत परिवार न भाया ।। जरा ग्रसत की म्रितु का धिआन,दारा सुता सुतन चित आन ।।३।। जरा ग्रसत को द्रब्य हिरंत,जरा ग्रसत को भात न मंत ।। जब लग जरा न ग्रासिओ तोहि, श्रीचंद्र हरि भजहु संदोहि ।।४।।२१।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ राम भजन सद सूख समाइ,राम भजन सभ अनुभउ पाइ ॥ राम भजन सफलै करम,राम भजन सिउं उबरै धरम ॥१॥ राम भजन सभ ही ते ऊचा ॥ सिला गीध तरुवर कपि भालुक,राज निसाद पाप गण मूचा ॥१॥ रहाउ ॥ राम भजन मन परम पुनीत,राम भजन परलोकी मीत ॥ राम भजन जमदूत बिदारे,राम भजन अपदा सभ टारे ॥२॥ राम भजन दुख ठौर सहाई,राम भजन सिर छत्र ढुराई ॥ राम भजन सभ स्तुति सिधांत,राम भजन हिअ नासत भ्रांत ॥३॥ राम भजन सिउं लखत भविख्यै,राम भजन अंधकारहि दिखै ॥ राम भजन सबरी निस्तारी,श्रीचंद्र भजि राम मुरारी ॥४॥२२॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ सुनहु नाद रुणझुण छणकार,गगन मंडल रस अम्रित धार ॥ सुंन मंडल की धुनि प्रगटाई,निरमल जोति निरंतर पाई ॥१॥ कलपन बिसरी लाइ समाधि ॥ अनुभउ रूप अगोचर प्रगटिओ,सहिज अनंदु पराज अगाधि ॥१॥ रहाउ ॥ भेदे चक्र खट सिध स्वास,छैहों कंज ऊधै

परगास ॥ असुर नदी बाँधिओ परवाह,जोति बहैंतर साखा माह ॥२॥ कुंडलिनी सीधी होइ आई, मूल दुआरै सास वधाई ॥ मणिबंधु पायो अम्रित कुंड,न्हाते पाप बिनासे झुंड ॥३॥ ओंकार निरंजन अलख,जागै जोगी जै गोरख ॥ सत्गुरु ते सभ सोझी पाइ,श्रीचंद्र लिव ताड़ी लाइ ॥४॥२३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ कलिजुग माहि पूजिऐ दंभ,बातन गगन उडे बिनु खंभ ॥ गरधब गिआनी हुज्जत खोर,भेख साधु धरि बैठे चोर ॥१॥ कलि आयो दै चोट नगारा ॥ रंन गिआनिनि भेड सनानिनि,काली कमरी खुंभ सम्हारा ॥१॥ रहाउ ॥ अधिक सनेही नैनन तेली,माते भैंसे मेलत मेली ॥ मथत नीर माखन हितकारी,छाया चाहत सूखी बारी ॥२॥ भगत ठगत ग्रिह लोगन घनै, मांगत शनी शनी मुख भनै ॥ मुरदन ते मुकति करि चाहै,साधू निरदोसै अंकाहै ॥३॥ निगुरै गुरू महा विखिआत,बिन सेवा सेवक संगिआत ॥ जोगी जोग धिआन बिनु हूए,श्रीचंद्र रौरव तम कूए ॥४॥२४॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। बिना उदास उदासी डोलै,बिनु बैराग बैरागी बोले ।। बिना निआस संनिआसी बकते,बिना भगति के फिरते भकते ।।१।। कलु आयो मुख सिसनु पसार ।। जटा मुकुट मुद्रा फटकीली,धीआं पूत संजोगी नार ।।१।। रहाउ ।। भगवा धारि भगन रति होई,हित बंचन मुख मीठी गोई ।। सिखा सूत्र कटि धोती धारि,पाहन थापिओ धन पासार ।।२।। राम सीय राधा गोबिंद,उदर भरन की विआपी चिंद ।। सती वेस करि थाली गही,गली गली ग्रिह ग्रिह धन चही ।।३।। कलीदार प्रिव्रिति रचि नीवा,नाचिओ बहु बिधि घेरा थीवा ।। लोभ लागि नर जनम गवायो,श्रीचंद्र कलु को डहकायो ।।४।।२५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। उर महि मनसिज किओ निवास,बाहरि थापिओ वेस उदास ।। धन हितु चेरो भयो महंत,राम नाम नहीं निरमल मंत ।।१।। जा कै ढिग है अधिक जगीर ।। बंचन के हित ग्रिह तजि आए,घनी चेरिका परी बहीर ।।१।। रहाउ ।। गिरह गाँठ को द्रब्य हरि लीना,गुरु को मार

गादि आसीना ॥ भोजाई सकली मुख कीनी,सामानिआ परकिअ रस लीनी ॥२॥ भाई पूत सुता परिवार,खूब लुटायो निज गुरु दुआर ॥ काम कलोलै राता मूआ,सेमर फल लपटायो सूआ ॥३॥ लोभ मोह मदनै रस माता,साधु संग सो तोरिओ नाता ॥ जम दर बाधा खावै मार,श्रीचंद्र कलु कीनो खुआर ॥४॥२६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ जहँ नर राम राम की प्रीत,मिलै संत तिस ही सुध चीत ॥ लोभ मोह छुटकावै सोइ,निरमल अंतरि जा को होइ ॥१॥ मुकत पदारथ सोऊ पावै ॥ नाम दान इस्नान करम बिनु,अवर धिआन उर नाहि समावै ॥१॥ रहाउ ॥ परिहर परधन परकिअ काया,परिहर ध्रोह मोह छल छाया ॥ परिहर वैर वाद अहंकार,परिहर सुत बनिता परिवार ॥२॥ परिहर बज्र कनक खजूर,परिहर असन बसन मुख धूर ॥ परिहर अस्व नाग असवारी,परिहर माया निखल पसारी ॥३॥ परिहर खान पान कड़ु मीठा,परिहर धरणीपति पद पीठा ॥ जाचै राम नाम लिव लाग,श्रीचंद्र सेवक बडभाग ॥४॥२७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सेवक सेवे निसदिन लाग,राम नाम हरि कीरति जाग ।।१।। हरि हरि नाम जपै करि प्रीति,सगल पदारथ डारै हीति ।।१।। राम राम रामहि जप जापु ।। लोक प्रलोकहि संग सहाई,दास अपने को माई बापु ।।१।। रहाउ ।। ब्रहम लोक लौं भोग न चाह,सदा सम्हालै मुकती राह ।। लोक बडाई नाहिन चीत,सुत वित लोक ईखणा जीत ।।२।। मान अमान न मन डोलाइ,पेखै सुनै न बोलै वाइ ।। दुआर दुआर नहिं जाचत डोलै,वेद वाक्य निज मन सिउं तोलै ।।३।। एक सिधांत मरण परयंत,राम राम सिमरण संग संत ।। सो सेवक जनमांतर हानै,श्रीचंद्र रम है भगवानै ।।४।।२८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। संत सम्हारै नितप्रति राम,आगै जिअ कै आवहि काम ।। सत्गुरु दीनो पटा लिखाइ,दोइ अखर परलोकहि थाइ ।।१।। तन सह क्रिया म्रिखा अभिमान ।। सीस स्त्रवण द्रिग कर पद नाड़ी,अस्थि रक्त संग नाहि पयान ।।१।। रहाउ ।। भसम सरीर अगनि संग होइ,धोती तिलक जटा न रहोइ ।। प्रभु दर मंदर मूरति वेद,जावत नाहिं विअरथे खेद ।।२।। सेली माला टोपी सूत,ईहां होत

सभ भस्मी भूत ।। गंगा हाड न पाप छुटावै,गया पिंड के थोथै दावै ।।३।। राम रंग उर संत चढ़ावै, आप मुकत जन मुकत करावै ।। बिन साधू नहिं मोख दुआर,श्रीचंद्र कहि भुजा पसार ।।४।।२९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। राम राम जपु उतरे पाप,राम राम जपु बिनसै ताप ।। राम राम संग अगनि बुझावै,राम राम संग सांति सुखावै ।।१।। राम राम संग निरमल बुद्धि ।। नउनिधि सिधि दसअस्टै,हस्तामल सिउं करतल सिद्धि ।।१।। रहाउ ।। राम राम जपु देवन पूज,राम राम संग त्रिभुवन सूझ ।। राम राम संग काम न साड़ा,राम राम संग लोभ न भाड़ा ।।२।। राम राम संग सीधा साह,राम राम संग धरम विसाह ।। राम राम संग जीव सुखाला,राम राम सुख मूर दिवाला ।।३।। राम राम संग भाणा भाइ,राम राम जपु राम समाइ ।। राम राम तम घोर सु दीप,श्रीचंद्र रम राम महीप ।।४।।३०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लाख करोड़ी त्रिसन न बूझै,भला बुरा कछु पाप न सूझै ।। लोभ लाग परदेसन जाइ,आनै ग्रिह महि द्रब्य कमाइ ।।१।। जम की वेला जब ही आवै ।। चित्रगुप्त

सनमुख कढि कागद,मारग भीड़ी बीथी पावै ॥१॥ रहाउ ॥ धन हित एते मारे जीव,धन हित निरधन दुख संचीव ॥ धन हित नारी दीनी तिआग,धन हित पर ग्रिह लाई आग ॥२॥ धन हित मंत्र मसाणन साधे,धन हित परबत सागर फाधे ॥ धन हित देवी देव धिआए,धन हित अठसठ तीरथ न्हाए ॥३॥ धन हित चढ़िओ हिमालै धाइ,धन हित पंचागनि तपताइ ॥ धन हित कीने करम विकार,श्रीचंद्र सहु जम की मार ॥४॥३१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मन विकारी जीतिओ घोर,निसदिन करता पाप कठोर ॥ मार जीव निज उदरै काज,लोगन लूटन के हित राज ॥१॥ परत्रिअ रमत न संका मान ॥ मानुखन को आमिख भक्खी, लहू पीत हरखंत महान ॥१॥ रहाउ ॥ रैनि अंधारी करि ले फाहे,नर टोरत चल गाहबगाहे ॥ अन धन बसन खसोटै जाइ,निरजन बन हत देत बहाइ ॥२॥ भोगत भोग अनंद संजूता,पछतावै जम अंत पजूता ॥ घोर नरक का पंथ लिओ है,करम धरम सभ डार दिओ है ॥३॥ ईहां दुख नहि आगै सूखा,अंतक दुआर तिहाया भूखा ॥ श्रीचंद्र विभिचार तिआग,संत संग हरि सिमरन लाग ॥४॥३२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || वेद पुरानी परिहर रीत,मोह माया महि उरझिओ चीत || रातो महा किलविखन माहि,नरक अगनि ते डरतो नाहि ||१|| सगली आयू बिरथा गवाई || तीरथ जाइ न कीनो दाना,साधु संग सुभ मति नहि पाई ||१|| रहाउ || जीअन घाइ सूख उर मानै,द्रब्य पराया हिरत हिरानै || मरनो चीत हुते बिसरायो,लेखा देनो मन नहि आयो ||२|| चोरी बुरिआई महि राता,विभिचारन हित पेखत घाता || जानै नाहिन वसतु पराई,हेतु अघन के करतो धाई ||३|| कालुख दाग अमेट मुहासै,पर नारिनि के अधिक तमासै || श्रीचंद्र संतन विप्रीति,माया मोह नरक की रीति ||४||३३||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || साधू बिन नहि होत छुटारा,सुत दारा धन मोह पसारा || मनमुख संग लहहि बड दूख,ध्रापसि नाहिन त्रिसना भूख ||१|| संतन संगति पार उतारा || राम नाम जप निरमल मन तन,अनहद नाद निनद झुनकारा ||१|| रहाउ || संग कुसंगी दुरजन फाथा,मानस जनम गवाइ अकाथा || दुहचारी अचार पराइ,दरगह कबहुँ न पावत थाइ ||२|| अंतरि अगनि

जलत दिन राति,हिरदै उपजति नाहिन सांति ।। त्रिसना बाढत माया रंग,फासा फाही क्रिसन कुरंग ।।३।। काम अंगूरी सुंदरि नारी,कूकर मारत धाइ शिकारी ।। श्रीचंद्र सुनु लोग अयानै,बिन साधू नहि लगहि टिकानै ।।४।।३४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मर मर अनिक जनम को पाइ,नरक सुरग बाधा भरमाइ ।। त्रिगद जोनि दुख लहहि घनेरे,सूकर कूकर नाग बघेरे ।।१।। रमत राम निहचल सुख प्राणी ।। परमधाम अबिचल नित प्रापति,साधु संग जपु हरि हरि बानी ।।१।। रहाउ ।। बहुते धन सुख लहहि न कोई,लाख कोटि अरबहुँ लग होई ।। बहुत कुटंब पूत अरु धीआ,सदा खुवारी विलपत जीआ ।।२।। अधिक जमीन अधीन कराई,हाय हाय करि खेह उडाई ।। त्रिपति न त्रिसना कबहूं होई,रहिओ अनाज खेत ते ढोई ।। ३।। जिउं जिउं वाधा तिउं तिउं घाटा,अद्भुत ते अद्भुत हरि बाटा ।। श्रीचंद्र त्रिसना का पेट,चौदह भुवन न भरत समेट ।।४।।३५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। ईहां रहनो दिन दुइ चार,मारग चलनो भीड़े दुआर ।। मंडप महिल अटानि

सवारी,बाग बगीचे फूलन बारी ॥१॥ सभ किछु ईहा छोडि सिधाई ॥ गोबिंद हरि प्रभु राम नाराइण,सिमरत नर के संग सखाई ॥१॥ रहाउ ॥ कठिन पंथ दुख अधिक घनेरे,परे चहूंदिसि दूतन घेरे ॥ सुत बनिता साजन सनबंध,नाहि सहाइ करत गन धंध ॥२॥ राज माल जोबन परिवार,काम न आवत भव बिउहार ॥ महादीन संगल गल पाए,किए करम सनमुख ह्वै आए ॥३॥ गहबर बन सूलन तरु छाया,होइ न बैठब कस्ट वधाया ॥ श्रीचंद्र हरि नाम सम्हार,होहिं सुखी तब अंतरि दुआर ॥४॥३६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ निगुरे संग न कीजै मेल,निगुरा देतो अनल धकेल ॥ निगुरा उसटर बेमुहारा,निगुरा सूकर विस्टाहारा ॥१॥ निगुरे को गुन नाहिन कोई ॥ ग्रिह ग्रिह भरमत माँगत टूका,लोक परलोक लहै नहि ढोई ॥१॥ रहाउ ॥ निगुरा बहु प्रपंच कमाइ,निगुरा नर बंचन हितु धाइ ॥ निगुरा वेस्या पूत जमाया,निगुरा चर कूकर हरकाया ॥२॥ निगुरा सगलै धरम धिकारा, निगुरा प्रभु के दरों निकारा ॥ निगुरा भोगै लख चुरासी,निगुरे कै गर अंतक फासी ॥३॥ निगुरे ते सकुचित निर कुंभी,निगुरा कै पर मीना चुंभी ॥ श्रीचंद्र निगुरै मुख लाइ,इत उत लहिऐ दूख सबाइ ॥४॥३७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || गुरु ते लहहि निरंजन नाम,दीन दयाल क्रिपाल अकाम || गुण गोबिंद मनहि परगास,ऊँधे कमल सुख सहिज विकास ||१|| राम राम रमते हरि बाणी || तुरीआवस्था चिदानंद पद,लीन भए अम्रित रस माणी ||१|| रहाउ || नाराइण गुप्ता प्रगटाया,सुखनिधान उर अंतरि पाया || सुर नर असुर खंड पिखि नैनी,अलख अपार समाज ससैनी ||२|| चंदनवास बनस्पति मौली,हरि हरि कीरति प्रगटी सौली || ससि कल पूरण अमिअ चुआया,जनम मरण को भरम मिटाया ||३|| हरी भरी लहराई खेती,गुप्तो धन धर जानिओ भेती || भव सागर बोहिथ को पायो,श्रीचंद्र गुरु अलख लखायो ||४||३८||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || सत्गुरु सूता टुंब उठाया,भै सपनै को दूर पराया || माते भैसे रहहि फुकारे,शेर बघेले गज चिंघारे ||१|| उथारे दाबिओ करत पुकार || निकसत सबद न मुख सिउं पूरण,तड़फत भै जुत दीन उठार ||१|| रहाउ || जमदूतन कै जिसम भयान,भूत प्रेत पिसाच मसान || गिरि कंदर घेरिओ बरिआई,लपकत भक्खण हेतु डराई ||२|| भाले सूल क्रिपाणन सांग,

मुदगर गुरज प्रहारत डांग ।। मारग निकसन को नहि पाय,मेचक तन धाए मुहँ बाय ।।३।। संग सहाई मीत न कोइ,अधिक विलाप करत बहु रोइ ।। श्रीचंद्र गुरु दिओ हिलाय,दूखन घाण छिनेक विलाय ।।४।।३९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। परा पूरबला जागिआ करम,गुरु भेटे पूरन पारब्रहम ।। बिनसी हउमै दुतिआ पीर,गुरु अविनासी कीनी धीर ।।१।। गुरु मेले हरि मेल मिलाया ।। अगम अगोचर अलख निरंजन,निरंकार गुप्ता प्रगटाया ।।१।। रहाउ ।। दुरमति दुबिधा भागी दूर,माया मोह सोग दुख चूर ।। तपत बिनासी सीतल थान,तन मन धन ते गया गुमान ।।२।। छूटी ग्रंथि वथ लही अनूप, दरसन पायो भूपन भूप ।। रंग रूप रस अनल मिटानी,राम नाम मिल मुकत परानी ।।३।। काया माया दीनी खोइ,अचरज रूप विलोकिओ लोइ ।। श्रीचंद्र सत्गुरु उपकारी,काढ लीन सागर संसारी ।।४।।४०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मन जीतै मुनि परम पुनीत,मन साधै जोगी परतीत ।। मन जीतै सूरा

बलवंत,मन जीतै परिपूरण संत ॥१॥ मन ही पारब्रहम को जानै ॥ अकल कला धर अंतरजामी, नाराइण दयाल भगवानै ॥१॥ रहाउ ॥ मन ते सरब देव बसि होहि,मन जीतै त्रिभुअन विलोहि ॥ मन ते भूत प्रेत पिसाच,मन जीतै करि अग्रज नाच ॥२॥ मन जीतै अंतक टर जाइ,मन जीतै पद अबिचल राइ ॥ मन जीतै गगनंतर चरै,मन जीतै अफुरी सिधि फुरै ॥३॥ मन जीतै जग जीतै सोइ, मन जीतै बाकी नहिं कोइ ॥ श्रीचंद्र मन जीतन काज,सेवि सत्गुरू संत समाज ॥४॥४१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ दास संगि हरि नाम निवास,दास संग प्रभु राम विसास ॥ दास संगि मन उज्वल होइ,दास संगि गोबिंद अवलोइ ॥१॥ दास संगि इत ऊत सुहेले,जनम जनम के विछड़े भरमत,काटि सिलक हरि मेले मेले ॥१॥ रहाउ ॥ दास संगि आनंद निधान,दास संगि उर ब्रहम गिआन ॥ दास संगि पत सगरे थान,दास संगि पाए सद मान ॥२॥ दास संगि सुभ गुण आगार, दास संगि मिटता अहंकार ॥ दास संगि लहि परमानंद,दास संगि भजु सचिदानंद ॥३॥ दास संगि दिब्य जोति विकास,दास संगि होइ कमला दास ॥ दास संगि करि अंत परयंत,श्रीचंद्र सोइ पूरण संत ॥४॥४२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गुह्य कला हरि जपु प्रगटानी,हरि सिमरन रस मधुरी बानी ।। राम रंग गूढ़ा गुण लाल,राम नाम सिउं पूरन घाल ।।१।। रमत राम पद सहिज समाधि,काम क्रोध माया मद मतसर,राग द्वेस गे सगल उपाधि ।।१।। रहाउ ।। राम रंग कबि उतरत नाहि,अनुदिन बिगसै अनुभउ माहि ।। दीन दयाल दुख भंज मुकंद,उपज अनंद हरे गण द्वंद ।।२।। आपा आप आप होइ गए,राम रंग रंगणि महि पए ।। धंध बंध बिनसै मायावी,प्रभु भाणे प्रगटाने भावी ।।३।। गिआन धिआन पूरण परगास,आवण जाणौ सफले सास ।। दासहि संगि राम रंग राते,श्रीचंद्र लहि परम विधाते ।।४।।४३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। माया रंग कुसुंभै काचा,बिनसि जात कूड़ा कच पाचा ।। दूख धूप लागै उडि जाइ,छाया धन अधिकै चमकाइ ।।१।। लोक पुचारै खान अरु पान ।। मंदर सिहजा घोड़े सिअंदन, निरमल जल सरवर इस्नान ।।१।। रहाउ ।। अधिक अडंबर पाट पटंबर,नैवेदै बहु भोग दिगंबर ।। जान अजान लोभ रस माता,झूठ पसारा लोक संघाता ।।२।। पाहन खात न पीत पदारथ,

उस्न सीत बरखा हित स्वारथ ।। हाथ उठाइ न वर किहुँ पाया,दंभ उपाइन जाया माया ।।३।। प्रभु नाराइण सगल समाना,संत जना मुख लहिहो गिआना ।। श्रीचंद्र तजि पाखंड रीत,राम नाम सिमरहु हित चीत ।।४।।४४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। साधु संग भरम खोइ अयानै,अंतरि आतम राम पछानै ।। पाथर काबै राखिओ पूज,चंद मनायो उपजिओ दूज ।।१।। शैताँ केरो थाप मुकाम ।। कंकर रोड़े फैंकत मूरख,अंतरि मल अलह नहिं नाम ।।१।। रहाउ ।। बुत बिनासै बुत्तहि थाप,दरगाहे लहि हैं संताप ।। परम भूल लग फिर फिर लेख,सो कुरान किमि भनै अलेख ।।२।। शरक़ गरब जहँ पठी नमाज,सोऊ दोजख पाइ अजाब ।। भूले लोक लोभ लुट मारै,कियो पैगम्बर दीन बिगारै ।।३।। लब्ब लाग भब्य जनम विगोयो, भुजा पसार अग्र दुख रोयो ।। श्रीचंद्र मंडल जेऊ मूढ,लहहि साधु आसय किमि गूढ ।।४।।४५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। विस्वनाथ बूडिओ मध्य कूप,गिरिधर नहिन सुखानी धूप ।। रामचन्द्र होयो

बैरागी,जनम थान तजिओ बनवासी ।।१।। मूरख लोगन मूढ डहकाइ ।। आप यमन ते उबर न पायो,कैसे नर कहु लेह छुडाइ ।।१।। रहाउ ।। निहकलंक को लागि कलंका,किमि ऐहै अग्रज दै डंका ।। दुरगा नाहिन प्रगटी कोइ,दई मूरती गुरजन खोइ ।।२।। सोमनाथ बाचिओ नहिं आप,कस मुकतै है तुम ते पाप ।। भूलै पाथर पूजत लोग,कारण करता है भी होग ।।३।। पारब्रहम की जेऊ कला, मानुस मन प्रगटावत भला ।। श्रीचंद्र इहि जानहु खेड,शेर सुआँग रचि बैठी भेड ।।४।।४६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। दंभ छोड़ हरि सिमरणि लाग,मन ते सकल निवारहु दाग ।। जो दीसै सो संग न जाइ,अनगोचर मुकतो पद पाइ ।।१।। रंग न रूप रेख नहीं काया ।। संतन संग राम रंग राते,उर ते पाइऐ हरि प्रभु राया ।।१।। रहाउ ।। मंदर मसजिद पाकी ईंट,गोर मढ़ी मठ पापी छींट ।। पाइ ठगौरी मोहै लोग,जटा धार नहि पाइऐ जोग ।।२।। लाइ विभूती नखन बढाइ,तिलक चढ़ावै भोग लगाइ ।। मूंड मुंडायो भगवा धार,ग्रिह ग्रिह भोजन मांगत दुआर ।।३।। साधु संग हरि रंग न राता,पोखिओ उदर बढायो खाता ।। श्रीचंद्र बिनु नाम खुआर,प्रापति होत न प्रभु दरबार ।।४।।४७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लाद खेप संतन संग राम,वणज करहु केवल हरि नाम ।। लै लाहा घर जावहु मीत,अबिचल सुख भोगहु नित नीत ।।१।। ऊच महिल तुरिआ पद पाइ ।। सूख सहिज आनंद निधाना,राम नाम कीरतन बिगसाइ ।।१।। रहाउ ।। लाख कोटि महि एकहु एक,राम नाम उर जा के टेक ।। हीरा मोती माणक मणी,राम संग पहुँचित नहिं कणी ।।२।। कंचन रूपै भरे भंडार,राम नाम तुल नहिं संसार ।। सरब निधान जगत के ऊरे,राम नाम रस भुँचित पूरे ।। ३।। जीवन मुकत राम रंग राते,सेवक कउ दीनी हरि दाते ।। श्रीचंद्र संतन कउ टोल,केवल राम नाम जिनि बोल ।।४।।४८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गुरुमुख मनमुख मेल न होइ,अंधा नैन विलोकै दोइ ।। बधरो राग नाद सुर ताल,गोधन पंचानन इक चाल ।।१।। अज हस्ती ब्रहमणि चंडाली ।। सूरवीर कर जंग भूमि असि,कातर मुखहि उडानी लाली ।।१।। रहाउ ।। अगनि सागर तल वासो जान,कामधेनु गाडर संधान ।। फंडरि दुगध धार वरसाई,अस्व सवारी पैदल राही ।।२।। राणी महिल भठारी भाठ,संगि

सिपाही भूमीराठ ॥ मूढन वेद पाठ सुर संगी,रावल पकड़ी हलहर जंघी ॥३॥ किंपुरुखहि नारी संभोग,रोगी उदर कुंभकै जोग ॥ उदासीन घर बारी जोड़,श्रीचंद्र सिर चढ़ै न तोड़ ॥४॥४९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ बलिहारी गुरु अपनै जाउँ,दरगह लहिओ निथावै थाउँ ॥ राम राम संग लागी प्रीति,गोबिंद बसहि हमारै चीति ॥१॥ माया वेड़ हिरानो टूट ॥ सागर अनल तरंग उतंगी, बोहिथ उबरिओ वसतु अखूट ॥१॥ रहाउ ॥ भयो प्रकास भानु उजिआरा,सीत ससी कर किअ विसतारा ॥ राग द्वेस कलि हरे कलेस,सांत महल कीनो परवेस ॥२॥ मोह सोग दुख रोग पयानै,दया धरम संतोख बसानै ॥ चौदह भुवन दीन पातसाही,आगिआकारी सैन सिपाही ॥३॥ निधि सिधि अनुचरी अनंत,निखल लोक निरदेस लखंत ॥ सत्गुरु कीनो पर उपकार,श्रीचंद्र भव ते निस्तार ॥४॥५०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ काटी कटत न मोहै पास,अनिक जंतु उर आस बिनास ॥ गाड मेखली जग भरमाया,देवी देव त्रिदेव महाया ॥१॥ इंद्र मुनिंद्र उपिन्द्र मुहानै ॥ नारद सारद शिव विरंचि

हरि,अध ऊरध बहु भाँति डुलानै ।।१।। रहाउ ।। तप करतो रिखि श्रृंग डुलायो,जयमुनि भूला रूप लुभायो ।। भोज विक्रमा कालीदास,दए गेर गहरे जलरास ।।२।। कउन कउन गनिऐ अवधूत,अछली छली न जाहिं विभूत ।। जती सती जोगीस जपीस,चाकी डार धरे धर पीस ।।३।। गन अवतार जलंधर आद,पाहन भयो धसे परमाद ।। श्रीचंद्र जिस प्रभू क्रिपाल,सोऊ उबरे माया जाल ।।४।।५१।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। दीन दयाल सरब दुख भंज,चरन कमल महि राखै संज ।। ओट करी हरि एको नाम,सत्गुरु पूरे पूरे काम ।।१।। पारब्रहम सत्गुरु बखसंद ।। करि किरपा निज चरन लगायो,ईत ऊत की बिनसी चिंद ।।१।। रहाउ ।। तम बिनसिओ प्रगटाए भान,चूकी काम क्रोध की कान ।। जलन न दीने अगनि मझार,बूडत पाहन तारे तार ।।२।। आधि विआधि उपाधि बिनासी, धरमराज की काटी फासी ।। बूझी त्रिसना हरि गुण गाइ,ब्रहम जोति उर अंतरि पाइ ।।३।। सगल पदारथ कर तल धरै,जपिओ जाप हरी हरि हरे ।। बैठ सिंघासन छत्र झुलाया,श्रीचंद्र प्रभु राम धिआया ।।४।।५२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। अमर राज सत्गुरु अविनासी,रिद्धि सिद्धि निधि कीनी दासी ।। सगल लोक सेवा महि लाए,सत संतोख हिमायत पाए ।। १।। अबिचल तखत विराजै आइ ।। सुर नर असुर आगिआकारी,ढोरत छत्र चमर छबि पाइ ।।१।। रहाउ ।। दुरगम दुरग नाराइण नाम,खाई दान इस्नान अमान ।। जप तप संजम थित दुआरपाल,करम धरम द्रिढ़ तुपक बिसाल ।।२।। सैना दैवी गुण चतुरंग,मोह राज सिउं जूझत जंग ।। दया सील सत जत ब्रत पूजा,थिरे पारसद मंत्र सलूजा ।।३।। निहचय आसण विसद सुहावा,कीरति गंध दसोदिसि छावा ।। राम नाम की डंक बजाई,श्रीचंद्र दिगविजै वधाई ।।४।।५३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गिआन जार सरवांग पसारा,आसै तुपकहि छोर दुगारा ।। वेद वाद कूकर फैलाइ,विकार निकासे बन मो जाइ ।।१।। म्रिग मन धायो कर कै जोर ।। रोक घाट दसहूँ बंधवायो,भगति क्रिपान विदारिओ घोर ।।१।। रहाउ ।। नर नारी ब्रहमण चंडाल,नाऊ धोबी जाट कलाल ।। खत्री सूद तुरक अरु हिंदू,सैख मसाइक जाहिद रिंदू ।।२।। हेरा बांट दिओ इकसार,

गिआन अस्व चड़ि किओ शिकार ।। आनंद बाढिओ निज घर गाम,मद मतवारो पीनो राम ।।३।। घट घट वाजे अनहद नाद,भगति व्रित्त वरधित अहलाद ।। रंग रलीआं माणत हरि रंग,श्रीचंद्र मन मारिओ टंग ।।४।।५४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सत्गुरु पूरे दीनो दान,साहनसाह धरत ईमान ।। चार पदारथ करतल भए,राम नाम रस अम्रित रए ।।१।। आगिआकारी देवन देव ।। नौनिधि रिद्धि सिद्धि दर ठाढी, नितप्रति रहति कमावति सेव ।।१।। रहाउ ।। चारकुंट निज हुकम चलाइ,प्रभु भाणा दीनसि वरसाइ ।। दासन दासी गुणी निधान,जपु गोबिंद सरब कलिआन ।।२।। गई विआधि उर सांत बसाई,भ्रांति मेट कटि अनुभउ पाई ।। अबिचल धाम बसे थिर होइ,दुस्मन दूत रहिओ नहिं कोइ ।।३।। करत कलोलन हरि हरि बोल,उर विकार के खोलै पोल ।। श्रीचंद्र चित्त परमानंद,राम नाम सत चित्त आनंद ।।४।।५५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मात पिता भाई अरु मीत,छोड जात खिन माहि परीत ।। बिनस जात सुंदर

अति काया,झूठे मोह जगत चित लाया ।।१।। काची देह बिनसनहारी ।। अनिक रंग कारीगर भर करि, माटी भीति बनाई सारी ।।१।। रहाउ ।। वायू थंभा लियो निकार,भयो भयंकर कायाकार ।। नैन तड़ाय रहहि मुँह बाया,कर पादन ते करम नसाया ।।२।। काढ दुआर ते धरिओ मसाण,काठ भार लागी किरसाण ।। धाह पुकार धसे घर आइ,धन धर लीनो सरब बटाइ ।।३।। पंच पुसत लौं नाम नसायो, जनम जात कोऊ जान न पायो ।। श्रीचंद्र अति अद्भुत खेल,चलन हेतु कोऊ करत न मेल ।।४।।५६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। पवणै माहि आकास मिलावा,अगनी पाणी धार टिकावा ।। माटी धाइ करत सभ काम,धाम बनायो होइ अधाम ।।१।। करते की अचरज सभ माया ।। जो दीसै सो संग न चालै,संचित होत पराया ।।१।। रहाउ ।। बाग मिलख घर बार टिकानै,मंडप महल अटारि दिवानै ।। लागि सवारी सुंदर बारी,फूल सेज रस सुंदर नारी ।।२।। गवन पवण बाजी की राजी, नाग सिअंदन रचि भा गाजी ।। सीतल जल तड़ाग तरु छाया,ग्रीसम हित बिस्राम रचाया ।।३।। प्राण न जाहिं दुरग द्रिढ़ कीने,पहिरत पट अंबर पसमीने ।। रहे न सास गई छुट देह,श्रीचंद्र सभ अंतहि खेह ।।४।।५७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। भाई मीत पूत परिवारा,छाती पीटत बार उखारा ।। हम को तजि कत गयो पराई,को हमरो अब होइ सखाई ।।१।। सभ कूड़ो खिन इक को पाज ।। साड़ फूक जब ही ग्रिह आए,लागै बाटन सगरो साज ।।१।। रहाउ ।। रुदनावत ते हसबे लागै,रली मनावत सजि रंग रागै ।। बहुत बढाहि धरहि अभिमान,बिसर गयो थानो मासान ।।२।। जा सिउं लाग गए बड बिरधा,तेऊ इन सिर धरी समिरधा ।। मरघट जावत देत जराइ,अपन पछानी नाहिन जाइ ।।३।। निज मरनो सुनि बुरा मनावै,धन दारा धर हितु कलपावै ।। श्रीचंद्र प्रभु अचरज माया,अणहोणा ही चक्र चलाया ।।४।।५८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। संतन पर जाऊँ बलिहार,भव महि आए हित उपकार ।। उसन सीत बरखा तन सहहिं,हरि हरि नाम रिदै द्रिढ़ गहहिं ।।१।। छुधा पिपासा नहिं डोलाहिं ।। गहबर बन सरदूल भयंकर,गज बाघन ते नाहिं डराहिं ।।१।। रहाउ ।। कंद मूल सिउं उदर भरंत,तलपा तलपै सुख सोवंत ।। तरु छाया महि रहि दिनरात,परण भोजनै त्रिपत अघात ।।२।। जो जल मिलहि त सदा

अनंद,पवण अहारी चरत सुछंद ।। जो कछु नाहिं त हरि की मया,जिहँ सिमरन को वेला दया ।।३।। सत सील ब्रत सहिज सुभाउ,नाराइण सिमरण सद चाउ ।। वार वार जाइऐ कुरबान,श्रीचंद्र मम संत परान ।।४।।५९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गरधब नाचै चोला पहिर,हाथी करि तंती वहि बहिर ।। बैल वजाया बोल म्रिदंग,कऊए गायन तान तरंग ।।१।। कलू भगति के साज बनाए ।। खांड लपेटे बिख कै लडूआ,समझ बूझि करि नर वर खाए ।।१।। रहाउ ।। पान लगाइ भयानक शेर,बीड़े घीस लिआवै ढेर ।। मंगल गाए मूसी मेल,संख धुनी सुर कूरम पेल ।।२।। ससे स्रिंग की स्रिंगी साज,पूत बांझ की ऊची गाज ।। चीटी परबत गई डकार,पाथर लेफ निहाली धार ।।३।। कछुए अचरज बात बनाई,सीत मिटाइऐ अनल जराई ।। लागै लोभ कलू नर दंभि,श्रीचंद्र धसि नारक कुंभि ।।४।।६०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मड़ी खात मीठे रस भोग,खात शरीनी कबर अलोग ।। पाहन की होइ

दुरगा बैठी,महिखन आमिख खाइ अमैठी ॥१॥ भव महि पाथर भा भगवान ॥ मोहन भोग निवैद न त्रिप्तिओ,तुलसी भोगत अचरज मान ॥१॥ रहाउ ॥ विस्वनाथ पर कूप डुबाना,अजहूँ दंभी नर भरमाना ॥ गोबिंद राम मसीती दुरे,बिप्र मनई घावत गहि छुरे ॥२॥ आप न न्हाइ सकै रतनाकर,काठ गढ़ाई मूरति आकर ॥ सुवरन मुकुट ता को पहिराइ,लोक दिखावै पर हैं पाइ ॥३॥ ज्वर काठ कउ करि कै मेल,दंभ पसारिओ कामहि खेल ॥ श्रीचंद्र कलि वग गी वाइ,संत तिआग जम कै घर धाइ ॥४॥६१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मन ते पाइऐ सगल निधान,मन मानै अंतरि भगवान ॥ साधे मन सिध परम सुजान,साधे मन प्रापत कलिआन ॥१॥ मन ही बिसनु महेसर करता ॥ चार पदारथ अस्टदसा सिधि,नवनिधि मन अंतरि आचरता ॥१॥ रहाउ ॥ मन ते उपजे सगले लोक,मन ते काम क्रोध मोह सोक ॥ मन ते कल्प विकल्प पछान,मन ते जोग धिआन सिद्ध जान ॥२॥ मन सिउं नाम

दान इस्नान,मन ते गिआन अगिआन गुमान ॥ मन सिउं अकल कला उद्योग,मन ते तिआग वैराग अरु भोग ॥३॥ मन ते तीन लोक विस्तार,मन सिउं किंनर गंधरब सार ॥ मन ते निरगुण सरगुण हरी,श्रीचंद्र मन जलपति तरी ॥४॥६२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मन ही नरक सुरग का करता,मन ही करम धरम आचरता ॥ मन ही अंतरजामी पूरा,मन ही निरमल मन ही कूरा ॥१॥ मन ते उपजत सगरी माया ॥ देव अदेव मनुख उपजाए,मन ही सभन बिनासत काया ॥१॥ रहाउ ॥ मन ही गिआन भासकर भास,मन ही आतम भव परगास ॥ मन ही अठसठ तीरथ न्हाए,मन ही बंधन मोख कराए ॥२॥ मन ही ऊच नीच महि रमै,मन ही लख चुरासी गमै ॥ मन ही भै निरभै पद पाइ,मन ही राजा रंक सदाइ ॥३॥ मन ही वेद गिआन उपजाता,मन ही नास्तक मत प्रगटाता ॥ मन ही परम पुरुख भगवान,श्रीचंद्र मन ते मन मान ॥४॥६३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ सत्गुरु कीनो परम उपकार,बूडत सागर पार उतार ॥ जलन बुझाई

ठंडक पाई,झूठी माया दूरि पराई ।।१।। मन करहल अमुहारी चाल ।। पाइ नकेल हरि भगती लायो,बिनसायो सभ जगत जंजाल ।।१।। रहाउ ।। आतम राम जपु निरमल मंत,हरि हरि जोती सरब रमंत ।। अहंक्रित बंधन कीनि बिनास,प्रभु सिमरन रुचि आस निरास ।।२।। ऊच नीच त्रिभुवन निवासी,रवि रहिआ घट घट अविनासी ।। सीतल ससि प्रगटाई किरणा,लख चुरासी जोनि न फिरणा ।।३।। चंदन वास बनस्पति होई,निरमल बुद्धी कीनसि धोई ।। बारा वंनी कंचन होइआ, श्रीचंद्र भंडारे ढोइआ ।।४।।६४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। हुकमै होइआ सकल अकार,हुकमै ऊच नीच विसतार ।। हुकमै तल अतल पाताल,भूर भुवः स्वः सत सार ।।१।। हुकम एक केवल हरि नाम ।। हुकमै काल जाल जंजाला,बिनस जात लहि सुख बिस्राम ।।१।। रहाउ ।। हुकमै तीनहु देह रचाई,हुकमै जोति निरंतरि पाई ।। हुकमै आवण जावण सूझै,हुकमै अगम अगोचर बूझै ।।२।। हुकमै जोनी लख चुरासी,हुकमै भया अलोक निवासी ।। हुकमि चंद सूरज गैणारे,हुकमै मंडप महिल मुनारे ।।३।। हुकमै बंधन मुकत कराया, हुकमै निहचल थाउं बसाया ।। हुकमि तुरिअ पद सहज सरूप,श्रीचंद्र प्रभु हुकम अनूप ।।४।।६५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || नीचहि ऊच करत खिन माहिं,हरि हरि नाम अम्रित रस पाहिं || माया सिलक बिदारी काट,बहुर न जोहहि जोनी वाट ||१|| नाम हुकम संतन मन माना || आदि अनादि अगाध अपाला,अगम अगोचर सनमुख जाना ||१|| रहाउ || कमल विगास सहिज लिव लाई, दिब्य द्रिस्टि अनुभउ विगसाई || आनंद धुनि प्रगटी सभि सोइ,निरमल जोति बुझाने लोइ ||२|| अंधकार उर ते सभ नासा,इक थल थिर सिमरत प्रभु आसा || बुद्धि प्रकास कला वरधाई,जनम मरन की चूकी काई ||३|| गिआन अम्रित अभरे सर भरे,रसना उचरत हरि हरि हरे || आण जाण मिटे प्रभु महिली,श्रीचंद्र सच सिमरत सहिली ||४||६६||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || खेत जमायो हरि प्रभ पूरै,आनंद प्रगटै अनहद तूरै || नर नारी मिल मंगल गाए,भरे भंडार अखुट अघाए ||१|| गोबिंद नाराइण का खेत || मन मेरे,सद खुसीआं

अनुभउ,अंकुर प्रगटे हिरदै चेत ।।१।। रहाउ ।। घनी सुगंध कीरती फैली,कंचन रूपै भरपुर थैली ।। गो गरीब वरसाने घने,असन बसन भोगत सुच सनै ।।२।। नौनिधि सिद्धि ग्रिहे निज पाई,सगले वाजी जगत वधाई ।। बाजे बजे भई छनकार,सगल लोक महि जै जैकार ।।३।। गुण निधान अविनासी राया,जिअ जंतु सभ सुखी वसाया ।। सुख पायो दुख दूर पराता,श्रीचंद्र वाधा धरि खाता ।।४।।६७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। बाग बगीचे सुंदर मेवे,सीतल छाइ सुगंध वसेवे ।। राज महल मंडप असवारी,छोड चलो सगरो पासारी ।।१।। दासी दास राणिआं घणी ।। जब ही देह बिनासी नरपति, छूट गई सभ माणक मणी ।।१।। रहाउ ।। हाथी घोड़े रथ संघाता,सभ सिउं टूटिओ खिन महि नाता ।। सोराही पिआले मद भरे,सूने परे धरे के धरे ।।२।। पूत मीत कबरन की झाक,सस्त्र अस्त्र सिर डारी खाक ।। गया सनेह माय लपटाई,अपर लोक महि बजी बधाई ।।३।। मरिओ मरनहारो तजि पूत,

लपटिओ मन संपदा विभूत ।। अचरज प्रभु मन जगत बनायो,श्रीचंद्र मरनो न वसायो ।।४।।६८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लपटिओ मोह मिथिआ पासारै,जाणै नाही मरण विचारै ।। दास दासीआं धीआं पूत,राज साज सभ कारज ऊत ।।१।। आवत जिअ के नाही काम ।। हीरे लाल जवाहर माणक, कंचन रूपा बिनसिओ खाम ।।१।। रहाउ ।। अलह राम सत्त की बाणी,मिरतक काम न आवत प्राणी ।। पट अंबर अरु फूलन माला,पहिराए दिअ देस निकाला ।।२।। गोर सजाई पाई घनी,मुनकर जा नकीर संग तनी ।। गज गज निकस न जाइ मुकाम,कयामत लौं बड दूख सहाम ।।३।। सिमरिओ रब्ब न आलमगीर,निकट थिरै निरधनी फकीर ।। सत्तार गफ्फार न रखिओ चीत,श्रीचंद्र जोऊ अंतह मीत ।।४।।६९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। जीवत तजि संग साथ पराहिं,मूए कहु कैसे चित पाहिं ।। दारा मीत पूत सनबंध,किनहि घालिओ इक खिन बंध ।।१।। घोड़े मंडप महिल अटारी ।। जिन कउ तू अपनो करि

मानै,सो सभ खिन महि जात पधारी ॥१॥ रहाउ ॥ पाप करे जिनि हेत दराज,मार गरीबन कीनिओ राज ॥ पालक कीन जाहि संग हेतु,आगिआकारी अग्र निकेतु ॥२॥ कंचन लाठी गहि करि हाथ, आगै पाछै चलतै साथ ॥ नैन उचाइ न कबहूँ ताकै,अंती अउसर भए बिबाकै ॥३॥ चलिओ मारग परै दुहेला,भैरव जम किंकर भा मेला ॥ राम सिमरि होइ अंत सहाइ,श्रीचंद्र लग संतन पाइ ॥४॥७०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मरि मरि जाते मूरख लोग,मरणो हेतु न काहूँ जोग ॥ जानत नाहिन को कहँ मूआ,काहिं सनबंध काहि सिउं हूआ ॥१॥ मूरख जनम मरै दुख पाइ ॥ आवहि जावहि ठौर न पाइ,पर उपकार न हित चित लाइ ॥१॥ रहाउ ॥ जूझिओ नाहिन दीनन हेतु,उदरि लोभ लगि मांडिओ खेतु ॥ दान दिओ नहि जान लाचार,द्रब्य भार करि जोनिनि खुआर ॥२॥ भगति करी नहि गिरिधर केरी,दंभ हेतु म्रिग पेखै हेरी ॥ वाद विवाद रचै विरथारी,जो कछु कीनो लागि विकारी ॥३॥ अंतु काल जमदंड सहाना,धन जोबन ढरकै पछुताना ॥ साधु संग जपु दोइ कुल साध,श्रीचंद्र जग जलधि अगाध ॥४॥७१॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ जिनि जन भजिआ हरि प्रभु नाम,सिद्ध भए ता के कुल काम ॥ ऊच सिंघासण थिरिओ महंत,आगिआ महि सुर रहत अनंत ॥१॥ जग महि आया सो परवाण ॥ हरि अविनासी अबिचल पाया,जनम मरण की चूकी काण ॥१॥ रहाउ ॥ मरन न कर सिउं ठेलिओ जाइ,नहिं करि सकिए तसू पछताइ ॥ जेते सास लिखै करतार,घाट बाढ कबि होत न सार ॥२॥ जो बासर जीवन को होइ,भोगहि सोऊ न अनथा कोइ ॥ आपहुँ कोऊ जोड़ विछोड़,होवत नाही मोड़ अमोड़ ॥३॥ करणहार इहि खेड बणाई,आवण जाणा कीन उपाई ॥ नाम रहहि नामहि भजि लेह,श्रीचंद्र देह ह्वै है खेह ॥४॥७२॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ अनिक छत्रपति गए गवाए,अनिक जोधा धर माहि बिलाए ॥ जिन राज की अवध अनंत,जाहि कीनहु किहँ सिउं मंत ॥१॥ को गोरन को मड़ियन माहिं ॥ मूत्र विस्टा कूकर सूकर,काक सवारत चुंचन ताहिं ॥१॥ रहाउ ॥ गया न आयो पुनि भव माहीं,झूठे मंडप थाप

सजाहीं ।। को जाणै कवने थल गऐ,महा गरत महि निघरत भऐ ।।२।। जिनहुँ कबहुँ नहि हाथ निकाला,नहिं लीनो नहिं दीनो माला ।। सीत उस्न की सुध न दीनी,सुख दुख की कोऊ बात न कीनी ।।३।। करवट लीन न कीनी हाइ,नाहिं जनायो लोहू घाइ ।। श्रीचंद्र किआ ताकी आस,करि कछु जब लग है घट सास ।।४।।७३।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। चार दिवस की चटकी मटकी,परी धरनि पर कालहि पटकी ।। को गाडे को अगनि जराइ,कोऊ कूपै धरै दुराइ ।।१।। जिमि चाहै तिमि ही को करै ।। ना काहूँ को बरजन करता,ना काहूँ को भाखै ररै ।।१।। रहाउ।। वरजित नाहीं कूकर खात,काक चील निरभै आघात ।। गलै सड़ै दुरगंध न जानै,धूप धुखाइ न हित कहुँ ठानै ।।२।। बूडत पानी नहिन पुकारै,नांगों होइ न कहित उघारै ।। छुधा पिपासा छाया धूप,हाल पुकारी रंक न भूप ।।३ ।। तीरथ पुंन दान हरि नाम,करि मानुख जीवन को काम ।। मरै परोगे घोर अंधारि,श्रीचंद्र नित भजहु मुरारि ।।४।।७४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मिरत न खावत रोटी पानी,मूठित भोले नर अगिआनी ।। जान बूझ कै कूप परंत,काहुँ न पेखै मिरतक जंत ।।१।। लख चुरासी जोनिनि गेड़ ।। माखी माछर दादर योनिनि,ब्रिख मीन गिरि बांधा फेड़ ।।१।। रहाउ ।। जीवत अज़मत कहूँ न पेखै,मिरतक भए धरि परिओ भुलेखै ।। बनहि मजौर भैंस सम मोटे,लोभ धार गल मानव घोटे ।।२।। गंग नीर डुबवाए हाड,धार पंख कबि धरनि न छाड ।। पिंड गया भरि पेखिओ नाहि,डहकावत लगि उदर डुराहिं ।।३।। पाठ पढ़े को प्रेत न आवा,कीनो जाहिं उबरनो दावा ।। श्रीचंद्र सुनु मूढ़ अयानै,सत्गुरु लगि प्रभु अंतर जानै ।।४।।७५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। रे मन मूढ़,भजहु हरि नाम,जिअ तेरे कै आवहि काम ।। चार दिवस की जग वडिआई,किउं ता सिउं लगि जनम गवाई ।।१।। पूत मीत भाई सनबंधी ।। बंचन हित बहु चितवत जतनन,काम चलावत अंधा धुंधी ।।१।। रहाउ ।। बुद्धि विकास खलास न होइ,उमर गई

नहि उपजी लोइ ॥ साक सैन दाबत परभाउ,भोजन पानी बंधिआ पाउ ॥२॥ कबहुँक जे पूरब करमाणे,जान मनीखा प्रभू टिकाणे ॥ प्रारब्ध मानव सो जोड़ी,मारग चलति न लंगड़ी घोड़ी ॥३॥ लाग लोक संग गई जवानी,जरा ग्रासते चिंत बढानी ॥ आई मौत चक्र लै हाथ,श्रीचंद्र छुट गयो अनाथ ॥४॥७६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ गोरख जागिओ अलख जगाई,सुंनमुंन कीनो नाद बजाई ॥ घंटा संख धुनी भी महा,भयो कुलाहल खग गे कहाँ ॥१॥ रे गोरख,तू किउं इत आयो ॥ ताड़ी लाइ चढ़िओ गगनंतर,सुंन सरोवर माखी तायो ॥१॥ रहाउ ॥ निद्रा गई न नैन गवाइ,सीतल भवर न तपत बुझाइ ॥ उनमनि बिसर भूचरी भई,अवधि बताई किमि द्रिढ़ थई ॥२॥ बाज बजायो पूरन होइ, भीम परिओ किउं सुखपत रोइ ॥ छपि बैठिओ किउं दए किवार,जोगी भ्रमते दुआरहि दुआर ॥३॥ सिद्ध कहाए मरण न छोडे,जटा मुंडाइ बनावहि रोडे ॥ अगम अगोचर खेल रचाया,श्रीचंद्र अविनासी राया ॥४॥७७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || एक राम मन माहि बसाइ,मरै न बिनसै सहिज समाइ || मन अरु राम दुहन को मेल,अगनि बरूदहि संगी खेल ||१|| जिनि पाया सत्गुरु संजोग || छुधा पिपासा तन मन बुधि हरि,जीव ईस सिउं कहिओ जोग ||१|| रहाउ || माया ब्रहम मिलै इक साथ,अंन सफल जो मेलै पाथ || करम सफल करते परयोग,धरम सफल जो द्रिढ़ता होग ||२|| सफली काया हंस समेत, किरसानी सफलत भे खेत || राम सफल संग सीता रमणी,सफल गोपिका हरि मधु गमणी ||३|| सस्त्र मंत्र सूरा बल साथ,सफलै राज निखुटत न आथ || सिख गुरू जे पूरण संग,श्रीचंद्र भव सफल दुअंग ||४||७८||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || काठ अगनी तरु तर जारै,बड़वा सोखै रतन भंडारै || रतनन अगनि फूट तन जाइ,परबत माहिं दरेड़ैं पाइ ||१|| अगनि सरब भव महि सरताज || धरणी अगनि बनस्पति मौली,आपहि अगनी आप निवाज ||१|| रहाउ || खग अगनी मिरत लीन पचाई,तन

अगनी देह भसम कराई ॥ पाहन अगनी पाहन नासा,बारिद अगनी जगत प्रभासा ॥२॥ लोह अगनि धरि कीन दुखंड,तप अगनी सिउं तेज प्रचंड ॥ जप अगनी कारज किअ सिधि,अगनी संजोग गांठ की बिधि ॥३॥ धूणें अगनी देव प्रत्यख,नैन अगनि सिउं चालत पंथ ॥ श्रीचंद्र अगनी भवसार,जनम मरन के संकट टार ॥४॥७९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग गउड़ी गुवारेरी** ॥ डरत अगनि ते जल महि गए,जल अगनी भसमी करि दए ॥ अंतरि अगनि भभाकी जागी,भागत भागत भए अभागी ॥१॥ अगनि उठी अगनिहुँ अधिकाई ॥ बूझत अगनि नीर के पाए,नीर अगनि किमि बुझै बुझाई ॥१॥ रहाउ ॥ जरे ब्रिख पत फल फुल साखा, जरे पब्ब ऊचै बड लाखा ॥ जरे भुवन दस चतुर सुहाए,मंदर महल अटा धर साए ॥२॥ नारे नदी सरोवर नद,सागर सप्त तरंग सझग ॥ धरणी पउण अकास सबाया,मयंक ध्रुव मंडल ताराया ॥३॥ आवत सगल बुझावन काजा,राजा परजा जरे समाजा ॥ श्रीचंद्र नहिं लागी बूझै,बिन अगनी नेह अवर न सूझै ॥४॥८०॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लगन अगनि की रीति अनोखी,आपहि बार आप ही सोखी ।। आपे दहे आपनी काया,आपहि मुरदे लांबू लाया ।।१।। कोऊ न संगी साथी होई ।। साजन मीत सखाबंधु भाई,सीस देन बहु मुस्किल जोई ।।१।। रहाउ ।। जल निवरे जल निवरे नाहि,अंतरि अगनि उलारे बाहि ।। खंडेधार बिछाय नचावै,आपा खोइ ता काहि जनावै ।।२।। भड़के भांबड़ लुड लुड चाल,जान बिहाली होइ निहाल ।। मरन अमरन जान निज जिय,जीव अजीव बिगस है हिय ।।३।। उडै न उडै जाल बिन जाल,पाल अपाली चाल अचाल ।। श्रीचंद्र लग गई निगोडी,का चातुर का कहिऐ भोंडी ।।४।।८१।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। रे मन,अब चड़िऐ गिरिनार,प्रेम कुंड लेहु अम्रितधार ।। चील उड़ानी आमिख बोटी,हरि तजि काहि चुटावत चोटी ।। १।। प्रेम पिआला जिनि जन पीआ ।। त्रिखा बुझानी अम्रित बानी,गुरु अविनासी जीवन जीआ ।।१।। रहाउ ।। छुधा पिपासा चीत न कोइ,हर जेते

बिचरत सुख सोइ ।। भरता आपहुँ लेह बुलाइ,थंभ भई त्रिअ सूझ न काइ ।।२।। मंड दुधीरे मीने हेत,वेस्या जागहु जीवन चेत ।। अजगर भोजन थिर ही लहै,मोह वसि जिंद कबूतर दहै ।।३।। जल बरसानै की जिमि रीति,सोआ चूक बेचिए नीति ।। टुंब टुंब रस नाम पिआया,श्रीचंद्र थिर सद ही काया ।।४।।८२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सत्गुरु पूरे की वडिआई,नाम सुधा रस दिओ पिआई ।। मति मटकी संचै गुण पाए,गुड़ करि गिआन पदारथ माहे ।।१।। मद मतवारा मस्तुलमस्त ।। प्रेम खुमार चढ़े गगनंतर,बहुड़ि न जोनी भरमै कस्त ।।१।। रहाउ ।। धिआन की अगनि जलाई मांड,सुखमन नारी चोया भांड ।। पुनि पुनि नामन फेरिओ पोचा,जनम मरण की बिनसी सोचा ।।२।। आनंद मगन चुबारे चढ़ै,आपा आप आप ही झड़ै ।। प्रगटी जोति सहिज उजिआरा,साध समाधहि गहिओ किनारा ।।३।। बंदे नैन अरूप सरूप,काल बसंतै छाह न धूप ।। आप गयो रंग रामहि रंगी,श्रीचंद्र गुरु मत्त अभंगी ।।४।।८३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || गोबिंद भजनहि की इहु बेला,सद सुखिआ सद रहहि सुहेला || वाजा वाजहि पुरी बैकुंठ,तसकर सगल पराए लुंठ ||१|| ईहां ऊहां संग सहाई || राम नाम हुंडी करि दीनी,पूरे सत्गुरु बणत बणाई ||१|| रहाउ || गूढ़ वसतु मन मध्य लुकाई,कीमति जाइ न सुरनहुँ पाई || अबिचल तखत विराजै आइ,चिंत बिलानी एक समाइ ||२|| बहुत खजाना रतन अमोल,सत्गुरु दीनो सगरो खोल || सगरी स्रिस्टी करे जैकार,एको अखर धंन निरंकार ||३|| घंट नगारे संख मंजीर,दहदिसि छाई देवन भीर || सत्गुरु पूरै के परताप,श्रीचंद्र नित्त हरि हरि जाप ||४||८४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || गुरु पूरे ले टूटे गांढे,जनम जनम के बिछड़े गांढे || नाम प्रेम सो दए बंधाइ,आवण जाणे गए पराइ ||१|| सत्गुरु कीनो पर उपकार || भव सागर महि गोते खावत, आकल विकल भए भव पार ||१|| रहाउ || ऊच नीच बहु जोनि भवाया,सूका गीला थान बसाया ||

सुख दुख भोगत बहु दुख पाया,सत्गुरु साधू मुकत कराया ॥२॥ जरा मरा दुख रोग विआपै,सुरग पताल भोग पुंन पापै ॥ थंभ तपाए कौरी थापै,सत्गुरु साधु बिदारै आपै ॥३॥ बहु बारी उपाइ बिनाहै,ऊपर हेठ उसारे ढाहै ॥ पाइ बंधाइ रखायो आप,श्रीचंद्र नित्त हरि हरि जाप ॥४॥८५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग गउड़ी गुवारेरी** ॥ साधु संग रिद नाम निवास,साधु संग आतम परगास ॥ साधु संग भ्रम सगल निवारे,साधु संग भव दुत्तर तारे ॥१॥ साधु संग हरि सिमरहु प्राणी ॥ जो इच्छहु सोई फल पावहु,अनुदिन कीरति अम्रित बाणी ॥१॥ रहाउ ॥ साधु संग कुल जग महि हरी,साधु संग सभ अपदा टरी ॥ साधु संग ऊचो पद पाइ,साधु संग जस विसद सुहाइ ॥२॥ साधु संग मिट जात कलेस, साधु संग हरि गुण परवेस ॥ साधु संग अहंमेव न आवै,साधु संग रस अमिय चुआवै ॥३॥ साधु संग मति ऊजल होइ,साधु संग मनि माल परोइ ॥ साधु संग त्रैभुवनी फेर,श्रीचंद्र साधू संग जेर ॥४॥८६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || प्रभु भाणा आनंद निधान,प्रभु भाणा चूका अभिमान || प्रभु भाणा आकासै चढ़िया,प्रभु भाणा अघड़ा पुर घड़िया ||१|| साधु आस्रय हरि प्रभु भाणा || छाया धूप भूख नहि पिआसा,जपिआ नाम गुबिंद रमाणा ||१|| रहाउ || रूखी सूखी ठंडी तत्ती,सज्जण दुस्ट कुसत्ती सत्ती || कानन नगर पहाड़ तराई,नाले नदीआं लहिर चढ़ाई ||२|| भूना चणा मलाई दूध,धरती सिहज चढ़ाई खूब || औझड़ राहे राज फकीरी,अति सतकारै खड़ग तगीरी ||३|| ढाका नांगा जीवन मौत,तिल्लेदार उपान न पोत || सदा समालहि हरि नाराइण,श्रीचंद्र प्रभु भाणा भाइण ||४||८७||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || भाणे विच है अम्रित सुआद,भाणे अंदरि रस विसमाद || भाणे अंदरि प्रगटि जोति,भाणे अंदरि ब्रहम सरोति ||१|| विरले साधू भाणा भाया || सुंन मंडल विच कीन निवासा,अनहद नाद वजाया ||१|| रहाउ || भाणै चढ़ै सवाया रंग,भाणै वेख साधु जन दंग || भाणै

अनुभउ सूखम तत्त,भाणै आवहि मानस सत्त ।।२।। भाणै भेव देव गति सूझै,भाणै भूत भविख्यत बूझै ।। भाणै सोग हरख ते मुकति,भाणै पूरण होवै जुगति ।।३।। भाणै मान अमान समान,भाणै जनम मरन परवान ।। भाणै निंदा उस्तति भाइ,श्रीचंद्र भाणै आघाइ ।।४।।८८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। उतपति परलय भाणै होइ,भाणै गुरुमुख मनमुख दोइ ।। भाणै जोनी चक्र चलाया,भाणै उपजी बिनसी काया ।।१।। भाणै राजै जोगी होइ ।। भाणै सिंघासन भोगत भोगा,नांगे पाइ फिरहि बन सोइ ।।१।। रहाउ ।। भाणै नारी करहि स्रिंगार,भाणै पीटत छाती तार ।। भाणै बालक हास रमंत,भाणै गिरहि धरणि पर जंतु ।।२।। भाणै घोड़ा तुंद दुड़ाइ,भाणै सिर तल उपरि पाइ ।। भाणै दुरजन को जंग घाता,भाणै युद्ध भूमि गिर पाता ।।३।। भाणै अस्त्र सस्त्र बंन तेट,भाणै धसी कटारी पेट ।। भाणै चढ़ै आकास चरंत,श्रीचंद्र बिन स्वास गिरंत ।।४।।८९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। भाणै संत संग लिव लाइ,भाणै जुटत जुआरी चाइ ।। भाणै दीन दुनी

उपकार,भाणै चोर जार कूड़िआर ॥१॥ भाणै परम आनंद निधान ॥ गोबिंद नर नाराइण हरि प्रभु,राम स्याम रटतो भगवान ॥१॥ रहाउ ॥ भाणै ग्रिहस्तै तिआग पराइ,भाणै परनारीन रमाइ ॥ भाणै उपजति धरम गिलानि,भाणै करम रुचित परधान ॥२॥ भाणै संपद सुखद विजोग, भाणै जोग अजोगी भोग ॥ भाणै संग चंडालहि वास,भाणै निसिदिनु रहि उपवास ॥३॥ भाणै मीठा कौड़ा होइ,भाणै मिलत गई अबरोइ ॥ भाणै हस्सै भाणै रोवै,श्रीचंद्र सद भाणा जोवै ॥४॥६०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ सखी सहेली सुनहु बात,चैन न आवत दिनसु रात ॥ अंतरि अगनि मिलन प्रभु केरी,किउं करि मिलिऐ भी बहु देरी ॥१॥ कहहु सगल बिधि मुहि समझाइ ॥ जनम दिओ जब ही तिनि करते,कवन हेतु उर प्रेम उपाइ ॥१॥ रहाउ ॥ करम विस्व करता वखिआना,आपन कीआ आप ही पाना ॥ अनिक जनम जेऊ किए चिराणै,भोगत भोगन सोऊ धिङाणे ॥२॥ डार दिओ हरि गोरख धंधा,जात छुडावन बांधिओ बंधा ॥ करम कुकरम अकरम न सूझै,अंधकार माया महि लूझै ॥३॥ धार अनुग्रह खोलै ग्रंथि,ताहि मिलै संतन की संथि ॥ सोऊ मिलावहि भरते राम,श्रीचंद्र

निहचल बिस्राम ।।४।।६१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मातु पिता सनबंधी भाई,सखी सहेली बहिन भौजाई ।। देत दिलासे धीर धराइ,भूसन बसन अमोल पहिराइ ।।१।। माई,सांति न आवत कोइ ।। अंतरि पीर करक की रड़कन,सरक सरक सर उरहि गडोइ ।।१।। रहाउ ।। जलनि न बूझी रंग तमासै,सावन तीअन हास विलासै ।। झूलै झूली मंगल गाए,बूंद सुहानी माची चाए ।।२।। चुंनी लाल उडानी पौण,छाती ऊची कंबू धौण ।। गलवकड़ी किलकड़ी घुमाई,फेरी फिरिआ बाह लुडाई ।।३।। भोजन अम्रित छत्ती खाए, परसी अनल तेल तूलाए ।। मिलै विचोला जे कोई आइ,श्रीचंद्र प्रभु परसहुँ पाइ ।।४।।६२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। देरानी जेठानी संग,ननद सहेली सूहे रंग ।। बाबुल महितारी सज साज, खाट बिछाइ दिखायो दाज ।।१। जाइ रहहु अपने घर माही ।। अंग साक सनबंधी साथी,रो रो पाछल ओर मुराही ।।१।। रहाउ ।। ले चालिओ सभ बंध छुडाइ,साजन मेरो सदा सहाइ ।। अम्रित रस

सरसे सभ अंग,लागिओ उर महि पिय को रंग ।।२।। नगर नया सुभ थान बसाया,नवां रूप भरते दरसाया ।। बुझ गई त्रिसना खान अरु पानै,प्रेम मगन मन भए दिवानै ।।३।। भरतारै रस जीवन जाइ,दीजहि सज्जण संत दुआइ ।। भया समाहा अनंद उछाह,श्रीचंद्र प्रभु संग विवाह ।।४।।६३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सदा समालहु हिरदै राम,होहु निवासी अबिचल धाम ।। आवण जाणा होवहि नास,सिमर राम सफलहि सभ सास ।।१।। माता पूतहि दई असीस ।। दूख भूख नहिं कबहूँ विआपै,सदा समारहु करता ईस ।।१।। रहाउ ।। धरती कोमल रहि तल पाउ,सदा सुहावै ठंडी छाउ ।। चारहुँ कुंट निवावहि सीस,सगरे देस भनहि वागीस ।।२।। सत्रु अगारी टिकन न पावें,रिधि सिधि रहि बावें दावें ।। साधु चार संगी नित तोरे,खट भी आगिआ महि निसि भोरे ।।३।। लहहिं पदारथ चार दुआरै,होवहि कीरति बडि भुनसारै ।। राम राम धुनि प्रगट करावहु,श्रीचंद्र स्तुति मारग धावहु ।।४।।६४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सिमरै राम नाम पत होइ,रिदै निवारहु दुबिधा दोइ ।। दुस्मन दूत न लागै कोइ,लागू सगरे भागहि रोइ ।।१।। राम नाम की अमित वडाई ।। ईत ऊत सद राखा जिअ का,बिघन बिनासै हरि हरि नाई ।।१।। रहाउ ।। हत्थी छाया सगरे लोग,अहिनिसि अरपित मीठे भोग ।। भोग मोख कर तल गति परे,आप तरहि संगी सभ तरै ।।२।। काई बात न ऊणी होई,जस कीरति वरतै सभ लोई ।। धनवंता सुभ गुण भरपूर,गिआनवंत कुलवंत सऊर ।।३।। सिर साहां के साचा साहु,राम नाम धर रतन धराहु ।। सगरो लोक रिदै का मीत,श्रीचंद्र जिहँ राम सु चीत ।।४।।६५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। लोभ लागि मुंडवायो सीस,नहिं हिरदै वासिओ जगदीस ।। जटा धारि कै दंभ कमायो,हरि हरि नाम न मन बसायो ।।१।। संत संग जपु प्रानी राम ।। हलत पलत मुख ऊजल है

है,प्रभु दरगह आवहि काम ।।१।। रहाउ ।। जम ते भगवा नहिन छुडावै,करम कमाना संग रहावै ।। तीरथ न्हाइ न मन मल धोई,दुरमति दुबिधा संतन खोई ।।२।। पाहन पूजत सांति न पाई,एक छोड कोटिन पर पाई ।। अंतरि अगनि न बिनसी धूणे,पाप उचाए सिर पर दूणे ।।३।। फेरे जपनी माया लाग,मन निरमल ह्वै साधू जाग ।। श्रीचंद्र लग साधू पाइ,दंभ छोडि रामहि चित लाइ ।।४।।६६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मिथिआ काया मिथिआ वेस,हाड मास नस मज्जा केस ।। मिथिआ लाल पीत रंग स्याम,मिथिआ गोरा काला फाम ।।१।। देही अंग प्रतंग न साथ ।। सिर पसली छाती जंघा जानू,गुलफ भुजा अंगुरि पद हाथ ।।१।। रहाउ ।। केस घास सम जलत प्रचंड,कड़ कड़ करत हाड के खंड ।। घ्रित सम मज्जा अगनि जलाइ,फूटे खोपर लोग पराइ ।।२।। बसन फूल काठ संभार,भसमी भूत भए इकसार ।। सत्त आतमा तन ते गयो,लेखा अपनै ऊपर लहिओ ।।३।। निरमल आतम साधू संग, राम नाम प्रगटायो रंग ।। सुखीआ होइ बसै परलोक,श्रीचंद्र नहिं विआपै सोक ।।४।।६७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सुंञी देह रहहि इस लोक,भाई बंधु साक सैन सोक ।। सुत सुता मिहरारी माइ,छाती ताड़ति बोलति हाइ ।।१।। कोऊ संग न साथी होइ ।। नागर जन सभ भए इकत्रित,काढहु काढहु भाखहि सोइ ।।१।। रहाउ ।। खाली हाथ जुआरी गया,जम का डंडा सिर पर सहिया ।। माया लै गए अवरै भाई,जमपुर की इह लहै सजाई ।।२।। लेखा देवै मुहले खाइ,कुंडे मारन सिर पर धाइ ।। तत्ते थंम लाय गल ताई,सुनै न कोऊ दई दुहाई ।।३।। अघ कीते दुख सहै घनेरा,जोनी वासा नरक बसेरा ।। हरि सिमरन करि पार उतारै,श्रीचंद्र भुज ऊच पुकारै ।।४।।६८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। प्रथमै पंच तत्त विच वास,बहुरो अंन कियो परगास ।। रज वीरज विच भया समाह,माता गरभै लीनै साह ।।१।। अनिक भाँति सहि कस्ट सरीर ।। पायो अनिक थान महि भरमत,राम नाम बिन लहहि न धीर ।।१।। रहाउ ।। बालापन परवसि निरवाह,भूख त्रिखा जुत ऊभे साह ।। पासा लैन न हिंमत होई,माता पिखति दूध कहु रोई ।।२।। खेल गवायो बहुता काल,

उबरत रहिओ प्रभु किरपा नाल ।। तरुणापन कछु आई सूझ,पाठ पढ़त ग्रंथन की बूझ ।।३।। काम उछाला तरुणी संग,लाय कमाय सुढंग कुढंग ।। भया ब्रिधापन चालन चाल,श्रीचंद्र हरि सिमरि दयाल ।।४।।९९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। खेल गवाइ अवस्था बाल,दौड़त कूदत चालत चाल ।। युवा लागि संचन धन भारी,नितप्रति जोहत संग कुमारी ।।१।। अगिआनहि लगि जनम गवायो ।। दीनानाथ सरब प्रतिपालक,दुख भंजन कबि मन न बसायो ।।१।। रहाउ ।। अनिक प्रकारी कीनहि पाप,सुख दुख बांधिओ त्रिसना ध्राप ।। मान अमान अनेक सहारै,इकठे कीनै द्रब्य भंडारै ।।२।। चूने गज गच महल अटारी,हवादार सुंदर बर बारी ।। पुत्र कलत्र संग रस रचिआ,मोह गरत महि अंधा पचिआ ।।३।। होइ बिरध उठ चलिओ पराई,परिवारहि बड धूम मचाई ।। बंधिओ जात काल कै जालै,श्रीचंद्र नहिं राम सम्हालै ।।४।।१००।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सरपर चालन है परलोक,धरणी पर नाहीं नर ओक ।। कूड़ै साक सैन परिवार,कूड़े माया के बिउहार ।।१।। सत्त सत्त सत रामहि नाम ।। स्वास गिरास सम्हालहु जीअड़े,तुमरै दरगह आवहि काम ।।१।। रहाउ ।। संतन संग घड़ी भर मेल,काल जाल को चक्र पेल ।। पूंजी हरि हरि रिदै सम्हाल,तोसा जिअ का निबहे नाल ।।२।। नरहरि नाराइण गोबिंद,जपत जपत बिनसहि सभ चिंद ।। निरंकार निरबान गुपाल,दुख भंजन सभ घट प्रतिपाल ।।३।। निरभै निहकलंक निरवैर,सिमरि सिमरि नर पै है खैर ।। सदा सहाई हरि प्रभु धनी,श्रीचंद्र परलोकहि मनी ।।४।।१०१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। भीड़ी बीथी चलन न होइ,नांगे पावी कंटक पोइ ।। वरसत अगनि रेत तपताई,संग न दीसत बंधू भाई ।।१।। माया के वणजारे साथ ।। तिआग खड़े को नाहि सहाई, पुलसरात अति कठिनो पाथ ।।१।। रहाउ ।। जमदूतन सिर भार परै है,पग बेड़ी गल तौक धरै है ।। हाथन कड़ी जंजीरन लोह,बेदरदे बज्रन संग कोह ।।२।। कोस अनंत थाक मग गिरै,बहुर उठाइ अग्र

करि धरै ।। मस्तक घाउ रक्त चुचिआत,देत उभासन नहि मुख बात ।।३।। जमधर असि सेलन की चोभ,बसि न चलत उर उपजत छोभ ।। श्रीचंद्र जम मारहि चेत,मना सिमर हरि हरि हरि नेत ।।४।।१०२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। निसदिन बीतत औध परानी,बालपन नहिं रही निसानी ।। युवा आइ जबि दियो नगारा,सभ जग दीसत अपर प्रकारा ।।१।। बहिओ जाति प्रानी परवाह ।। पेखत नदी सु इकरस बहती,नार न आवत पुनि तिहँ राह ।।१।। रहाउ ।। मात पिता पितामह गए,बिसरे नामहुँ यादहुँ रए ।। ढेरी माटी ढेर लगाए,ढेरी ढेर न बूझन पाए ।।२।। हरहट मालहि आदि न अंत,घटीजंत्र नहिं थिरत इकंत ।। भगति माल को चक्र चलायो,निसि सोवहिं बासर उठ धायो ।।३।। पहिर खाइ भोगो परिहरिओ,उदिओ सूर अवर मन धरिओ ।। बिरथा सगरी आयु गवाई,श्रीचंद्र हरि गुण नहिं गाई ।।४।।१०३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || सिमरि मना गोबिंद प्रभ नाम,जग महि नहीं तुमारा धाम || दिवस चार को जीवन एहु,नाग न्हाइ नहिं डारहु खेहु ||१|| करता,अचरज तेरा खेल || आइ मिलावहिं मेल विछोड़हि,मेली मेल न जानहि मेल ||१|| रहाउ || सरद खेत कहु जोत सवार,बोयो बीज अंगूरि पसार || हिमकर सिसर पुस्टि करि पोखिओ,चड़ै बसंत काटि करि सोखिओ ||२|| खट मासी पुनि एही कार,तंगल रंबे दाती सार || धंध बंध जंजाल पसारा,बरसा सोखा घाम तुसारा ||३|| दूख सूख अरु लाहा तोटा,आया गया कि पतला मोटा || श्रीचंद्र करि आयु बिताई,इक मन ह्वै नहिं भजिओ कन्हाई ||४||१०४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी गुवारेरी || दिन दुइ चार सुहाने भोग,बहुरो ग्रासिओ सोग विओग || म्रिग म्रिगत्रिसना को डहकायो,दौरत दौरत प्राण गवायो ||१|| सुख अग्रज ते अग्र सिधारै || हरि चंदौरी कै भ्रम मूठो, अनिक जतन चहि सुवरण अगारै ||१|| रहाउ || दामिनि दमक न कर महि आवै,केवल नैनन ही

चुंधिआवै ।। घाम पोट सिर काहुँ उचाई,सिहजा काहुँ चंद्रिका राई ।।२।। लोह मेख किहँ निद्रा परै,को उबरिओ करवत सिर धरै ।। गहि यरव्यणि किहँ प्रानी छोरा,मकर संग सिसु केलै भोरा ।।३।। सुख कै हेत अनिक दुख पावै,तऊ नहीं इक छिन लौं आवै ।। श्रीचंद्र गोबिंद सम्हार,मानुस जनम एक ही बार ।।४।।१०५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गई न आवहि बहुरो हाथ,पछुतावन पुनि होइ अकाथ ।। जनमत ही जो स्वास गयो है,अब लों वापस कबहुँ अयो है ।।१।। संत उचाई भुजा गुहारै ।। भव सागर महि सुख कै बोहिथ,फूटै छेक हजारै ।।१।। रहाउ ।। दहदिसि टूटी छूटी माल,रतन जवाहर हीरे लाल ।। तसकर खड़े गहै करवारी,ग्रीवा धरनि लोभ लग डारी ।।२।। मोती जीअरे कर नहि परै,अपन प्राण किओं अनरथ डरै ।। रे! इह सुख नहिं दुख की खाण,निघरत किओं दलदल महि जाण ।।३।। सुख किहँ चिता माहिं कुद पाया,नदी बहे किहँ सुख द्रिस्टाया ।। श्रीचंद्र भजि श्री रघुनाथ,सहिज सूख लहि होहि सनाथ ।।४।।१०६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। वेस्या रमत न आई लाज,जन गरीब को करत अकाज ।। द्रब्य चुराए नहिं सरमाना,बिरथा झगरत नहिं संकाना ।।१।। संतन संग लाज सिउं मरै ।। लोकालोक सदा सुख दानी,हाथ दीप लै कूपहिं परै ।।१।। रहाउ ।। नगन होत कछु नाहीं लाज,मिथिआ लाग बनायो पाज ।। मुख सिउं भाखत अधिक बड़ाइ,गंदी भड़ास दुरगंध बढाइ ।।२।। लाज न पहिरण भोगण भोग,लाज न पेखण लोग अलोग ।। लाज न जोग अजोगन करमै,लाज न बैठण ऊठण धरमै ।।३।। लाज न मरहिं देहि दुख लोग,लाज न लूटत पत नर जोग ।। श्रीचंद्र इक संतन संग,लाज मरत है नरकी ढंग ।।४।।१०७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। धन धरणी अरु भोग पदारथ,धीआं पूत संजोगी सुआरथ ।। धाम महल दिवानै खान,घने बरामद अधिक दालान ।।१।। त्रिपति नहीं पावत उर माहिं ।। ईंधन घ्रित सनेह तूलै सिउं,अगनी मिसमाई किहँ आहि ।।१।। रहाउ ।। मेदनि कीन न कबहुँ पुकार,मत बरसहु

बादर मंझधार ।। जलपति सरिता नहिं लौटाई,राज न अपनी अवध थिराई ।।२।। दस अंगुलि को उदर भरै है,त्रिसना आसा स्वरग हरै है ।। धन दाबै त्रिसना महि भूला,मदमत्त भा मिथिआ मद झूला ।।३।। लाख कोटि संखन लौं गिनहि,पाउन संग धरा नभ मिनहि ।। राम नाम श्रीचंद्र आधार, आसा त्रिसना लोभ निवार ।।४।।१०८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। बक बक अधिक गपौड़न संग,वाद वेद को चारत रंग ।। ठाकुर पाहन जान बबाड़ै,केती आमद भई दिहाड़ै ।।१।। मुख कथनी बदनी हित माइ ।। अंधे लोक न भगवत सूझत, आवत जावत लोग सबाइ ।।१।। रहाउ ।। तिलक चढ़ायो चोटी बांध,भुजा उलारी धोती सांध ।। संत नहीं माया वापारी,कौड़ी पैसा द्रिस्टि मझारी ।।२।। अंतरि कालुख द्रब्य उपाइ,बाहरि नाम निरंजन गाइ ।। रीसीं खीस परे मंझधार,सगले छोरे नरकन दुआर ।।३।। बिन साधू नहि पार उतारा,झख मारत डोलत संसारा ।। मन की मैल बिनासत जोइ,श्रीचंद्र तिस पग मल धोइ ।।४।।१०९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। पंडित वेद वाद महि राते,जोगी जोग पंथ बतराते ।। संनिआसी तप तिआग कमायो,उदासी विचरत सुख पायो ।।१।। मन मद माते परे कुराह ।। गिआन पदारथ जग क्रितारथ,स्वारथ तिआग अस्वारथ चाह ।।१।। रहाउ ।। तपसाहं तप सरब गवायो,जप करते नहिं जपु उर लायो ।। भगति गवाई बिन पर भाउ,नाचै टापै माया दाउ ।।२।। पूजारी चित माया खोर, गुफा अंधारी बांधिओ चोर ।। लीला रास रची रामदास,द्रब्य लोभ कीनो उपवास ।।३।। बिन चित्त उज्जल राम न आइ,माया कालुख काले थाइ ।। श्रीचंद्र उर दाग मिटाइ,राम आइ थिर पलंघ सुहाइ ।।४।।११०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। नौनिधि बैठी आसन डार,अस्टदसा सिद्धिन मल दुआर ।। भोजन खट रस छत्तीह जान,पट अंबर पसमंबर तान ।।१।। खाली थाउं न रती रहाई ।। दुहिता सुत नारी जामाते, सैन साक सनबंधी भाई ।।१।। रहाउ ।। इक आवहि इक जावहि धाई,रंगभूमि निज रूप

दिखाई ।। हाउ भाउ रचि दाव लुभावहि,भई भीड़ कछु वार न पावहि ।।२।। सुरग पाताल देव अरु देवा,धाइ धाइ आवत सरवेवा ।। तुलसी माला धूणी फहुड़ी,लोटा आसन चिमटा खौड़ी ।।३।। जंत्र मंत्र तंत्रन रस घिरे,लोभ काम आनंद स्थिरे ।। श्रीचंद्र जे होवै थाउँ,तब ही धरे राम आ पाउँ ।।४।।१११।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। गोबिंद गुण मन होहि पुनीत,जीवन मरन पछानै नीत ।। आनंद रस अम्रित त्रिपतासै,आसा त्रिसना लोभ बिनासै ।।१।। मुनि जन मुंडित मनहु विकार ।। ब्रहम लोक लौं सरब पदारथ,काक विस्ट लख किय निरवार ।।१।। रहाउ ।। आवण जाणा सोक न चिंता,लोक ग्रहण हित तंत न मंता ।। उसन सीत छाया नहिं धूप,ऊठण बैठण बोलण चूप ।।२।। रंक राव नहिं कंचन लोहा,निंदा उसतति सिहजा होहा ।। सेव असेवा बैरी मीत,मान अमान हरख भै भीत ।।३।। आनंद कस्ट भोग अरु मौत,वर सराप पुनि औतर सौत ।। जिहँ गिआनी कै नाहीं चीत,श्रीचंद्र ताहीं संग नीत ।।४।।११२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। मनमोहन गिरिधारी लाल,क्रिसन मुरारी राम गुपाल ।। दुखभंजन सिद्ध अंतरजामी,घट घट वासी जन के सुआमी ।।१।। नाराइण निराकार गुबिंद ।। मधुसूदन कैटभ हंतारै,माधव मरदन मान मुकंद ।।१।। रहाउ ।। जन प्रतिपालक देवन देव,पट अंतर को जानत भेव ।। अबिचल राज छत्र सिर सोहै,सुर नर देव सरब को मोहै ।।२।। जिअ जंत सभ को सुखदाई, खग म्रिग यख्य भुजंगन पाई ।। तुंबर नाच रिझावन हेतु,दूख मूल जिनि काटिआ केतु ।।३।। नाथ अनाथां मया निधान,सरब कला पूरन भगवान ।। ऊना नाही काहूँ थाउँ,श्रीचंद्र सद सद बलि जाउँ ।।४।।११३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। तन सभ दूख रोग भंडार,आधि विआधि उपाधि अपार ।। वात सलेखम गरमी ताप,भई मवेसी सन संताप ।।१।। कवन वस्तु प्रभु भेटा दीजै ।। नासवंत संतापी भासक,

अरपित अग्रज लाज मरीजै ।।१।। रहाउ ।। घोड़े रथ संबाह घनेरे,मंडप अटा महल उचेरे ।। धुजा पताका बन उपबना,रतन जवाहर माणक पंना ।।२।। रूपा कंचन मोती लाल,सुंदर वस्त्र रेसमि साल ।। हीरा चूनी मणि दमकंत,पहुँच न साकति कोटि पटंत ।।३।। अनिक विकारी वेड़िआ मन, आपहुँ रचि रमतो कामिन ।। श्रीचंद्र द्रिढ़ निसचय धारा,अरपहुँ सीस प्रभू उपहारा ।।४।।११४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। सखी सहेली मंगल गावहु,ननद गहेली निज सहु रावहु ।। देरानी जेठानी सास,देहु असीसां अनंद उलास ।। पति भेटहुँ पत रहहि हमारी ।। जनम मरण के संकट मेटहुँ,बहुड़ि न पावहुँ भवजल बारी ।।१।। रहाउ ।। ऊच नीच बहु पेखे थाउँ,भरि पानी कूपहि ते धाउँ ।। देही साड़ बनायो भोज,उपालंभ तऊ रोजहि रोज ।।२।। पितु महितारी किअ संतोख,अंतरि अगनि न उतरै दोख ।। भाईअन दै पिआर प्रतिपारी,सुलगी छाती बोझ अपारी ।।३।। रही मनाइ देविअन जाइ,आसा पूरन भई सबाइ ।। अविनासी भरतार मिलाई,श्रीचंद्र लड़ि द्रिढ़ पकराई ।।४।।११५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ खेलण कूदण सगरे छूटे,संग सहेली गई निखूटे ॥ मात पिता हूँ विदा कीनी,गठड़ी बांध जुदाई दीनी ॥१॥ ईहां ते अब जावहु ऊहां ॥ दुख की जहाँ निसानी नाहीं,मगन होइ आनंद समूहाँ ॥१॥ रहाउ ॥ भूख पिआसा सगल मिटाई,अंतरि वेदन पति हटाई ॥ मुख सिउं कहिओ न जाइ अनंद,घर की मालिक भई स्वछंद ॥२॥ काई वस्तु न गई निखूट,जगत लोग सगरे रहि लूट ॥ चोज तमासे अनँद विनोद,अधिक उछाह उमाह प्रमोद ॥३॥ जानणहारो पती परबीन, सगल समग्री अखुटी दीन ॥ करणहार हिरदै महि वूठा,श्रीचंद्र भव पूरिओ ठूठा ॥४॥११६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ संगी सदा गुबिंद हमारे,सगल भुवन निसि दौत सवारे ॥ ऊच महल महि किओ निवास,आगिआकारी दासी दास ॥१॥ कोई न आंख उचाइ निहारै ॥ नाग अस्व स्यंदन पत संजुत,पायक खरे दुआरै ॥१॥ रहाउ ॥ जाचित परजा लोग निआउँ,अनरथ होइ न कितहूँ ठांउँ ॥ जै जैकार सकल महि लोक,दूख रोग गए वेदन सोक ॥२॥ पंच दूत नित आयस माहिं,दस दासी

सनमुख नहिं प्राहिं ।। उर संतोख सरब जिअ दया,बद्जन कबहुँ न कोऊ भया ।।३।। जो जस चाहा सो तस पावा,ऊणी बात न विआपिओ हावा ।। श्रीचंद्र गुरु ब्रहम अपार,सरब सूख जा कै दरबार ।।४।।११७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। नित नित गुण गोबिंद प्रभु गावहु,अनंद सूख मंगल सभ थावहु ।। खेम कुसल कलिआन विनोद,जीवन लाभ सदा प्रमोद ।।१।। सद खुसिआं आनंद घनेरे ।। हरि हरि नाम रिदै सद वासे,दुस्मन दूत न आवहिं नेरे ।।१।। रहाउ ।। गिआन धिआन सुभ गुण भरपूर,सिद्ध समाधि सहिज सुख मूर ।। सिम्रिति वेद पुरान सिधांत,सरब साधु जन परम मतांत ।।२।। नारद सारद देव वडेरे,नाराइण भजि भे प्रभु नेरे ।। जनम मरण के दोख विनास,पद अनुभउ पाया परकास ।।३।। काम क्रोध अहंकार निवार,पहुँचे माधव के दरबार ।। श्रीचंद्र अविनासी देव,सिमरि सिमरि लहिऐ उर भेव ।।४।।११८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। साजन संत आओ ग्रिह मेरे,सदा निवास करहु इह डेरे ।। भजहु सबद गोबिंद गुपाल,दीन दयाल सदा किरपाल ।।१।। बाज बजावहु अमर अनंता ।। ताल मंजीर रबाब घुंघरू,चंग मुचंग उपंग रणंता ।।१।। रहाउ ।। मन वासै हरि प्रभु कै संग,कीरति भगती रंगिओ रंग ।। ऊजल होइ अनुभवै पाइ,तिहूँ लोक का पेखै राइ ।।२।। मिरतक के पावहु पुनि सास,सगरी पूरण ह्वै है आस ।। जनम जनम के पाप निवार,प्रगटावहु हरि जोति उजार ।।३।। मो गरीब की भुज गहि लेह,चरण धूड़ि डारहु इस देह ।। अनाथां नाथ दीन दुख भंज,श्रीचंद्र कहु हरि हरि संज ।।४।।११६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। अपने दास की राखहु लाज,पूरन होइ हमारा काज ।। बिघन निवार अनंद बरसावहु,संत जना कै मारग पावहु ।।१।। दोखी दुसमन सगल विनासै ।। राम नाम गोबिंद

गुपालहि,हरि हरि हरि प्रभु पंथ परगासै ॥१॥ रहाउ ॥ सरब जीव भव सुखी बसावहि,आनंद मगन राम गुण गावहि ॥ बाढहि वेद वाक्य वखिआना,गावहि गीत पुरान कुराना ॥२॥ जन गरीब को चरनी लाइ,सदा निवाजहि संग मिलाइ ॥ खत्री ब्राहमण सूद चंडाल,राम नाम जप होत निहाल ॥३॥ चूकै भारे जम दर केरे,सहिज सूख आनंद बसेरे ॥ हरि पूरन कीजै मन आस,श्रीचंद्र कहु उर भरवास ॥४॥१२०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी गुवारेरी ॥ मन महि सत्गुरु कीजहि धिआन,रसना जापहु गुणी निधान ॥ उठि प्रभात इस्नान करीजै,सतसंगत को दरसन कीजै ॥१॥ इन बिधि पावहु परमगते ॥ दीन दरद दुखभंजन सेवहु,गुरुमुख सिमरहु रमापते ॥१॥ रहाउ ॥ नाम सुधा रस मन त्रिपतासै,आसा त्रिसना लोभ विनासै ॥ निहचल धाम गोबिंद निवास,जनम जनम की उतरी पिआस ॥२॥ धरमराइ के कागद फारै,हरि सिमरत पायो हरि दुआरे ॥ बेणी संगम हिरदै न्हावा,अटल अचल अनरूप सु

थावा ।।३।। त्रिबिधि बिनासी आसा कूर,मंगल बाजै अनहद तूर ।। पंच सबद धुनिकार अनूप, श्रीचंद्र पेखिओ प्रभु रूप ।।४।।१२१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी गुवारेरी ।। संत संग निसचय हरि नाम,संत संग नित सुख बिस्राम ।। संत संग मन होइ प्रकास,संत संग आतम बिस्वास ।। १।। संत संग होइ परमगते ।। जनम जनम हउमै मल धोपै, परमातम नित वास मते ।।१।। रहाउ ।। काम क्रोध अहंकार विनासै,सुद्ध सच्चिदानंद प्रभासै ।। तुरीयापद सच्च तखत निवास,गुणनिधान हिरदै त्रिस्टास ।।२।। आचारा वीचार अनूप,प्रगटत गोबिंद सहिज सरूप ।। जीवन मुकत सदा किरपाल,सिमर सिमर जन भए निहाल ।।३।। सूख सांत आनंद विनोदा,हरि सिमरत उर मोद प्रमोदा ।। संत संग लहि अगम अपार,श्रीचंद्र रस नाम मुरार ।।४।।१२२।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।।

जहँ जाइऐ तहँ संग,है हरि अंतरजामी ।। घट घट पूरन सरब में,नाहीं कत खामी ।।१।। जीव रूप अनूप दयाल ।। सदा अनंद अनंदी मेरा,राम राम उर अंतरि लाल ।।१।। रहाउ ।। आतम रहस बहिस कछु नाही,हिंदू मुसलिम नाहिं विभाग ।। सागर नदी वाह नहि परबत,मंदर मसजिद बाग तड़ाग ।।२।। चक्र बक्र चकचार चलंता,गुपत प्रगट कछु नाहीं भेद ।। सतकारिओ नहि जात खदेड़िओ, भेड़ फेड़ ते सद निरवेद ।।३।। जान अजान समान जाहि कै,इकरस पूरन सरब थिरंत ।। मान अमान सद हरि गुण गाइऐ,श्रीचंद्र पूरण भगवंत ।।४।।१।।१२३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। जिनि किछु किया सो किछु जानै,किआ जानै अल्पग्य इह जीउ ।। नभ मेदनि तेज जल वाउ,किमि उपजै कैस मिलावा कीउ ।।१।। अगम अगोचर कथा अगाध ।। सुर नर असुर मुनी गण जोगी,हारे सिद्ध समाधी साध ।।१।। रहाउ ।। किहँ रचि प्रथम समायो किहँ बिधि, दुतिय त्रितिय चतुरथ पंचान ।। है पंचहि कि है कछु अपर भि,करता पुरुख ही करत पछान ।।२।। अणू प्रमाणू भाव अभावहि,उपादान समवाय विधान ।। कैस अनादी कैसहि मिथिआ,गिआन भानु कै कलपन ठान ।।३।। आइ गयो कै आयो नाही,सुपन पदारथ मिथिआ भान ।। ब्रहम कि माया श्रीचंद्र तजि,इक मन ह्वै करि रटि भगवान ।।४।।२।।१२४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। जिउं जिउं फुरत विचार घनेरी,मद विदिआ हूँ संग चलंतु ।। सागर गहिरे लायो गोता,कर कछु पाए निकसिओ जंतु ।।१।। आगै आगै आसा बाध ।। पुनि पुनि जाइ रसातल खोजत,लाभ लाभ ही रतन अगाध ।।१।। रहाउ ।। इक की चमक दमक उर पैठी,दुतीअ पेख विसमै

मन धार ।। त्रितिअ जोति महि मन को लायो,चतुरथ कीनो तिहँ मिसमार ।।२।। वरधत वरधत एऊ घट गयो,समरथ हीन भयो बिलखाइ ।। चमक रेख केऊ किरण भानु की,गिनि गिनि हारिओ उर विसमाइ ।।३।। कौ जानै केतक है ऐसे,केते जन भरमहि इत चाइ ।। रे नर! जा के एत पदारथ, श्रीचंद्र सिमरहु सत भाइ ।।४।।३।।१२५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। किउं करि आयो किउं करि जैहै,किहँ कारण ते करम कमाइ ।। करम जाल ते किमि करि छूटै,मुकति पदारथ किउं करि पाइ ।।१। मन रे,तजि सभ नाम धिआइ ।। बंध मुकत करम निहकरमा,भरम अभरम न उर महि लाइ ।।१।। रहाउ ।। बनै न बनहै छुटै न छुटहै,अघड़ घड़िओ नहि जाइ कदात ।। आपहि रचहि आप बिनसावहि,पुनह उपावहि देवहि दात ।।२।। खोस लेह तौ वस न चलत कछु,जौ देवहि तौ नाहिं मुकात ।। जौ करि वाट दिखालन धावै,गहबर बन महि आइ पदात ।।३।। जे करि मारग जात भुलावै,धरम दंभ पिखिऐ अवदात ।। श्रीचंद्र सद राम सिमर मन,भरम भुलावा सभ मिट जात ।।४।।४।।१२६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी पूरबी || आपन ही मन भरम उपाए,आपन ही निरवारै || जिहँ आपन ही सागर खोदिओ,कैसे उतरहि पारै ||१|| पूछन बात न तहिं बनि आवै || आपन लाया करमन लागै,छूटत नाहिं छुटावै ||१|| रहाउ || अगम अगोचर सद अविनासी,गुरु मेखलि गड दीनी || उतरत चढ़त नाम रस माता,आवण जाण न चीनी ||२|| मगन भए ते सूख न दूखा,बन बेहड़ पुर गामा || कंट अकंटक दीसत नाहीं,नरक सुरग परधामा ||३|| आई गई न रही चलाई,गई चढ़ाई दौरी || श्रीचंद्र इक राम नाम संग,द्रिढ़ करि पाई कौरी ||४||५||१२७||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी पूरबी || गिआन धिआन सभ मन ते उपजै,मन ही को बंध लीनो || सात समुद्रन ते हूँ गहिरै,डूब न आपन चीनो ||१|| मन रे! राम नाम इक सार || डूबण तरण न कर महि राखिओ,एऊ अंतरि भार ||१|| रहाउ || कित बूडण कित तरण होत है,भवजल है केऊ नाहीं || बूडे तरे तरे भव बूडे,लिखी पुराण कथाही ||२|| धरमी भए अधरमी केते,करम अकरमी केते || देव कि भूत प्रेत को ऐ

है,वाद विवाद संकेते ॥३॥ कामी सभै नरक महि जैहैं,सुरग अकामी वासै ॥ श्रीचंद्र इक राम नाम तजि,बहु लोगन बकवासै ॥४॥६॥१२८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी पूरबी ॥ गई न आवहि आई न जावहि,कलपन तिआगहु भाई ॥ आई गई न हाथ तुमारे,फोकट जलपन भाई ॥१॥ करते आपन हाथ रखाई ॥ जिउं जानत है तिउं ही करता, मानव किआ करि पाई ॥१॥ रहाउ ॥ चले बिवाहन लाड़े लाड़ी,मंगल साज सजाए ॥ बटपारन मारग आ घेरिओ,घाट मिरत अपड़ाये ॥२॥ मारत कोटिन कोट सत्रु गन,नर नारी नहिं संका ॥ बिललावत पिखि द्रब्य मन अंतर,तिआगिओ नाहिं अतंका ॥३॥ खिन महि चंड प्रचंड अनल सम, खिन महि सीत शशांका ॥ मन की करता ही गति जानहि,श्रीचंद्र हरि बांका ॥४॥७॥१२९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी पूरबी ॥ करते पुरुख उपायो ऐसा,ता को कउन सुधारै ॥ नर बपुरा जौ उदम करता,तौ उलटो भुइं पारै ॥१॥ सभ बिधि करते हाथ गुसाई ॥ जिउं उहि राखहि तिउं ही रहिणा,चालण

तिवै चलाई ।।१।। रहाउ ।। को नहि चाहत सुरग सिधावा,को चहि नरके जाणा ।। को नहि राज सिंघासन चाहै,को चहि मंग मंग खाणा ।।२।। को नहिं चाहत उपमा प्रभुता,को चहि निंद सुनै है ।। को नहिं चाहत नामवरी को,को चहि नाहि जनै है ।।३।। साढे तीन हाथ को पुतला,अल्प आयु को पाई ।। कैसे लेह आकासहि मापी,श्रीचंद्र गुन गाई ।।४।।८।।१३०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। ससै सींग को धनुष लियो करि,तीछण बिसिख संधायो ।। अस्व पवन असवारी चड़ि कै,बंधिआ पूत सिधायो ।।१।। मन रे! वाक प्रपंच जंजार ।। राम नाम को सिमर आसर,गुरु मूरति आधार ।।१।। रहाउ ।। गगन नगारा धम धम धमका,चमकाई करवारी ।। अणजंमे धर मार गिराए,जीत भई रणकारी ।।२।। जनम अजनमे कैसे गिआना,अधिआनहि कस धिआना ।। भरम अभरमहि धरम अधरमहि,अन कथनहि वखिआना ।।३।। जानहु जान सुजान विचारहि,राम नाम इक ओटा ।। श्रीचंद्र सिमरहु दिनरैणी,नहिं विआपहि कबि तोटा ।।४।।९।।१३१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी पूरबी || अरब खरब लाखन कौ राजै,त्रिसना काहु न बूझी || अणहोवत की होवनि थापी,अगम अगाध असूझी ||१|| मन रे,आसा त्रिसना तिआग || साधु संग भजि नरहरि गोबिंद, नाराइण वडभाग ||१|| रहाउ || भलो बुरो जो तैं ही संचिओ,सो भोगहिंगे पिआरे || सिमरण अगनी ऐतक जालहु,बन काठ भसमारे ||२|| सागर लहिर बहाइ लिजावहि,त्रिण भारहि बरिआई || राम नाम के सिमरण भीतरि,अनंद मगन विसमाई ||३|| मन ऊचहि ते ऊच न जानहि,होइ नीच नहिं नीचा || माधव अविनासी अविगत हरि,श्रीचंद्र उर खीचा ||४||१०||१३२||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग गउड़ी पूरबी || जो दिन गयो न आयो कबहूँ,स्वास गयो कबि आयो || संगी साथी साजन बंधप,गयो न कबहूँ पायो ||१|| इत उत के सभ छोडि खिआल || दीन दरद दुखभंजन सुआमी,भजि गोबिंद गुपाल क्रिपाल ||१|| रहाउ || गए राज नहिं बहुड़े कबहूँ,गई न युवा थिआई || गई नारि कुलवानन केरी,घर महि नाहि बसाई ||२|| लज पति खोई भी बदखोई,धोई कबहुँ न धोई || बध कियो निज मित्र जान कै,रोए ते किआ होई ||३|| मानुस जनम न बहुरो मिल है,जान लेहु मन

मेरे ॥ सिमरि सिमरि प्रभु अपना सुआमी,श्रीचंद्र उर धैरे ॥४॥११॥१३३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग गउड़ी पूरबी** ॥ सूरज चंद सितारिअहुँ,रंग खिन खिन बदले ॥ बिजली किरणा जोति खट, थिर नाहिन जदले ॥१॥ गई जवानी बहुर न पावहि ॥ करि सिमरन इक मन गुरुमुख होइ,नहि पाछे पछुतावहि ॥१॥ रहाउ ॥ जल प्रवाह नहि पुनि फिर आयो,तेल बलिओ दीपाई ॥ मास पक्ख रितु बासर अयनहि,संवतसर चक्राई ॥२॥ उदर अंन नर नारी मंडल,चलिओ जात नहिं बंना ॥ केती बार उपायो करते,केति बार भव भंना ॥३॥ केते जुगन चौकड़ी पलटै,रिखि मुनि गए सिधारे ॥ श्रीचंद्र इस काल चक्र सिउं,कालहि लगि निस्तारे ॥४॥१२॥१३४॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग गउड़ी पूरबी** ॥ नाम धिआइ परम सुख पाइऐ,अद्भुत रंग रंगारे ॥ ऊच महिल चढ़ नीचै ताकै,सुख दुख कीरे कारे ॥१॥ मन रे! नाम जपत जन धीर ॥ सुधि बुधि बिसरि बिलानी मनसा, बिनसी हउमै पीर ॥१॥ रहाउ ॥ नीचा ऊचा त्रिसना पिआसा,दूख भूख तबि होई ॥ तन सुध जब

लग चिंतन शक्ति,इह अनुभव जन लोई ।।२।। एकै रंग मस्त मतवारो,गंध सुगंध न बूझै ।। नैन खुमार न दीसत लोई,चढ़ै विमान अगूझै ।।३।। प्रेम पिआला भर करि पीता,उलटि गई सभ भीता ।। फिरिओ फेर उलटायो आपन,श्रीचंद्र रंग रीता ।।४।।१३।।१३५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। आदि अपार अगंम तरोवर,फल अम्रित सरसाए ।। बिन जिहबा दाँतन के दाबै,गुरुमुख वर रस पाए ।।१।। उनमनि सुखमनि सहिज समाना ।। लाख पताल अकासन भीतरि, बिचरो बिना विमाना ।।१।। रहाउ ।। हीरे लाल जवाहर माणक,पन्ना मणी अपारा ।। मोती कंचन रूपा अगणत,वसतू भरे भंडारा ।।२।। कोटिन कोटि भानु परकासित,चंद्र चंद्रिका फैली ।। चमक बिजुरी नैन न चौंधित,कौंधत गरज पहेली ।।३।। तुपक धमाका मंडल दसवें,अनहद नाद वजाया ।। अमर भए रंग अमरी राते,श्रीचंद्र हरि राया ।।४।।१४।।१३६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। जबि भेजत तबि आवत धरणी,मात पिता सनबंधा ।। जबहि बुलावत तब

उठि जावत,नहिं बाँधे को बंधा ।।१।। राचि रहिओ रचना भगवान ।। मन बुधि सूझ बूझ नहि काई,कवन निमित्तहि को उपादान ।।१।। रहाउ ।। कवन संजोग मात पितु कीनो ।। साक सैन साजन सख बंध ।। कवन काज करि भोजन देतो,कहा कहा लै चालत धंध ।।२।। अंधे खूह अंधेरा ढोवत, वाचत वेद न भेद जनात ।। करता पुरुख विराजित हिय महि,बातन ते नाहिन पतिआत ।।३।। कथनी बदनी कहनि कहावनि,कथि कथि केते चल गए बीर ।। नाम नाराइण एक अधारा,श्रीचंद्र रुचि प्रेम गहीर ।।४।।१५।।१३७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। पंथ कुपंथ प्रगटत भए,सत्त बानी कूड़ा ।। हउमै ममता मोहणी महान,मोहै नर मूढ़ा ।।१।। वरतारा कलु केर भयाना ।। लंबी दाढ़ी स्वेत भल राखी,दंभ कपट दुहकरम खजाना ।।१।। रहाउ ।। जटा धार नख वरधते लखो,बंचन हित धारै ।। मूँड मुँडाइ धर बिचरते,भए लोभ अंतरि कारै ।।२।। नीले लाल स्याह हरित पीत,अंबर धर सेते ।। कानन मुद्रा धार लिय जिनहिं,रचि धरम निकेते ।।३।। बखसस अपनी हम पर कीजहि,नाराइण गोलोकी ।। नाहिन चाहहुँ संगति इनकी,श्रीचंद्र निरझोकी ।।४।।१६।।१३८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। घेरी गाय कसाईअन जाइ,किह बिधि प्रजा छूटहिगी ।। बादसाह हथ छुरी गहाई,बिप्र ओर उभ जूटहिगी ।।१।। दाँत काढ धाए बड सुआन ।। फिरत मुकद्दम खोजत खुंदर,फसत कैस बिधि को धनवान ।।१।। रहाउ ।। पेट भरन हित रोटी राखी,पहिरन हित कछु बसना ।। परण कुटी रचि आयू काटत,गहि लीनो निज दसना ।।२।। राज नरन पित सनमुख कन्या,धर करि भोग कमायो ।। माता पिता सुत पेखत लूटी,न्याव ढंढोर पिटायो ।।३।। छोरहि द्रब्य न हन गुरु चेला,अंतरि कालुख काले ।। राम राम बिन अवर न सूझै,श्रीचंद्र रहिओ सम्हाले ।।४।।१७।।१३९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। मानुख खावत प्रणक अहिंसी,हड्डो रोड़ी कुत्ते ।। मुँह लागा लहू छूटत नाहीं, असथ हिलोरन जुत्ते ।।१।। गिद्ध काक चीलाँ मंडराहीं ।। पेख म्रितक दहदिसि ते धावत,द्रब्य की सूँघ सुंघाही ।।१।। रहाउ ।। आमिख रत्ती भरि हूँ जौ लग,तिआग न कहूँ सिधावैं ।। एक अघाइ भई कछु पाछै,चार ओर मिलि घावैं ।।२।। जाल मसाल ढूंढिऐ सभ भव,न्याव न पाई ठौरा ।। पृथवीपति ते राजनरन मिलि,धन टोरन हित दौरा ।।३।। दुहिता इज्जत हित पुकार किय,उलटी और लुटाई ।।

राम राम करि स्रुत दै अंगुलि,श्रीचंद्र दिन हाई ।।४।।१८।।१४०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। महा जनाही परम गुनाही,राजन राज सदावैं ।। पंडित काजी मुल्ला गिआनी,महा कुकरम कमावैं ।।१।। राम राम करि दिन गुजराइ ।। धरमी बड़े कहावत जेते,तिनि ते नरक डराइ ।।१।। रहाउ ।। मानव मारत काण न करते,रख्यक गोधन जेई ।। अस्वन पाई प्रजा लताड़त,प्रजापाल कहि तेई ।।२।। सत्त असत्य न बूझ परत है,पाहन भोग नैवेदै ।। खेद मिटावन के हित गमनिओ,परिओ जाइ महा खेदै ।।३।। फल अधरम को धरम महाना,धरम अधरमहि जाना ।। क्रिपानिधान मया सागर हरि,श्रीचंद्र थहराना ।।४।।१९।।१४१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। कर दीपक लै ढूँढ देख मन,सच संतन बिनु नहिन बसाई ।। दुगध शेरनी कंचन बासन बिनु,नहि ठहरत जतन कराई ।।१।। कूड़ो कूड़ कूड़ संसार ।। जनमत कूड़े बंधन बांधे, म्रितक कूड़ी करत पुकार ।।१।। रहाउ ।। ऊठत कूड़े बैठत कूड़े,कूड़ो बोलत ररत गुहार ।। कूड़ो नारी कूड़ो पूतै,कूड़ो वरतत कार बिहार ।।२।। कूड़ो राजा कूड़ो परजा,कूड़ अमीर दिवान वजीर ।। कूड़ो

नाचहि टापहि कूदहि,कूड़ो कूड़ी परी बहीर ॥३॥ कूड़ो मंदर देव देवालै,कूड़ पारखद सालगिराम ॥ कूड़ो मोहन भोग निवैदिओ,श्रीचंद्र कूड़ी ररत नमाम ॥४॥२०॥१४२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी पूरबी ॥ कूड़ो धरम थाप रचि देवी,ए नहि भोगति महिखे मास ॥ कूड़ो खोड़सि बिधि किअ पूजा,कर उचाड़ नहि किअ धिरवास ॥१॥ कूड़ो राम सिया थप रावन ॥ लछमण भरत शत्रुहन कूड़ो,कूड़ी लोग बधाई भावन ॥१॥ रहाउ ॥ कूड़ी रास रचाई गोपी,कूड़ी बंसी कान्ह बजाई ॥ कूड़ मुहम्मद भयो पैगम्बर,कूड़ो कूड़ी दई दुहाई ॥२॥ कूड़ो पीर कबर महि बैसा,कूड़ मसीहा गगन थिरायो ॥ कूड़ो कागद कलम स्याही,कूड़ रचि आखिआन सुनायो ॥३॥ कूड़े गड़िओ कूड़ हित प्रापति, कूड़ लहिओ कूड़े लपटाइ ॥ श्रीचंद्र तजि कूड़ो कूड़ी,सच संतन लागै पाइ ॥४॥२१॥१४३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग गउड़ी पूरबी ॥ देव देवालै मंदरी घनी,पूजा करि विस्तार रचाई ॥ देवसरी यमुना

नरमदा,महिमा लिखि लिखि भव भरमाई ।।१।। पातक लहहि न सत सर न्हाई ।। जो चमटे मन अंन सिउं,बकन बात कत जात पराई ।।१।। रहाउ ।। हज्ज कियो लख कोटि बार मै,पाहन नहि बोलिओ ।। चद्दर ओढ़ी हाजिआं बड़ी,खीसन टकटोलिओ ।।२।। मरकट हितु कुज्जी गड़ी,धरा चनकहि भरमायो ।। दाने मक्की लख सूआ अयो,नलिनी लटकायो ।।३।। निवरत पाप न मनहि ते,इयों डहकंत लुगाई ।। श्रीचंद्र संगति साधू बिना,कसमल नहिं जाई ।।४।।२२।।१४४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी पूरबी ।। अंधी दुनिआ अंधे मनहि,अंधो किया पसारा ।। अंधे अंधा करम कमावणा, अंधी बहि धारा ।।१।। पढ़त कुरान पुरान अनेक ।। वेद सासत्र अरु सिम्रिती,वाचक सावण भेक ।।१।। रहाउ ।। अंधे आगू नर गन प्रेरे,अंधे मारग डारे ।। अंधे भवनिधि गहिरे बूडत,किउं करि उतरहि पारे ।।२।। दानी दान दिवावत अंधे,अंध नदी का तीरा ।। अंधी गाय चुँघावति बछरू, अंधे पीवत खीरा ।।३।। अंधे करम धरम भ्रम भूले,अंधे लोकन आसा ।। श्रीचंद्र साधू सतगुरु इक, राखत नैनन पासा ।।४।।२३।।१४५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी चेती ।।

सत संतोख जास धन पल्लै,तोट न कबहूं आवहिगो ।। लोक अलोक सदा होइ सुखिआ,गोबिंद माहि समावहिगो ।।१।। रे मन चक्र चुरासी मेट ।। हरि हरि नाम संग लिव लागै,होइ न जम सिउं भेट ।।१।। रहाउ ।। जान अजान भयो किमि बावर,जनम मरण दुख भारी ।। जम जंदाल दंड सिर मारै,किस पहि करहि पुकारी ।।२।। जिनि साजन के संग लाग कै,अनिक कमाए पापा ।। जब ही जमदूतन गहि बांधिओ,कलपहि एक कलापा ।।३।। भजि गोबिंद सरब सुखदाता,तो कउ अंत छुड़ावै ।। श्रीचंद्र भगवंत भजन बिनु,बिरथा जनम सिरावै ।।४।।१।।१४६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी चेती ।। पाप कलापन खापनहारा,एकहि गोबिंद नामा ।। आगै मारग लंबा घाटा,

नहिं ता महि बिस्रामा ।।१।। जप मन राम नाम सुख होइ ।। सूख सहिज आनंद मंगल रस,बिघन न लागै कोइ ।।१।। रहाउ ।। अंधकार महिं नाम जोति सिउं,वसतु अनूपम सूझै ।। मिटि अगिआन पाइ प्रभु नामहि,अगम अगोचर बूझै ।।२।। जहां जहां कछु गुप्ती घाटी,चित्रगुप्त बतरावहि ।। राम नाम के तेज प्रतापै,सरब सूख निधि पावहि ।।३।। अगम पंथ महि रमते रमते,तरुवर सीतल छाया ।। श्रीचंद्र प्रभु सिमरन केरा,मारग मुकता पाया ।।४।।२।।१४७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी चेती ।। काल पिता मुर मनसा माई,जिनि मो कउ उपजायो ।। दया धरम जत सत संतोखै,भाई बहिन बनायो ।।१।। भव को खेल पिखिन हित आयो ।। नर किमि करै प्रभू किमि भाखै, अचरज लख विसमायो ।।१।। रहाउ ।। आपन साज समाज रचायो,बैठन उठन टिकाने ।। आपन मंगल गीत गवाए,आपन नेर बहाने ।।२।। खिन महि शंकर होत क्रिपाला,देत विभूति भारी ।। आपन तन पै बसन न लीनो,नेत गही गिरिधारी ।।३।। माइ निरासी रोइ बिछुंनी,पिता भयो बनवासी ।। सत्गुरु बंधन काटि विडारै,श्रीचंद्र अविनासी ।।४।।३।।१४८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग गउड़ी चेती ।। सनै सनै खिस जाइगो,जेतो है भव भोग भंडारा ।। जब ते स्वास परिओ तन माही,तब ते बहिओ जात परनारा ।।१।। काहे नर नहि करत उबारा ।। बैठे खावत खावते खायो, जावत निखल भंडारा ।।१।। रहाउ ।। परे चोर ग्रिह मूस रहे है,नाहिन पाहरू करि हटकारा ।। अंध निसा वथु सगरी हर ली,सोइ रहिओ मद मत्त गवारा ।।२।। दूर देस मग अती गाखड़ो,पोट उचाई भारी छारा ।। अस्व स्वास बहु भागहि लादिओ,थाक परै किहु चलै न चारा ।।३।। जंत्र मंत्र औखध रस धातू,महा रोग को नहि उपचारा ।। सभ संतन इक राम नाम ही,श्रीचंद्र धुनि ऊच पुकारा ।।४।।४।।१४६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। कूड़ै गंढणि गंढि कै,सभि लोक सुणाए ।। जन की रखिआ कउ हरी,पग पनही न पाए ।।१।। ग्राह ग्रहिओ गज हेतु प्रभु,कट तंतु छुडाए ।। लज्जा राखी द्रौपदी,बसनन न हराए ।।२।। लाखों नारी अब पिखै,दुस्टन सत हाए ।। भूत भवानहि मेल करि,निसचिंत कहवाए ।।३।। चिंत भवन मन पर रहिओ,हरि पार लंघाए ।। तुम बिनु कौन समोधई,हे करता राए ।।४।। अगम अगोचर पारब्रहम,गोचर हो आए ।। वाक्यन काल बितीत भा,श्रीचंद्र अलाए ।।५।।१५७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पारब्रहम समझाइऐ,हरि विग्रह धारी ।। कहुँ कमलज कहुँ रुद्र भा,कहूँ भयो मुरारी ।।१।। चामुंडा नैना भयो,कामाख्या कारी ।। रामचन्द्र राधापती,बंसी गिरिधारी ।।२।। सालगिराम दुआदस लिंगी,असवद संगारी ।। मसजिद देव दिवालयां,गिरजन विस्तारी ।।३।। सत्त असत्त न बूझिऐ,जन भंवरि मझारी ।। सत्गुरु मेलहु दया करि,जोऊ पार उतारी ।।४।। गति मिति तब ही लख सकउ,कछु अनुभउ सारी ।। मोह विनासै श्रीचंद्र,सत साध संगारी ।।५।।१५८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। आरय सफा उठाईआ,जैनी आसीने ।। बौधी ते पुनि बिप्र करि,गोले परबीने ।।१।। खलजी तुगलक लोदीआं,सैयद सूरीनै ।। मुगल थापे पातसाह,धरि तेज नवीनै ।।२।। रुंड मुंड कटि तुंड सों,भुजदंड बलीनै ।। बहुत बारि नारी धरनि,पट लाल ओढीने ।।३।। क्रिसन राम निज जनम थल,मसजिद संगीनै ।। विस्वनाथ कूपै गिरा,भयधार मलीनै ।।४।। जहां देवालै नहि रहिओ,किमि कलकी चीनै ।। परमेस्वर श्रीचंद्र किमि,कहियत बल हीनै ।।५।।१५६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। मूढ न जानै आप कउ,पर कउ किमि जानै ।। अधिआतम सत करम बिन,पठि पुस्तक नानै ।।१।। धरम न जानी धारणा,किमि धरम बखानै ।। संजम नियम प्रवेस नहि,जत सत किमि भानै ।।२।। चउसठ विद्या हीन नर,किआ वेदन गिआनै ।। सरफ नाभ बिन किआ लखै,करि पाठ कुरानै ।।३।। इक इक जानणहार को,गुरु कहि परमानै ।। सभ गिआनी सत्गुरु लहहु, आतम परधानै ।।४।। पाहन बोड़िओ हिंदूअन,सण मुसलमानै ।। बिन सत्गुरु श्रीचंद्र हरि,नाहिन

अनुमानै ।।५।।१६०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। विद्या अनिक प्रकार की,अक्खर गन माला ।। आदि अंतु नहि पाइऐ,आखियानन जाला ।।१।। अपरा परा बखानिऐ,तिनि नाम रसाला ।। घसि घसि बहुरो पार पर,अनुभउ रंग साला ।।२।। स्रोत नेस्ठा उलंघ करि,जोती उजिआला ।। हरि की किरपा कटाख्य ते,छुटि ग्रंथि विसाला ।।३।। सारद नारद तुंबरू,हाहा हूहू नाला ।। उमा रमा ब्रहमाणीए,संगिआ पद डाला ।।४।। मया अगोचर पावई,सत्गुरु पद आला ।। परमेस्वर कउ श्रीचंद्र,अंग संग निहाला ।।५।।१६१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जिसु जन अपनी मया ते,हरि संग मिलाए ।। किआ उपमा तिहँ की कहाँ,किछु वरणि न जाए ।।१।। जिहबा कउ स्त्रुत नहीं है,स्त्रुत जिहब न पाए ।। अणबण ही जे बण परे,अणबण किउं गाए ।।२।। कछु कछु है परदे थिरा,सुनिअत सबदाए ।। सत्त बिना नहि परसिऐ,झाती लखि

पाए ॥३॥ रूप न रंग न रेख भेख,नहिं चिह्न लखाए ॥ सरकत करकत भीतरों,गूंगो बक्ताए ॥४॥ बिन सबदै कै सबद है,बिन द्रिग दरसाए ॥ श्रीचंद्र संतन कहा,नाराइण गाए ॥५॥१६२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ किआ कहिऐ इस रसन ते,परि घूमनघेरे ॥ तुमरे गुण हैं हे प्रभू,कै हैं इहु मेरे ॥१॥ गुणी बिना गुण कहूँ नहीं,पेखै हम ढेरे ॥ जे तुहि गुण तौ गुणी तुम,किउं नाहिन हेरे ॥२॥ मथुरा मिथिला अवधिपुरी,दुआरावति नेरे ॥ कासी सुदामा वंतिका,जेतक हैं डेरे ॥३॥ तीरथराज भागीरथी,कालिंदी जेरे ॥ गया खेत्र हरि हर लहा,कुरुखेत्र निबेरे ॥४॥ पुस्कर अपर कटाख्य पिखि,हिंगलाज बसेरे ॥ गुणी न लहि चक श्रीचंद्र,जक परिओ बडेरे ॥५॥१६३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ जो हरि नाम न जापिऐ,उर जालै दावा ॥ गुण मन गुणी समालीए,म्रितु छुटै न धावा ॥१॥ कवन दिसा अब भागीए,को मिलत न रावा ॥ तन भीतरि मन वास है,अन कहूँ न ठावा ॥२॥ पारब्रहम मन दुइ नहीं,जहि निसचय पावा ॥ मन सनमुख मनमुख कहा,गुरुमुख न रहावा ॥३॥

तन अनंत मन हूँ अनंत,एहि भेद भ्रमावा ।। एकी भाव न होत कबि,लख किए उपावा ।।४।। सतगुरु नाम द्रिढ़ाइआ,कछु झलक लखावा ।। सतगुरु मग श्रीचंद्र चलि,सुख खेम समावा ।।५।।१६४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। बलिहारी गुरु आपणे,सद सद बलि जाउं ।। गुरु किरपा ते पाइऐ,हरि अगम अथाउं ।।१।। सतगुरु तुट्ठा देवई,अम्रित प्रभु नाउं ।। सतगुरु परसाद ते,सदा सच्च रहाउं ।।२।। सतगुरु चरनी लगिआं,नाही जम थाउं ।। सतगुरु सबदी मेलिआ,सच प्रेम सुभाउ ।।३।। जनम पदारथ सफल ह्वै,गुरु सबद कमाउ ।। जपु तपु संजम दया धरम,गुरु सबद समाउ ।।४।। सरब पदारथ सभ फला,गुरु तुट्ठे पाउ ।। जग महि सतगुरु पूज है,श्रीचंद्र महाउ ।।५।।१६५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। गुरु परमेस्वर पारब्रहम,निरंकार अभेव ।। गुरु गोबिंद गोपाल राइ,गुरु ही सुरदेव ।।१।। अठसठ तीरथ गुरू है,गुरु ब्रहमा सेव ।। कामधेनु गुरु पारिजात,गुरु हरता भेव ।।२।। रोग निवारक चिंतामणि,सतगुरु लख देव ।। कारण करण करावणो,सतगुरु जग देव ।।३।। जंत्र मंत्र

तप सिद्धि फल,सत्गुरु ते लेव ।। नारद सारद सत्गुरू,पद नाद यतेव ।।४।। रिद्धि निद्धि सत्गुरु है,गुपतो प्रगटेव ।। सत्गुरु सभ सिर आइआ,श्रीचंद्र लखेव ।।५।।१६६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। गुरु बिनु झखण झखीऐ,भरमैं संसारा ।। गुरु बिनु भवजल निधि बिखै,बूडत नर नारा ।।१।। गुरु बिनु गुण नहि जापई,अंधिआर उजारा ।। गुरु बिनु जग बन पाइ कै,पावत नहि पारा ।।२।। गुरु बिनु न्हाइऐ सुरसरी,सिर पापन भारा ।। गुरु बिनु वेद पुरान पठि,बाधिओ जंजारा ।।३।। गुरु बिनु पढ़त कुरान को,दोजख महि डारा ।। गुरु बिनु करम कमावणा,उर पावक बारा ।।४।। गुरु बिनु उरझत दंभ महि,जपु तपु यग्य दुआरा ।। गुरु बिनु सत्त न बूझई,श्रीचंद्र गवारा ।।५।।१६७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। संतन तन मन सौंपिआ,सुख सहिज समाया ।। संत चरन मन लाइकै,रस आनंद पाया ।।१।। संत क्रिपाल दयाल हरि,प्रभु दरस दिखाया ।। संत क्रिपा ते जागिआ,नहि सुपन भुलाया ।।२।। संत संग लहि राम नाम,परिहर उर माया ।। मुहि संतन का आसरा,तिहुँ लोक धिआया ।।३।।

संत प्रसादि तीरथ सफल,जम पंथ पराया ।। संत द्रिढ़ाया धरम करम,सत मारग भाया ।।४।। संत वाक सतलोक ते,सत ले भव आया ।। श्रीचंद्र सत संचिआ,सत परिचै लाया ।।५।।१६८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जे नाराइण पावणे,मन इछ तुमारे ।। सेवहु साधू भाउ करि,साचै दरबारे ।।१।। सच्चे मारग पाइ कै,सभ पाप बिदारे ।। बिन साधू नहि बिनस है,कूड़े पासारे ।।२।। साधू जापु जपाइआ,रस राम रमारे ।। साधू परमेस्वर भया,हितु लोक उधारे ।।३।। लाख कोटि महि एक जन, विरला संसारे ।। सत्त तुपक हरि दारुऐ,लख माया डारे ।।४।। जीत वासना त्रिहुँ गुणी,धौंसा धुंकारे ।। वजी वधाई श्रीचंद्र,दिग जै जैकारे ।।५।।१६९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। गुरु पूरे ते पाइऐ,हरि नाम अमोला ।। प्रेम पदारथ अमल रस,थिति सदा अडोला ।।१।। तोटा मूल न आवई,खाणी मणि लोला ।। गोबिंद राम नाराइणै,माधव मुख बोला ।।२।। मन तरंग थिर अंतरहि,लिव तार न डोला ।। बाद तिआगी कलपना,रंग लाल सु चोला ।।३।। अघ

ओघन बिनसावई,प्रभु नाम अलोला ।। संजम सत संतोख ब्रत,हीरे बड मोला ।।४।। मज्जन अठसठ कीनिआ,अम्रित झकझोला ।। सहिज समाया श्रीचंद्र,गुल गोलन गोला ।।५।।१७०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। हरि की कार कमाइऐ,गुरु पूरे पाई ।। सुधा नाम उर माया,सभ त्रिसन बुझाई ।।१।। काम क्रोध अहंकार लोभ,मुह चोर पराई ।। अनिक जनम की लग रही,छूटी उर काई ।।२।। मानस तन दुरलभ महा,सोझी फुर आई ।। कूड़ प्रपंच बिडारिआ,सच अंतरि पाई ।।३।। दुबिधा दुरमति दूरि करि,गुरुमत बिगसाई ।। बिख बिखिआ चितवत नही,रम राम गुसाई ।।४।। साधु संगि कै बासबे,कलिमल न रहाई ।। हरि हरि हरि हरि श्रीचंद्र,हरि हरि लिवलाई ।।५।।१७१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अघ ओघ रत पापीआ,हरि राखहु दुआरे ।। लोभ लागि हिंसा करत,उर दया

बिसारे ॥१॥ लूक कमावत जगत ते,तुम पेखत सारे ॥ जपु तपु संजम करम रत,परपंच विथारे ॥२॥ अंतरि अहनिसि रम रही,माया ममता रे ॥ साचो धरम न सूझई,कालम सिउं कारे ॥३॥ किआ कहिऐ मन इस की,क्रितघन महा रे ॥ राम नाम जानिओ नहीं,संतन पग पारे ॥४॥ जहँ जाइऐ थूकि थुकि,ध्रिग ध्रिग कहिता रे ॥ अपराधी निरगुण महा,श्रीचंद्र तुमारे ॥५॥१७२॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ बिन जिहबा जो जापिऐ,को जानै नामा ॥ बिन नैनन जिहँ पेखणा,को रूप ललामा ॥१॥ बिन स्त्रवणा सुणि हरखई,को वरणभिरामा ॥ घ्राण बिना जिहँ गंध लहि,को कुंद सु जामा ॥२॥ कर बिन जाहि कमाइऐ,को ऐसो कामा ॥ पग बिन जहँ पधारिऐ,को है वह धामा ॥३॥ त्वक बिन जाहि सपरश है,को वसतु सु आमा ॥ बिनु मन को फुरनो जिसहि,को भनिऐ सामा ॥४॥ बिन बुद्धी के बोध जिहँ,को भासत तामा ॥ पारब्रहम श्रीचंद्र प्रभु,पूरन बिस्रामा ॥५॥१७३॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। साधु चरन रज सेविऐ,मन इच्छ पुजाई ।। दरसन भेटत साधु का,दुरमति दूर धाई ।।१।। पानी ढोइऐ सीस करि,नम्रित थिर थाई ।। पक्खा ढोरत नवनिधी,कर भीतरि आई ।।२।। सच्च बोल साधू जना,अन कूड़ भगाई ।। क्रिपा द्रिस्टि अवलोकते,रस सांत समाई ।।३।। काम क्रोध अहंकार मोह,बिनसी उर काई ।। तम अगिआन विडारिआ,रवि गिआन चढ़ाई ।।४।। मै मेरी हउमै गई,इकसि लिव लाई ।। महिमा अगम अगाध बोध,श्रीचंद्र लखाई ।।५।।१७४।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। रूप न रेख न रंग किछु,नहि जात अरु वरना ।। चक्र चिहन नहिं पाइऐ,तन भेख न भरना ।।१।। करम क्रिया नहि ताहि की,धरमऊ नहि धरना ।। मन बुधि इंद्रिअ गोलिका,कारज नहि करना ।।२।। नेड़ न दूरी जाहि मैं,आचार न चरना ।। भूत भविख्य भवान का,वितिरेक न हरना ।।३।। धरनि आकास पताल बिन,गंधरब किंनर ना ।। अद्भुत ते अद्भुत महा,नहि उरझ सुधरना ।।४।। किमि लखीए किम बूझीए,पर परा अपरना ।। संत सेव श्रीचंद्र करि,अनुभउ

ढर झरना ॥५॥१७५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ सेवा ते मन निरमला,कै होत कठोरा ॥ गिआन गरीबी देवई,कै करतो गौरा ॥१॥ यग्य भलाई करम,कै बुरिआई ठौरा ॥ धरम नीति मन मैल हरि,किधों मैल बटोरा ॥२॥ दान देत नम्रित लहहि,कै अहंक्रित जोरा ॥ निरमानत्व विदिआ करत,कै मानद घोरा ॥३॥ देवालै आसत लहहि,कै नासत लोरा ॥ काम भोग सांति करम,कै असांति ओरा ॥४॥ सरब नास करि क्रोध,कै रख्यक सिरमोरा ॥ सुखद साधु श्रीचंद्र,कै दुखदाइक होरा ॥५॥१७६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ सुख दुख आन न देवही,न बाहरऊँ आए ॥ आपन कीआ भोगणा,करणा जिसु भाए ॥१॥ पर कउ दोसी मूढ़ नर,भाखत ठहिराए ॥ जग महि करम प्रधानता,जो करे सु पाए ॥२॥ गिआन करम सिउं मेल करि,प्रभु रचन रचाए ॥ गिआनहिं जपु तपु संजमो,सोऊ करम कहाए ॥३॥ करम करत मुख ऊजला,संगिआ ग्यप जाए ॥ तन महि हरि हरि महि तनहि,लखिऐ स्तुति भाए ॥४॥

धरम करम अरु गिआन त्रै,एकै दरसाए ।। कुंजी साधू श्रीचंद्र,ताला खुलवाए ।।५।।१७७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। सत्गुरु नाराइण अहै,कोऊ भेद न भाई ।। आपै कउ आप लखत,जोउ मध्य समाई ।।१।। पर कउ पर नहिं जानई,लख करत उपाई ।। जिहँ मन जिहँ पद महि थिरा,तहँ गति दरसाई ।।२।। को वेता तहँ गति कथै,मन घाइन घाई ।। जब अन ठौरी मन गती,तब छूछ रहाई ।।३।। मन सत्गुरु सिख मन लहिओ,सबदै लिव लाई ।। सत्गुरु अंदरि वरतदा,हरि अगम गुसाईं ।।४।। हरि हरि मेल मिलाइआ,जोती जोताई ।। पूरण साधू श्रीचंद्र,रम राम रमाई ।।५।।१७८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। किउं कर संत मनाइऐ,किउं पूज चढ़ावैं ।। खावहि भोगहि एक सम,पहिराय दिखावैं ।।१।। सोवन जागन चालनो,बैठन उठि धावैं ।। मूत्र पुरीसा लेन देन,भ्रम भेद न पावैं ।।२।। गुरुकुल भीतरि पाठ स्तुति,करम नेष्ट नावैं ।। चंचल गुरु चंचल मनहि,चंचलता जावैं ।।३।। संत संग सुभ करम रत,हरि नाम धिआवैं ।। गिआन करम मिलि धरम लहि,मोखंतर ठावैं ।।४।। करम भूत

भव्य गिआन सिउं,अब धरम थिरावैं ।। साधु समागम श्रीचंद्र,अनुभव अगमावैं ।।५।।१७९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अंतरि भाव न मनमुखी,मुख कूड़ कहानी ।। गरदभ भार उचाइआ,स्तुति वाक जबानी ।।१।। मन कउ मन का राह है,सच कूड़ पछानीं ।। जिस अंतरि हरि बसि रहिआ,हरि सरब समानी ।।२।। कूड़ा पाज सु उघड़े,जग परखनवानी ।। होइ मुलंमा कीम किआ,सरमिंदा धानी ।।३।। बीचि सराफै हीरिआं,कंचन पहिचानी ।। भाए ही रंग निखरे,सचि गुरु सिखानी ।।४।। भोगण खावण पहिरने,मिथिआ अभिमानी ।। सच्च साधु श्रीचंद्र उर,चंदा असमानी ।।५।।१८०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। किआ गुण तेरे वरणीए,हरि अगम अपारा ।। घट घट अंतरि वरतदा,सभ जानणहारा ।।१।। सच्चो करतल आवई,रंग कूड़े टारा ।। आंच न सच्चे कंचनै,ताए सुनिआरा ।।२।। रत्ती तोल न घाट होइ,तुलीऐ तुल धारा ।। सूली खड़ग कमान तीर,खुंडा भा आरा ।।३।। मासा मासा मास करि,होमिओ तन सारा ।। परमानंद न मावई,जामा चाकारा ।।४।। अहंब्रहमास्मि अनलहक

धुनि,जग विस्तारा ।। संतन तन श्रीचंद्र दाह,हरि अतन निहारा ।।५।।१८१।।

ओम् पारब्रह्मणे नम:

।। राग काफी ।। संतां मारग धरम का,दै सीस सवारा ।। कंटक दोखी हूंझ कै,करि पासै डारा ।।१।। कबि प्रहलादहि पेखिआ,बिन मौत सहारा ।। मुकति कहहु किआ वस्तु है,बिन काल नजारा ।।२।। सीस तली कर धार करि,गलि यार निहारा ।। मरण खरीदत सूरमा,कायर अपधारा ।।३।। भामा खोड़ सिंगार रचि,हेरत को पिआरा ।। भोग मोख दुइ संग सिर,लहि देवणहारा ।।४।। मन जिनि मोह पसारिआ,कर सुधा विडारा ।। श्रीचंद्र साधन लखा,सिर धड़ ते निआरा ।।५।।१८२।।

ओम् पारब्रह्मणे नम:

।। राग काफी ।। आवहु पीवणहारिहो,परमानंद सुद्धा ।। प्रेम पिआला भरि रहिओ,हथ संत समुद्धा ।।१।। पीवत ही तन मन हरा,रस आतम उद्धा ।। अंदर बैठा आपनै,दुआरहि अनिरुद्धा ।।२।। होका लोक सुणाइआ,चोआ हरि गुद्धा ।। मरजीअड़े धाए सकल,हुइ सुद्ध बिसुद्धा ।।३।। मद मत नाच नचाइआ,बिन सीसी जुद्धा ।। जब लगि मन दुस्मन खड़ा,किमि मिटहै क्रुद्धा ।।४।। राम

राम रट दिनस राति,हरि दीनस बुद्धा ।। अबिचल सुख श्रीचंद्र लख,संतन चख चुद्धा ।।५।।१८३।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। नाराइण अठखेलिआं,गुरुमुख मन आईआ ।। हरि भावे तिउं वरतणा,हरि संगि मिलाईआ ।।१।। हरि गुण निधान प्रीतम प्रभु,सभ सिउं लिव लाईआ ।। सभे सखीआं साहिबे,नहि अपर पराईआ ।।२।। कौड़ा किसे न भाखई,गलि मेलि रखाईआ ।। सभे जानण आपणा,आतम विगसाईआ ।।३।। भाउ भगति भगवान संगि,सच करम कमाईआ ।। धरम धुरंधर आदि पुरुख, संतन लगि गाईआ ।।४।। करि कीरति आनंद रस,हरि चरन समाईआ ।। पूरे सिउं श्रीचंद्र हिल,पूरन वल धाईआ ।।५।।१८४।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। महिल सचे पातसाह का,अति ऊचो ऊचा ।। विरला कोऊ पहुँचई,पुंनी बड़ मूचा ।।१।। विस्ट सु भाई पाइऐ,पूरब करि सूचा ।। लेख लिखाइआ उज्जला,महली हरि भूचा ।।२।। नाम निधान विगासिआ,को सम न पहूचा ।। मन मोहण पिआरा प्रभू,सच्चे मन रूचा ।।३।। जिहँ जन मेल

मिलाइआ,गंधन जिउं गूचा ।। अगम अथाह अगाध बोध,गुरु गिआन समूचा ।।४।। बाणी संत समाइआ,माता संगि चूचा ।। राम राम श्रीचंद्र कथ,कलपन अन हूचा ।।५।।१८५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अकथ कथा समरथ की,को गुरुमुख पावै ।। कहि कहि गुण गोबिंद के,कहिणो सकुचावै ।।१।। कहिऐ प्रीतम आपणै,जिस कहिण सुखावै ।। झरना झरदा निज्झरों,गुरुमुख मल न्हावै ।।२।। मति कालख सभ नास करि,कर भानु उगावै ।। चौदहँ लोक प्रकास लहि,मन कमल खिड़ावै ।।३।। पिरम पिआला प्रेम का,पी त्रिपति न आवै ।। उनमत मत विसारीआ,मत्ती विगसावै ।।४।। राज महिल पग धार कै,बाहरि नहि जावै ।। हरि हरि हरि कहि श्रीचंद्र,हरि हरि हरि रावै ।।५।।१८६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जिनि जानिआ हरि प्रीतमहि,सो तिस ही जेहे ।। आपहि प्रगटिआ जगत महिं,धर मानुख देहे ।।१।। बन्ह बहाली माइआ,द्वारै निज गेहे ।। भेद न जानै मूल को,जल आवत रेहे ।।२।।

अपरंपर पारब्रहम हरि,किमि खावत हेहे ।। झोल झुलावत दरभ दल,वायू रल खेहे ।।३।। आपन आप वधाइअन,तरु डारसि थेहे ।। सहिज समाया पिरम रस,हरि अगम अगेहे ।।४।। आपै सिउं आपै मिलै,तजि गागर नेहे ।। अद्‌भुत अद्‌भुत श्रीचंद्र,किमि करि वरनेहे ।।५।।१८७।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। भवरा बीधा कमल रस,दिन दिया बिताई ।। धूप न जानै दूख को,सभ संग बिहाई ।।१।। मातु पिता सुत बंधु जन,बनिता जुत भाई ।। रैनि परी नहि निकसिआ,गया जीउ पराई ।।२।। कंज खिड़े देह जल पड़ी,आवरण खाई ।। पूरा प्रेम निबाहिऐ,निज प्राण गवाई ।।३।। पेखणहार न जानई,अंतरि लिव लाई ।। देह बिनासी खोईआ,नेह संत समाई ।।४।। प्राणपती कै प्राण है,उर चिंता काई ।। हरि हरि हरि भजि श्रीचंद्र,हरि माहि रलाई ।।५।।१८८।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। अकथ कथा हरि प्रेम की,को सज्जण आखै ।। तन सौंपउं मन देव हउं,धन आगै राखै ।।१।। बाहरि कछू न राखहउं,वस्तू कोटि लाखै ।। जीउ समरपउं आपणा,तजि प्रति अभिलाखै ।।२।।

प्राण तिआग सेवा करउ,जो कछु मुख भाखै ।। किआ बपुड़ा यह सीस है,जेऊ प्रेम न चाखै ।।३।। देह बिछौणा छाइऐ,चरनन तरु आँखै ।। नैणा बिना निहारना,प्रीतम को नाखै ।।४।। राम राम हरि राम राम,रम राम रमाखै ।। प्रेम पिआला श्रीचंद्र,पी पी मन माखै ।।५।।१८९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पावक प्रेम प्रगासिऐ,तन मन जल जाई ।। कोऊ बचावनहार नहि,घट पानी पाई ।।१।। जलनिधि सोखत छिनक में,तऊ नहि विसमाई ।। नंदन खांडव सोक बिनु,सभ भसम कराई ।।२।। साक सैन साजन सखै,छोडत नहि भाई ।। छत्र सिंघासन राज पाट,रथ नाग जराई ।।३।। फरश बिछौणे मखमली,अतलस दरिआई ।। साड़ फूक सभ धर दए,तन हूँ बिनसाई ।।४।। बुझत न लागी कहूँ बिधि,लख जतन कराई ।। एको अक्खर श्रीचंद्र,हरि राम दुहाई ।।५।।१९०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। उबरन सिउं बूडन भलो,हरि प्रेमहि धारा ।। तोड़ विपंची मोड़ मुख,तुणका इक तारा ।।१।। जीवन चिंता तिआग कै,चित मरन विचारा ।। सागर रुड़िओ जात है,नैनन कै नारा ।।२।।

रण रंग खेतै नचिआ,कर खड़ग करारा ॥ जीत नगारा वजिआ,भुइ पर तन ढारा ॥३॥ उपजि विरोलै उतसाह,धूली विस्तारा ॥ सूं सूं सबद विआपिआ,सुलगत अंगिआरा ॥४॥ जै जै धुनि नभ छाया,चढ़िआ बरिआरा ॥ पुहप यान श्रीचंद्र का,दहदिसि उजिआरा ॥५॥१६१॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ **राग काफी** ॥ संतहु आवहु दया करि,गाइऐ हरि गीता ॥ अमर कथा गोबिंद की,लख पतित पुनीता ॥१॥ आंडा गंदा सुद्ध होइ,अचरज रस कीता ॥ अब लगि दाग न छोड़ई,कलपन बहु बीता ॥२॥ उमा न त्रिपती आज लौं,सीसन अरपीता ॥ बूझहु जाइ विरंचि कउ,कछु कहिऐ मीता ॥३॥ नैन न खोलि निहारता,शंकर रस पीता ॥ बिख उगलत नित सेसनांग,हरि नहि भैभीता ॥४॥ किआ कहिओ किआ किहँ सुनो,किआ कहबि बकीता ॥ हरि रस बूडे श्रीचंद्र,अनुभूति अभीता ॥५॥१६२॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ **राग काफी** ॥ पूरे सत्गुरु चरन सरनि,जोग जुगती पाई ॥ बंधन मेटे जिअ के,हरि हरि लिव लाई ॥१॥ दिन दूणी निसि चउगुणी,निधि चढ़ी सवाई ॥ लेवणहारे लेवही,बिन तोटि

महाई ।।२।। जपु जपु नाम निरंजना,आदेस लखाई ।। कंनी स्त्रुति सु मुंद्रिका,खेचर छिति धाई ।।३।। सबदै सिंङी वाइ कै,भव अलख जगाई ।। सुंन मंडल महि सहिज पद,मन थिर सु रहाई ।४।। गुरु चेले की संधि खोइ,ताड़ी हरि नाई ।। अगम अगोचर श्रीचंद्र,जोती दरसाई ।।५।।१९३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। छडि चलणा संसार,मन समझाइले ।। धरि है गरब गुबार,कूड़ अवाइले ।।१।। जगत रहहि इस भाति,गहिमा गहिम बन ।। तेरा नाम निसान,न रहसी कोइ तन ।।२।। कउण वसतु तुधु संगि,आई जान ले ।। पर की अवस्य तिआगनि,द्रिढ़ चित ठान ले ।।३।। रैणि बितानी एक,अधिक पसार किउं ।। सोई करहु बिबेक,परै न भार जिउं ।।४।। सुख चाहत मन तोर,तउ संत पास जा ।। हरि सिमरन संतोख,श्रीचंद्र आस ला ।।५।।१९४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। इह जग भीतरि मित्र,न कोई आपणा ।। झूठे करत चरित्र,धन चहि खापणा ।।१।। जेतो कूड़ कबाड़,मानुख तन विखै ।। पसु पंखिन महि तेता,नाहिन तूँ पिखै ।।२।। झूठ फरेब तूफान,धर

असमान का ।। मानव रिदै निवास,नहि अनुमान का ।।३।। सकल विगाड़ी काम,नर नहि त्रिपतई ।। मरकट भालुक जीव,अवसर पिखतई ।।४।। भजि हरि संतन मेल,जे किछु पावणा ।। उजड़ जाइगो खेल,श्रीचंद्र गावणा ।।५।।१९५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। चित्त न लाई भूल,भव बिख घट भरा ।। जिसु जिसु पीता एहु,सोई है मरा ।।१।। पेख तमासा जगत,मन समझाइऐ ।। तबही कछुक गिआन,रिदै रहाइऐ ।।२।। डंडे रोड़ी गुड़ की,कौतुक कपि लहौ ।। खावण रहिओ दूरि,मरना चित्त चहौ ।।३।। माया किसहूँ संत,भोगी सुख सहित ।। बिनसि गए बहु जंतु,संचित ही रहित ।।४।। पूजत माता बहिन,सुता अरु भानजी ।। श्रीचंद्र भोगन ते ही नारि,पति पहिचान जी ।।५।।१९६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। त्रिसना आसा लगि,न जनम गवाइऐ ।। विसमै कदे न अगि,तेलै पाइऐ ।।१।। वित्त बटोरत चित्त,चिट्टे बाल भए ।। खावण रहिओ किति,निकटी काल भए ।।२।। पिता पितामह गए,

आसा चिता जल ।। नाती पूत उमाह,अंतरि रहै बल ।।३।। डारी सिर पर स्वाह,आगा खोइआ ।। करम भूमि महि नाम,न कबही बोइआ ।।४।। सड़दे बलदे वेख,श्रीचंद्र भागिआ ।। राम कहित सत्गुरु की,चरनी लागिआ ।५।।१९७।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग काफी ।। सुरग नरक का दुआर,इह तन मानवी ।। जित चाहै पग धार,अंतरि जान जी ।।१।। लख चुरासी जोनि,भोगत जुग गए ।। समै सुहावा अबही,आयो हथि तुवै ।।२।। जो चाहै बनि जाह, तुमारी इच्छिआ ।। सिर साहा पातसाह,कै माँगहु भिच्छिआ ।।३।। देव दैत्त यख्य किंनर,गण गंधरब हो ।। पसु पंखी तरु पाहन,कीट पतंग भो ।।४।। श्रीचंद्र उपकारी,संतन भाखिआ ।। हरि हरि नाम निधान,कीजै काखिआ ।।५।।१९८।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग काफी ।। सभ नर दीजै जाल,पावक बरस कै ।। जेती नवखंड धरनी,पावन फरस कै ।।१।। सातहुँ सिंधु मझार,आप जनाईऐ ।। राग रंग रस चारु,नारि नचाईऐ ।।२।। अरब खरब भंडार,

द्रब्य वधाइओ ।। देस भूमि घर बार,अधिक सजाइओ ।।३।। फुलवाड़ी फुल,रंग बंरगै लाइ कै ।। रंग तमासे खूब,पेखै चाइ कै ।।४।। श्रीचंद्र सुख नाहि,बिन हरि नाम कै ।। सच्चै कै वापारी,लेत न चाम कै ।।५।।१९९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। पूरन गुरु परसादि,नाम धिआईऐ ।। झूठी कारै लगि,न आप वंञाईऐ ।।१।। खाली पल्ले मन,हीरा राम नाम ।। दरगह बैठ सराफ,दै है घणे दाम ।।२।। खावहु खरचहु रज्ज,तोटि न आवई ।। सौदा लाहेवंद,गुरुमुख पावई ।।३।। कागद कलम सु धंन,मसी धंन है ।। लिक्खण लेख भी धन्य,नाम जु मन्य है ।।४।। श्रीचंद्र नाराइण,मंन वसाइआ ।। साधू सज्जण धन्य,जग महि आइआ ।।५।।२००।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। मिलिआ मानुख जनम तोहि,जीवन के काजा ।। राम राम सिमरउ मना,राजन महाराजा ।।१।। अब के समै समाल ले,बोवहु हरि नामा ।। चूक जाहि जउ काल ते,किआ खावगु

तामा ।।२।। खरचि न होवहि गांठि मै,परदेसी दुखीआ ।। मांगत हूँ नहि मिटत है,उदरै की भुखीआ ।।३।। कब लउं कवन देहगो,याचे तो भोजा ।। आखर तुझ ही कऊ बनै,रहिबो बड रोजा ।।४।। हरि दरगह बात कउ,संतन बतरावा ।। श्रीचंद्र राम राम राम,सच टेक टिकावा ।।५।।२०१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अति दुखीए बड पातसाह,भूमी के राजा ।। को गनीम चढ़ आवई,चतुरंगनि साजा ।।१।। धन ते धनवान दुखी,बड पेखिओ जाई ।। भोगण पहिरन तिआग कै,संचित बल लाई ।।२।। रोग गरासे जन समूह,बिलपत जल ढारा ।। पुत्र मित्र बिउहार लगि,दुखीआ संसारा ।।३।। गुणवानन गुण ग्रहण करि,सनमान न पावा ।। घट लाखन जऊ नीर डारि,उर बुझै न दावा ।।४।। श्रीचंद्र इक एक ते,दुखीए जग लोगा ।। सुखीआ साधू सोऊ लख,जिनि हर रस भोगा ।।५।।२०२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जिनि हरि नाम न सिमरिआ,सोई दुखवंते ।। त्रिसना कबहूँ न बुझई,दिन राति जलंते ।।१।। भोगत त्रिप्ति न कामिनी,कामी अगनंते ।। त्रिपते नाहिन धनपती,धन धरा गडंते ।।२।।

पढ़ पढ़ पाठक पुस्तकां,अन अन चितवंते ।। अक्खी त्रिप्ति न पावई,कौतक पिखिअंते ।।३।। त्रिपतति जिहबा नाहि कबि,खट रस खावंते ।। सुनते कान न त्रिपतत भे,नव रस छंदं ते ।।४।। घड़ा आकासहि किन भरा,सत सिंधु पवंते ।। श्रीचंद्र आसा बुझहि,हरि राम रमंते ।।५।।२०३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। सीतल नाम निधान हरि,संतन मिलि पीवहु ।। मरना बहुरि न होइ है,जुग जुग जीवहु ।।१।। अम्रित पी मन अमर होइ,अमरन महि थीवहु ।। ऊचे ते ऊचा महिल,लहिहो चिर जीवहु ।।२।। परमानंद सु प्रेम रस,नाहिन अउखीवहु ।। सच्चा मारग प्रभु पुरी,बिनु कंटक रीवहु ।।३।। हरि सिर पुहप चड़ाइआ,अघ ओघ नसीवहु ।। सगला भव सनबंधु लखि,वैरी न लखीवहु ।।४।। सत्गुरु पूरे चरन लागि,अरबिंद खिड़ीवहु ।। श्रीचंद्र सफला जनम,हरि मेल मिलीवहु ।।५।।२०४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। गोबिंद के गुण गाइऐ,कलिमल सभि भागै ।। पंच दूत दोखी महा,डर लवै न

लागै ॥१॥ कलि कालुख की कोठरी महि,लाग न दागै ॥ बिखै विकारी भट्ठ महि,जालहि नहि आगै ॥२॥ तिस ही जन हरि नाम रस,जिसु मसतक भागै ॥ साधू संगति पाइ ही,प्रभु सिउं अनुरागै ॥३॥ सच्चा नेहु न तुटई,तूटहि कच तागै ॥ पिरम प्रेम तन खचि रहिआ,सद ही रंग रागै ॥४॥ मया गुपाल दयाल की,हरि कीरति जागै ॥ श्रीचंद्र मन वसि गया,संतन सिउं पागै ॥५॥२०५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ अम्रित हरि हरि नाम हरि,सत्गुरु ते पाया ॥ अनुभव पूरन ब्रहम प्रभु,रिद महि प्रगटाया ॥१॥ जगत जलन ते निकसि कै,सुख सिंधु समाया ॥ जीवन मिलिआ अनंदमय,नित नाम धिआया ॥२॥ त्रिपति अघाया पिरम रस,नाहिन भव ताया ॥ परमेस्वर सो मेल करि,फिर गेड़ न आया ॥३॥ हरिआ भरिआ बाग जग,ठंडी तरु छाया ॥ आसा तपति बिनास भी, पंथी हरखाया ॥४॥ अतुट पदारथ नाम धन,रंकै कर आया ॥ श्रीचंद्र सोऊ जाण है,जिनि हरि गुण गाया ॥५॥२०६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग काफी || सत्गुरु पूरन पारब्रहम,अविनासी सूरा || सरब कला समरथ प्रभु,बचनन का पूरा |१| तम अगिआन विनासता,नभ महि रवि चढ़िआ || सदा सहाइक दास का,सभ थाईं खड़िआ ||२|| बिघन न कोई लागता,सत्गुरु सरणाई || अगनि विकारन परिहरत,सीतल ससि भाई ||३|| सिर देवन के देव वर,राजन सिर ताजा || छत्र सिंघासन कीरती,दहदिसि सुभाजा ||४|| निरभै निरवैरा गुरू,जग का हितकारी || श्रीचंद्र धंन धन्य गुरु,बड परउपकारी ||५||२०७||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग काफी || गुरु समान अन देव नहि,गुरु पूरनकामी || पारब्रहम परमेस्वरो,गुरु अंतरजामी ||१|| गुरु बिसनू करता पुरुख,गुरु ही महादेवा || चार पदारथ सकल सिधि,लहि सत्गुरु सेवा ||२|| ईहां ऊहां सरब सूख,सत्गुरु लहिऐ || जो मंगिऐ सोई मिलै,किछु थोड़ न पईऐ ||३|| गुरु चिंतामनि कामधेनु,गुरु अम्रित सोमा || सत्गुरु सेवै पारिजात,लहिऐ सद भोमा ||४|| सत्गुरु बेणी न्हाइ कै,फिरि जनम न आवै || सत्गुरु सेवत श्रीचंद्र,निरबाण समावै ||५||२०८||

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। गुरु सर सुधा समाइआ,पीवत निरबंधा ।। गुरु सर न्हाए अघ कटत,लहि आनंद कंदा ।।१।। गुरु सर अठसठ तीरथी,सुरसरी ते पावन ।। गुरु सर डुबकी लाइऐ,फिर बहुड़ि न आवन ।।२।। गुरु सर का सिख मीन होइ,सुख संग बिहारै ।। गुरु सर पाइआ जाहि नर,सगले कुल तारै ।।३।। गुरु सर सुभर नाम रस,मल हउमै खोई ।। गुरु सर अति उजल भई,मति खनली धोई ।।४।। गुरु सर बिमल बिबेक लहि,हरि एक समाना ।। गुरु सर मज्जन श्रीचंद्र,पाइआ निरबाना ।।५।।२०६।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। सत्गुरु मत दुरमति हरत,हरि नाम दिवाया ।। गुरु अविनासी सेविआ,अमरापद पाया ।।१।। रैनि अविद्या नास भी,गुरु रवि प्रगटाया ।। गुरु चरनन रज पाइ कै,मन मुकर मजाया ।।२।। अम्रित सत्गुरु चरण पी,रस प्रेम समाया ।। गुरु परसादी जाणिआ,सब महि हरि राया ।।३।। सत्गुरु जग महि आइकै,सच नाद वजाया ।। सत्गुरु कै उपदेसिऐ,गुणनिधि उमड़ाया ।।४।।

सत्गुरु सबदी रंग रंगे,गूड़े बिन माया ।। श्रीचंद्र सत्गुरु सबद,गोबिंद दरसाया ।।५।।२१०।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। आदि निरंजन सत्गुरू,अविनासी देवा ।। सत्गुरु के परसादि ते,पईअत हरि भेवा ।।१।। जनम मरण दुख काट कै,सत्गुरु किओ मोख ।। पारब्रहम उर थिर किया,अंतरि हर दोख ।।२।। सत्गुरु परम क्रिपाल भे,जपु तपु दिअ दान ।। सत्गुरु के परसाद ते,चूका अभिमान ।।३।। मान अपमान न चित्त धार,गुण रामहि गाइऐ ।। सत्गुरु के परसाद ते,निहचल मति पाइऐ ।।४।। गुरु सेवे मन मोह मिटै,अउगुण निस्तारा ।। श्रीचंद्र गुरु सेविऐ,लहि मोख दुआरा ।।५।।२११।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। सत्गुरु निरमल गिआन सर,सभ पाप निवारै ।। चरन पवित्र सत्गुरु के,निरगुण निस्तारै ।।१।। गुण निधान सत्गुरू पग,बुद्धि ऊजल करता ।। सत्गुरु दाता नाम धन,संसारै भरता ।।२।। सत्गुर तुठै पाईऐ,हरि भगति भंडारा ।। सत्गुरु कै परसाद ते,रस अम्रित धारा ।।३।। सत्गुरु परउपकारीआ,करता जीअ दाना ।। नाम दान इस्नान का,सत्गुरु खजाना ।।४।।

चार पदारथ नवनिधी,गुरु चरण निवासा ।। श्रीचंद्र सत्गुरू ते,पूरन सभ आसा ।।५।।२१२।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। गुरुमुख हरि गुण गावणा,सद सहिज समाणा ।। गुरुमुख हउमै तिआग कै,सुभ करम कमाणा ।।१।। गुरुमुख ताड़ी अचल लिव,परमेस्वर भाणा ।। गुरुमुख गरब गवाइआ,सांति रस माणा ।।२।। गुरुमुख साधू संग सुख,जपु तपु सच्च साणा ।। गुरमुख रिदै कसउटड़ी,तन दुख सहाणा ।।३।। अंदरि सच्च मुख सच्च ही,गुरमुख बचनाणा ।। मनमुख नाम न चेतई,कूड़े लपटाणा ।।४। मनमुख रंग कुसुंभला,धुप्पै उडि जाणा ।। सफल दरस गुरुमुख सचे,श्रीचंद्र पछाणा ।।५।।२१३।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। मन तन संतन सौंपकै,अबिचल सुख पाया ।। संतन के परसाद ते,प्रभु नाम धिआया ।।१।। सबद समाणे संत कै,मन मोह मिटाया ।। संत संगि बिस्वास होइ,सभ ब्रहम समाया ।।२।। अंतरि मैल उतारीआ,निरमल होइ आया ।। गुण निधान हरि राम नाम,संतन ते भाया ।।३।।

प्रेम भगति लिव लाइ कै,इको हरि गाया ।। संत परमहंस उज्जला,मानस रहसाया ।।४।। लाल पदारथ कीमती,संतन दिलवाया ।। श्रीचंद्र संत चरण धोइ,अम्रित मुख पाया ।।५।।२१४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पारब्रहम परमेस्वरो,सभ अंतरजामी ।। घट घट एको रवि रहिआ,पूरन सभ धामी ।।१।। वण त्रिण जोति समाईआ,किस ठौर न कामी ।। सभ तेरे तू सभस दा,नर किंनर बामी ।।२।। उदभिज अंडज जेरजीं,दाता नित्त तामी ।। एक जंतु किआ पावई,जाणन गुण ग्रामी ।।३।। भाखिआ भाव अपार लख,पूरत सभ कामी ।। इकमनि जिनी धिआया,तिनि स्त्रिस्टी थामी ।।४।। संतन पाछै लाग कै,गमनत दुर ठामी ।। श्रीचंद्र सद पूरनो,सेवक अनुगामी ।।५।।२१५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। करता पुरुख निज मया ते,गुण अगम लखावै ।। सेवक कै सिर हत्थ धरि,तिंन लोक दिखावै ।।१।। घट घट अंतरि विआपिआ,आपै दरसावै ।। जपु तपु संजम साधिऐ,हरि द्रिस्टि चलावै ।।२।। गुपता रूप प्रगटाइआ,संतन तन आवै ।। मिहरंमत करि आपणी,असमान

चढ़ावै ॥३॥ माजारै पर किरपा करि,सिंघन भजवावै ॥ चिड़ीआं बाज सिकार किअ,हरि समरथ दावै ॥४॥ जिनि कउ कोइ न जानई,तिनि स्रिस्टि लखावै ॥ क्रिपा कटाख्य हरि श्रीचंद्र,त्रिण मेरु दिखावै ॥५॥२१६॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ **राग काफी** ॥ मनमुख सेती संग करि,मुख कालख लाई ॥ धोते लाख न उतरै,पर निंद कमाई ॥१॥ गुण लोचत पचि पचि मूआ,अगनी भड़काई ॥ निंदा करि ऊचा चढ़ै,तल तल धसि धाई ॥२॥ बेमुख सेवा संत ते,तामस उर छाई ॥ पर कउ गड्ढा खोदता,गिरि आप मराई ॥३॥ शेर काठ अनवाया,हरि प्राण पवाई ॥ निंदक कउ हनवाया,प्रभु कला वधाई ॥४॥ जिउं जिउं सोभा लोड़ता,तिउं तिउं सिर छाई ॥ श्रीचंद्र साधू सुखी,परनिंद विहाई ॥५॥२१७॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ **राग काफी** ॥ गोबिंद गुण सद गावणा,गुरुमुख मन भाया ॥ राम नाम रस कीरतन,करताल वजाया ॥१॥ सगली स्रिस्टि नाराइणै,हरि नाद सुणाया ॥ पाप खोइ निरमल किए,प्रभु राम

जपाया ||२|| लोभ मोह अहंकार दूत,मेटी सभ माया || सच साधु सच सेवको,सच्च नाम समाया ||३|| सच्चो सच्च प्रगासिआ,भवरे रस आया || डुब्बा प्रेम अथाह सर,मरजीवे भाया ||४|| रतन जवाहर माणकी,झोली भरि लाया || श्रीचंद्र मस्तक मणी,वडभागी पाया ||५||२१८||

ओम् पारब्रह्मणे नमः

|| राग काफी || संत संग मन निरमला,मति ऊजल होई || संत संग हरि हरि जपत,हउमै मल खोई ||१|| संत संग रस प्रेम रंग,काली बुधि धोई || संत संग गुण गाइऐ,हरि दरगह ढोई ||२|| संत संग सच पाईऐ,लिव कूड़ विगोई || संत संग रति करम धरम,पाखंड बिनोई ||३|| संत संग जपु तपु दया,जत सत प्रगटोई || संत संग परमेस्वरहि,व्रिति धार थिरोई ||४|| संत संग निगमागमी,सत सोझी होई || संत संग श्रीचंद्र गहि,दुख रहहि न कोई ||५||२१९||

ओम् पारब्रह्मणे नमः

|| राग काफी || नाम निधान अखुट धन,सत्गुरू दिवाया || सूका हरिआ होइआ,दल सीतल छाया ||१|| चार पदारथ सरब सिद्धि,करतल दरसाया || सुभर सरवर संत संग,मन कमल

खिड़ाया ॥२॥ ऊचे ते ऊचा प्रभू,रंग महिली पाया ॥ वाजे वज्जे चहुँजुगी,धुनि पंच अलाया ॥३॥ सुरझी उरझी कुंडली,गुरुमंत्र द्रिढ़ाया ॥ पी अम्रित त्रिसना बुझी,पाई अन काया ॥४॥ अगम अगोचर पारब्रहम,सभ द्रिस्टी आया ॥ श्रीचंद्र गुरु संग करि,हरि अलख लखाया ॥५॥२२०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ गुण गोबिंद नित गाइ कै,मन सहिज समाना ॥ सच्चो सच्च विगासिआ,नहि रहिओ बिगाना ॥१॥ उलट कमल परगासिआ,रंग राम दिवाना ॥ भाई मीत बंधप सखा,नाराइण जाना ॥२॥ दूजी दुविधा दुरमती,दुरतो न रहाना ॥ आपा आप पछाणिआ,आपे विगसाना ॥३॥ पारब्रहम पूरन प्रभू,घट भीतरि माना ॥ जत सत संजम सील ब्रत,संतोख प्रमाना ॥४॥ आवत नाहिन कतहुँ ते,जावत नहि आना ॥ श्रीचंद्र सत्गुरु मया,हरि लहिओ खजाना ॥५॥२२१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ मुहि निरगुण प्रभु बखसिआ,हरि करणेहारे ॥ पाप विकार उतारिअन,अपने कर धारे ॥१॥ सेवा सरी न मोहि ते,दुरमति के मारे ॥ पंच दूत घर मूसई,लकुटी ले टारे ॥२॥ राखा

होया आप प्रभु,सभि दुस्ट निवारे ।। करणी करम सु लाइओ,जपु तपु ब्रत धारे ।।३।। मानस जनम सु सफल भा,आतम निरधारे ।। बंधन ते छुटकाइ कै,अपने करि धारे ।।४।। एको सच्च प्रकासिआ,कूड़ै निरवारे ।। श्रीचंद्र नित सास सास,हरि नाम चितारे ।।५।।२२२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। तारहु तारनहार प्रभु,जन सरणि तुमारी ।। मैं अजान निरगुण महा,तुम परउपकारी ।।१।। अउगुण धरत न कबहुँ चीत,उर सार समारी ।। पाप करम रत पेख कै,देहु दान अहारी ।।२।। वेकारी चित वेड़िआ,नाहिन तिरस्कारी ।। भक्ख अभक्ख न जाणऊँ,पेटू बड भारी ।।३।। नाम दान इस्नान की,उर रीति न धारी ।। मति थोरी अति मूढ मन,संगति गावारी ।।४।। करुणामय प्रभु बखस लेहु,कर मस्तकधारी ।। श्रीचंद्र सरणागती,त्राह त्राह मुरारी ।।५।।२२३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। महिमा तुमरी किआ कहा,हरि गुण निधि पूरे ।। अवगुण राता किआ कहै,नाहिन उर नूरे ।।१।। पुहपक पेख अकास महि,नरकी जन झूरे ।। चित दुरमति लगि वासना,गुरुमति न

सऊरे ॥२॥ लोभ मोह अहंकार ग्रसि,परधन पिखि सूरे ॥ इंद्री रस लपटाइआ,तरु बिखिअन मूरे ॥३॥ किआ जानै सत पंथ सो,राचिओ द्रब्य कूरे ॥ अगिआनी मति अंधुला,संतन ते दूरे ॥४॥ कहिबे जोग न बुद्धि जिहँ,कटुता भरपूरे ॥ श्रीचंद्र तुव दर परा,लिहु मेल हदूरे ॥५॥२२४॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ हम बारिक तुम पिता है,प्रभु करणैहारा ॥ तुम बिन लाख उपाव ते,नाही छुटकारा ॥१॥ मन पितु का ही द्रव है,लख कै निज बारा ॥ अन पहि कहिऐ बेनती,ध्रिग ध्रिग कहि टारा ॥२॥ पिता नाम ऊचा करहि,अवगुण भंडारा ॥ मुँह पनही खा आइऐ,रचि करम विकारा ॥३॥ बहुरि बहुरि चित आवई,पितु परम दयारा ॥ सरणि,सरणि मुहि राख लेहु,जग के दातारा ॥४॥ नहि सेवा बन आवई,नहि निरमल कारा ॥ श्रीचंद्र तुमरा भया,करि नहि धधकारा ॥५॥२२५॥

ओम् पारब्रह्मणे नम:

॥ राग काफी ॥ सुण बेनती मेरीआ,हरि दीन दयाला ॥ अपनी सरणी राखिए,महा निरगुण बाला ॥१॥ बिचरत अन ही ठौर महि,बंध अवगुण पाला ॥ कऊआ कउ विस्टा रुचै,परमल नहि

भाला ॥२॥ खीर खंड घिउ तिआग करि,हड्डि सुआन स्रिगाला ॥ बिल्ली लाइ समाधि जो,मूसे की भाला ॥३॥ लागि लोभ भरमाइआ,तजि संतन चाला ॥ गणति न आवत मोहि कउ,सभ अवगुण जाला ॥४॥ तू बखसंद दयाल प्रभु,निरगुण की ढाला ॥ श्रीचंद्र सरणी परा,लखि महा क्रिपाला ॥५॥२२६॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ हमरे धन इक राम नाम,अन आस गवाई ॥ संगि सखा इक राम नाम,सभ ठौर सहाई ॥१॥ मातु पिता सनबंधु साक,सभ तिआगे भाई ॥ राम नाम जपु जपु रिदै,भुख रही न काई ॥२॥ रिधि सिधि नउनिधि इक,हरि गुरु बतराई ॥ मन वांछित सभ पाइऐ,सद अनंद रहाई ॥३॥ राम नाम परताप सिउं,सभ स्रिस्टि निवाई ॥ रख्यक सिंघ हरि राम नाम,गज सयार भगाई ॥४॥ तरु सुक्का बन पाप गन,हरि पावक लाई ॥ श्रीचंद्र गति मुकति सभि,प्रभु नाम समाई ॥५॥२२७॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ जग महि सुफला आइआ,हरि हरि लिव लागा ॥ आसा त्रिसना तिआग कै,प्रभु

सिम्रित जागा ॥१॥ संत संग तिनी पाया,जिनि मस्तक भागा ॥ प्रेम पदारथ पाइकै,सोधिओ निज आगा ॥२॥ कीरति गाई राम नाम,त्रित नाद सरागा ॥ मान अपमान वंञाया,हउमै बंध तिआगा ॥३॥ निरमल उर हरि जस लहै,नस्टे दुर दागा ॥ भया समाहा राम रंग,मन मोहित रागा ॥४॥ राम राम धुनि सुनत ही,जम सकत न खागा ॥ श्रीचंद्र का सरवसो,हरि राम अनागा ॥५॥२२८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ जहां न भाई मीत है,नहि कुटुंब सहेरा ॥ जिस मारग अंधकार घन,कछु परत न हेरा ॥१॥ जहाँ ग्रीस्म रितु घाम अति,नाही जल झेरा ॥ जहां छीनते दंड हनि,पुन्य जीवन केरा ॥२॥ जहँ भीड़ी मोरी महां,चलबे कउ प्रेरा ॥ मूत्र पुरीखा जहँ सरी,गहि जबरन गेरा ॥३॥ मारू थल बारू तपत,धरबो नंग पेरा ॥ बिन बसनन असिपत्र बन,ब्रिण करत गहेरा ॥४॥ हुंमसि धुंमसि दहदिसा,कूकत नर ढेरा ॥ श्रीचंद्र बिन राम नाम,कोऊ होइ न तेरा ॥५॥२२९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ मन रे,किउं डोलत भरमहि,कहु राम पिआरे ॥ राम नाम बिन कोउ जन,बूडत नहि

तारे ॥१॥ टोह टाह मैं पेखिआ,कहउं तोहि पुकारे ॥ जनम अमोलक मानुखा,जूए मत हारे ॥२॥ दुबिधा नदी दुहेलड़ी,मन बुधि किनारे ॥ निसचय तरुवर मूल सिउं,जुत बेग उबारे ॥३॥ समझ बूझ उर आपने,मत रहि अंधिआरे ॥ करि विचार पिख ले सकल,सुत बंधप नारे ॥४॥ पत्र प्रभू लिखि भेजिआ,स्वेतन करि कारे ॥ श्रीचंद्र ए ही समै,कहु राम उचारे ॥५॥२३०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ रे मन,भ्रम तजि द्रिढ़ होइ,भजि रामहि नामै ॥ जग ते चलनो अवस्य है,उठि अपनै धामै ॥१॥ यहिं की वस्तू न साथ ह्वै,रहिगी सभ ठामै ॥ आगै कउ रिद धारिऐ,जो आवहि कामै ॥२॥ सास अमोलक है मिलै,तुम कउ बिन दामै ॥ बिरथा खोइ न जगत महि,रंग राग ललामै ॥३॥ तेरा साथ जो देवहै,सो जानउ लामै ॥ राम राम भजि राम राम,हरि राम सु रामै ॥४॥ आन न कोऊ काम है,बिन राम सु जामै ॥ श्रीचंद्र इक जाणिआ,संतन पग पामै ॥५॥२३१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ हरि हरि नाम धिआइऐ,मिलि संत संगारे ॥ परमेस्वर पारब्रहम प्रभु,कई जंतु

उबारे ॥१॥ जमदूतन घेरिओ अजामिल,हरि गणन उधारे ॥ सूआ पढ़ावति वेस्या,मुख राम पुकारे ॥२॥ नाराइण संग मेल ली,नहिं पाप चितारे ॥ भाख्या गज हरि लखी,झट ऊठि पधारे ॥३॥ तंतु ग्राह सर छेद कै,अपनो कर पारे ॥ मानुख तौ भगवान कउ,लख सकत प्रकारे ॥४॥ किउं नहिं धावहि बेग सिउं,जउ रिदै समारे ॥ हरि हरि भजि श्रीचंद्र कहि,राखहि निज दुआरे ॥५॥२३२॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ कोऊ न निथावां होइ है,जिहि हरि हरि धिआया ॥ प्रभू निमाणन माण है,संतन लखि पाया ॥१॥ गुण गोबिंद नित गावणा,जन ताण सबाया ॥ मातु पिता सुत साक सैन,जन का हरि राया ॥२॥ सदा सहाई संत का,एकहि रघुराया ॥ जहँ सिमरत तहँ ही खड़ा,कर खग लहिराया ॥३॥ हिरनाखस हिरणकसपहुँ,जिहँ मार गिराया ॥ को बपुरा मानव अहै,सकै आंख उचाया ॥४॥ समरथ अकथ अगोचरा,अमितोज महाया ॥ सिमरि सिमरि श्रीचंद्र प्रभु,मन महि रहसाया ॥५॥२३३॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। रे मन,तेरो काज एतु,रिदयो नहिं डोलीं ।। प्रभु अवगुण न चितारई,तूँ नाहिन बोलीं ।।१।। बिन सुआमी हरि आपने,नहिं ढोलन ढोलीं ।। तूँ कबि खाली नहि रहहिं,भरता प्रभु झोलीं ।।२।। महा क्रिपाल दयाल प्रभु,सभ जानत पोलीं ।। जो मानुख तिस का भया,तिस सहितो लोलीं ।।३।। सुनि ले कथा प्रहलाद की,गति भई जु होली ।। आपन आप तिआग के,जा पर प्रभु कोली ।।४।। सभ बिधि करता राख है,जन परदे गोली ।। अवर काज नहिं श्रीचंद्र,जपु नाम अतोली ।।५।।२३४।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। कारज सोई कीजिऐ,जोऊ अंतु सुखावै ।। प्राणी की लोचा एही,कब होहिं न हावै ।।१।। सरब ठौर कलिआन होइ,सुख खेम बिहावै ।। खावहि खरचहि भोग है,कब तोट न आवै ।।२।। रूपवंत सुंदर त्रिआ,मन कउ त्रिपतावै ।। ऊच थान विराज कै,मुख वाक अलावै ।।३।। कोउ अग्र कु भाखई,गन सीस निवावै ।। होइ अतोटा द्रब्य ग्रिह,ऊच महिल सुहावै ।।४।। सभ निधान हरि एक महि,जपु जपु

हरखावै ।। श्रीचंद्र प्रभु किरपा ते,जन अनंद समावै ।।५।।२३५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। संत प्रसाद जपिआ प्रभू,आतम लिव तारा ।। पारब्रहम परमेस्वरै,निज नैन निहारा ।।१।। सभे मीत साजन सखे,इक भाईचारा ।। रहिओ न दूजा कोऊ जन,भिंन भेद निवारा ।।२।। हरि ही इह जग होइ कै,निज रूप दिखारा ।। को प्रक्रिति परमित परा,माया विस्तारा ।।३।। आपे ही आप पारब्रहम,सभ थान मझारा ।। देस काल वसतू कहा,जल तरंग किनारा ।।४।। सुर नर असुर बनाइ कै,किअ युद्ध नजारा ।। श्रीचंद्र जगदीस का,बड खेल अपारा ।।५।।२३६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। बाल बुधि हरि सेविऐ,ध्रुव अविचल राजा ।। आयुस पंच सु बरख महि,हरि हरि जपु साजा ।।१।। भयो न उत्तम उत्तमा,मां बाप सु लाजा ।। मारग उलट न रूझिओ,ग्रिह केर समाजा ।।२।। भै भ्रम भेद विहाइयो,नारद महाराजा ।। लाखहुँ तारे पचि रहै,थिर नाहि बिराजा ।।३।। सप्त रिखीसर चक्र गति,मुनि कुंभज गाजा ।। सत्गुरु ते ऊचो भयो,सिख भगती काजा ।।४।। राम नाम

निसचल अटल,तिहुँ लोक दराजा ।। श्रीचंद्र चरनारबिंद,भवरा गन राजा ।।५।।२३७।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। **राग काफी** ।। असंख नाम परमेस्वरै,सिमरत हरि लोगा ।। जोऊ जपै गति पाइ है,सदा रहति असोगा ।।१।। असंख भाखिआ देस देस,असंख मही जोगा ।। असंख आचार विहार है,असंख संजोगा ।।२।। शक्ति असंख प्रधान हरि,बिन संख्यक भोगा ।। असंख बिधी प्रगटाईए,असंख विजोगा ।।३।। असंख मेल करि संख सिउं,ध्वनि ऊच समोगा ।। असंख जाप जपीए प्रभु,असंख उद्योगा ।।४।। मुकत असंख पुकारीए,भगती परि भोगा ।। श्रीचंद्र असंख लहि,रंग राग सरोगा ।।५।।२३८।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। **राग काफी** ।। जपु गोबिंद नाराइणै,संतन गति पाई ।। राम नाम गुण कीरतन,सभ स्रिस्टि मुहाई ।।१।। एको नाम निधान हरि,दुख भुख बिनसाई ।। हउ बंधन जबि तूटिआ,सगरे गुरुभाई ।।२।। पाइआ लाहा लाभ नाम,चूकी अन धाई ।। राखा गोबिंद राइ हरि,संतन सभ थाई ।।३।।

आपे आप प्रगटाइआ,हरि कला वधाई ।। अहंकारी ऊचे सिरी,गड धरनि रहाई ।।४।। सदा सिमरि पारब्रहम गुरु,मन तन त्रिपताई ।। श्रीचंद्र हरि हरि जपत,हरि रूप समाई ।।५।।२३६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पाप बिना धन मिलै नहिं,सोऊ संग न जाई ।। जतन लाख कर संचिऐ,तऊ जात पराई ।।१।। राजे चोर सैन अरु नारी,खोसत मिलि भाई ।। अगनि रोग धन हरन हित,तन महि उपजाई ।।२।। धन धरनी रहि दबिआ,अन राव चढ़ाई ।। भगदड़ पड़ी पराइऐ,मन महि पछुताई ।।३।। सुख साधन कर मेलिऐ,दुख सहहि महाई ।। भाग बिना सुख किहँ मिला,लख किए उपाई ।।४।। जिहँ करते सिर लिखिआ,सिमरउ लिव लाई ।। श्रीचंद्र नही अंक को,भव सकत मिटाई ।।५।।२४०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। काम अगनि के जारिआ,किउं मुंद्रा पाई ।। बाहरि भेख उदासीआं,उर काला भाई ।।१।। जत बिहून कत जोग है,बूझहु मन ताई ।। चित वैराग न उपजिओ,मुख तिलक चढाई ।।२।। संजम इंद्री परिहरै,रामदास कहाई ।। रति भग तन भगवे पहिर,अति लाज लगाई ।।३।। जटा

मुकुट भस्मांग जुत,नख अधिक बढाई ॥ प्रेम भगति बिन भगवती,भगती दिखराई ॥४॥ पाप जगत हरि बखसता,हरि अघ न मिटाई ॥ श्रीचंद्र तौबा करउ,तब ही गति थाई ॥५॥२४१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ मस्तक लेख लिखाइ करि,नर देही धारी ॥ मरणो अंतु अवस्य है,को सकत न टारी ॥१॥ भरम विआपै मध्य महि,गई बुधि सु मारी ॥ अजा बनाई कूकरी,मग मिलि बटपारी ॥२॥ पंडित वेद वखाणई,धन हेतु उचारी ॥ आप जु बूडा कुंभियहि,अन कउ किमि तारी ॥३॥ धरम नाम परपंच रचि,लूटन उपकारी ॥ तीरथ नरक थान भे,वासी विभिचारी ॥४॥ धोती कटि तग कंठ महिं,मग निरे संचारी ॥ श्रीचंद्र बिन राम नाम,खलकत परि खारी ॥५॥२४२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ करमा केरा मारिआ,कहि ब्रहम सु पूता ॥ कर गहि पत्री धाइआ,भागन उद्यूता ॥१॥ कांडी गिण मिण भाखीआ,ग्रह चाल सँजूता ॥ आपन करम न जाणई,अन कउ कर पूता ॥२॥ अपकरमी का धान चहि,उच करम भनूता ॥ अंने गुरु ते पाइ किमि,मारग सुख यूता ॥३॥ कंटक

सिहजा ऊपरै,कौनऊ नर सूता ।। सुत आसा तिहँ वैद सिउं,जा को ग्रिह ऊता ।।४।। हथ वसि करते पुरुख जिहँ,सो सिमरि पुनूता ।। श्रीचंद्र अन टेक तजि,संतन संगूता ।।५।।२४३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। एकउ सिमरउ भायरउ,हरि गुणी निधाना ।। जल थल महीअल पूरिआ,पूरन भगवाना ।।१।। खिन महि थाप उथापदा,जिअ जंतन नाना ।। जा कउ किरपा धारीआ,तिस ऊच स्थाना ।।२।। जतन न पाइऐ पारब्रहम,लख कोटि विधाना ।। जिहँ जन हरि प्रभु की मया,तिन ही पहिचाना ।।३।। करम धरम लख संजमा,लगि मोख न पाना ।। महा अनुग्रह प्रभू का,संतन उर जाना ।।४।। काढि गरत ते राख ले,दै कर निज पाना ।। श्रीचंद्र दामोदरै,अपना करि माना ।।५।।२४४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अहो उथारे दबिआ,उठि जाग समारी ।। तो ते ही हैं ऊपजे,जिनि सिउं भै धारी ।।१।। तुझ ते बाहरि कछु नहीं,पेखउ घर सारी ।। तेरे भीतरि मूरती,सभ गोरी कारी ।।२।। तू ही सुर असुरा भया,तू ही नर नारी ।। तू ही निरवैरा महा,तूँ दुस्मन भारी ।।३।। जैसी तुमरी भावना,तैसो

दरसारी ॥ जो चाहहि सोई मिलहि,धरि उर द्रिढ़तारी ॥४॥ निसचय सिमरत राम नाम,संतन संगारी ॥ श्रीचंद्र सद मोख खेम,बंधन मुक्तारी ॥५॥२४५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग काफी** ॥ जिन कउ भाउ भगति प्रभु,दई किरपा धारे ॥ सेई सुखीए लोक महि,हरि नाम सम्हारे ॥१॥ प्रभु पुर वासा पावही,मग खुले दुआरे ॥ सगले भाई मीत तिनि,साजन मन पिआरे ॥२॥ त्रिसना अगनि बिनासीआ,मोह लोभ निवारे ॥ पर का बुरा न चितवते,रति पर उपकारे ॥३॥ संतोख समाइआ उर बिखै,राम नाम चितारे ॥ आधि विआधि उपाधि हरि,जिअ जंतुन सारे ॥४॥ लिव लागी नित संत संग,जीवन मुक्तारे ॥ श्रीचंद्र तिनि मेल प्रभु,परसउं चरनारे ॥५॥२४६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग काफी** ॥ बिन किरपा जगदीस की,सतसंग न पाई ॥ संत संग बिन नहि लहहि,प्रभु नाम वडाई ॥१॥ बिनु नाराइण के भजै,मन मिटै न काई ॥ बिनु काई के खातमे,नहि हरि झलकाई ॥२॥ हरी झलक के लखै बिनु,जग ब्रहम न भाई ॥ जगत ब्रहम जानै बिना,भ्रम भेद न जाई ॥३॥

भ्रम भेद जाए बिना,ग्रंथी अधिकाई ।। बिनु ग्रंथी कै छोरिऐ,एकत्र कहाई ।।४।। एकत्र तबही पाइऐ, जब आप मिटाई ।। श्रीचंद्र आपा हरित,आपा ह्वै जाई ।।५।।२४७।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। पूरब भाग जागै कहहु,प्रभु मया सु कहिऐ ।। साधु संगति की द्रिस्टि कहि,निजि क्रिपा भि लहिऐ ।।१।। एकै कै ही चार नाम,हरि जनन भनै हैं ।। हरि हरि नाम उचारनो,सभ पुंन सनै हैं ।।२।। प्रभु सिमरत रस मगन भा,बहु द्रिस्टि चलाई ।। तीन अगोचर भ्रम वसी,गोचर इक आई ।।३।। सोई द्रिढ़ कर बाधीआ,गुरुमुख निज पाले ।। ताही के परसाद ते,जपु तपु ब्रत घाले ।।४।। घाल घाल स्रम पाइऐ,कछु हाथ न आवै ।। श्रीचंद्र संग साधु करि,सभ लेखै पावै ।।५।।२४८।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। ऊच सिंघासन पहि थिरा,हरि सज्जण मेरा ।। आप न चाहहि मिलन कउ,रचि राखै घेरा ।।१।। लाखउं परदे अग्र करि,दीपक गुल नेरा ।। पंच पंच पंच पंच पंच,पंच पंच पंचेरा ।।२।। जौ मेलन हित चाहहै,मिटि जात अंधेरा ।। दीपक तेल न बातीआ,चानण अधिकेरा ।।३।। किहँ कारण

किमि प्रगटिओ,किहँ ताहिं परेरा ।। बोध गवायो बोध लहि,हरि भाउ भनेरा ।।।४।। अक्खर अपर लखाइ कै,इक अक्खर हेरा ।। श्रीचंद्र संतन सभा,निसि अंतु उजेरा ।।५।।२४९।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। बावर साधु समान है,नहि मान अमाना ।। लोहा कंचन हीर कच,इक सम उर जाना ।।१।। राजा रंक बराबरी,आना अरु जाना ।। द्रिग हीना द्रिग धारई,कछु लखत न आना ।।२।। अकल खोइ पाई अकल,बड कौतुक भाना ।। नास सरीरै लहि सरीर,नगरी उदिआना ।।३।। बिन बोला बहु बोलता,स्त्रुत सुंन समाना ।। बहुत भ्रमत अनभ्रमई,गंधी अन घ्राना ।।४।। बिन आतम को नहि लखत,एह खेल महाना ।। श्रीचंद्र बिन साध के,नहि किनहु पछाना ।।५।।२५०।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। चतुरभुजा गोबिंद की,देइ दान सबाया ।। दो भुज ते न बटोरई,लख कीन उपाया ।।१।। छीनत रोक न सकिऐ,बल लाइ महाया ।। अगम अगोचर साहिबो,संतन समझाया ।।२।। जउ देहि नैन अगम कै,तब अगम लखाया ।। अकथ कथा किमि बूझीऐ,स्त्रुत स्त्रुत समाया ।।३।। विस्मय

गति किमि पाइऐ,बिनु विसम सुभाया ।। राम राम धुनि अधुनि,अनुभव दरसाया ।।४।। उमड़ी सागर लहर घन,जल दहदिसि छाया ।। श्रीचंद्र रम राम राम,रामहिं मिल जाया ।।५।।२५१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पूरा सत्गुरु भेटिआ,पाया प्रभु पूरा ।। सदा सहाइक संग हरि,कहुँ ठौर न ऊरा ।।१।। राम राम जिनि धिआया,भ्रम भेद विडूरा ।। पाप विकार सु भाग गे,पंच दूतन चूरा ।।२।। माया मोह परिहर सकल,उर लहिओ जहूरा ।। संत जना की रेणुका,ले मस्तक धूरा ।।३।। सभ मध्यै एको निरख,दुतिया ते दूरा ।। सांत समाणी आतमा,हरि जोती नूरा ।।४।। गुण गावत गोबिंद के,चित अधिक सरूरा ।। साधु सेव श्रीचंद्र लगि,प्रभु पेख हदूरा ।।५।।२५२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। आन उपाव न छूटीऐ,बिन हरि हरि नामा ।। वल छल कर धन संचीऐ,नहि आवत कामा ।।१।। दूध मलाई खंड घ्रित,पालिअ नर जामा ।। संग न सोऊ चालई,अन को सुत बामा ।।२।। दिणे राति स्त्रम करि रचे,गजगच वर धामा ।। रहिण न कोऊ देवई,दुइ चार भि जामा ।।३।। बन

उपबन जागीर धर,कंचन अरु दामा ।। पाट पटंबर बिबिध बिधि,मखमल अभिरामा ।४।। बदने अनिक सुगंध जुत,जल सीतल आमा ।। श्रीचंद्र तजि चाल है,करि आगल सामा ।।५।।२५३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। रे मन,को तेरो नहीं,किउं मोह बढायो ।। चमत्कार सम बीजुरी,अस्थिर लख पायो ।।१।। हरि चंदउरी मध्य किनहुँ,नर वास रचायो ।। काहूँ तरुवर छाय को,दिसि एक लखायो ।।२।। उपजत रवि जिहँ ठाम ते,पुनि नाहिन जायो ।। पिता पितामह आदि सभ,पुनि कबि दरसायो ।।३।। सरिता जल जो बहि गयो,पलटि सोउ नह आयो ।। परवाहत भव कलप गे,द्रिस्य नए बनायो ।।४।। काल विनासत आज लग,नहि उदर अघायो ।। श्रीचंद्र भजि राम राम,होहि संग सहायो ।।५।।२५४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। चक्र सुदरसन घूमही,जुग बीते कोटा ।। इक आवहि इक जावही,नितप्रति अनटोटा ।।१।। बाल अवस्था खिर गई,युवा बंध लंगोटा ।। व्रिधापन आ डंक दिअ,लीनसि गल घोटा ।।२।। उदर मात के सास अन,गति धरत अमोटा ।। जनमत औरे भांति है,भ्रमते लघु मोटा ।।३।। कुस तरुवर

लव सरब महि,पवना अवरोटा ।। पावक हूँ तन माहि रहि,इकरस नहि ओटा ।।४।। अन जल केरी चक्रगति,लख लेहु सहोटा ।। करणहार थिति श्रीचंद्र,मन सिमरि गुरोटा ।।५।।२५५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। राम राम धुनि प्रगट ह्वै,मरने की धारा ।। सत्त राम सभ भनत है,शव कंध उठारा ।।१।। बिन मौतों सत्त सिध नहि,उर करहु बिचारा ।। मुकत कहा मरणे बिना,कीजै निरधारा ।।२।। प्रिथमै मरण पछानिऐ,सत्गुरु कै दुआरा ।। मनमुख मरणों डरत है,कूड़ै कर पिआरा ।।३।। गुरु सरणाई पाइऐ,मरबे अखतिआरा ।। मर कै ही ह्वै लीन तन,पारब्रहम मझारा ।।४।। जग महि आया मरन हेतु,सभ पुरुख स नारा ।। लख्य मुख्य श्रीचंद्र एक,मरणो संसारा ।।५।।२५६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जग जीवन जिनि जानिआ,सेई मनमुख लोगा ।। कूड़ विहाजहि कूड़ लहि,कूड़े रचि भोगा ।।१।। गुरुमुख सच्च वापारीआ,संग संत संजोगा ।। कूड़ा गंढ न चलई,परिचाइन गोगा ।।२।।

सच्चा निहचल थान है,नहि होइ विजोगा ।। मुकत पदारथ राम नाम,सच्च गुरु ते होगा ।।३।। कच्च हरित सद सच्च वथु,कच हीरक जोगा ।। अंतरि किरण प्रकासिआ,रवि सच उद्योगा ।।४।। सत्गुरु सच्चा पातसाह,उर नासित सोगा ।। श्रीचंद्र हरि राम नाम,गुरुमुख हरि रोगा ।।५।।२५७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। गुरु की कार कमावणी,सच्च करणी साई ।। परिहर माया मोहणी,सच नाम समाई ।।१।। कूड़े लालच लगिआं,सच्च कीम न पाई ।। धंधै धावत रहि गए,मरनो निकटाई ।।२।। आइ गया पछताया,कछु बूझ न पाई ।। राम नाम हरि कीरतन,सच रंग सुहाई ।।३।। पाज मुलंमै उघड़ै,कूड़ी लिवलाई ।। गुरु सराफ नदरी धरे,कसवट्टी कसाई ।।४।। फिट्ट फिट्ट जग भाखई,कूड़े दरसाई ।। सच्च संत श्रीचंद्र प्रभु,सच्ची वडिआई ।।५।।२५८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। पूरा सत्गुरु सेविऐ,मन तन लिव लाइ ।। राम नाम सच्च पूरिआ,पूरन जन पाइ ।।१।। जिनी सेविआ भाउ करि,तिन अंतु छुडाइ ।। हउमै कूड़े बंधना,कटि दूरि गिराइ ।।२।।

सिला अलूणी चट्टीऐ,असि धार चलाइ ॥ सच्च हेतु सिर अरप कै,गुरुमुख विगसाइ ॥३॥ दीन हेतु लड़नो भलो,प्रति चाह न काइ ॥ मन निरमल सच उर लहहि,उपकार कमाइ ॥४॥ मनमुख सच्च न भावई,कूड़ै लपटाइ ॥ श्रीचंद्र सच साधु संग,को बिरला पाइ ॥५॥२५६॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ जिनी सच विहाजिआ,संतन लिव लाई ॥ कूड़ा लालच छोडिआ,सच कार कमाई ॥१॥ सच्चै अंदर चमक है,सची प्रभुताई ॥ अगनि ताउ कंचन सहै,मुलंमा न सहाई ॥२॥ सच्ची सीता पावकउं,नहि जलै जलाई ॥ तत्ती तवी नचाइऐ,रंग राग ध्वनाई ॥३॥ सच्चे ही सूली थिरे,सिर भेट चढ़ाई ॥ सच्ची भगती सच्च मन,सच गुरू महाई ॥४॥ सच्चा मंत्र राम नाम,सुनि भूत भगाई ॥ सच्चा सउदा श्रीचंद्र,को गुरुमुख पाई ॥५॥२६०॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ तत्ते तवे एक बूंद,धसि छेक करावै ॥ सच्चे अंदरि कूड़ छिट,चित विंन सिधावै ॥१॥ कूड़े सिउं मरना भला,सच्चे उर भावै ॥ सच्च ब्रिख फल मिठड़ा,रस अम्रित आवै ॥२॥ सच्चा सच्चे

कऊ लहहि,सच्च राम समावै ।। रामों ही सच्च ऊपजै,रामै लहिरावै ।।३।। साच समुंद विरोलिऐ, मणीआ सच्च पावै ।। सच्ची कीमत तां लहहि,सच्चे प्रगटावै ।।४।। सच्ची संगति मेल प्रभु,जे तुधुनो भावै ।। श्रीचंद्र सच सच्च है,नित सच रहावै ।।५।।२६१।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। प्रीति सची हरि नाम की,सच संगति मेला ।। सच्चे गुरुमुख सेंवदे,सचे रंग केला ।।१।। सच्चा सत्गुरु पाइऐ,सच मंत्र सुहेला ।। सच्चा सेवक भाउ सच,सच अंदर भेला ।।२।। सच्ची भगति नाराइणी,सच नामी पेला ।। करणी सच्ची सच्च की,बहु माहि इकेला ।।३।। सच्च सूर घोड़े चढ़ा,गहि हाथ सकेला ।। प्रणव धनुख सच्च चाढ़िआ,तन तान रुहेला ।।४।। बेधे सच्चा जोधवर,मन कूड़ दुहेला ।। श्रीचंद्र सच्चा स्थिति,दिगविजै महेला ।।५।।२६२।।

ओम् पारब्रहमणे नम:

।। राग काफी ।। सच्च विप्र सच तखत बहि,सच्च प्रजा सु पारी ।। सच्च गया अरहंत पहि, तिनि लिओ संभारी ।।१।। बुद्धहि सच समालिआ,धर जीती सारी ।। वारी आई शंकरहि,किअ सच

प्रतिपारी ॥२॥ सच सिंघासन राजिआ,अत्रपत्र झुलारी ॥ कूड़ अये भे जाचिकी,सिर खेह उडारी ॥३॥ सच्चे कीमत सच्च हथ,सो करहि सुमारी ॥ सच्चे ही मुख उजले,सच्चे दरबारी ॥४॥ सच्चे सच्च निवाजिआ,आपन कर धारी ॥ श्रीचंद्र सच गहि रहिआ,सच संत मुरारी ॥५॥२६३॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ सच्च भाउ जिनि पाइआ,तिनि भाग उचेरा ॥ सच्ची छाया सीतली,सच ब्रिख वडेरा ॥१॥ सच्चे ठंढि अलौकिकी,बैसंतर ढेरा ॥ सच्चा सागर मथीऐ,रतना गण हेरा ॥२॥ सिर कीमति दे पाइऐ,मुल तुच्छ घनेरा ॥ चुंबक सच्च विखालिआ,लोह सूची घेरा ॥३॥ सच पावक परजालिआ,अघ ईंधन ढेरा ॥ भस्म देह बुधि धरतीए,प्रभु अंकरु गेरा ॥४॥ परमानंद अंन बोहिलै,पा अनंद उजेरा ॥ श्रीचंद्र सच्च मंदरहि,ला बैठा डेरा ॥५॥२६४॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ राम नाम नित सिमरिऐ,मिलि संतन संगा ॥ कूड़ा मोह सभ बिनस जात,हरि हरि

रंग रंगा ॥१॥ सीतल जल हरि नाम महि,मज्जन सतसंगा ॥ सगले पाप उतारिअहि,सच पावन गंगा ॥२॥ कबहूँ नाहि औखीविऐ,मदमात्ते भंगा ॥ जोधा कूड़ संघारिआ,सच राता जंगा ॥३॥ फतह भई मन जीतिआ,संगे चतुरंगा ॥ सच सिंघासन थापिआ,सच नाम उमंगा ॥४॥ सचे ही सच सच लहि,सच जपु तपु चंगा ॥ सचा सत्गुरु श्रीचंद्र,सची सिखि मंगा ॥५॥२६५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग काफी** ॥ निरमल बुधि बिबेकीआं,सच नाम वडाई ॥ सचा सत्गुरु सेविऐ,हरि कीरति गाई ॥१॥ करणी निरमल निरमली,पुन्य दया कमाई ॥ राम नाम रवि उदै ते,उर कमल खिड़ाई ॥२॥ मधुप मन मधु सच महि,घुल आप गवाई ॥ लब लोभ काम क्रोधहुँ,कूड़ा घन घाई ॥३॥ नभ रिद साची पवन चलि,घट कूड़ उडाई ॥ स्वाति बूंद सच सीप सिख,पीवत तल धाई ॥४॥ मुकता मौतों प्रगट ह्वै,नक नत्थ सुहाई ॥ श्रीचंद्र प्रभु गोबिंद पति,गल लाइ मिलाई ॥५॥२६६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग काफी** ॥ अनिक जनम के बीछड़े,बहु जोनिन धाए ॥ तेली संदे बलद जिउं,भरमै

भरमाए ॥१॥ दुखै दुख विआपिआ,मर जनम सबाए ॥ जुग कोटिन की अवधि महि,नहि थिरे कदाए ॥२॥ कीट पतंग मीन कुरंग,गज अस्व कहाए ॥ कपि भालु सारक सारसै,कछु गनत न आए ॥३॥ बडे भाग मानुख बने,बुधिवंत लखाए ॥ सत्गुरु पूरण संत संग,आतम दरसाए ॥४॥ राम नाम जप जाप करि,निहचल पद पाए ॥ श्रीचंद्र थिर साधु संग,नहि चक्र चलाए ॥५॥२६७॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग काफी ॥ अवसर मानुख देह कउ,बीजउ हरि बीजा ॥ कोटि जुगन लौं काटिऐ,चउरासी कीजा ॥१॥ करम भूमि रितु कलू माहि,चतुगुण प्रगटीजा ॥ राम नाम बिनु मोखप्रद,भव आन न थीजा ॥२॥ जेही रितु तेहा थीओ,फल लहहि अमीजा ॥ आन रितू अंन बोइऐ,हथ झाड़ चलीजा ॥३॥ करम सौच धन दान कलि,नहि फलित कदीजा ॥ राम नाम संतन सरणि,भाव भगति लहीजा ॥४॥ ईत ऊत सफला फलहि,सुख सहज समीजा ॥ श्रीचंद्र नहि निखुटई,हरि राम सु बीजा ॥५॥२६८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। रे मन,जपु गोबिंद नाम,पावहि उर सांता ।। पावक त्रिसना बूझई,हरि रामहि कांता ।।१।। हउमै रोग न लगई,प्रभु नाम चितारे ।। जहँ तहँ सभ बिधि सूख लहि,अपगुणन बिसारे ।।२।। अठ्ठे पहिर आनंद सिउं,सिम्रित भुनसारे ।। हीरे हीरा बेधिआ,गुरु सिख पिआरे ।।३।। आपन राम धिआइआ,उर मेरी नासी ।। आतम प्रगास पाइआ,रस कमल विगासी ।।४।। कीरति गाई राम नाम,सुख सहिज सुहेला ।। श्रीचंद्र आनंद लहा,संतन कै मेला ।।५।।२६९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। हरि हरि नाम धिआइऐ,संतन कै संगा ।। हउमै मेरी सभ नास होइ,नहि पाइऐ भंगा ।।१।। नाम धिआवण नाम जपु,बहु करम सु चंगा ।। साध संग रंग भेटिऐ,प्रभु नाम उमंगा ।।२।। चार पदारथ अस्ट सिद्धि,करतल सरबंगा ।। सुणि कीरति हरि गुण रवै,घन ताल म्रिदंगा ।।३।। राति सुहावी सोहणी,हरि रंग सुरंगा ।। कलप ब्रिख अरु कामधेनु,प्रभु देवै मंगा ।।४।। चिंतामणि हरि राम नाम,गोपाल त्रिभंगा ।। श्रीचंद्र भजि स्वास स्वास,संतन कै ढंगा ।।५।।२७०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। जिनि गुरमुख नाम धिआया,आए परवाना ।। जनम सवारहि आपणा,कुल को बखसाना ।।१।। संगी सगले तारीअन,जिति आवन जाना ।। धरनि पुनीत पवित्र सोइ,हरि जनन बसाना ।।२।। महल सराइ अटारिआ,पावन अस्थाना ।। पावन घोड़े रथ बहिल,जन के अन याना ।।३।। भोजन पावन सोइ है,जोऊ साधन खाना ।। हरि हरि भजत पवित्र सभ,जो कछु इह ठाना ।।४।। पावन एकहु राम नाम,अन सरब अपाना ।। सिमरु मना नाराइणै,श्रीचंद्र बखाना ।।५।।२७१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

गवाइऐ,हरि ब्रहम सबाई ।। चितउं न बिसरै रामराइ,प्रभु अगम अथाही ।।४।। सास सास सिमिरत रहउं,हरि अकथ कथाही ।। तन फल पावै श्रीचंद्र,गोबिंद सरनाही ।।५।।३८५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। अपराधी हम भूलई,तुम बखसनहारे ।। रक्त बिंदु संभव भए,पर रहे विकारे ।।१।। कछू न कीनो करम सुभ,बड अवगुणिआरे ।। नहि गुण नहि चंगिआइआं,नहि धरम अचारे ।।२।। मनमुख संगति दिनै राति,बुरिआईआं धारे ।। कामी कपटी लंपटी,द्रोही ठग भारे ।।३।। उर दंभी भरपूर भा,लगि पापन कारे ।। वेस धरहि भल माणसी,त्रिसना के मारे ।।४।। राती संनी मारही,दिण नैण मुँदारे ।। मया धारि श्रीचंद्र पर,रखु सरणि मुरारे ।।५।।३८६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। बिखै विनोदन उरझ करि,नहिं राम सम्हारा ।। दुरगंधी लग प्रेम सिउं,मदमत्त लवारा ।।१।। साधु संग तजि दूर भे,मन मूढ गवारा ।। बाधे अवगुण गंठड़ी,सिर भार अपारा ।।२।। आल जाल जंजाल महि,फसि जनम विगारा ।। बिन अघ ओघन अपर कछु,नहिं किय संचारा ।।३।। रुचि

आवत नहि अमिअ सिउं,बिखिआ पी धारा ।। दया धरम अरु मैतरी,करि दूर विडारा ।।४।। पेखउं द्रिस्टि पसार जबि,सभ कारा कारा ।। राम बिना श्रीचंद्र चित,नहि अपर सहारा ।।५।।३८७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। राच माच जा सिउं हम लागे,ते काहूँ नहि संगे ।। बीजुलि चमत्कार खिन पल का, नैन चुँधावत अंगे ।।१।। रसकस होछे सिउं लपटाने,तजिओ सुधा रस चंगे ।। पाप विकार नितहि चित चितवत,राते बिखिआ रंगे ।।२।। पावत रहन न इह भव भीतरि,भन है लोग लफंगे ।। रहिओ न परदा निजी कुकरमन,चहुँदिसि होए नंगे ।।३।। निसिदिन चाल कुचाली चाले,रचिते ढंग कुढंगे ।। साधु संग तजि राम नाम हरि,लागै सुआन कुरंगे ।।४।। निरंकार निरवैर गुसइआं,बखस लेहु कर ढंगे ।। कारण करणा श्रीचंद्र तुम,रचना रच सरबंगे ।।५।।३८८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। प्रतिपालक अगम गुसाईआं,अवगुण न चितारे ।। अपनी सरणी राख जन,कई कोटि उधारे ।।१।। गनिका अरु अजामिल से,बहु लिए सवारे ।। पतित करम जिनि बहु घने,खिन महि कट

डारे ।।२।। बखससस ता की नहिं लखी,किहँ जीव विचारे ।। अघ ओघन खिन महि हरे,जिहँ चहित उबारे ।।३।। जपु तपु संजम धरम करम,सम द्रिस्टि न सारे ।। दास तेरे की बेनती,करि दया मुरारे ।।४।। कछू न करणी कीन हम,मूढ़ मुगध अवारे ।। ओर निहारहु आपणी,श्रीचंद्र सम्हारे ।।५।।३८९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। हम ते कछू न होवई,हे करते साईं ।। तूँ ही कर मिहरमती,हम तुमरी पाईं ।।१।। मन वेकारी वेड़िआ,जपु तपु न कमाई ।। अनिक जतन करि थक परे,नहि थिरत कदाई ।।२।। सारो दिन रतकार महि,निसि सोत बिताई ।। पेट न तबहूँ भरि सका,किमि तोहि धिआई ।।३।। पुत्र कलत्र कउ भरत ही,सभ आयु गवाई ।। राम नाम नहि सिमरिओ,संग साधु बिहाई ।।४।। करम धरम जपु संजमो,नहि दया वडाई ।। अवगुण जेतिक जगत के,सभ मो तन भाई ।।४।। हरि गोपाल दयानिधे, उर ओट तकाई ।। मेल लेहु श्रीचंद्र कउ,परिहर बुरिआई ।।५।।३९०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। लख चउरासीह जोनि महि,भ्रम भ्रम आए ।। जहँ जहँ ठौरहि पग धरा,किय पाप

सबाए ।।१।। सिंघ साप तन धार के,बहु जंतु हताए ।। मीन भए मीने भखी,बगुला डडु खाए ।।२।। चटिका चीटी खावई,चीटी मासाए ।। बिन ही कारण मरकटे,जीवन कउ घाए ।।३।। गनति न आवति कहूँ बिधि,अघ जेतक थाए ।। कागद कोटि न अपड़ै,लेखा लिखवाए ।।४।। मयानिधे निज मया धारि,राखहु सरणाए ।। अवगुणिआरो श्रीचंद्र,प्रभु लाज रखाए ।।५।।३९१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। हम ते कछू न होइ है,हरि प्रभु वडिआई ।। मन वेकारी वेड़िया,नित पाप कमाई ।।१।। काढ खड़ग सिर पर खड़ा,कलि घोर महाई ।। अलप आयु मति हीणिआ,किछु पेश न जाई ।।२।। माया जाल पसारिआ,चोगा छिड़काई ।। पंखी मानस फाथिआ,किआ फटकन भाई ।।३।। मौत बिना अब सामणे,कछु द्रिस्टि न आई ।। बिन करतार न सूझई,जोऊ होहि सहाई ।।४।। आसा सभ ही लाहि कै,मन ढेरी ढाई ।। नाराइण श्रीचंद्र जन,तुमरी सरणाई ।।५।।३९२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग काफी ।। तुमरी ओट गोपाल राइ,तुम जीउ पराना ।। तुमरा दित्ता पहिर है,तुमरा ही खाना

।।१।। जिथै जाइऐ जगत मै,तू है सभ थाना ।। तुझ ते बाहरि किछु नही,हरि सरब निधाना ।।२।। तुध भावै ता बखस लेह,अघ ओघ खजाना ।। जपु तपु संजम कछू नाहि,नहि पाठ पुराना ।।३।। तीरथ मज्जन नहि किओ,नहिं समझसि गिआना ।। ढूँढि सरब बिधि मनहि कउ,नहि पुन्य लखाना ।।४।। बिरध भयो तन खीण अति,खिन पलहि सिधाना ।। राम नाम बिना श्रीचंद्र,कत नही टिकाना ।।५।।३९३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। हरि हरि नाम आराधिऐ,सगरी मल धोई ।। हरि कीरति बिन कहूँ बिधि,नहि चानण होई ।।१।। सरब निधान हरि कीरतन,पावै नर कोई ।। मस्तक जिस के भाग है,सत संग समोई ।।२।। तिस ही का मुख उज्जला,जापै तिहुँ लोई ।। कमल प्रगास गुबिंद रवि,भवरे सिख जोई ।।३।। मारग मुक्ता गुरमुखी,अटकाव गयोई ।। दुबिधा दूजा भाउ तजि,इक चित्त अलोई ।।४।। पैधा हरि दरगाह का,सुर जै जै गोई ।। प्रवाना हरि श्रीचंद्र,हरि हरि पहि ढोई ।।५।।३९४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। **राग काफी** ।। जिनि प्रभु नाम अराधिआ,दरगह परवाना ।। तीन लोक चौदह भुवन,तिहँ वजा

निसाना ॥१॥ ब्रहमा बिसनू रुद्र ससी,रवि इंद्र हिराना ॥ गंधरब किंनर यख्य गन,सुर असुरन माना ॥२॥ हाहा हूहू तुंबरू,नारद निरताना ॥ सारद दुरगा इंदिरा,दरसत धर पाना ॥३॥ कउन विस्व महि ऐस है,जो नाहि झुकाना ॥ पातसाहा पातसाह सो,जिहँ राम हिताना ॥४॥ राम सिंघासन राजिआ,अबिचल हुकमाना ॥ राम नाम इक श्रीचंद्र,जिहँ तुल्य न आना ॥५॥३९५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ आवउ संत पिआरिओ,हरि कथा सुनावहु ॥ अंतरि अगनि प्रचंड चंड,हरि जल विसमावहु ॥१॥ कपट कपाटै खोल कै,हरि रूप लखावहु ॥ जनम जनम का वीछुड़ा,हरि संग मिलावहु ॥२॥ अंधेरे ते काढ कै,चानण मग पावहु ॥ गई बहोड़ो निधि हरि,रंकी बिहरावहु ॥३॥ बंद छुड़ावउ दास की,दुखीआ दुख हावहु ॥ भवजल निधि महि बूडतो,गहि भुज निकसावहु ॥४॥ मिहर तुमारी होइ है,हरि दरस समावहु ॥ गुरु अविनासी श्रीचंद्र,अबिनास करावहु ॥५॥३९६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ पंथ तुहारा पेखहउं,कब प्रीतम आवहि ॥ चोटा खावत बिकल अति,गल मेलि

हसावहि ॥१॥ मोह अरु सोग विजोग गति,संजोग समावहि ॥ आपहि आप अपान रति,नहि आप लखावहि ॥२॥ अचरज कौतुक देख करि,अचरज ह्वै जावहि ॥ ऐसी होवहि मनहि महि,अन कतहि न धावहि ॥३॥ मन भावंदा मीत हरि,निज कंठ लगावहि ॥ विछुड़ जोनि न धाव हैं,हरि हरि गुन गावहि ॥४॥ आन न जिहँ थल बस रहिओ,तिहँ वासा पावहि ॥ नाराइण जपु श्रीचंद्र,मन तन बिगसावहि ॥५॥३९७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग काफी ॥ जिहँ मन नाम धिआया,तिहँ हउ बलिहारी ॥ सात सुमद्र समानिआ,दुबिधा उर मारी ॥१॥ कीनी सत्गुरु चाकरी,तन मन धन वारी ॥ राम नाम जपु दिनसु राति,पंच दूत विडारी ॥२॥ आतम राम प्रगासिआ,मन मोह निवारी ॥ जीवन मुकत सुहावना,भव भार उतारी ॥ सभो करज उतारिआ,अनतोट भंडारी ॥ धंधा सभसि उलाहिअन,हरि नाम विहारी ॥४॥ सच पातसाही अमर सच,सच रिद संचारी ॥ सच्चो सच्चा श्रीचंद्र,सच्चै वापारी ॥५॥३९८॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

|| राग काफी || संत जना की धूरि ले,निज मस्तक लाई || आतम अनुभव पाइआ,मन मोह मिटाई ||१|| निहचल सूख थान लहि,बिनसी अन धाई || अवर न दूजा कोऊ है,सगरे गुरु भाई ||२|| वरणास्त्रम महि भेदि कर,हरि रचन रचाई || मनमुख संगत झूठ लहि,गुरुमख सच पाई ||३|| चितवत मिथिआ चितवनी,सभ जात गवाई || सच्च राम सच्च साधु संग,साची लिव लाई ||४|| सच्च मंत्र गुरु रगड़िऐ,मस्तक तिलकाई || आंच न लागहि श्रीचंद्र,सच्च अंतु सखाई ||५||३९९||

ओम् पारब्रहमणे नम:

|| राग काफी || सेवहु सत्गुरु आपणा,निसि दिनस सवारे || एक सहाई राम नाम,जिअ लेहु समारे ||१|| नीचे ते ऊचा करत,नहि लागति बारे || वरण जाति नहि बूझिऐ,साचै दरबारे ||२|| जिनि हरि प्रीतम धिआया,हरि तिसहि पिआरे || हट्ट सराफी परखिऐ,हेमे नहि कारे ||३|| सत्गुरु मालक दिलां दा,दे हाक पुकारे || जपिअहु गुरमुख राम नाम,सद संग तिहारे ||४| मन निरमल मुकरहि लहहि,हरि रूप निहारे || हीरे हीरा श्रीचंद्र,बेधे हरि दुआरे ||५||४००||

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।।

सत्गुरु सेवे सदा सुख,दूख न कतहूँ थांइ ।। राम नाम उपदेसिऐ,अंदरि सच्च समाइ ।।१।। एको साहिब मन वसाइ ।। सफल जनम जग आइआ,बिनसै दूजा भाइ ।।१।। रहाउ ।। सत्गुरु सेती चित्त लाइ,पाया नाम निधान ।। लाहा हरि धन खट्टिआ,हऊमै गया गुमान ।।२।। साचा साहिब रवि रहिआ,चहुँ जुग तीनो लोग ।। आवै जाइ न साच थिति,जनम मरन हरि सोग ।।३।। जो जन राते नाम सिउं,हउ तिन बलिहारै जाउं ।। सदा सुहेले श्रीचंद्र,दरगह निरमल थाउं ।।४।।१।

ओम् पारब्रह्मणे नम:

|| राग धनासरी || हउं बलिहारी तिनहुँ कै,जिनि संग जपिऐ नाउं || राम नाम गुण गाईअहि, अनुदिन सच्च समाउ ||१|| मन रे राम नाम जपु साच || झूठी दुनीआं विनसनी,राम नाम बिन काच ||१|| रहाउ || कूड़ पसारा मोह का,बिनस जाइ दुख रोइ || राम नाम सद सच्च है,दरगह बेली जोइ ||२|| भीड़ी गली अंधेरीऐ,दीपक बल है राम || सुख सउ पंध कटाईऐ,चानण महिल तमाम ||३|| साधू की मन ओट गहु,राम नाम लिव लाइ || मन बांछत श्रीचंद्र लहि,पति सिउं सच समाइ ||४||२||

ओम् पारब्रह्मणे नम:

|| राग धनासरी || झूठी कारे लग्गिआं,सुख न पाईऐ मूल || फिर पछतावन ना परै,अब ही लखीऐ भूल ||१|| प्राणी हरि हरि नाम सम्हाल || गुरु पूरे ते पाइऐ,सदही निबहै नाल ||१|| रहाउ || जित्थै लेखा मंगिऐ,चावल रत्ती तोल || तित्थै संगी राम नाम,बखसावै ह्वै कोल ||२|| औखी घड़ी जु आइ है,करता राम सहाइ || भाई बंधु कलत्र पुत्त,रहि जावै मुंह बाइ ||३|| संता की सिख रिदै धरि,राम रमहु वडभाग || सुख ही सुख श्रीचंद्र लहि,मूल न लागै दाग ||४||३||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || रत्ते रंग नाराइणै,पारब्रहम निरंकार || जग महि आए धरम हित,जीवन करत उधार ||१|| केवल राम नाम आधार || आप मुकत संगी तराहि,बोहिथ सिंधु मझार ||१|| रहाउ || आसा दूजी तिआग कै,चरन कमल रंग लाइ || रसना उचरत राम नाम,हरि कीरति गुण गाइ ||२|| आधि विआधि उपाधि गति,तीनो ताप निवार || सांत सहिज निधि परविसै,राम नाम मन सार ||३|| जगत पिता प्रतिपालई,सरब देस सभ थान || चिंत बिनासी श्रीचंद्र,करते पेखि निधान ||४||४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || गुण गावहु गोबिंद के,मन तन देह सवार || हरि हरि नाम जपंत सद,सच्चा इहु वापार ||१|| अवर न मन महि दूजी आस || हरि हरि नाम धिआइऐ,इक मन सास गिरास ||१|| रहाउ || संत जना संग मिल रहहि,नाम बसै मन आइ || हउमै मोह विसारिऐ,दुख बिखिआ जल जाइ ||२|| अम्रित नाम पदारथो,सत्गुरु ते सिख लेइ || अनुदिनु रिदै सम्हाल हरि,सांत पई उर

तेइ ॥३॥ क्रोध लोभ सभ तजि गए,चोर पहिरूए आग ॥ मन सुत्ता श्रीचंद्र का,संत संग उठि जाग ॥४॥५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ संत जना मिलि पाईऐ,हरि हरि अम्रित नाम ॥ सदा सुख हरि मन बसै, अमरापद बिस्राम ॥१॥ जपु मन राम नाम सुख सार ॥ जनम पदारथ जीतिऐ,नाहिन दरगह हार ॥१॥ रहाउ ॥ परमानंद निधान रस,राम नाम गुण गाइ ॥ आल जंजाल विकार तजि, निरमल होवहि काइ ॥२॥ नउनिधि अठदस सिद्धि सभ,हरि कै चरन मझार ॥ नउतन नाम गुबिंद के,सिमिरत रसना चार ॥३॥ प्रेम पदारथ सो लहै,जिस मन संतन प्रीति ॥ गगन मंडल महि श्रीचंद्र, वासा नाम सु चीति ॥४॥६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ जोगी रंग सु जोग का,भोगी भोग सु प्रान ॥ गुरुमुख होवै सो लखै,हरि हरि नाम

निधान ॥१॥ संत जना की अम्रित बाणी ॥ राम जपत सुख सहिज समावै,जनम मरन गति दूरि विहाणी ॥१॥ रहाउ ॥ जल थल महिअल पूरिआ,साहिब सच्चा सोइ ॥ जिनि सेविआ प्रभु आपणा, तिस जन दूख न होइ ॥२॥ गुरु गोबिंद सालाहिऐ,उपजै ब्रहम गिआन ॥ काम क्रोध मोह बिनस है, हउं चूकै अभिमान ॥३॥ जिनि जिनि नाम धिआइआ,तिनि कै सभ कोइ ॥ तिहुँ कालन की श्रीचंद्र, अंतर प्रगटी लोइ ॥४॥७॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ आवहु संत पिआरिओ,हरि हरि गुण रावेहिं ॥ सच्चा साहिब सेविऐ,मन निरमल विगसेहिं ॥१॥ संतां संगति गिआन प्रगास ॥ दुरमति हउमै पाप खय,प्रेम पदारथ भास ॥१॥ रहाउ ॥ चरन धूड़ि सच साधु की,हरि हरि नाम उजेर ॥ मस्तक होवै लिखिआ,पावै प्राणी फेर ॥२॥ जनम जनम का विछुड़िआ,साधू संग मिलाइ ॥ आतम भीतरि प्रगट ह्वै,हरि हरि हरि हरि राइ ॥३॥ चाहहुँ मुकति सो पाइऐ,संत संग कर वास ॥ सरब पदारथ श्रीचंद्र,संतन चरन निवास ॥४॥८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || ओट गही हरि नाम की,संतां की सिख लेइ || सद सेवउ गुरु आपणा,तन मन आगै देइ ||१|| दुरमति दुबिधा दई वंञाइ || उतर आकासों आया,साहिब सच्चा राइ ||१|| रहाउ || थान सुहावणा सोहणा,जित प्रीतम का वास || खेम कलिआण तित दिन भा,कमल होआ परगास ||२|| चहुँदिसि ठंडी मारुतहि,परमानंद विथार || मन की अक्खीं वेखिआ,हरि प्रीतम निरंकार ||३|| तख्त सच्चा पातसाह थिर,करता सदा निआउं || हुकम चलावै श्रीचंद्र,दे दे आपणा नाउं ||४||६||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || हरि गोपाल नाराइणै,डेरा पाया आइ || दहदिसि भी हरिआवली,सूके तरु लहराइ ||१|| गावहु गावहु अम्रित बाणी || परमानंद समाधि साध,हरि हरि नाम समाणी ||१|| रहाउ || दरसन डिठा पारब्रहम,नैन सिरानै सीर || मन महि आया सहिज रस,सकल बिलानी पीर ||२|| दहदिसि चौदह भुवन महिं,एका जोति मुरार || पसु पंखी वण त्रिण सकल,एकंकार पुकार

।।३।। अनहद बाणी ऊपजी,सुंन समाधि समाइ ।। श्रीचंद्र मन ऊजला,पाया प्रीतम राइ ।।४।।१०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। राम नाम रंग रतिआ,सगल मेटिआ भार ।। नित सुख सच्चा सेविआ,तजि हउमै अहंकार ।।१।। धुनि अनहद हरि नाम ।। सुणि त्रिपति अघाईऐ,निहचल पाइऐ ठाम ।।१।। रहाउ ।। जिनि जिनि हरि हरि धिआया,भव जलनिधि गोपाद ।। खिन महि पार परानिआ,मन साचा विसमाद ।।२।। हरि प्रीतम सालाहि उर,सहिज अनंद विराग ।। भरिआ पिआला प्रेम रस, अचरज ता का राग ।।३।। गई उपाधि विआधि सभ,साचै सुख भरपूर ।। नाम जपत श्रीचंद्र जन,ठाढै प्रभू हजूर ।।४।।११।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। नाम अराधत सदा सुख,मन तन सांत सरीर ।। साधु संग हरि गुण

रवहि,बिनसी दुतिआ पीर ॥१॥ हरि हरि नाम जपत आनंद ॥ सदा सुहेले सहिज रस,निवरे हउमै फंद ॥१॥ रहाउ ॥ रत्ते साचे नाम सिउं,दुख बिखिआ परिहार ॥ आठ पहिर हरि सिमरना, साचा एहु अधार ॥२॥ त्रिसना भूख न लागई,जपु जपु नाम गुपाल ॥ माया बंधन काटिआ, नदरी नदरि निहाल ॥३॥ नेड़ै दिस्सै पारब्रहम,परमेस्वर भगवान ॥ सभ घट पूरन श्रीचंद्र,जल थल एक समान ॥४॥१२॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ मन की मैल उतारीअहि,साध संग लिव लाइ ॥ जनम पदारथ सफल होइ, गिआन पदारथ पाइ ॥१॥ भाई रे,हरि गुण सदा विचार ॥ सिमरत सिमरत चानणा,पाइऐ गुरु मति सार ॥१॥ रहाउ ॥ जनम मरण दुख काटीऐ,प्रेम पदारथ संग ॥ हउमै चूकै मोहड़ा,राम नाम इक रंग ॥२॥ गुरुमुख होवै रस लहहि,हरि गुण रिदै समार ॥ अगिआनहि प्रतिपाल हरि,प्रभु पेखे निरधार ॥३॥ धनवंते से जानिऐ,राम नाम चित्त लीन ॥ मिथिआ माया श्रीचंद्र,संतन उर ते छीन ॥४॥१३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || जग मिथिआ मत भरमिऐ,दिन दस खेल पसार || कछु चालै कछु चालसहि, अपनी अपनी वार ||१|| थिर नाही कोऊ संसार || जो आइआ सो जावसी,कौतुक कूड़ अपार ||१|| रहाउ || जिनि सिउं चीत लगाइआ,राति दिनसु इक रंग || तिनही कउ तजि चालणा,परिहर कापर नंग ||२|| जे कछु लै कै आइआ,प्रानी इहु जग माहिं || तउ ही कछु लै जाइगा,समझत उर महि नाहिं ||३|| साधु संगति कै वारनै,जिनहि द्रिढ़ाया नाम || राम बिना श्रीचंद्र सभ,दुख दायक परिनाम ||४||१४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || कूड़ै रंगनि रंगिऐ,मन तन फीका होइ || पछुतावत उठि चालसी,मनमुख दरगह रोइ ||१|| गुरमुख राम नाम गुण गाइ || पति परमेस्वर पाईऐ,दरगह पैधा जाइ ||१|| रहाउ || कूड़ै सभे साक हहि,सुत भाई मित नारि || इन की संगति लगिआं,नित नित होहि

खुआर ।।२।। भार न कोइ वंडावसी,तित साचे दरबार ।। पाप चढ़ावहि बहुबिधी,मनमुख नर पुचकार ।।३।। चित चेतहु हरि राम नाम,सुख सिउं आगै जाइ ।। अबिचल वासहि श्रीचंद्र,जनम मरण नहि पाइ ।।४।।१५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। संता संगति पाइऐ,राम नाम परगास ।। उलट कमल परगासिऐ,तूटै माया फास ।।१।। दुख बिखिआ रस माहि ।। खिन पल सुख कै कारणै,जनम जनम पछुताहि ।।१।। रहाउ ।। चमत्कार तड़िता बिखै,किन लिए महिल उसार ।। कोठे छत्ती दौड़ता,नहिं गिरिओ सिर भार ।।२।। मुट्ठी भीतरि किहँ धरी,सूरज किरण संभाल ।। पातिसाह को जगत महि,जाहि न विआपिओ काल ।।३।। मूरख मुगध अयाणिआ,साच पदारथ नाम ।। साधु संगि श्रीचंद्र लहि,राम नाम जिअ काम ।।४।।१६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। वडभागी ते संत जन,जिनि प्रभु नाम धिआया ।। हरि दरगह मुख ऊजला, तिआगी परिहर माया ।।१।। राम राम जपिआ दिन राति ।। बरसाने हरिदुआर ते,पाई अम्रित दाति ।।१।। रहाउ ।। क्रिपा कटाख्य विलोकते,जन रिद नाम समाइ ।। माया का भ्रम दूर करि, गिआन पदारथ दाइ ।।२।। अंतरि पटल विनास कै,चानण किअ तिहुँ लोइ ।। चिंता सगल विसारीआ,करता करे सु होइ ।।३।। सच नाम उर ऊपजै,सांत सहिज निरबान ।। गोबिंद नामहि श्रीचंद्र,सदा खेम कलिआन ।।४।।१७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। चिंता घूमनघेरड़ी,भव जलनिधि माही ।। मन गोते बहु खावई,को गहै न बाही ।।१।। सत्गुरु दया करहु मम साईं ।। मै अनाथ गरीब निमाणा,अन आसर को नाहीं ।।१।। रहाउ ।। लहिरी अधिक पछाड़िआ,बल सभ निखुटाई ।। कूक पुकार तब ही करउ,जउ कहूँ

लखाई ।।२।। नेड़ा कोउ दीसत नहि,जल ही जल माही ।। मरनो ही सनमुख लखउं,अन सूझ न पाही ।।३।। दीजै जीवन दान कउ,नभ मारग आही ।। राम नाम कहि श्रीचंद्र,गति अंतु लहाही ।।४।।१८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। अवर ओट नहिं सूझई,कलि घोर अंधारे ।। करम धरम वरणास्त्रमी,को कार न सारे ।।१।। एको राम नाम है सार ।। जो जो जपै तिस की गति होवै,भवनिधि उतरे पार ।।१।। रहाउ ।। रुति होइ बीज बीजिऐ,फल पावै अंन खेत ।। बिन रुताँ कछु होइ नहि,लहहि स्रम बिन हेत ।।२।। चक्की कलीं चलाइआ,पीसै करम सबाइ ।। तन धर भीतरि जमत नहि,बहुरि बहुरि पछुताइ ।।३।। बिन पाहे कोरे बसन,रंग न चढ़ई कोइ ।। सत्गुरु सेवे श्रीचंद्र,राम राम मुख गोइ ।।४।।१९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। दंभ पसारा चहुँदिसि,कलिजुग माया हेत ।। तन धरमी मन पाप रति,कूंज

चुगति नित खेत ।।१।। इन बिधि भगति न होइ ।। तिलक जनेऊ धोतीआं,नख जट वेस किओइ ।।१।। रहाउ ।। लंमी दाढ़ी जाल रचि,फासत लोग सिकार ।। सदाव्रत देवालिआं,वेदैं पाठ विकार ।।२।। बाहर जती सदावंदे,अंदरि नारी प्रीत ।। भगति करत निसि जागई,ऊचै गावत गीत ।।३।। ठग्गण हितु उपदेसते,मज्जन कीजै कुंड ।। राम नाम बिन श्रीचंद्र,रंगे रंग चुलुंभ ।।४।।२०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। काजी मुल्लां ऐकठे,ठाट जमाती संग ।। लबां कटाइआं मुंह सिउं,लिंग कटाइआ अंग ।।१।। चढ़हि मसीति मुनारे धाइ ।। ऊची बांग पुकारई,जुंमै इकठ कराइ ।।१।। रहाउ ।। मुसलिम जाइ बहिसत महि,अगनि जलावै हिंदु ।। मूरख मन डहकावई,म्रितक तन कहि जिंदु ।।२।। काबे हज्ज परवान ह्वै,जमजम नीर पिवाइ ।। नाम खुदाइ भूलिआ,असवद संग चुमाइ ।।३।। पाथर मारे खोलिआं,मन महि रहिआ सैतान ।। नाम विहूणे श्रीचंद्र,लहहिं न कहूँ अमान ।।४।।२१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || अंधुले भरम भुलाणिआं,नाम न पाया चीत || कूकै मुल्लां भुक्खड़ा,घर मेरा ही मसीत ||१|| दिल महि नहीं यकीन खुदाइ || उदर भरन हित जगत महि,पढ़ि कुरान डहिकाइ ||१|| रहाउ || जे पैगंबर अब नहीं,भरहि उगाही कौण || काजी ठग घर पैसिआ,फास मुरीदा धौण ||२|| ग्रिह खुदाइ को जंदरा,गया रसूल लगाइ || सौंपी कुंजी किसै नाहि,उमत्ति दोजख जाइ ||३|| घत भुलेखा मूढ़िआं,पंज नमाजी ठाट || बिन अल्लह की बंदगी,श्रीचंद्र घट घाट ||४||२२||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || वेद पुरान कुरान मिलि,ऊची कहिओ पुकार || कछू काज नहि अवर सभ,राम नाम सच सार ||१|| दाता अलह राम नाम || जग महि कोऊ न दीसई,भेखीं लहि पहिनाम ||१|| रहाउ || ऊची कुल सैयद कही,ब्रहमण मुख भगवान || गौस पीर वैरागीअहि,संनिआसहि परमान ||२|| जोगी ब्रहमचारी जती,तपी उदासी घोर || हरि की भगति विहून सभ,विचरत माया चोर ||३||

भेख धरै नहिं पाइऐ,करता पुरुख मुरारि ।। बिना राम श्रीचंद्र जग,मरि मरि होइ खुआरि ।।४।।२३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। छिल लाहू काबे थिरै,दुआरहि बंद कराइ ।। एक घड़ी महि हाजीआं,लारा बहिशत लगाइ ।।१।। अब लौं काबा गया बहिशत ।। तुम कउ कैस पुजावही,नाकस खुदा शिकस्त ।।१।। रहाउ ।। दिल साबत ग्रिह अल्लह का,पैश पैगंबर ताक ।। खुश्बू बायद बंदगी,खुस निस्शत ओताक ।।२।। कबहुँ रसूल न आइआ,बुरगू कबरों देइ ।। नाकश अकल न जाणई,कातल अलह हेइ ।।३।। जुहद मुनासब दिल दरूँ,साहिब दिले कुनीद ।। साहिब दिल दर दीदना,श्रीचंद्र तागीद ।।४।।२४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। धरनि पुकारी रोइ कै,हरि प्रभु के दरबार ।। पारब्रहम करता पुरुख,कंन धरि सुनहु गुहार ।।१।। निघरत जाति गरीब पतार ।। मो ते चुकिओ न जावई,अघ ओघन का भार ।।१।।

रहाउ ।। मंदर रचै सुहावणै,देवन मूरति धार ।। चरनाम्रित भुंचावही,वेस पावनी चार ।।२।। कूड़ै जाल पसारिआ,नैवेदहि आहार ।। नीर गंध दधि दूध घ्रित,चंदन कापर सार ।।३।। भोग रुचिर पूजा रते,पाहन रिदै बिचार ।। दंभ विगूते श्रीचंद्र,ले बूडे संसार ।।४।।२५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सुणु बेनंती मेरीआ,हरि प्रभु नेड़े होहि ।। कीजै आपनि ही मया,उर भीतरि रख छोहि ।।१।। कोऊ साध मिलाइ ।। क्रिपा करि कै जो रिदै,देवै राम बसाइ ।।१।। रहाउ ।। जिहँ भेटत दुरमति हिरै,सुद्ध बुद्धि प्रगटाइ ।। ध्रोह मोह कालुख लहै,निरमल होवै काइ ।।२।। सत संतोख समाइऐ,जपु तपु लखीअहि नाल ।। राम नाम रंग रत्तिआ,नहि पोहै जमकाल ।।३।। मुकत पदारथ पाइऐ,सिमरत हरि के चरण ।। सफल जनम जग श्रीचंद्र,राम राम मन धरण ।।४।।२६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। हरि हरि नाम जपत जन साधू,कालहि मार बिदारै ।। मुकत दुआरा हरि हरि

रस महि,हउमै अंक निवारै ॥१॥ राम राम लागी लिवतार ॥ उनमत्त भए राम रंग राते,चढ़े अपार खुमार ॥१॥ रहाउ ॥ सदा सुहेले सभनी थाईं,सरबै देसन माही ॥ ओट गही पारब्रहम सुआमी,बहु लंबी तन बाही ॥२॥ अखुट खजाना संती पाइआ,वरसावत जन हेरे ॥ खावत खरचत भुंचावत है,नैन न कबहूँ फेरे ॥३॥ राम नाम कि गति जिहँ जानी,पायो सरब निधाना ॥ जनम जनम का श्रीचंद्र सोया,भुज गहि टुंब उठाना ॥४॥२७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ बिखवत इह संसार पदारथ,पेखत ह्वै मन काला ॥ जो नर भुंचि भुंचि नहि थाके, तिनि केरा कया हाला ॥१॥ प्रभ जू,बखसहु दास ॥ क्रिपा कटाख्य करहु अवलोकन,काटहु माया फास ॥१॥ रहाउ ॥ रवि प्रतिबिंब मुकरि द्रिग हेरै,अंध भवत जन तेई ॥ जिनि जिनि कंचन थैली पेखी,नैनहीन भे सेई ॥२॥ मात पिता सुत साजन हूँ ते,धन लहि करत किनारा ॥ संग न काहूँ चालिओ दरगह,धरम करम दिअ हारा ॥३॥ ध्रिग ध्रिग खाया पीआ भोगा,ध्रिग ध्रिग अंग चढ़ाया ॥

राम नाम तजि श्रीचंद्र नर,अहिला जनम गवाया ॥४॥२८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ लाख करोर जोरि स्रम कीना,अरब खरब लौ धायो ॥ देस विदेस गयो तजि घर वर,सागर सात अथाहयो ॥१॥ त्रिसना अधिक अधिक अधिकायो ॥ गयो अकास पेख दिग मंडल, दरब गंठि करि लिआयो ॥१॥ रहाउ ॥ करि चोरी ठगी बुरिआई,बटपारी जिअ घायो ॥ धन धरती महि गडहि दबायो,चाहन अनत सिधायो ॥२॥ गगन कुंभ कबि नीर भरो है,म्रिगत्रिसना के थायो ॥ पर ते परे परे पर पर ते,थाह न किनहूँ पायो ॥३॥ भोग भोग कामिनि नहि त्रिपते,बाद गवाई कायो ॥ साधु संगि श्रीचंद्र भजहु हरि,नित्त पदारथ आयो ॥४॥२६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ दुरलभ मानुख जनम है,हरि भजि ले भाई ॥ लख चउरासीह जोनि महि,मिलि है

वडिआई ॥१॥ दर गोबिंद का अंधे आया ॥ भाग बुरे सिर खुरकन लागा,आगै आगै धाया ॥१॥ रहाउ ॥ पाइ गेड़ फिरि कोटि जुगन लौं,सिर धुनि धुनि पछुताइ ॥ हरि हरि नाम न जापई,मरि जनमै दुख पाइ ॥२॥ पाहन योनि कठोर तन,बिन परलय नहिं अंतु ॥ काक सरप मारे बिना,कबहूँ नाहि मरंत ॥३॥ संतन कहिओ पुकार कै,अब भजु नाम मुरार ॥ राम नाम बिन श्रीचंद्र,बूडहि काली धार ॥४॥३०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ सत्गुरु सेवहि आपणा,से वडभागी माइ ॥ जनम मरन गति नास भइ, निहचल पाई थाइ ॥१॥ रामहि राम नाम गुन गाइ ॥ अंतरि गिआन चराग ते,तम अगिआन नसाइ ॥१॥ रहाउ ॥ सेवा साधू पुरुख की,दुरमति मैल हरंत ॥ अठसठ तीरथ पुन्य फल,संतन चरन बसंत ॥२॥ पूरब होवै लिखिआ,मस्तक उत्तम भाग ॥ साधु संग तबि भेटीऐ,जागै उर वैराग ॥३॥ राम नाम हिरदै बसै,धुनि उपजै मन मोहि ॥ हरि मेले श्रीचंद्र चित,बिनसै माया धोहि ॥४॥३१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सोग विजोग सूख अरु दूखा,माया मोह अपार ।। काम क्रोध पुनि लोभ मोह वसि, मन महि थित अहंकार ।।१।। माया केरे रूप अपार ।। हिरदै भीतरि हरि प्रभु बैठा,दहदिसि करि अंधिआर ।।१।। रहाउ ।। कागद केरी हस्तिनी,मूरख गज न समार ।। कुंडी मुख महि निगलई, मीना मास विचार ।।२।। लागि वासना कमल महिं,भवरा मरण विसार ।। काल न सूझत हरिन मन, नाद रंगि मति मार ।।३।। आपन आप भुलाइ कै,पर रंग गहित गवार ।। पारब्रहम श्रीचंद्र इह, उर ते देत विडार ।।४।।३२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सगली स्रिस्टि नासवंत,अवियक्ता अविनास ।। माया अरु पारब्रहम का, एता अंतर भास ।।१।। मन महिं अनिक प्रकार तरंग ।। मूरति उर महि पेखिअत,सुंदर रूप सुरंग ।।१।। रहाउ ।। आपन आप उपाइऐ,आकासी वर फूल ।। धनुस चढ़ायो ससे स्रिंग,बांझ

सुतहि गहि तूल ।।२।। परबत खायो चीटीअहि,अजहूँ भुखी धाइ ।। सीत विआपिओ कूरमहि, पावक चंड तपाइ ।।३।। अनहोंदा होंदा भया,होंदा भाजा दूरि ।। परमेस्वर तजि श्रीचंद्र,फिरहै छानत धूरि ।।४।।३३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। वाक जाल माया महा,निरमल रसना चारु ।। सारद रसवत वाइऐ,हितु मोहन संसारु ।।१।। माया रूप सु बहुत प्रकार ।। कई कोटि गिण हारीए,पाइऐ नाहिन पार ।।१।। रहाउ ।। रिखिराजन जीवन लखा,लख चउरासी योनि ।। चारहुँ खाणी बाणीआ,त्रयीदेवा रचि भौन ।।२।। कुंडल ते कुंडल परै,गोरख धंधै माहि ।। उरझ उरझ कै पचि मूआ,सुलझा कबहूँ नाहि ।।३।। जुग चारे वेदन पढ़हि,अनिक बिधिन मत सार ।। भरम बिना श्रीचंद्र उर,पूरन ब्रहम बिचार ।।४।।३४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। जनम न जानहि आपणा,मरणै नाहिन सूझ ।। जब ही दीनन कछु लहहि,तब

कछु पावहि बूझ ॥१॥ संत कथत एही वखिआन ॥ अगिआनी नर मूढ़ मति,जनम मरन लहि गिआन ॥१॥ रहाउ ॥ जीउ दिआ जिहँ पारब्रहम,सार करेसी सोइ ॥ को भूखे त्रिपताव है,जिहँ ग्रिह अंन न होइ ॥२॥ रचि राखी प्रारब्ध तिहँ,प्रथमे बहुरि सरीर ॥ निखुटी रासी प्राण जुत,कोइ न बन्है धीर ॥३॥ चलित पछानहु रिदै महि,राम नाम बिन तोल ॥ भजि गोबिंद श्रीचंद्र मन,लहिऐ पूरन मोल ॥४॥३५॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ एकंकार आराध मन,सत्गुरु चरनी लाग ॥ निरमल मति विगासई,अंतरि गिआन चराग ॥१॥ गुरु पूरे की पउ सरणाई ॥ अगिआन अंधेरा दूरि करेसी,वथु अमोल लखाई ॥१॥ रहाउ ॥ जिनि के मन महि भउ नहीं,भगति करहि किमि सोइ ॥ बत्ती दीपक तेल अगि,सामग्री ते लोइ ॥२॥ पूँजी साच सम्हाल कै,लाहा लै परथाइ ॥ बिनु रासी वापारीआ,द्रिग ताकै मुंह बाइ ॥३॥ गुरुमुख सच्च विहाझिआ,राम नाम ले पाल ॥ उरि परमानंद श्रीचंद्र,नदरी नदरि निहाल ॥४॥३६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। थिर रहिणा तो है नहीं,जे जीवहि जुग कोटि ।। परमेस्वर ते भुलिआ,सिर सहिहै जम चोटि ।।१।। जलते पेख लेहु शमशान ।। मंडप महिलीं तिआग कै,एही करम निदान ।।१।। रहाउ ।। खेहू खेह मिलाइआ,गोर चिता दुइ राह ।। लेखा सभना के सिरै,पेखहु मन अवगाह ।।२।। जल महि धरनी विचरती,उर महि पावक धार ।। पवना जाइ अकास को,कोइ न साकसि टार ।।३।। राव रंक पातसाह कउ,मारग चालण एहु ।। नाम बिहूणे श्रीचंद्र,पिखिअत ऊचे थेहु ।।४।।३७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। खाइ रसाइण अनिक बिधि,भोगै नारि कुमारि ।। रहिणा नाही एतु जग,एहि निसचय जिअ धारि ।।१।। प्राणी राम नाम चित सार ।। दरगह अंदरि जाइ कै,पड़ै न करनि पुकार ।।१।। रहाउ ।। जिहँ प्रभु उदर लगाइआ,सोई देइ अधार ।। जीवन भी तिस हथ वसि,चिंता चित विकार ।।२।। मानुख गनत न आवई,केते दाणै खाइ ।। किहँ जनमा किहँ पलेगो,कित्थै जाइ

समाइ ॥३॥ संजोग विजोग अरु सूख दूख,प्रभु धुरि सों करि दीन ॥ हरि वडिआई श्रीचंद्र,मानव सकत न चीन ॥४॥३८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग धनासरी** ॥ सच्च लहिआ सचिआरीआं,सच्चे सिउं करि मेल ॥ सच्चे ही वडिआईआ,सच्चो सच्चा खेल ॥१॥ संता संगति गुरुमुख पाइ ॥ सच्चा सौदा राम नाम,लाहा अगम अमाइ ॥१॥ रहाउ ॥ जिनीं सच्च विहाझिआ,पूरे सेई लोग ॥ अनुदिन सदा अनंद रहहि,कबहुँ न विआपै सोग ॥२॥ भाउ भगति गोपाल की,रत्ते सदा निहाल ॥ बिखिआ पोह न सकई,सच्चा नाम सम्हाल ॥ सत्गुरु ते सच पाइऐ,तजि कूड़ा अभिमान ॥ सच्ची संगति बैसणा,सच्ची पति परवान ॥३॥ सच्चे जेडु न पुजई,नउ खंडी तिहुँ लोइ ॥ सच्चो सच्चे श्रीचंद्र,सच्चो सच्ची सोइ ॥४॥३९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग धनासरी** ॥ कूड़ी मती मनमुखी,आपणि सुआइ मिलंत ॥ कूड़ी वडिआई करन हितु,मोहन

जीअ जंत ॥१॥ कूड़ै गंढण रहहिं गंढाइ ॥ मुख मिठे परचाइंदै,कूड़ पदारथ भाइ ॥१॥ रहाउ ॥ अंतरि अगनि न बुझई,त्रिसना लहि असमान ॥ कूड़े लालच लगिआं,कूड़ दिवावहि मान ॥२॥ संचि कूड़ कालख लगी,जगत पछानै भूर ॥ कूड़ा दरगह मारीअहि,उतरै नाहि विसूर ॥३॥ सच्चे कूड़े नहि मिलहि,तम चानण इक संग ॥ श्रीचंद्र सच राम नाम,रंगिओ गूढ़ै रंग ॥४॥४०॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ मन साखी करि बूझ लेहु,सच्च नाम हरि वत्थ ॥ ओथै कूड़ न गडई,जिथै सच अकत्थ ॥१॥ अंदरि संता सच समाइ ॥ मरणा मूल पछाणिआ,सच्चै सिउं चित लाइ ॥१॥ रहाउ ॥ सच करणी करि पाइऐ,सत संतोख सु गिआन ॥ सच राम भरपूर है,आतम सच्च पछान ॥२॥ सच सरोवर सुधा का,कूड़ बंधानी पाल ॥ मन पाइन उलघावई,गुरुमुख सबद समाल ॥३॥ सच्चा सत्गुरु सच्च नाम,सच्च साध सच देव ॥ उर निज पाइआ श्रीचंद्र,अगम अगोचर भेव ॥४॥४१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। एक टेक गोपाल की,अवरहि आस निरास ।। जिहँ जन उर निज राखीऐ,आवत नाही पास ।।१।। मन रे,राम नाम करि आस ।। पाछै नहिं पछुताईऐ,खाली हत्थ करि जास ।।१।। रहाउ ।। जल थल महीअल पूरिआ,प्रतिपालक गोबिंद ।। किउं डोलत है मनहि माहिं,सरब जिआं जिस चिंद ।।२।। पाहन अंदरि कीट कर,भोजन दीन सवार ।। सरबे उदर भरंत हैं,भूखे देत न मार ।।३।। मुकतां हंसहि देवई,नागन दादर मीन ।। चिंता तजि श्रीचंद्र मन,राम नाम चित चीन ।।४।।४२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सफल सेव सत्गुरू की,गोबिंद देत जनाइ ।। आन सेव सभ बिरथीआ,बहुरि बहुरि पछताइ ।।१।। भाई रे,साचो सुख सतसंग ।। परमानंद निधान रस,कबहुँ न होवै भंग ।।१।। रहाउ ।। राम नाम जपु दिनस राति,सास गिरासीं ढोइ ।। संचि खजाना नाम धन,तोटा कबहुँ न होइ ।।२।। दिन दूणा निसि चउगुणा,लाहा लाभ अपार ।। ऐथे लहि वडिआई,आगहि परम

सुखार ॥३॥ मन निरमल मति ऊजली,सत्गुरु चरनी लाग ॥ हरि रंग रंगे श्रीचंद्र,जिनि के उज्जल भाग ॥४॥४३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ सभ जग केरी ओट तजि,पारब्रहम मन धिआइ ॥ सरबे देस सुहावणे,जित्थे धरीए पाइ ॥१॥ परमेस्वर ते ऊन न काइ ॥ परंपरा अपरंपरो,परिपूरन सभ थाइ ॥१॥ रहाउ ॥ अनिक जतन रचि पालदा,स्वादल संगि अहार ॥ चउरासीह लख जोनि महि,जिअ अगणत अपार ॥२॥ भिंन भिंन रस सरब महि,निज मन जानै जीव ॥ सभ घटि बैठा भोगई,करता पुरुख अथीव ॥३॥ चाकर सच्चे साहिबै,देन दुहाई नित्त ॥ नदर करेंदा श्रीचंद्र,ढाहै नाही चित्त ॥४॥४४॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ जिनि मन राम सम्हारिआ,सुखीए सेई लोग ॥ चिंता मूल न विआपई,सोग विजोगी रोग ॥१॥ परमानंद गुबिंद गुण गाइ ॥ परम पदारथ पाइ कै,ईत ऊत त्रिपताइ ॥१॥

रहाउ ॥ नउनिधि पाई राम नाम,खोलिआ अतुट भंडार ॥ जो आवै सो भुंचई,परम भोग दरबार ॥२॥ पटा लिखायो नाम प्रभु,सत्गुरू की छाप ॥ अगै अटक न होवई,गोबिंद रखै आप ॥३॥ जिनि जिनि नाम धिआया,तिनि सिर छत्र फिराइ ॥ साहिब सच्चा श्रीचंद्र,सरब विआपक राइ ॥४॥४५॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग धनासरी** ॥ पातसाह हरि पारब्रहम,करता पुरुख मुरारा ॥ चार पदारथ नउनिधी,सिद्धी सरब भंडारा ॥१॥ ता कै सेवक कउ का की तोट ॥ मन तन जिहँ जन अरपिआ,ता कै परति न खोट ॥१॥ रहाउ ॥ परमेस्वर सभ ते वडा,ऊचे ते अति ऊच ॥ ताकी वसतु भुंचावई,जग जन करम समूच ॥२॥ बडि पातसाही अमर सच्च,सच महलीं सच थान ॥ चतुरंगनि सच नाम की,दुस्टन हरत गुमान ॥३॥ जित्त वल वेखै नदरि करि,करमी होहि विसाल ॥ सभ जाचक दर श्रीचंद्र,नदरी नदरि निहाल ॥४॥४६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सा वेला धन धन्य है,जितु डिठा गुरु दरसार ।। मूरत घड़ी सुहावणी,खिन पल नाम आधार ।।१।। जपु जपु राम राम निरधार ।। मानुख तन सफलाइआ,भेटिआ प्रभू मुरार ।।१।। रहाउ ।। सेज सुहावी पुहप गंध,उज्जल रिदै सुधार ।। पंच सबद धुनि वाजीआ,आगम हरी पुकार ।।२।। मंगल गान सुरांगणा,पति पाया दरबार ।। न्रित्त नचावण आइआ,राग नाद धुनि चार ।।३।। सबद सुंन प्रगटाइआ,कमल खिड़े भुनसार ।। अनंद भया मन श्रीचंद्र,भेटिआ अपर अपार ।।४।।४७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। पूरब पुन्य प्रताप हरि,सत्गुरु मिलाइआ ।। किरपा करि कै आपणी,हरि नाम द्रिढ़ाइआ ।।१।। अंतरि आतम सांत वसाई ।। भटकणि सगरी दूरि भी,हरि चित्त समाई ।।१।। रहाउ ।। कालख लाथी बुद्धि की,रवि किरण प्रकासी ।। चिड़ीआं चुहकी पहुफुटी,प्रभु आया रासी ।।२।। अनंद मंगल गुण गाइऐ,दिनरात सुहेले ।। मगन भए रस राम सिउं,रंग रलीआ केले ।।३।। जपु जपु नाम नाराइणै,गगन चढ़ि धाए ।। सहिज भयो श्रीचंद्र मन,गोबिंद प्रगटाए ।।४।।४८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || विसरै इक खिन राम नाम,दुख अधिक सरीरी || आधि विआधि उपाधि की, मन भई तगीरी ||१|| सही न जाई अंतरि पीर || दहदिसि चितवत कस्ट अति,वैद न लहि तदबीर ||१|| रहाउ || आसव रस चूरण घनैं,कुआथ कलक अरु मांड || धातू अपर रसाइणै,सहिओ सीस निज डांड ||२|| काल धनुख सर साधिआ,रही न उर महि धीर || सत्गुरु आवहु दया करि, मन महि उपजै सीर ||३|| एकंकारै मंत्र सिउं,झाड़ा कीनसि झब || पाप ताप श्रीचंद्र का,दूरि परायो हभ ||४||४६||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || कीनी मया गुरुदेव सुआमी,मेटिआ सगल अंधेरा || दूरहि दूर दूर अति दूरी, निकटि दिखायो नेरा ||१|| अविनासी सत्गुरु का दास || चउदह भुवनन तीन लोक मै,चहुँ कुंटी दहदिसि हरि भास ||१|| रहाउ || जिउं जिउं पेखन हित भव दौड़िओ,तिउं तिउं बही अंधेरी || भूतन बावरोले चायो,पटकायो अन नेरी ||२|| काहूँ करम धरम यग्य होमा,मौन गौन आचारा || काहूँ

तीरथ पाठ पुराना,मत कुरानी सारा ॥३॥ राम नाम तजि भरम भुलानै,फाथै माया जाला ॥ सत्गुरु पूरे श्रीचंद्र कउ,गोबिंद दीनो माला ॥४॥५०॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ मोहि न राखत पास निज,अवगुण जान धिकारे ॥ भटकि भटकि दर दर रहा,नहि लहिओ सहारे ॥१॥ हार परिओ सत्गुरु सरणाइ ॥ अवगुण नाहि विचारिओ,राखिओ चरनी लाइ ॥१॥ रहाउ ॥ कोटि अपराध भरे परे,ध्रोह मोह मन क्रूरि ॥ लोभ कपट कुटिलता,परद्रोह ठगी भूरि ॥२॥ बिस्वास घाती क्रितघन हउ,हरामखोर बटपार ॥ लूण हरामी गुनहगार,कामी लोलुप सार ॥३॥ चोर जुआरी जान भी,चित्त न आनै सोइ ॥ सत्गुरु पूरन श्रीचंद्र,मन द्रव बखस लिओइ ॥४॥५१॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ केती बखसस हरि प्रभू,को जानै प्रकार ॥ असंख खते खिनि माफ करि,राखै अपनै दुआर ॥१॥ ऐसो सत्गुरु को दरबार ॥ जाहि न राखत कोऊ जग महि,करत न सो तिरस्कार ॥१॥

रहाउ ॥ पाप विकार मिटाइ कै,कीने अनिक महान ॥ बहु जोनिनि महि भ्रमत जो,किए खेम कलिआन ॥२॥ नरक घोर महि बूडते,लुब्ध अगिआन लवार ॥ चरनि लगाए आपणे,सागर पार उतार ॥३॥ मो समान अपराध रत,भव में नाही कोइ ॥ मया कीन श्रीचंद्र पै,अपनायो बहि गोइ ॥४॥५२॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ सदा सहाई संग प्रभु,सरणि सूर गोपाल ॥ पैज जनन की राखता,नदरी नदरि निहाल ॥१॥ मिहरबान रहमान क्रिपाल ॥ दासन का हितकारीआ,दुस्ट दलन का काल ॥१॥ रहाउ ॥ महिखासुर मधु कैटभै,चंड मुंड धूम्राछ ॥ सुंभ निसुंभ अरु रक्तबीज,दुरग जंभ हिरनाछ ॥२॥ केसी कंस चाणूर अघ,बक अरु बकी बिआल ॥ जरासंध धेनुक सकट,हनत न लागिओ काल ॥३॥ कुंभ अकुंभ अनकुंभ से,कोल त्रिमुंड खटमुंड ॥ संतन हित श्रीचंद्र प्रभु,मारे झुंडन झुंड ॥४॥५३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। दासन की सुण बेनती,देहु दरस गोपाल ।। तुम ते हरि प्रभ बीछड़े,बिचरत भव दुर हाल ।।१।। अपने दासहिं लीजे मेल ।। हम ते कछू न होइ है,करि किरपा नहि पेल ।।१।। रहाउ ।। सभ बिधि करि करि थके,गई न कछहूँ पेस ।। सरणि परे की राख लेहु,तुम आगै आदेस ।।२।। तीरथ ब्रत संजम किए,अंतरि मोह भरपूर ।। जपु तपु करम कमाइआ,हरि प्रभु जानिओ दूर ।।३।। मिहर करहु प्रभु आपनी,कंठ लगाओ दास ।। जनम मरण कटि श्रीचंद्र,हरि जन की अरदास ।।४।।५४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। मया करहु प्रभु आपणी,दासहि लेहु मिलाइ ।। करम धरम अरु नेम ब्रत,नाहिन जात कमाइ ।।१।। बिनय सुनहु हरि दीन ।। मन लोभी कपटी महा,तुम कउ सकत न चीन ।।१।। रहाउ ।। जो कछु करम कमाइआ,दंभ धारि हितु लोभ ।। जउ काहूँ सच्च भाखिआ,हिरदै उपजिआ छोभ ।।२।। तीरथ न्हाते मैल मन,नाहि उतारी भूर ।। उलटे बिखै विकार भे,उर भीतरि वड क्रूर ।।३।। तुम बिन सुननेहार भी,भव महि नाहिन कोइ ।। रिद महि मिहर उपाइ कै,श्रीचंद्र लिहु ढोइ ।।४।।५५।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ मधुसूदन हरि मिहरबान,प्रभु गोपाल गोबिंद ॥ मया धार करि आपणी,राख चरन अरबिंद ॥१॥ पाओ न जोनिन गेड़ ॥ सच्चे साहिब बखस लेहु,पेखहु नाहिन फेड़ ॥१॥ रहाउ॥ कामी क्रोधी लोलुपी,चोर जार ठग धाम ॥ विभिचारी दुरतान रत,निंदक लूण हराम ॥२॥ जूआरी परवादीअहि,थाउं नही भव कोइ ॥ सभ अवगुण भरपूर मुहि,गुण का नाम न होइ ॥३॥ जे भावै तां बखस लेहु,करि किरपा किरपाल ॥ तुम बिन करते श्रीचंद्र,कोऊ न लावै पाल ॥४॥५६॥

ओम् पारब्रह्मणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ मो अनाथ का कोऊ नहि,भव महि राखनहार ॥ सभि अवगुण लखि मोह कउ,देवत दूरि विडार ॥१॥ सरणि तुमारी प्रभू गुपाल ॥ बिखै विकारी वेड़िआ,लीजै आप सम्हाल ॥१॥ रहाउ ॥ दूजी थाउं न सूझई,जिस पहि करउं पुकार ॥ मो कउ सनमुख पेख कर,पीठ देत संसार ॥२॥ करण कारण क्रिपा निधान,बिनु कारण क्रिपाल ॥ सरणि परे की राख लेहु,गोबिंद दीन

दयाल ॥३॥ मोह माया का मारिआ,आइओ तुमरै दुआर ॥ राख लेहु श्रीचंद्र कउ,अपने चरण मझार ॥४॥५७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ कारण करण क्रिपाल प्रभु,राखहु अपने दुआर ॥ मै निरगुण मति थोरीआ,करि न सकत उपचार ॥१॥ आपे ही तुम लेहु उबार ॥ चिंता घूंमन घेरड़ी,सागर इहु संसार ॥१॥ रहाउ ॥ आसा लहिर पछाड़ई,लीजै पार उतार ॥ नहि बेड़ी नही तुलहड़ा,नहि बोहिथ नहि तार ॥२॥ वंझू खेवट चप्पूअन,नाही साधन चार ॥ भुजबल थाका मुख भरा,पाणी गोते मार ॥३॥ चारा सभ ही रह गया,पूत मीत पितु नारि ॥ सीघ्र आओ श्रीचंद्र,बूडत कंढे चारि ॥४॥५८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ चीति आपणै समझि मत,जतन किऐ ह्वै काज ॥ लख सिआणप चातुरी,खिन महि होत अकाज ॥१॥ परमेस्वर कै सभ वसि ॥ जिउं भावै तिउं ही करहिं,ह्वै है तैस अवसि ॥१॥ रहाउ ॥ देस विदेसी धाया,वत्थु लाद जहाज ॥ धन खाटै ग्रिह को चला,मारग चोर हिराज ॥२॥ रोवत जावत

जंगली,नख धर खोदी छाइ ।। मुहरन कंचन गागरै,पाय सु हसतो आइ ।।३।। अन हतने कौ जाइऐ,लौट न आवै गेह ।। वडिआई श्रीचंद्र हरि,जिहँ चाहै तिहँ देह ।।४।।५६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। सुणु बेनंती मेरीआ,साजन मीत सुजाण ।। तूहीं मेरा आसरा,तूँ ही मेरा ताण ।।१।। ईत ऊत तू ही गोपाल ।। जिउं तुध भावै तिउं भला,दासहि करो सम्हाल ।।१।। रहाउ ।। जित्थै जाइऐ जगत महिं,तित्थै तेरी माइ ।। खाली नाही को जगह,जल थल रहिआ समाइ ।।२।। भूखे रहण न देवई,बन सागर महि सोइ ।। कबहूँ पवन भखावही,कबहूँ धान समोइ ।।३।। हाथी सिंघ पहुँचावही,बिबिध प्रकारी भोज ।। सदा सालाहहि श्रीचंद्र,नाराइण लखि चोज ।।४।।६०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। रामहि नाम जपेंदिआं,भ्रम भै सगरा नास ।। पारब्रहम परमेस्वरहि,मन महि

धरिऐ आस ॥१॥ तिस बिन दूजा नाही कोइ ॥ जल थल महीअल एक प्रभु,जिउं भावै तिउं होइ ॥१॥ रहाउ ॥ चंड अगनि सीतल करै,सागर देत सुकाइ ॥ ठंडी सूरज किरण ह्वै,ससि अगनी वरसाइ ॥२॥ निघर रसातल जावते,ऊचै चढ़ै अकास ॥ आकासै लहि सुधा घर,जनम मरै मरि जास ॥३॥ राजे रंक घने करे,रंकन दै है राज ॥ नाराइण चरित श्रीचंद्र,लख नहि सकत समाज ॥४॥६१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग धनासरी ॥ बखसणहारे बखसिआ,अपने बेड़े चाढ़ ॥ भव सागर महि बूडते,कंढे दीनसि चाढ़ ॥१॥ साचे साहिब केरे ताण ॥ सगरी चिंत बिनासीआ,खान पान पहिराण ॥१॥ रहाउ ॥ बन गहिबर महि आगि ते,आपहि रख्य कराइ ॥ निगलत ही निकसाइओ,अजगर उदर फराइ ॥२॥ तेरी मिहर दयाल प्रभु,सागर थाह किओइ ॥ पार उतारन कारने,कास्ट दीनो ढोइ ॥३॥ नदरि तेरी बिगसानीआ,भागै जात बिताल ॥ पार न पावत श्रीचंद्र,बखसस हरि प्रभु लाल ॥४॥६२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || हम गोले हरि खसम के,साचा साईं सोइ || दासन तखत बिठावई,सद क्रिपाल प्रभु होइ ||१|| जन कउ पहुँच न साकसि कोइ || करते का हत्थ सिरै पर,जुग जुग इस्थिर लोइ ||१|| रहाउ || ब्रहमा बिसनु महेस यख्य,किंनर गंधरब देव || इंद्र उपिंद्र नरिंद्र सभ,जन के चरन पूजेव ||२|| रमा उमा सारद सुची,राम क्रिसन अवतार || संत पाद रज बांछई,सिमरत नाम मुरार ||३|| सभना सिर साधु जन,थापै साच पछान || बिना संत श्रीचंद्र किहँ,होत नहीं कलिआन ||४||६३||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग धनासरी || मरन लहै सिमरन सजे,तबि कछु पावै भेद || सिमरन ही साधु जन,पाय अलख अछेद ||१|| संत संग बैकुंठ निवास || जनम मरण दुख कटीअहि,पूरन सगरी आस ||१|| रहाउ || गिआन पदारथ पाईअहि,भरम भेद करि दूर || मोह अगिआन विकार गति,पारब्रहम भरपूर ||२|| साधु संगि मन निरमले,सूझे हरि दरबार || दूत दुस्ट नहि विआपई,अंतरि सच्च

सम्हार ।।३।। राम नाम रंग रातिआं,उनमति मद रस पाइ ।। आप आप महि श्रीचंद्र,रमिआ गोबिंद राइ ।।४।।६४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। जिनी नाम बिसारिआ,तिनि का गया मूल ।। मर जनमै नित ख्वार है,कबहुँ न उतरहि सूल ।।१।। अहनिसि विआपै माया काम ।। मनमुख संगति लगिआ,कहूँ न सुख बिस्राम ।।१।। रहाउ ।। जिनि कउ जाचहि सद सदा,सोई थिरतो जाइ ।। पुनि पुनि मन पछुतावहीं, किछू न पल्लै पाइ ।।२।। कोइलै कै वापारीआ,मुँह काला तन स्याह ।। जल मल हस्ती न्हाइआ,निज सिर डारी स्वाह ।।३।। आइ गया झुरि झुरि मुआ,परिआ वसि जंदार ।। हरि नामै बिन श्रीचंद्र,नित नित होहि खुआर ।।४।।६५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। जिनि कउ साधू भेटिऐ,सेई सुखीए लोक ।। दरगह पैधे जावही,कतहुँ न होवै टोक ।।१।। परवाना हरि नाम ।। तिना परापति भाईआ,जिनि सत्गुरु सिउं काम ।।१।। रहाउ ।।

साकत निगुरे बेमुखी,लागी माया कूर ।। कूड़ा सउदा रासि कूड़ि,कूड़ो लाभ हदूर ।।२।। कूड़ी खेती बीजिऐ,बोहल कूड़ जमाइ ।। वापारी नहि वणजई,सिर धुण धुण पछुताइ ।।३।। संसारै की वस्तु सभ,अग्गै साथ न होइ ।। राम नाम धन श्रीचंद्र,सच्चा बेली सोइ ।।४।।६६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। वडिआई हरि नाम की,नित नित वधै उतांह ।। सदा सूख हरि मन बसै,थंमै दरगहि बांह ।।१।। भाई रे,राम नाम जपु सार ।। अहनिसि रिदै समाल तूँ,कदे न आवै हार ।।१।। रहाउ ।। जग जूआरी आइआ खेलै पासा सार ।। हरि हरि नाम विहूनड़े,उठि तुरे हत्थ झार ।।२।। सत्गुरु मिलिआ जिनां कउ,जुगत द्रिढ़ाई नाम ।। मन जीते लाहा लहिओ,सूख सहिज बिस्राम ।।३।। वापारी गुरुमुख जना,हरि हरि नाम खरीद ।। लाभ मोख श्रीचंद्र गहि,भव सिउं लई रसीद ।।४।।६७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग धनासरी ।। मानुख तन दुरलभ लहिओ,राम नाम जपु चीति ।। साधु संग बैसण मिलै,सच्चे सच्च

प्रतीति ॥१॥ एकंकार सम्हाल ॥ चहुँ जुग त्रिहुँ कालन बिखै,नहि विआपहि कबहु काल ॥१॥ रहाउ ॥ अम्रित नाम पदारथो,वडे भाग तै पाइ ॥ अमरापद हरि पाइऐ,सदा सदा विगसाइ ॥२॥ जोति समाणी जोति महि,जल जल एकै रंग ॥ चउरासीह नहि धाइऐ,राम नाम परसंग ॥३॥ अबिचल राज सुहावणा,डोलत कतहूँ नाहि ॥ अत्रपत्र सिर श्रीचंद्र,दहदिसि ठंडी छाहि ॥४॥६८॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग धनासरी** ॥ सुख न कतहूँ पेखिऐ,जनम मरन कै गेड़ ॥ दुख सागर धक डारिआ,माया चहुँदिसि वेड़ ॥१॥ गुरु गोबिंद धिआइ ॥ माया जाली काट कै,साचै सुख भुंचाइ ॥१॥ रहाउ ॥ त्रिसना बैताली ग्रसा,रूप अनेक असंख ॥ अणहोंदे निसि पेखिऐ,सुपन पदारथ लंख ॥२॥ जागत ही सभ खीन ह्वै,रूप रेख गई खोइ ॥ इह जग केरे बिखै भोग,आगै चलिआ रोइ ॥३॥ सत्गुरु चरनी लागई,मन सुतै जागाइ ॥ राम नाम जपु श्रीचंद्र,अबिचल सूख समाइ ॥४॥६९॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग धनासरी** ॥ खाए अमल रंग रंगिआ,पर नारी रस मूढ़ ॥ खिन पल काम सुआद लै,पछुतायो

मन गूढ़ ॥१॥ राम नाम रस पाइ ॥ अउखीवा नहिं थीवहि,मन मत्ता गुण गाइ ॥१॥ रहाउ ॥ बुद्धि मटकी कस दीखिआ,जपु खमीर गुणधाम ॥ नाली सुखमण उतरी,सुरा पीव निसकाम ॥२॥ पिआले मन महि दलमलै,पोसत दोसत राम ॥ महा अनंद सु मगन मत्त,हरि नामै निसि जाम ॥३॥ अनुभव सुआद न कहि सकत,रंगा रंग अनादि ॥ विसम सुरति श्रीचंद्र की,करणी अनहद नादि ॥४॥७०॥

ओम् पारब्रहमणे नम:

॥ राग धनासरी ॥ साजन मित्र सुजान सोइ,जिनि धिआया हरि नाउं ॥ जिनि मन नाम न ऊपजै, तिनां कतहु न थाउं ॥१॥ जिउं आवहि तिउं जाहि ॥ अंतरि अगनि न बुझई,त्रिसना किए सुआह ॥१॥ रहाउ ॥ कालख जनम जनमांतरी,लागी अंध अंधार ॥ आगल भाउ न सूझई,ठग मुट्ठा संसार ॥२॥ कूड़ी वडिआई लगा,अहंमेव लग चोर ॥ वस्तु गवाई बुद्धि की,साकिओ नाहिन होर ॥३॥ पूरण सत्गुरु आइओ,नाद वजायो जाग ॥ राम नाम धन श्रीचंद्र,राखिओ उत्तम भाग ॥४॥७१॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।।

साधू संगति पाइऐ,प्रभु किरपा जास ।। हरि हरि नाम धिआइऐ,सफलै सभ सास ।।१।। गोबिंद नाम उजास ।। हिरदै गगन प्रकासिआ,हरि सूरज भास ।।१।। रहाउ ।। जिउं जिउं जाप नाराइणा, तिउं तिउं उजिआस ।। पंच चोर मन ते भगै,पाया बहु त्रास ।।२।। जम जागात न लगई,गुरु कै अहिसास ।। पारब्रहम परमेस्वरै,पूरण बिस्वास ।।३।। आसा चिंत बिहानीआ,बिचरे आकास ।। श्रीचंद्र पूरण भया,हर अन दुहसास ।।४।।१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। मन रत्ता हरि नाम सिउं,डोलण ते चूका ।। आपन आप पछाणिआ,का को कहि

मूका ॥१॥ इत उत झाकन ते रूका ॥ एको ही सनमुख भया,लख रिदै अचूका ॥१॥ रहाउ ॥ कहिओ न जाई अदभुता,असचरज अलूका ॥ मोहन मुहि मन मोह लिओ,बेणू धुनि कूका ॥२॥ तन मन धन की लोड़ किआ,जबि प्रीतम हूका ॥ जीवालै की किआ कहा,मरनै की बू का ॥३॥ कहां गई कहँ ते आई,त्रिसना सर सूका ॥ श्रीचंद्र किआ अपर है,जब प्रगटी लूका ॥४॥२॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग बिलावल ॥ आप पछाणै आप होइ,आपा मिट जाई ॥ साधु संग जब पाइऐ,चूकै अन धाई ॥१॥ सहिजा जीवन पाई ॥ जहँ जहँ पेखउ पारब्रहम,अन द्रिस्टि न आई ॥१॥ रहाउ ॥ लै आयो लै जाइ का,कहँ को अब जाई ॥ पारब्रहम पूरण धनी,सभ लोक समाई ॥२॥ वण त्रिण परबत नदी नद,जीअ जंतु लखाई ॥ एको एक वरतदा,नहि आवै जाई ॥३॥ गुरु अविनासी पाया, दिब्य द्रिस्टि दिखाई ॥ श्रीचंद्र सभ सुख निधाँ,हरि संग मिलाई ॥४॥३॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ राग बिलावल ॥ रे मन,सोच विचार देख,किआ हाथ तुमारे ॥ करणहार ही कर रहिआ,सभ काज

अपारे ।।१।। भजि मन हरि हरि नामा ।। औघट घाट न को रहिओ,पूरण भए कामा ।।१।। रहाउ ।। कउन सहाइक चितवता,जब कारण करता ।। अनमेले को मेलत,अचरज हरि चरिता ।।२।। देस विदेसहुँ आय कै,खिन महि सनमूखे ।। उजरत उजर बिहाइ कै,कारज करि सूखे ।। ३।। चितवन चित पहिचान कै,हरि प्रभु गोसाई ।। श्रीचंद्र आहर लगा,जन हित सरसाई ।।४।।४।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। जपु जपु नाम गुबिंद का,पूरण सभ काज ।। जहँ तहँ हरि प्रभु राखता,दासन की लाज ।।१।। सभनी थाईं हरि का राज ।। सिर साहाँ पातिसाह है,महाराजन राज ।।१।। रहाउ ।। आगिआकारी जीव जंतु,तिस के मुहताज ।। सागर बूडत घोर महि,भए पार जहाज ।।२।। नगन न होवत दास हरि,कोटि कापर साज ।। अगनी आंच न लागई,बादल सिर गाज ।।३।। कीरति करत अनेक जन,प्रभु गरीब निवाज ।। श्रीचंद्र गोबिंद गाइ,तिस माहि विराज ।।४।।५।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। नाराइण नित गाइऐ,मिलि संत समाजै ।। उर निरमल ते जानीऐ,अपरंपर

राजै ॥१॥ हरि गुण गाइऐ नीत ॥ एको एक बखानीऐ,तजि दुतिया विप्रीत ॥१॥ रहाउ ॥ सदा सहाई संग प्रभु,निहचल तिस धामा ॥ ता कै ग्रिह कहु किआ कमी,जिहँ प्रीतम रामा ॥२॥ लछमी कर जोड़े खड़ी,हरि की अगवाई ॥ रिद्धि सिद्धि नउनिधीआं,मुख पेखत चाई ॥३॥ कामधेनु चिंतामणी,तरु कल्प सुहाया ॥ श्रीचंद्र पूरन धनी,बैकुंठै राया ॥४॥६॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग बिलावल** ॥ संत संग महि वास ते,कलिमल गण नासै ॥ मनमुख सेती संग करि,किलबिख को आसै ॥१॥ संतन सिउं मुख ऊजल होइ ॥ जनम जनम की हउमै कालख,साधु संगि सरि धोइ ॥१॥ रहाउ ॥ संत जाइ परलोक महि,भुज पकड़ छुड़ावै ॥ मनमुख इस ही लोक महि,बंधन गल पावै ॥२॥ संत चरण की राख ते,दूध पूत सवाया ॥ मनमुख की संगति किए,सिर छाही पाया ॥३॥ एक लीर दै संत को,द्रौपदि नहिं नगनी ॥ श्रीचंद्र मनमुख खिलत,सगरी पति भगनी ॥४॥७॥

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ **राग बिलावल** ॥ जल जाओ एह वडपना,उर नाम न आवै ॥ संग संतन कै नीचहूँ,ऊचा पद

पावै ।।१।। संत संग हरि प्रभु को नाम ।। सदा सूख कलिआण सहिज,हरि पूरण बिस्राम ।।१।। रहाउ ।। रंग रूप रस नाद वाद,कुंभी लै जाई ।। संत संगि हरि भाखणा,रौरव सांताई ।।२।। रस मिस भोग सिहजा सिरी,गति अधो निसानी ।। संत संगि प्रभु गुण रवै,किरतारथ बानी ।।३।। सरब गुणा गुण उत्तमो,संतन कै संगै ।। श्रीचंद्र उर सांत रस,गुण रवण त्रिभंगै ।।४।।८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। जिहबा जलउ जलावणी,हरि नाम न जपिआ ।। सिक्का ढालउ करण तिस, सुणिआ अन थपिआ ।।१।। नाराइण जपि अंग सुहाइ ।। अम्रित फल रस अंतर पाइऐ,एक सबद लिव लाइ ।।१।। रहाउ ।। हाथन संत न सेविआ,से महा अपवित्त ।। पारब्रहम नहि सिमरिआ, भठ भखता चित्त ।।२।। गुरु दरसन हित चरन जो,नहिं चालत पंगा ।। नैन न परसहि संत जन, बहि सोगी गंगा ।।३।। निहफल आयू परबतीं,बिन सेवा साधा ।। श्रीचंद्र संतन बिना,बहु आधि उपाधा ।।४।।९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। चरण धूड़ि गुरु साधु की,ले मस्तक लावउ ।। चरण धोइ रहिरास कर,सुभ थान बिठावउ ।।१।। करहु किरपा करुणापते ।। दासहि दै उपदेसरा,जिस ते पाइऐ परम गते ।।१।। रहाउ ।। जनम जनम के बीछुरे,करि मिहर मिलावउ ।। रूप रंग कछु ढंग नहिं,निज संग रलावउ ।।२।। जलते माया अगनि महि,कैसे सुख होई ।। काम क्रोध मोह वासना,पति सगरी खोई ।।३।। मिलै संत धीरज दई,हरि नाम द्रिढ़ाया ।। श्रीचंद्र सत्गुरु सबद,अविनासी राया ।।४।।१०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। जहँ जानो सो चीत नहिं,मिथिआ संग लागा ।। गज गच महिल उसार कै, बिसरायो आगा ।।१।। मरणा चीत न तेरे ।। अंधघोर लपटाइआ,माया कै घेरे ।।१।। रहाउ ।। बटपारी ठगी करी,सिर भार उठाया ।। बिख सागर तुझ लंघणा,बोहिथ बिन धाया ।।२।। जग महि आयो जनम लै,हित जनम मिटानै ।। परिचै झूठै परिचिआ,मग भूल दिवानै ।।३।। खाकी नूरी संग नहिं,किउं भ्रम भ्रम भूला ।। श्रीचंद्र लहि अलह को,सभ ही सुख मूला ।।४।।११।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग बिलावल || गोबिंद गोबिंद जपदिआं,सभ ही सुख पाए || पूरे सत्गुरु की किरपा,मन अलख लखाए ||१|| नाम नाराइण जब चित्त आए || धरती ऊपर उपज कै,गगनंतर छाए ||१|| रहाउ || सरब सिद्धि करतल तिसहि,कीरति हरि गाए || हउमै ममता बीसरी,प्रभु रूप समाए ||२|| ऊंधा कमल प्रगासिआ,ऊरध मुख हूआ || आपा आप पछाणिआ,को रहिओ न दूआ ||३|| आपन नाच नचाइआ,आपे ही पेखी || श्रीचंद्र आपहि भया,आपहि अवरेखी ||४||१२||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग बिलावल || बिन गोबिंद गोबिंद के,कुछ साथ न जाई || राज मिलख सिकदारीआं,पग बंधन पाई ||१|| नाम राम जपु सदा सुहेला || आनंद मगन विनोद रस,हरि प्रभु सिउं केला ||१|| रहाउ || सदा समालै दास को,उर अंतरि धारै || आपहि आप उपाइआ,आपहि प्रतिपारै ||२|| आपहिं गुण गावाइंदा,आपहि रस दाता || आपहि आप खेलाइंदा,कर खेल बिधाता ||३|| हरि हरि नाम धिआइऐ,जाइऐ दरबारै || श्रीचंद्र गुरु क्रिपा ते,नित्त नाम सम्हारै ||४||१३||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग बिलावल || शिव शिव रटते शिव भए,जन वर सरसाए || नाराइण नाराइणै,नर नर लख पाए ||१|| नामहुँ ते नामी सद भाए || आवत है जन हिरदै महि,कलि प्रगट जनाए ||१|| रहाउ || ब्रहमा ब्रहम अराधते,बिसनू हरि गाए || निरगुण निरगुण जापिआ,सरगुण गुण साए ||२|| गणपति दुरगा सरस्वती,अन देव सबाए || रवि ससि मंगल कारकै,सिध साधक राए ||३|| सीतापति राधावरै,जन जपत महाए || श्रीचंद्र सिमरन करै,अपरंपर छाए ||४||१४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग बिलावल || जिहँ जन हरि प्रभु सिमरिआ,सोऊ मुकताया || अपर परंपर पारब्रहम, परमेस्वर पाया ||१|| जग महि सफल सु आया || राग द्वेस सभ परिहरै,निरमल भई काया ||१|| रहाउ || पंच दूत वसिभूत कर,दुंदभि घन वाया || जनम मरण का चक्र मिटा,निहचल ठहराया ||२|| अंधकार अगिआन का,रवि रसम मिटाया || सुधा सरस बरसाइ कै,मन हरा कराया ||३|| सूका खेत जमाइआ,अंन धन वरसाया || श्रीचंद्र हरि राम भजि,सभ कर महि आया ||४||१५||

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। नाम ठंडि मन महि परै,आतप सभि नासी ।। आपा आप पछाणिआ,पाया अविनासी ।।१।। सत्गुरु पूरा मेरे संग ।। नाम दान मन महि दिआ,कबहुँ न होवहि भंग ।।१।। रहाउ ।। कौतुक प्रभु कै देखीऐ,जग अनिक प्रकारा ।। छत्रपती कित बन रहिआ,कित बगली धारा ।।२।। महाराज त्रिसना जलै,सुखी साधु समाजा ।। महारानी कामै ग्रसी,परिहर सभ लाजा ।।३।। संता दासी सील निधि,हरि सिमरण लागी ।। श्रीचंद्र नहिं नरक तिस,निरवारी आगी ।।४।।१६।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। उद्दम साधू संग का,उर सांति बसावै ।। संगति कामी जनन की,मन को बहु तावै ।।१।। संता संगति गुण निधान ।। मन चित्त इक अराधिऐ,पूरन हरि भगवान ।।१।। रहाउ ।। तोटा मूल न आवई,हरि अखुट भंडारा ।। भाई मीत कुटंब बंधु,उधरै परिवारा ।।२।। जिनि जिनि नाम धिआइआ,होया परवाणा ।। गोबिंद गोबिंद रटत ही,होए निरबाणा ।।३।। पाप ताप मन ते गए,हरि माहि समाए ।। श्रीचंद्र प्रभु जापीऐ,संता संग पाए ।।४।।१७।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। मन ठग खिन महि दुस्ट बन,बध जीव करंता ।। संग न तिआगिओ जात है, चितवत चित संता ।।१।। चानण जातो पड़ै अंधार ।। चालत चालत सुरग को,पड़तो नरक गुबार ।।१।। रहाउ ।। होम यग्य तीरथ करै,त्रिसना उपजावै ।। सुरसरि जाइ इस्नान करि,परत्रिअन हितावै ।।२।। साधू संगति पाइ कै,दुध पूतन आसा ।। परमधाम भगवान का,बहु द्रब्य विलासा ।।३।। दया धरम प्रतिपालता,हिंसक पसु करमा ।। श्रीचंद्र संतन लखा,मन उनमत्त धरमा ।।४।।१८।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। पापी लोभी मन भया,बहु करम कमावै ।। कौडी कौडी के लिऐ,हरि धरम गवावै ।।१।। आपन धुनि न आप हितावै ।। सदा सदा अंतरि बसै,हरि प्रभु समझावै ।।१।। रहाउ ।। लोभ लहिर में बूडिआ,बधिरो बन जावै ।। फल कलिमल सनमुख लखै,तउ चित न बसावै ।।२।। भोगहुँ ते रोगी घणी,पेखत अनिकेई ।। अंध भया नहि जानइ,होते नैनेई ।।३।। अंतरि बैठा हरि प्रभू,वरजित बुरिआई ।। श्रीचंद्र अवहेलि धुनि,जा नरक समाई ।।४।।१९।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। जहाँ मान अपमान तहँ,जानत उर संता ।। अभिमानै कै हीनपन,सद संग रहंता ।।१।। द्वंद बिहाइ सिमरि हरि भाई ।। सूख जहां तहँ दूख बड,चित धर द्रिढ़ताई ।।१।। रहाउ ।। राज सिंघासन हान करि,बनमाहि निवासा ।। मंच बिराजित नित्त जो,पग नगन सिधासा ।।२।। अनिक त्रिअन के भोग रति,ग्रिह छाडि पराए ।। कंचन मंदर संगमरी,कानन ली थाए ।।३।। अमरावति को जावते,भयो वास पाताला ।। श्रीचंद्र गोबिंद भजि,सद रहहिं सुखाला ।।४।।२०।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। करन करावनहार प्रभु,सभ अंतरजामी ।। आपन हाथैं राखई,जग कार तमामी ।।१।। खिन महि थाप उथापनहारा ।। जिहँ बिधि राखै तिउं रहै,किआ जंतु विचारा ।।१।। रहाउ ।। मानुख जतन अनेक ते,धन पावन काजै ।। देस तिआग उठि धाइआ,कछु सरिओ न काजै ।।२।। पूरब को गमनिओ चहहि,लग लोभ महानै ।। करते वायु वगाईआं,पच्छिम पधरानै ।।३।। ऊठत बैठत चलन खान,पहिरन बसनाई ।। श्रीचंद्र सभि हाथ प्रभु,नर वसि नहि काई ।।४।।२१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। कारण करते वसि है,जिउं प्रेरे करणा ।। जिवें जिवाए जीवना,जिउं मारे मरणा ।।१।। जहँ जहँ भेजे तहीं सिधाना ।। मालक हरि भगवान है,हम कहिआ कमाना ।।१।। रहाउ ।। चाहै भोग भुगाइंदा,चाहै उपवासा ।। चाहैं सुरग पहुँचाइंदा,चाहै नरक वासा ।।२।। चाहै तखत बिठाइलै,चाहै भीख मंगावै ।। चाहै मंदर कंचनी,चाहै बन भरमावै ।।३।। चाहै पैरी जगत पाइ, चाहै बात न पूछै ।। श्रीचंद्र भजि पारब्रहम,रत आतम सूझै ।।४।।२२।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल ।। कोउ न हरि बिन मारई,को सक न जिवाई ।। जिउं जिउं प्रभू चलावई,चलनो तिउं भाई ।।१।। करते केरी सभ वडिआई ।। जैसी बिधि बिधिना रची,नहिं हटै हटाई ।।१।। रहाउ ।। जे कर चिंता कीजिऐ,तिल नाहि घटाई ।। जे करि आसा राखिऐ,नहि रती वधाई ।।२।। देस काल वस्तू सहित,धुरि कलम वगाई ।। थोड़े जीवन काज लगि,मनमुख डहकाई ।।३।। जो कुछ करणा सो करहु,सत हुकम रजाई ।। श्रीचंद्र उर एक नाम,अन चिंत बिहाई ।।४।।२३।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

|| राग बिलावल || संतन के परसाद ते,गोबिंद गुण गावहुँ || चरन कमल उर धार द्रिढ़,इक नाम धिआवहुँ ||१|| जहँ राखहि,तिहँ ही थिर होऊ || कारण करण करावनो,तिस बिन नहिं कोऊ ||१|| रहाउ || मान अमान गवाइऐ,हरि चरणन आसा || आपहि सूख सवालदा,आपहि दे त्रासा ||२|| आपहि भोग भुगाइंदा,आपहि निरलेपा || आपहि आप उपाइंदा,है अपनी खेपा ||३|| आपहि दास रखाइंदा,नहिं कीमति पाई || श्रीचंद्र मन आनंद भया,हरि की वडिआई ||४||२४||

ओम् पारब्रहमणे नमः

।।३।। भजित त्रिभंगी भंग बिलाइ,भरि पाया लहणा पुरबाइ ।। भाम दाम की दाम निवारी,गुरु अविनासी केर पुजारी ।।४।। भै भंजन हरि हरि हरि नाम,सरि पावक थल मेटे घाम ।। बन बेहड़ि हरिआ गंधाइ,सीतल मंद सुगंधित वाइ ।।५।। भई प्रतीती प्रीति सुहानी,भगवन भगत प्रिय भगदानी ।। भाल जोति परकासी राम,भाल भई गुरु गोबिंद धाम ।।६।। भार विगार उतार विडारिओ,भावा भावन सार समारिओ ।। भुज भरि भेटिआ करताराय,भुज भुज गहे न जनमन धाय ।।७।। भव ही भव भव माहि समाया,भव दुख भंजन हिरदै राया ।। भनि अरदास सुनहु प्रभु मेरे, श्रीचंद्र भव भाव निबेरे ।।८।।३२।। **सलोक-** मन परमेस्वर धाम है,मन परमेस्वर राह ।। मन परमेस्वर एक हैं,सत्गुरु देंइ लखाहि ।।१।। **अस्टपदी-** मन मोहन सु मुकंद मुरारी,मधुसूदन मदनारि प्रहारी ।। मदन मूरति मेदनि का त्राता,मथन सिंधु मुह मार नसाता ।।१।। मन जोगिन का सद ही वासी,मन भोगिन ते सदा उदासी ।। मन का सुआमी मन ही जेहा,मन प्रेरक मन ही धर देहा ।।२।। मन मति हारी मनमुख नासी,माया कारक माया वासी ।। मान अमानहुँ परे परीला,मानन जोग महा वर लीला ।।३।। मांगत नहिं काहूँ दर जाई,मांगत जा कउ सगल लुगाई ।। मांगन जोग न राखत ता

कउ,मान दीन अपना करि जा कउ ॥४॥ मतस्य रूप धर वेद उबारे,मरदिओ मानहि संख संघारे ॥ मुनिवर नितप्रति मन महि धारे,मद माते सद मारत नारे ॥५॥ मद हरता हिरणाकस केरा,मल भक्खी महि तोरिओ घेरा ॥ माली जगत बाग का सोई,मालिनि माला कुब हरोई ॥६॥ माला वैजंती गल धारी,मालामाल महा धनुधारी ॥ मल विच्छेप नासक मल मरदा,मल मल बैठो मन दर परदा ॥७॥ मेली सभ का सभ ते दूर,मेले साधुन अपनहि नूर ॥ मेल बिछोड़े बिछुड़े मेले,श्रीचंद्र मन अद्भुत खेले ॥८॥३३॥ **सलोक-** जोनि चुरासी लख की,चौपड़ खाणी चार ॥ नर तन सारी जीत हित,पासा राम सु ढार ॥१॥ **अस्टपदी-** या भव भीतरि नर तन पाइ,राम नाम लाहा लै जाइ ॥ जुगति संत की हिरदै धार,भव जलनिधि सों उतरहु पार ॥१॥ युद्ध स्थान भूमि महि आया,कर करवार नाम करि धाया ॥ युध पीठी होइ लरै जु कोइ,मुस्किल जीतब ता का होइ ॥२॥ जोग जुगति सों धरिऐ पाऊं,चक्री चक्र चलै रणथाऊं ॥ जोधा जीते खेत अखाड़,सिद्ध साबासी चढ़ती बाड़ ॥३॥ जुगल किसोरी भगती मोख,आतम अंतरि पावै तोख ॥ एहि अवसर फिर हाथ न आइ,पारब्रहम महि रहै समाइ ॥४॥ यार मनहि कै पूरण साध,दुरजन बिखै न साकत बाध ॥ जोजन मान नहीं हरि

भूमि,बांह लुडाइ बीर बर घूमि ।।५।। यख्यन ते छुडवाई निद्धि,राम नाम की प्रापति सिद्धि ।। जुगहि जुगंतर गुह्य लखाना,अखुट पदारथ लहिआ निधाना ।।६।। यवन काल मरिओ पछुताइ, प्रगट भयो उर यादव राइ ।। जमुना धारि नारि करि पाई,पाप ताप कालुख बिनसाई ।।७।। यग्य मंडल वर विजै मुरारी,कीरति करति महा मुनि सारी ।। यामिनी अविआक्रित बिहानी,श्रीचंद्र उद मित्र समानी ।।८।।३४।। **सलोक-** रे मन,रंगहु आप कउ,हरि हरि नाम मजीठ ।। रमण राम की प्रीति उर,श्रीचंद्र त्रिअ ईठ ।।१।। **अस्टपदी-** राम नाम उर अंतरि धार,या भव ते नहि लहि हैं हार ।। रस रसिआ जो हरि कै रंग,मन तहिं होत न कबहूँ भंग ।।१।। रमा रमण जपिआ मन लाइ,ऊचे ते ऊचे थित थाइ ।। रंगणि संत संगि जन डूबा,रंग भगति हरि चढ़ियो खूबा ।।२।। राखणहारा जन की पैज,सरब स्थानी एको रैज ।। राग द्वेस काटै हरि नाइ,निरमल चरन कमल लिव लाइ ।।३।। राम गुणा रविऐ नित नीत,ऊजल जस बिगसाने चीत ।। रवणी रवत कीरति प्रभु केरी,सगल वासना बिखै निबेरी ।।४।। राम जनी माया वडिआई,इक आवै इक जावै धाई ।। रमज पछान साधु गुरु वेद,परमेस्वर का पाइऐ भेद ।।५।। रखिआ करहु हरि पेखनहारा,करताली दै लाहि विकारा ।। राख

धरहु सिर संतन पाद,अनुभउ पायो अगमी नाद ॥६॥ रैणि सुहानी प्रीतम रंग,साध संग गुण अनंद अभंग ॥ रलमिल सखीआं प्रभू धिआया,सावण आया सफल सुहाया ॥७॥ रुणझुण सबद अंतरि प्रगटाइ,तार तार इकतार अलाइ ॥ रहस्य भया नहि होय उचाट,श्रीचंद्र अनहद पुर थाट ॥८॥३५॥ **सलोक-** लाह लेहु गोबिंद गुण,मुख उजल हरि दुआर ॥ लब लोभ बुरिआईआं,श्रीचंद्र भाह डार ॥१॥ **अस्टपदी-**लख सिआणप नाही काम,सदा सहाइक दरगह राम ॥ लगि लगि माया संग गवाई,विरथा उमर न प्रभु गुण गाई ॥१॥ लागी प्रीति न तूटै मूल,साध संगि रस अम्रित घूल ॥ लवै न लागत कोटि पदारथ,संत संगि हरि भगति क्रितारथ ॥२॥ लगन निगोडी राम रंग राता,गहिर गंभीर महा मद माता ॥ लीक मिटानी दूआ तीआ,पान महारस अंतरि कीआ ॥३॥ लिख राखिआ नाराइण नाम,लेखा मिटिआ जम के धाम ॥ लेख ललाट पूरबल केरा,जनम जनम का गयो अंधेरा ॥४॥ लुड लुड बांह लुडाई घेर,पारब्रहम के होए नेर ॥ लख्य बेधिओ बाण गुबिंद,बुद्धि धनुष धरि पेखिओ बिंदु ॥५॥ लेखन सुमन झड़ी वर लाई,लै गगनंतरि सुरति चढ़ाई ॥ लघु ते अति दीरघ तन भए,बीच आकास पाताल न मए ॥६॥ लिव लागी बिसरी सभ सुद्ध,जीवन

मुकत भए बर बुद्ध ।। लाव बांध उतरे उर कूप,टुबकी लाइ रतन धर चूप ।।७।। लव त्रिसना आसा न रहाई,पारब्रहम जत कत सभ थाई ।। लेवन देवन हरि हरि वत्थ,श्रीचंद्र प्रकटानो सत्थ ।।८।।३६।।

सलोक- वैर विरोधहि परिहरहु,साध संगि लिव लाइ ।। वार वार श्रीचंद्र प्रभु,बंदहु हरि हरि राइ ।।

अस्टपदी- वासुदेव सिमरित गति होइ,जनम मरन संकट सभि खोइ ।। वासु रहिओ हीयरै के संगि,ऊची भनत अलाइ अभंग ।।१।। वहि अति अगम अगोचर पूरा,साधु जना की लहिऐ धूरा ।। वा का अंत न जानै कोइ,जल थल महीअल रविआ सोइ ।।२।। वार वार जाइऐ बलिहार,बलहारै ह्वै है बलहार ।। रोम रोम महि रमिआ राम,तिस बिनु नाहीं कोऊ ठाम ।।३।। वलछल तिआग करहु सतसंग,पारब्रहम का चढ़ि है रंग ।। वैरागी संग साधु समाइ,त्रिसना भुख माया बिनसाइ ।।४।। बिख बिखिआ प्रभु नाम तिरयाक,मिलि पूरे सत्गुरु पी पाक ।। बैकुंठ धाम साधू का संग,मति पंख ला उडै उतंग ।।५।। वासहि जनम मरण गति हरी,अमिअ सरोवर मज्जन करी ।। वरहै इंद दया करि सांति,हरिआवलि मेटे भ्रम भ्रांति ।।६।। वरसाने अंन धन कहुँ पाइ,उर आनंद न रहै समाइ ।। विरले जन भीतरि संसार,जिनि जिनि पाया मोख दुआर ।।७।। वाट वटाऊ मोह न क्रोह,गोबिंद नामहि

वस्तु संदोह ॥ वाही संग रहउ दिन रात,श्रीचंद्र कउ दीजहि दात ॥८॥३७॥ **सलोक-** सरब सरवथा एक है,सदा परम किरपाल ॥ आपन मया सु धार जन,छिन महि करत निहार ॥१॥ **अस्टपदी-** शंकर करत जीव कलिआना,सदा भजन आतम रस माना ॥ समर विनासक समरी देव,संत जना उर लखिआ भेव ॥१॥ शिव शिव सुआमी काल क्रिपाल,रहित एकाकी चंद्र सु भाल ॥ योगारुढ धिआन रस राता,द्रिग तीसर धरि परलै संघाता ॥२॥ शंभु मुकत हित उपजिओ जेई,संतन रिदै वस्तु सहजेई ॥ परम समाधि असंप्रगिआत,कल्प विकल्पन करता हात ॥३॥ बुद्धि विचार सुधा रस लीन,काम मोह के भयो न दीन ॥ रिद्धि सिद्धि नवनिधिन के धाम,परम प्रिअ उर रामहि नाम ॥४॥ भूतनाथ जोगीस्वर भारी,सदा विराजिओ दीरघ तारी ॥ विद्या मूल डमरु डमकावै,देव दैत्त जाते वरसावै ॥५॥ आसुतोष खिन माहि द्रवेई,भगत जना के कस्ट हरेई ॥ उतपति परलै एक समान, आवत हरख न जावत हान ॥६॥ सीस जटा गंगा वर धारी,तीन लोक कलिमल परिहारी ॥ आदि अनादि अगाध कहानी,जानी जात न मन क्रम बानी ॥७॥ बुधिदा सिधिदा निधिदा सुआमी, भव धारक सभ अंतरजामी ॥ घट घट विआपक सद निरलेपा,श्रीचंद्र हति भरम विछेपा ॥८॥३८॥

सलोक- षट रस भोजन पाइऐ,त्रिपति न त्रिसना लाथ ।। राम नाम की भुकति सम,श्रीचंद्र नहिं आथ ।।१।। **अस्टपदी-** षष्ट राग गाऐ हित संग,रुति रुति भिंन भिंन सरवंग ।। सुत बनिता सह सभ परिवार,पहिर मुहूरत दंड बिचार ।।१।। षष्ट विकारी परिहर देह,जन मनमोहक रस वर गेह ।। षष्ट जोजना मेली साथ,चढ़त उतारहि बंदन पाथ ।।२।। षष्ट अंग व्रित नाटक नाट, अनुचित वरज निबाहित थाट ।। षट सासत्र करि गिआन प्रमान,षस्टांगी उचरति वर बानि ।।३।। षट बुद्धि ते बोधी रंग,षट विचारे वाद म्रिदंग ।। षटपद बंधिओ नाही राह,षट कमली पाती निरवाह ।।४।। षट बखसस दरगाही दात,खट नर तन देवन की जात ।। षट चारी मिलि सोभा लही,षट पद हाने कीनी सही ।।५।। षट चक्रन का चक्र घुमाया,षष्ट विकारी मूल गवाया ।। षट चहु नाड़ी लंघे स्वास,षष्ट मुकामी लहि परकास ।।६।। षट बिनसे तबि सप्तम पाइऐ,सरब रोग हत दारू लाइऐ ।। षष्ट प्रधानै गमन स्थान,मंडल षष्ट विराजै भान ।।७।। षट ईतिन की चिंता चूर,साधु जना की बांछउ धूर ।। शाट शाट गोबिंद वर नाम,श्रीचंद्र लहि सात मुकाम ।।८।।३६।। **सलोक-** संत संग निसदिन रहहु,पलटै मस्तक लेख ।। अगम अगोचर अपर पर,श्रीचंद्र

उर देख ॥१॥ **अस्टपदी-** सज्जन मीत परम हितकारी,संत समागम लाभ अपारी ॥ सांत लहहि मन तपत विआपा,आपा आप आप ही जापा ॥१॥ साच समावहि कूड़ा तिआग,साच महिल का पाइऐ भाग ॥ सात लोक विस्तारे चरन,आकासहुँ की कीनी धरन ॥२॥ माटी जल महि पाहन होइ, साबुण मैल न साकत धोइ ॥ अगनी भागी ईंधन तिआग,मन भीतरि ते उपज वैराग ॥३॥ निरभै भै निरवैरे वैर,भिख मंगा बडदानी खैर ॥ निरतन परगट तन जुत गुप्ता,बिन बाणी का वेदन वक्ता ॥४॥ घट कै भीतरि सिंधु समाया,बिनु बादर तड़िता गरजाया ॥ अनठग ठगिआ ठगणहारा,बिन रासी बड वणज पसारा ॥५॥ बिनु माता के सुभग सु पूत,बिना जुलाहे ताणियो सूत ॥ बिन जनमा जनमंतहि हिरै,करणहार बिन कारज सरै ॥६॥ अनजाने जानण करि दावा, जानणहारा बन कहु धावा ॥ सागर आंधी गरद समाई,कीटी हस्ती निगल रहाई ॥७॥ मरनहार अम्रित भी देह,कच्छप मंडप थापिओ थेह ॥ टप टप तरुवर मीना धाई,श्रीचंद्र संती दरसाई ॥८॥४०॥ **सलोक-** हरि हरि हरि हरि हरि हरे,हरि हरि हरि हरि नाम ॥ हरदम हर साइत घड़ी,श्रीचंद्र बिस्राम ॥१॥ **अस्टपदी-** हरि नाराइण सरब निवासी,हरि सिमरत नाही

जम फासी ।। जल थल महीअल एको सोइ,भजि मन मैले निरमल होइ ।।१।। हस्ती चीटी एक समाना, सुरग पातालहि रविआ साना ।। हमद तिसहि की कीजै मना,निहचल राज सदा सच धना ।।२।। हमदम कबहूँ बिछुड़ न जाई,घोर गरत महि हाथ गहाई ।। हरत न जग बाजी की खेलै, उलटै पासै ढालत ढेलै ।।३।। मात गरभ महि देत अहार,सदा सदा सभ जग प्रतिपार ।। हरे किए सूके लख कोटि,हरि बिसरत सभ भांती तोटि ।।४।। हार परै जोऊ सरनाई,ता की पीठ न लगी कदाई ।। दुस्मन दूत दूख नहि जोहै,काल अगनि नाही तन पोहै ।।५।। हाल निहाल भए जन सोऊ, हिरदै जा कै बसिआ ओऊ ।। हसि हसि ता सिउं कीजै प्रीत,सदा अनंद न डोलै चीत ।।६।। हरन भरन सभ ही जिहँ हाथ,निरधन धन सु अनाथहिं नाथ ।। बिघन बिनासक हरि का नाम,कीरति करत सदा सुख धाम ।।७।। हरहै काम क्रोध बुरिआई,हरि बिन रहिन न कोऊ थाई ।। ईत ऊत सद ही संग साथ,श्रीचंद्र गहु हरि इक पाथ ।।८।।४१।। **सलोक-** छत्रपति तिहुँ लोक का,छमा नाथ किरपाल ।। छांत दांत पत छपाकर,श्रीचंद्र छय साल ।।१।। **अस्टपदी-** छमाकरण छमपाल दयाल,छेम धरण रछपाल किरपाल ।। छत्रीवर सेवक प्रतिपालक,छय कारण स्रिस्टी का घालक ।।१।। छर अछर सभ

ही का सुआमी,छत बिहून सभि अंतरजामी ॥ दासन दास दास रखवारा,आदि न अंत सदा सम सारा ॥२॥ निखिल भुवन करता गोसाई,गरीब निवाज गनीमन घाई ॥ नाम न धाम न काम न बामा,रूप न रेख न भेख न स्यामा ॥३॥ जात न वरण न तात न माता,रंग न ढंग न मित्र न भ्राता ॥ पर ते परे नेर ते नेरा,सरब ठौर जहँ सदा बसेरा ॥४॥ गंधरब यख्य न किंनर देही,देव दैत्त न केर सनेही ॥ सभ के भीतरि थिरिओ एक,भगत जना की बड उर टेक ॥५॥ घट घट अंतरि जोति समानी,बिन बोले ही बोलत बानी ॥ पवन गमन ते तीछण गती,सुभट धुरंधर धरि अनछती ॥६॥ पदमनैन अरु पदमन पाद,पदममुख अलापत साद ॥ पदम करन धनु सरन प्रहारै,पदमा थित नित चरण जुहारै ॥७॥ मदन मूरति भव तारनहार,दुस्ट दलन भुइ भंजन भार ॥ छारक गरब सरब का संगी,श्रीचंद्र सद सिमर अभंगी ॥८॥४२॥ **सलोक-** त्राण करत सभ जिअ जंतु,संतन त्राता राम ॥ त्रास बिनासत धरमराय,श्रीचंद्र हरि नाम ॥१॥ **अस्टपदी-** त्राहि त्राहि गोबिंद सरनाइ, जन का त्रास सकल बिनसाइ ॥ बिन पद त्राण धाइ सुनि टेर,बंधन काटत लाइ न देर ॥१॥ अवगुण नहिन चितारे दास,धिआवत आवत छिन महि पास ॥ भव जलनिधि बोहिथ जन त्राता,

बारक प्रतिपालक जनु माता ।।२।। सार समाल रखै उर लाइ,डाकिणि साकिणि लगै न छाइ ।। अनिक प्रकारी भोग भुंचाइ,रोग सोग ते लेइ बचाइ ।।३।। त्रयंबक नाम सद पेखनहारे,गुप्त प्रगट मन भीतरि सारे ।। त्रिण सम दाहक त्रैयी भुवन,त्राता सदा आपने सुवन ।।४।। सिमरित राम नाम जन जोइ,जरा मरण दुख फेर न होइ ।। सत्गुरु पूरण होत किरपाल,दास लहित गोबिंद गुण माल ।।५।। त्रिसना आसा हउमै मेरी,गुरू दया ते होई ढेरी ।। राम रसाइण माता मनो,कसमल सगल विकारन हनो ।।६।। धरम करम ही जन को त्राण,सदा निवाजत जन निज जाण ।। सत संतोख दया का पुंज,दुरमति दुरत कुकरमन मुंज ।।७।। तजि हउ लोभ राम रंग रवै,पारब्रहम की दरगह गवै ।। त्रास न पावै धरमहि दूत,श्रीचंद्र नाराइण पूत ।।८।।४३।। **सलोक-** गिआन धिआन सफलहि सगल,गुण गोबिंद बखाण ।। जपु तपु सत संतोख ब्रत,श्रीचंद्र परवाण ।।१।। **अस्टपदी-** गिआता सगल स्रिस्टि का सोइ,जिस मन अंतरि हरि गुण गोइ ।। वेदग्य सास्त्रग्य गुणग्य रसग्य,सरब रहस्य का सोऊ तत्तग्य ।।१।। गिआनवंत जन परम सिआणा,तत्व नाराइण नाम लुभाणा ।। सूछम ते सूछम अति भेव,सिमरि नाम लहै सभ देव ।।२।। नभ मारग गमनै गति वाउ,

सुर मिलि पीवै सुधा सुभाउ ॥ जोगीसर निरकल्प स्थानी,महा तपीस्वर परम सु धिआनी ॥३॥ गिआता सरब सिद्धांत पुनीत,राम नाम द्रिढ़ धारै चीत ॥ विद्यावान चउसठी सार,तीरथ अठसठ मज्जन नार ॥४॥ रसम रतन वर जानणहारा,रेचक पूरक कुंभक सारा ॥ नाटक त्राटक तंत्रन भेद, सिम्रित राम लहै बिन खेद ॥५॥ नव सप्ती वर कला रमंती,पांच पचीस त्री चार लहंती ॥ चउदसि चार पंच ग्रह जोग,कला अनंत जंत्री भोग ॥६॥ भूमंडल नभखंड पाताल,वण त्रिण सागर जीवन जाल ॥ उदक रखण आकरखण धिआन,रेणू त्रसरेणू अणु मान ॥७॥ शक्ति गुप्त प्रत्यख परधान, आतम परमातम विगिआन ॥ परमानंद ब्रहम का गिआता,श्रीचंद्र गुण गोबिंद राता ॥८॥४४॥

सलोक- आदि अंतु सद एक रस,सरब थान भरपूर ॥ गुण निधान आनंद घन,श्रीचंद्र सभि मूर ॥१॥

अस्टपदी- पूरन पारब्रहम प्रभु सोइ,ऊना काहूँ ठौर न होइ ॥ पूरन परवाहन घट नार,जा के भीतरि नहीं विकार ॥१॥ घट अनघट जहँ कहिओ न जाई,ब्रहम माइ कर भेद समाई ॥ जीव अजीव अनीस्वर ईस,काय अकाया नरवर कीस ॥२॥ तरुवर साखा कांड अरु पात,फूल फलन तारा सिर सात ॥ त्रिण औखधि पत्री अस्वत्थ,भेद भाव किमि कहिऐ कत्थ ॥३॥ स्रिस्टि स्थिति परलै

प्रमान,जल सागर सर नद नदिआन ।। रक्त उत्पल कुमुद रविंद,त्राइमाण जूही गुल कंद ।।४।। कैलास हिम परवत मेर,मैनाक धौला सित ढेर ।। कंचन तांबा सीसा कास,मानसरोवर हंसन भास ।।५।। काक उलूक सिंघ अरु सिआल,भालुक लंगूरन सहि बिआल ।। कीटी कीट पंख तन धारी, बकुल करंडव गरुड़ गंधारी ।।६।। नर नारी किंपुरुख विभाग,राज रंक कलंक अदाग ।। देव दैत्त मानुख गुण तीन,हरि हरिहर शक्तिन युत बीन ।।७।। हिंदू मुसलमान ऊच पोच,जाहल आकल सोच असोच ।। गिआनी अगिआनी सभि कोइ,श्रीचंद्र परिपूरन सोइ ।।८।।४५।।३३८।।

|| वरणमाला संपूरण ||

ओम् पारब्रहमणे नमः

।। राग बिलावल बारह माहा ।।

पारब्रहम परमेस्वर पूरा,परम पुरुख परधान ।। कारण करण करीम हरि,कादर कुदरतवान ।। किमि कीआ किमि करहिगा,कोइ न सकत पछान ।। जल माटी को बंध करि,रचिआ रचन जहान ।। सासत्र वेद सिम्रिती,धरम पुरान कुरान ।। पीर पैगंबर औलिऐ,जोगी जती महान ।। करमन खेती राहकन, बीजै बीज अंनान ।। जैसा बीजै सो लुणै,खाणा पड़ै निदान ।। रैण दिना साखी भयो,लेखा दे इनसान ।। श्रीचंद्र जपु राम नाम,दरगह भे परवान ।।१।। चेत सुहावै सोहणा,रंग बसंती फूल ।। तरु पल्लव हरिआवली,साखा पवनै झूल ।। नाराइण आराधिऐ,उतरहि मन कै सूल ।। सत्गुरु अपना सेविऐ, पड़ै कुराह न भूल ।। संतां संगति पाइऐ,जीवन संदड़ा मूल ।। परमानंद समाणिआं,हरि कीरति अनुकूल ।। प्रेम भगति रंग रत्तिआ,पाप उतारी धूल ।। सोभा सुरति सुहावणी,दहदिसि सत परफूल ।। गंध विथार श्रीचंद्र प्रभु,खिड़ी मालती कूल ।। चेत महासुख पाइऐ,हरि हरि रतन अमूल ।।२।। वैसाख चढ़ै हरि जापिऐ,मन तन अंतर तोख ।। नखत निखिद्ध न लाखिऐ,उतरहि सगले दोख ।।

साखा पसरी कोमली,अम्रित बरसै घोख ।। साध संग रस आइआ,राम नाम गुण पोख ।। जिनि जिनि हरि हरि सिमरिआ,आनंद पाइआ चोख ।। कमली वाड़ी संगती,भवरे गुरुमुख रोख ।। जपु जपु नाम बिगासिआ,उपजा मन संतोख ।। गुरु गोबिंद सालाहिऐ,नहि विआपै परदोख ।। हरि प्रभु सज्जण सरब सिर,श्रीचंद्र लिहु जोख ।। वैसाखै लग संत संग,लहिऐ अनुभव मोख ।।३।। जेठ माह जपु राम नाम, ठंडक मन उपजाइ ।। गुरु सरवर हरि नाम जल,पीवत त्रिखा नसाइ ।। प्रेम ब्रिख पतिआइआ, चित्त चेतत गहि छाइ ।। पाप धूप ते जलत जन,सांत सील लहि थाइ ।। करणी धेनु लवेरड़ी,दुगध धिआन हरि राइ ।। लग संतोखै त्रिपतीऐ,भूख पिआसा माइ ।। साधु सत्गुरु जे मिलै,बाग नाराइण नाय ।। भगति सुरसरी मज्ज कै,अघ औघन कौ घाय ।। अविनासी गुरु पारब्रहम,श्रीचंद्र प्रगटाइ ।। जेठ न विआपै तपत दुख,राम नाम लिव लाइ ।।४।। आसाढ़ सद सुखदाइआ,संत संग जपु राम ।। तपत बिनासी हरि गुणी,सहिज सूख बिस्राम ।। गुरु गोबिंद सालाहिऐ,निहचल जिस का धाम ।। दाना दाता सीलवंत,भगति भाइ तरु छाम ।। रतन जवाहर माणका,नउनिधि हरि हरि नाम ।। गुरु सरणाई पाइऐ,कोटि सूख गुण ग्राम ।। चरन कमल की ओट हरि,पोहत नाही घाम ।

सीतल थान सुहावणा,साधू संग आराम ।। पारिजात घर आंगणै,श्रीचंद्र जन बाम ।। आखाढ़ बिनासी तपत सभ,नाराइण गहि ठाम ।।५।। सावण बरसै दहदिसा,गूड़ी छहबरि लाइ ।। धरती चीजी पसर ही,चूनी लाल ओढ़ाइ ।। झुकि झुकि हरि प्रभु बरसदा,गुरुमुख मन पतिआइ ।। अगनि बिनासी जिअ की,बूँद पई मुख आइ ।। कूक पुकार सभि मिट गई,हरि अम्रित त्रिपताइ ।। धरति भई हरिआवली,गुण अंकुर प्रगटाइ ।। वर पाया सोहागणी,मंगल गीत सुहाइ ।। संत जना हरि राविआ,सत संतोख रजाइ ।। अन धन उपज अनंद भया,श्रीचंद्र रस पाइ ।। सावण सुख वरसाइआ,साध संगति कै भाइ ।।६।। भादुइ भ्रम मिटाइऐ,साधु संग करि हेत ।। धानी बोहल पाइआ,गुण गण जामै खेत ।। कामिणि मन आनंद भा,हरि हरि नामै चेत ।। सत्गुरु बखस मिलाइआ,दस नाराइण भेत ।। गुरुमुख नित बरसाइआ,लहराए फर केत ।। ढोल ढमक्के बंसरी, गाए गोबिंद नेत ।। राम नाम रंग रत्तिआं,खेती जंमी रेत ।। अउगुण चिड़ी उडाइ करि,सोए राति निचेत ।। रिधि सिधि घरि पाइऐ,श्रीचंद्र गुरु हेत ।। भादुइ सहिज समाइऐ,गोबिंद लहै निकेत ।।७।। असुन उमड़ समुंद रस,उलटी नदी वहंन ।। हीरे रतन जवाहरी,माणक मणी फिकंन ।।

मन निरमल धर पावनी,पित्री पाइ चरंन ।। सुकरम राते हरि जना,अनदिन अनद रहंन ।। यग्य पुरुख परगासिऐ,पापां घाण दहंन ।। आगे सदा सुहेलड़े,रंकी दान दिवंन ।। पावन तीरथ सप्तसर,गुरुमुख प्रात सिवंन ।। साध संग बिस्वासिआ,पाइआ नाम रतंन ।। परमेस्वर आराधिऐ, गुरु श्रीचंद्र लगंन ।। असुनि दुख गवाइआ,रामहि राम रवंन ।।८।। कतिक करम कमाइऐ,प्रातह नहावण नीर ।। निरमल काया ऊजली,हरि जपिऐ मन धीर ।। अगनि निवारी कामनी,राम नाम रम सीर ।। दुरमति दुरत विनास भे,हउमै निवरी पीर ।। दीवा हरि हरि नाम का,चानण लहिआ सरीर ।। सत्गुरु बाले नहि बुझहि,नाहिन लागै तीर ।। दरगह सदा सुहावणे,होत नहीं दिलगीर ।। गुरु सबदी मुख उज्जला,जपु जपु गहिर गंभीर ।। सुच साचा धन संचिआ,श्रीचंद्र लहि खीर ।। कत्तिक दुरगति नास है,दुरमति डारी चीर ।।९।। मघसिर हरि जापिऐ,संत चरण संग लाग ।। मघसिर अम्रित संचिआ,बिनसै कालुख दाग ।। जलन बुझी सीतल भए,कामिनि विझवी आग ।। अंतर चानण होइआ,बलिआ गिआन चिराग ।। पंथ सुहावा गुरुमुखी,गुण गावत वैराग ।। सिंघ गिआन दहाड़िआ,उबरे बन ते भाग ।। पंच चोर घर तजि गए,गुरू पुकारे जाग ।। सबद लस्टिका हनि

हता,अंतरि बैठा नाग ॥ गुरु प्रसादी प्रगटिआ,श्रीचंद्र सिर भाग ॥ मघसिर हिम उर झरी,मंगल अनद सुहाग ॥१०॥ पौस सिसिर अगिआन उर,सत्गुरु सबद निवार ॥ हरि वर संग सुहावणा, सुख मन पाइआ नार ॥ सुरती सुरति मिलाइ घर,जोति जगाई चार ॥ साध संगति की भीड़ सिउं, राम नाम जपु सार ॥ कलि कलेस दुरमति हरी,हउमै काढी मार ॥ औगुण कमले भसम भव,भागी भवरन डार ॥ झड़ि आकासहुँ उत्तरी,सांति सु हिमी कुहार ॥ दबी गई न खेतड़ी,भगती भाव पसार ॥ गुरु परसादी पाइऐ,श्रीचंद्र अंगिआर ॥ पौस न पाला पोहई,गुरु कै सबद अधार ॥११॥ माघ पुनीति भई,तीरथ राज इस्नान ॥ गुरु परसादी पाइआ,साधु संगि हरि गिआन ॥ जपु तपु संजम सील ब्रत,आतम निर अभिमान ॥ दुरमति बिनसी मनहि ते,त्रिभुवण एक समान ॥ जीअ दया मन निरमला,सत संतोख सु दान ॥ बसि एकाकी सेविऐ,यग्य करम क्रिसान ॥ राम नाम रस पाइऐ, त्रिगुणी चूकी बान ॥ संत महिल प्रकासिआ,बहुरि न आवन जान ॥ अबिचल धरम सु भाइआ, श्रीचंद्र कलिआन ॥ माघ सु परम पवित्र मन,सत्गुरु सबद पछान ॥१२॥ फालगुन रंग लाल भा, साध संग लिव लाइ ॥ पूरव उतरा फाल्गुनी,आइओ हरख बढाइ ॥ घर घर वज्जे वाजिआ,

गुलाल अंबीर उडाइ ।। परमानंद उपाइआ,संग सुहाग सुहाइ ।। परफुलित सभ मेदनी,जीव जंतु वरसाइ ।। रहस्य उपायो रहस्यमय,अनत न तन प्रगटाइ ।। भगतां रखै पैज हरि,नरहरि गोबिंद राइ ।। संतां तूर वजाइआ,चहुँजुग नाम जपाइ ।। वजीआँ अनिक वधाईआँ,श्रीचंद्र गुण गाइ ।। फालगुन हरि प्रभु सेविऐ,जनम मरण दुख जाइ ।।१३।। गुरु गोबिंद सालाहिऐ,मन तन लाइ पिआर ।। राम नाम जपु दिनसु राति,सभ कुल करहि उधार ।। धरम करम प्रकासिऐ,दहदिसि जै जै कार ।। दुबिधा दुरमति दूर करि,नाराइण संसार ।। आपा आप पछाणिऐ,हिरदै गहि उपकार ।। साधू संगति लगिआँ,भवनिधि पार उतार ।। जीवन मुकत आनंद रस,मत्ता राम समार ।। घड़ी मूरत पल माह पख,थिति रुति सर सार ।। सदा सुहावै सोहणे,श्रीचंद्र दुख दार ।। राम नाराइण गोबिंदा, हरि प्रभु मन महि धार ।।१४।।१।।३३९।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग बिलावल तिथियाँ ।।

पारब्रहम परमेस्वरो,कारण करण गुपाल ।। आदि अंतु नहिं जानिऐ,गहिर गंभीर अपाल ।। वेखै करि

करि आप ही,आप करै प्रतिपाल ।। आपहि भोग भोगाइंदा,आपहि रोग विसाल ।। आपहि सुख दुख देवई,आपहि धनी कंगाल ।। आपहि सूरज चंद्र सुर,आपहि त्रिगुणी माल ।। आपहि पंच तत्तु विस्तारा,आपहि मेलै ढाल ।। आपहि लख चुरासीह जोनी,आप चलावै चाल ।। इकना नरक भुगावै आपै,इकना करत निहाल ।। थकि थकि परिऐ सरणी ताकी,श्रीचंद्र अघदाल ।।१।। अमावसिआ एक रंग,सूरज चंद संजोग ।। निसि अंधिआरी भूलिऐ,आतम रामहि जोग ।। पंच चोर मन मंदरै,लूटत अनदिन भोग ।। सूझ बूझ नहि पाइऐ,बिखिआ राते लोग ।। गहिबर बन संसार महि,पंथ अकंटक खोग ।। पग पग चुभत कुकरम मन,दुखीआ विआपित रोग ।। ससि रसमी सुर गिआन की,पा गई दूरि विजोग ।। संगी साथ न को पिखै,बड दुख कोइ कुदोग ।। बेड़ा सागर वात मुख,ध्रुव वर भयो अलोग ।। अगिआनै स्यामा घनी,श्रीचंद्र किमि होग ।।२।। परवा प्रीतम एकले,कला छपाई ढाप ।। दुखिआ दहदिसि धाइआ,अधिकी करत कलाप ।। भाई मित्र न संगवा,को किहँ सुनै प्रलाप ।। जोग न भोग न पाइऐ,दुखी दुख संताप ।। तोड़ी मुख बंद उबट ही,निकसति बहिर न भाप ।। सागर बेड़ी डोलई,वंझ मलार न चाप ।। सनमुख डाकिणि फाड़ मुख,भक्खण धाई पाप ।। को सुलझावै उलझिआ,गोरख धंधा

जाप ॥ सुणो पुकार अगोचरै,होहु सहाई आप ॥ एकम एको पड़ रहिआ,श्रीचंद्र मन ताप ॥३॥ दुतिया दूज उपजिआ,पच्छिम कला लखाइ ॥ तारो तार लखाइआ,तन की चम चमकाइ ॥ शिव को जाण सिञाणिआ,मस्तक थिरिआ आइ ॥ सुत सागर प्रगटाइआ,कै अनसूया माइ ॥ भानु परकासों उज्जला,धिर दूजी थिर थाइ ॥ माया ब्रहम न जाणिऐ,को किमि लख लखाइ ॥ जिउं जिउं जाण सुजाणई,तिउं तिउं गरत गराइ ॥ ईस्वर मनु सुत हो रहिआ,प्रव्रिति निव्रिति भाइ ॥ द्वंद पदारथ भान ह्वै,लेखा लिखत न पाइ ॥ दुतिया दूजा होइ करि,श्रीचंद्र भ्रम पाइ ॥४॥ त्रितीया त्रिगुणी माइआ,ब्रहमा बिसनु महेस ॥ त्रैगुण वरत वखाणिऐ,तिहुँ लोई प्रवेस ॥ तीनहुँ बाणी काल त्रै,दुरगा तीनहुँ वेस ॥ त्रयी अवस्था थापीआं,त्रयी विवस्था ऐस ॥ जीव ब्रहम ईस्वर त्रयी,तीनहुँ कै त्रै देस ॥ त्रिपुटी नउधा गुणित लख,त्रिकुटी स्वास चरेस ॥ रेचक पूरक कुंभकै,लगन भगन लगणेस ॥ गुरु सिख मंत्र मिलाइ कै,तीन करम की रेस ॥ जंत्र मंत्र तंत्रान की,जुगती तीन प्रवेस ॥ अगनि समानी तीन ही,श्रीचंद्र आदेस ॥५॥ चतुरथि करता पुरुख प्रभु,गुपतहुँ प्रगट होइ ॥ चहुँ खाणी चहुँ बाणिऐ,वेद चतुर वर सोइ ॥ वरण आस्रम चार करि,मुकति पदारथ लोइ ॥ साधन चारहुँ सिद्ध करि,अधिकारी

सभ जोइ ।। चरन जुग वर गनजयी,भावा भाव सभोइ ।। पहिरीं रंग जमाइआ,तम परगास अवलोइ ।। जोग जुगति सो सेविऐ,नर वर नरहरि गोइ ।। सिद्धी करम कमावणे,ब्रहम अकास रमोइ ।। चारी चारा लाइ कै,कछु कछु भेद समोइ ।। सत्गुरु संगति लगिआं, श्रीचंद्र गति होइ ।।६।। पंचमि पंच प्रकास करि,हरि प्रभु रचन रचाया ।। तत्ती वैर विरोध रचि,आपे मेल मिलाया ।। काम क्रोध की संगतां,एकहि थान बसाया ।। सबद सपरसहुँ गिआन लहि,भेद सु भ्रम रमाया ।। असत भांति प्रिय माहि ही,नाम रूप लख पाया ।। करम गिआन विधि पंच करि,करते कीनी माया ।। पंच पंच को मेल रचि,गोरख धंध उरझाया ।। पंचहुँ झगड़ा पाइ कै,पंचहुँ बहि सुलझाया ।। पंच अगोचर धावही,पंची गोचर काया ।। पंच प्रपंच श्रीचंद्र लख,राम रमण चित्त लाया ।।७।। षष्टमि षट सासत्र रचै,षट जोति प्रकास ।। षष्ट अंग ते वेद देह,षष्ट जती वर भास ।। षष्ट रितु धरि भान गम,षट रस भोजन वास ।। षटपद गुंजत पंकजी,षष्ट ईति सस्य नास ।। षष्ट राग महि गाविऐ,आनंदै सु विभास ।। षष्टम पूजा देव वर,सुत मंगल उपजास ।। षष्ट चक्रवरतीस तन,षट चक्र कर स्वास ।। षष्ट कमल रस गंध जुत,जोगिन केर आभास ।। षट पट भेदे प्रिथमी,गिआनी बूझै तास ।। कीरति करते पुरुख की,

श्रीचंद्र रिद वास ॥८॥ सप्तमि सातों लोक महि,परिपूरण हरि राइ ॥ सप्तमुखी अस्वै गमत,कस्यप सुत अथकाइ ॥ सप्त दीप दीपत भए,सात पाताली माइ ॥ सप्त मुनीसर आदि वर,सागर सप्त जलाइ ॥ सुर सातन को मेल करि,गंधरब किंनर गाइ ॥ गिरिवर सप्तै लोक महि,अबिचल थित थिर थाइ ॥ सप्तन वारी चक्र गति,आवण वंञन भाइ ॥ सप्त भूमिका पाइऐ,जे कछु जोग कमाइ ॥ मेरी तेरी परिहरै,सत्गुरु सबद समाइ ॥ अगम अनादि अगाध प्रभु,श्रीचंद्र चित्त लाइ ॥९॥ अस्टम राज चलाइआ,अस्टअंग विस्तार ॥ अस्ट जोग इक भेद ते,जोगीसर भव पार ॥ अस्ट सिद्धि सिद्धीस्वरी,पाई हरि के दुआर ॥ अस्ट नाग कुल कस्यपी,कद्रू संगिणि नारि ॥ वसु करि देव बखानिऐ,धातू उत्तम सार ॥ ज्वर शिव संगिआ प्रगटई,बहुर कहे उपचार ॥ गणती गणत न पाइऐ,अगणत अस्ट सुमार ॥ नदी गंध दिगपाल छाप,नायिका मंगल चार ॥ सबद सासत्र लोक रचि,दिग्गज दीरघ ढार ॥ पारब्रहम प्रभु श्रीचंद्र,कुदरति कीआ पसार ॥१०॥ नौमी नव खंड साज कै, नौ दर थापे देह ॥ नौ ग्रह सुख दुख साथ रखि,रचना राची थेह ॥ सुण हरि जस करि कीरतन,नवधा भगति वसेह ॥ नवनिधि कर पाईए,रंगे रंग रंगेह ॥ बाणी रसिक रसावणी,रस लख भाव भरेह ॥

अनिरवचनीय अंग वर,कलिल कलित गुण गेह ।। महिमा अगम अगाध हरि,अंक न अंत गणेह ।। उद्भव खेल रचाइआ,उजड़ वसिआ थेह ।। राम रसाइण पाइऐ,सास कटोरी लेह ।। जपु जपु जाप गुबिंद गुरु,श्रीचंद्र हरखेह ।।११।। दसमी दसवैं दुआर समाए,सत्गुरु भए सहाई ।। दस अवतारी हरि भव पायो,आपन आप जनाई ।। दसदिसि फैल रहिओ जस कीरति,जा का अंतु न आई ।। दोस निवार दास उर लाए,हउमै पीर मिटाई ।। पंथ भुलावा विचहुँ खोइआ,पारब्रहम सभ थाई ।। सिमरि सिमरि हरि अनुभव पाया,दूजा भाउ गवाई ।। संतन संग ठंडि उर माही,क्रोध गया बिललाही ।। हिंदू मुसलिम बिप्र चंडालिन,एको एक समाई ।। नाम निधान दिवाया सत्गुरु,त्रिसना भूख न काई ।। हरदम हर साइत हर वेले,श्रीचंद्र हरि धिआई ।।१२।। एकादसी एक दस रुद्री, आपन आप प्रकासा ।। एकै दिसि मन मेरे गमनहु,दस इंद्री बिख नासा ।। अंतरि जावहु महली पावहु,बाहरि कूड़ी आसा ।। अठसठ तीरथ देव देहुरे,पीर मुकामी खासा ।। पाणी पाहन बिन नहिं कोऊ,जन हित कउ उपहासा ।। कबर न बोली मढ़ी न बोली,दंभी नाच नचासा ।। किनी न खायो भोग मिठायो,सींरीनी अरदासा ।। पेखत सुनत मूढ नित्त प्राणी,तऊ परे जम फासा ।। जिनहि आस सद

मानव केरी,वे किआ देह पतासा ।। नकट निलज्जे साकत निगुरे,श्रीचंद्र दुर नासा ।।१३।। दुआदसि रासि फेर करि,रवि अचल थिरायो ।। नाम दान इस्नान हेतु,निज तेज दिखायो ।। खट दुगुण करि सुभ करम,कछु कछु पग चायो ।। बिन करमा सत संग फल,कहु किहँ नर पायो ।। जोग न पाइऐ पंथ गहि,नख जटा बधायो ।। पूरै भाग सत्गुरु मिलै,तम घोर उडायो ।। सूरज बारह नभ थिरै,चमकार महायो ।। अंधकार नभ प्रिस्टि महि,छप आप बचायो ।। कातर सूर न भाखिऐ,रण पेखि दुरायो ।। नभ दुंदभि सत्गुरु सबद,श्रीचंद्र धुँकायो ।।१४।। त्रिओदसि धरम समार बिप्र,उत्तम गति पाई ।। विस्वे देवन अंतरिख उतर,करी सहाई ।। बिघन बिनासे सरब ही,सत्गुरु सरणाई ।। कोइ न बुरा मनावंदा,मन हरख उपाई ।। साजन सकले जिअ जंतु विच,भेद न काई ।। अगिआन भरम दुख मेट कै,आतम लख पाई ।। पिता ब्रहम सभि जगत के,इक जात बनाई ।। का को करता अपर है,कहिऐ समझाई ।। उदर भरन कै कारनै,कंध रेत रचाई ।। परमेस्वर श्रीचंद्र भव,गुरु संत बुझाई ।।१५।। चौदसि चोदसि लोक महि,एकै करतारा ।। रतनां वांगुर चमकदा,मारत चमकारा ।। मनूं दिस न आवनी,अक्खर करतारा ।। विद्या कही रिखीस्वरी,बिन गुरु अंधिआरा ।। करमी सत्गुरु पाइऐ,

निसि भे भुनसारा ।। राम रसाइण चूनड़ी,रंग लाल पसारा ।। हउमै गरब गवाइऐ,दहदिसि उजिआरा ।। सत्गुरु सेती रतिआ,सुख मंगल सारा ।। ईत ऊत हरि विआपिआ,जानै सचिआरा ।। साधु चरण बलिहारणै,श्रीचंद्र उबारा ।।१६।। पंचदसी तिथि पूरणी,सीतल किरणाली ।। सोमावली सपल्लवी,भरि जोबन बाली ।। चंद्रमुखी पति पाया,मुख लालो लाली ।। भगती भाव संपूरणा,घुंघरु घड़ियाली ।। बाह लुडावत दरगहे,हरि नाम समाली ।। गुरु सिख एकी वरतणी,चाली इक चाली ।। प्रेम पिआला पिरम पी,मस्ती खुसहाली ।। संता सेती रत्तिआं,लहि वसतु निराली ।। अंधकार हथ मारदे,पाई रतनाली ।। घट घट चानण होइआ,श्रीचंद्र जमाली ।।१७।। सोई तिथी सुहावणी,जित नाम जपीजै ।। गुण गोबिंद वखाणिऐ,रस अम्रित पीजै ।। मन निरमल दुबिधा गई,जल अंतरि भीजै ।। टेक एक नाराइणै,दूर दूजा कीजै ।। हरि हरि हरि हरि हरि हरे,हरि हरि रट जीजै ।। नाम दान इस्नान द्रिढ़,हरि भगति रमीजै ।। सत्गुरु पूरे संग मिल,सर नाम न्हवीजै ।। गिआन दीप परगास कर,राम रतन लहीजै ।। भाव भरे घट पूरिआ,त्रिसना दर लीजै ।। चिंता दूर बिहाइ मन, श्रीचंद्र प्रसीजै ।।१८।।१।।३४०।।

ओम् पारब्रह्मणे नमः

।। राग बिलावल की वार ।।

सलोक- गुरु दीपक कै चानणे,तीन लोक उजिआर ।। सूर चंद्र लख उगवै,मेट न सकत अंधार ।।१।। गुरु पूरे ते पाइऐ,परमेस्वर की लोइ ।। अंतरि ता के होत ही,नर नरकी गमनोइ ।।२।। सत्गुरु ते उर पाइऐ,रतन पदारथ नाम ।। त्रिसना भूख बिनास है,सांत सहिज विसराम ।।३।। **पउड़ी-** गुरु पूरे की मिहर,नाम धिआइऐ ।। गुरु पूरे की मिहरि,थिरता पाइऐ ।। गुरु पूरे की मिहर,सच्च समाइऐ ।। गुरु पूरे की मिहर,दुरमति घाइऐ ।। गुरु पूरे की मिहर,हउमै जाइऐ ।। गुरु पूरे की मिहर,राम रमाइऐ ।। गुरु पूरे की मिहर,बिघन न आइऐ ।। श्रीचंद्र गुरु पूरे,सीस निवाइऐ ।।१।। **सलोक-** गुरुमुख मन समझाइऐ,सच्च वडाई पाइ ।। मन ही तीरथ देव मन,मन ही मंझ समाइ ।।१।। गुरुमुख लूझै मनहि सिउं,हरि भगती करवार ।। दैत्त पंच करि खंड खंड,सुते पाउं पसार ।।२।। गुरुमुख जिन्ही बूझिआ,आतम ब्रहम निदान ।। ऐथै पाया पिरम रस,दरगह पैधे जान ।।३।। **पउड़ी-** गुरुमुख मन कै रंग,सुकरम कमावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,चानण पावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,चुप्प

चुपावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,हरि लिव लावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,सद गुण गावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,मस्त रहावणा ।। गुरुमुख मन कै रंग,अहं गवावणा ।। श्रीचंद्र मन संग,गुरुमुख भावणा ।।२।। **सलोक-** पाप विआपी मेदनी,राति दिनस बिललाइ ।। झूठ विकारी मनमुखी,भारै भार भराइ ।।१।। लाटां अगनि निकारिआं,भड़ि भड़ि भखै तनूर ।। बाहों पकड़ि धकेलिआ,रूप महाबलि सूर ।।२।। मन मैलै मुख मैलिआ,मैली बुद्धि संजोग ।। मैले करम कमाइन,मनमुख सोग विजोग ।।३।। **पउड़ी-** मनमुख मन अजित्त है,भरमै भरमाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,जग भोग भुलाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,पर रूप लुभाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,मुह कालख लाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,सपीं चित लाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,नित्त भुखा तिहाइआ ।। मनमुख मन अजित्त है,बहु क्रोध वधाइआ ।। श्रीचंद्र मनमुख हिरदै,निसि काली राइआ ।।३।। **सलोक-** जग मिट्ठा मनमुख रिदै,अगला डिट्ठा किंन ।। वढि वढि जीआं खावणा,वल्ल कुलल्ला जिंन ।।१।। तलवारी छुरिआं करी,फाहिआं डारी कंध ।। माणस घावन रात दिनै,मनमुख उच्चा धंध ।।२।। मद माती चित वेड़िआ, पर नारी सिउं प्रीत ।। धन खोवण रंग बिखै रति,मनमुख संदी रीत ।।३।। **पउड़ी-** माया लुब्ध

विसारिआ,हरि नाम पिआरा ॥ मारण गऊ गरीब नूँ,करि बोल बकारा ॥ तक्कणि नारि पराइआं, मूछी हत्थ डारा ॥ बुद्धी मद रति खोवही,सिर बाल खिलारा ॥ अरल बरल मुँह बोलदे,सभ होंस विसारा ॥ काले मुख काले बसन,काली अवतारा ॥ काले लेख लिखाइंदे,काले अनुसारा ॥ श्रीचंद्र काले करमि,नरके पग धारा ॥४॥ **सलोक-** मन मत्तीं लगि बूडिऐ,सागर घोर अथाह ॥ मुंह मुंह खावण जुत्तिआं,निज सिर डार स्वाह ॥१॥ किरत हरामै खावणा,पग्गीं समले ऊच ॥ धन कारण मन बेचिआ,भार उठायो मूच ॥२॥ अगली गल्ल न जाणई,ऐथै खाण हराम ॥ कालुख लागी निंद मुख, अवर कि करहि कमाम ॥३॥ **पउड़ी-** मनमुख चित्त कठोर है,निसि काली धाया ॥ खोटो खोट विहाझिआ,रंग कूड़ जमाया ॥ धरम अधरम न सुझई,है माया माया ॥ करता पुरुख बिसार कै, जीआं हत खाया ॥ क्रोध ध्रोह रस मोह लग,सुभ जनम गवाया ॥ कसमल बंधी पोट सिर,नद लंघ न पाया ॥ कूक पुकार न को सुणै,जम डंड लगाया ॥ श्रीचंद्र किआ वस है,जां प्रभू भुलाया ॥५॥ **सलोक-** पाधाणू कंधी ढहै,हसि हसि वंञै रेत ॥ जंघां जडूँ न चा सकहिं,तडूँ घिन्नै भेत ॥१॥ जल्लण तैंडे पैर तल,जाण न सकहि गवार ॥ मत चौकड़ी चलाइकै,मिरगा सहहि बुछार ॥२॥ ब्रिखहि ओट तकाड़

कै,संनी बाण सय्याद ॥ बैठा वेखै दाव कउ,मत भूलीं इह याद ॥३॥ **पउड़ी-** वाड़ी राता मिरग मन,लख हरी अंगूरी ॥ कोमल अंगी चंद्रमुखि,कंज नैनी रूरी ॥ गुत्ताँ काली सरपिणी,कुंडल पा जूरी ॥ हाथी वांगुर पैर धर,चल चाल सरूरी ॥ भौरे भौंह उडारीआं,पब्ब छाती पूरी ॥ तोते नासां भुल्लीआं,ठोडी अंब नूरी ॥ भट्ठी अग भड़कणी,तुंद लाल तंदूरी ॥ श्रीचंद्र सड़ भुज करि,उड रही अब धूरी ॥६॥ **सलोक-** कोइल कोठे मनमुखां,प्रविसे कालुख मुक्ख ॥ संगी संग न लाग है,जत जावै तत दुक्ख ॥१॥ कज्जल कोठी जगत की,धसे न उज्जल कोइ ॥ मनमुख सेती संग करि,को न कलंकित होइ ॥२॥ काम क्रोध बुरिआइआं,चोरी जारी निंद ॥ चाड़ी लाइत बारड़ी,मनमुख कै घर बिंद ॥३॥ **पउड़ी-** मनमुख भंवर लुभाइआ,नारी फुलवाड़ी ॥ कंटक बिखै न सूझई,जहँ फाथा झाड़ी ॥ कूके कुरलावै घणा,किसमत कहि माड़ी ॥ भोगहुँ रोग उपाइ कै,घर बार उजाड़ी ॥ चित्त चंचल वित नासिआ,सुत बंधु विगाड़ी ॥ जम गण संगल पाइआ,चल लै फड़ दाढ़ी ॥ तत्ते थंमी लाइ कै, कोरड़ कसि ताड़ी ॥ श्रीचंद्र मन समझ बूझ,नहि गाल दिहाड़ी ॥७॥ **सलोक-** धन कारण मन बेचिआ, तन खोया विचि धूल ॥ धंधै धाया राति दिनै,त्रिसना गई न मूल ॥१॥ पच्छिम गया पूरब हुँ,उत्तर

दक्खिन फेर ।। लालच लागै अट्टिआ,हत्थीं लगा ढेर ।।२।। चढ़िऐ जाइ सुमेरु पर,सेस निकेत लहाइ ।। धनद बुलाइऐ मंत्र सिउं,बिन भागां किआ पाइ ।।३।। **पउड़ी-** धरती खोद कुदाल सिउं,काह बूट नसाई ।। उड़द मोठ ईख गंदमै,गोडी गुडवाई ।। पाणी संच जमाइ खेत,उच वाड़ कराई ।। चिड़िआ काकहुँ सूकरहुँ,सयालहुँ रखवाई ।। चीटी आहण ईति लख,ढोलन ढमकाई ।। दिणै राति करि हाय हाय,ढेला न वगाई ।। लुण गाहे खलिहान पा,मन खुसी मनाई ।। श्रीचंद्र बिन भागड़े,नहि फलित कमाई ।।८।। **सलोक-** काजी पंडित मौलवी,पीर फकीर अमीर ।। हाटी घाटी बाटीए,रंक सिपाह वजीर ।।१।। चरवाहे राहक चरक,फेरी फिरत जहान ।। बनवासी घर वासिए,वासी जन शमशान ।।२।। नखी जटी पट भगवई,काली पीली स्वेत ।। हरि की भगति बिहून नर,रोवन पीटन नेत ।।३।। **पउड़ी-** धरि धरि नारी वेस,नाच नचाया ।। ढोलक ताल म्रिदंग,वाद वजाइआ ।। नूपुर घुंघरु घंटि,छैण छणाइआ ।। बेणू बीना वंस,वंझलि वाइआ ।। तूर दुतार सितार,रबाब घुराइआ ।। षडज गंधार निसाद,ऋषभ रलाइआ ।। रासि अखाड़े मंड,भगति कमाइआ ।। श्रीचंद्र बिन नामै,धूड़ि उडाइआ ।।६।। **सलोक-** निम्म धतूरे तूमिओ,अक्क चिरैतों कौड़ ।। मनमुख कौड़तण

घणी,पुज ना सकही दौड़ ॥१॥ अठसठ तीरथ मज्जनी,कोटि तेतीस पूज ॥ चारहुँ धामन परस करि,मनमुख माया रूज ॥२॥ संनिआसी जोगी तपी,उदासी जपु धार ॥ वैरागी सूफी मलंग,मनमुख माया सार ॥३॥ **पउड़ी-** ऊरध पुंड त्रिपुंड,तिलक सजाइआ ॥ गोपी चंदन लाइ,अंग बाराइआ ॥ तुलसी माला मेल,भगत कहाइआ ॥ झांझ पखावज तार,विपंची गाइआ ॥ ताण विताण सुरंग,चवर झुलाइआ ॥ कथा वखान पुरान,कुरान अलाइआ ॥ छंद बंद रस रंग,कबित्त सुणाइआ ॥ श्रीचंद्र बिन नामै,दंभ वधाइआ ॥१०॥ **सलोक-** चंदन तिलक लिलाट गल,रूद्राखी धरि माल ॥ द्रब्य बटोरन कारने,राम बजाई गाल ॥१॥ प्राव्रत नीव मनोग करि,लोटे मांज गहे ॥ राम नाम नहि रस लिओ,नरकी धार बहे ॥२॥ गुरु मठिआ रचि ऊच थल,नौ गज कबर ढकाइ ॥ जग ठग्गण के कारणे,बहुत प्रपंच कमाइ ॥३॥ **पउड़ी-** मखण घरों सिधाइआ,सिर छाई पाई ॥ बन महि कबर निहार कै,चादर ढकवाई ॥ ढोकल छडि नगाह को,सरवर इह जाई ॥ पंज सहस्त्र कलि वरत ते, जगननाथ पराई ॥ एही ठोरहि पूजिऐ धरि पैसा पाई ॥ मै ही कलकी उपजिओ,संभल परहराई ॥ परमेस्वर मुहि थापिओ,सुत अपन बनाई ॥ दंभ पसारा श्रीचंद्र,अग्य दूनी ठगाई ॥११॥ **सलोक-**

संत कहावही संत की,निंदा मुखहुं अलाहि ।। मूँह कालै दुहुं लोक महि,अंतरि जलहै भाहि ।।१।। कलि कुत्ता मुख मैल धरि,मंदर मूरति चाट ।। काली कालुख पोत करि,बोडै नरकी घाट ।।२।। भए शहीद कां कालड़े,टुकड़े डारत लोग ।। त्रिपतहिं विस्टा खाइ करि,दैहैं पूजक भोग ।।३।। **पउड़ी-** विस्टा राता काग,त्रिपति न पावई ।। सूकर सुआन आहार,न कबहुं अघावई ।। भूत प्रेतीं खाधे,रज्ज न आवई ।। नरकीं जीव समाए,गोते लावई ।। मूँह टड्डे संसार,माणस खावई ।। गिद्धां मुरदा जाण,विदेसों धावई ।। भुक्ख विआपी लोक,माया हावई ।। श्रीचंद्र त्रिस जलिआ,नर बिललावई ।।१२।। **सलोक-** जब ते स्त्रिस्टि विरंचि की,त्रिसना लागी आगि ।। कुल परिवरतक पित पिता,सती भए संग लागि ।।१।। सुत सुता त्रिअ मात बहिन,माया लागी धूह ।। ऐथे हा हा करि पचे,आगै हूह कुहूह ।।२।। जो संची सो थित रहहीं,जब लों धरनि अकास ।। संचनहारे कोटि लख,दाबे जले निरास ।।३।। **पउड़ी-** अरब खरब करि गंज,ढेर लगाइआ ।। सहसत्रहुं लख करोड़,गणति वधाइआ ।। भाई पुत्र कलत्र,पिता हितु घाइआ ।। गहिरा गरत खुदाइ,ढक रखाइआ ।। दीन न दीना दान,न पैधा खाइआ ।। सगल विसास गवाइ,आसण लाइआ ।। सिर लागा जम डंड,ऊठ सिधाइआ ।। श्रीचंद्र दुख पाप,फोकट

चाइआ ॥१३॥ **सलोक-** जिनि सिउं प्रीति पिआर,ते संगी सभ धनहि के ॥ किउं दुख रहिओ सहार,मूढ समझ हरि हरि सिमर ॥१॥ जब लगि पैनण खावणै,तबि लगि राखहि प्रेम ॥ जित दिन कछू होवई,दुखी न बूझत छेम ॥२॥ द्रब्य हिरन को मंत्र बड,जी जी मारत फूक ॥ छीन लई जब सभ किछू,डारि पिटारी धूक ॥३॥ **पउड़ी-** हट बैठो हटवाणीआ,कहि लीजै चूना ॥ भाड़ भठऊआ थित भया,दै दाना भूना ॥ काछन काछ कछाइआ,सागी सादूना ॥ पाट पटंबर विसतरे,लेवो चुन चूना ॥ हीरे मोती चूनीआं,पंने नग गूना ॥ हलवाई बरफी रची,रस मीठे लूना ॥ लेहु लेहु सभ ही कहै,कहि होहु न ऊना ॥ श्रीचंद्र धन डार देहु,कहिते मुख मूना ॥१४॥ **सलोक-** लोभ प्रेम रचि वैर को,मंड रहै रण खेत ॥ जल पावक इक ठौर किमि,सोवत रहहि अचेत ॥१॥ लोभ लागि दिव परसिए,चार पांव दुइ सींग ॥ कस्तूरी किमि गहि सकत,जिहँ मन राता हींग ॥२॥ गधे हींग हरि चंद कउ,नभ महि रखिओ डुलाइ ॥ प्रेम पिरम रस पीवते,चपत लोभ चटकाइ ॥३॥ **पउड़ी-** देवन गधा बणाइ कै,लद लोभ चलाइआ ॥ सोयो कबरहि पीर,किउं नहि गुण पूजाइआ ॥ हे काठ के जगननाथ,मुहि चाहिए माइआ ॥ संगे अस्वद भै भरे,कंधे गडवाइआ ॥ खतम कुराण कराइओ,हाफिस सदवाइआ ॥

विस्वनाथ चलि परसिआ,धन देव सवाइआ ॥ पुरी सुदामे दुआरिका,धर लोभ रटाइआ ॥ श्रीचंद्र प्रभु प्रेम बिनु,मुख कालुख लाइआ ॥१५॥ **सलोक-** प्रीतम गगनंतरि खड़ा,इह प्रेमी पंथ निहाल ॥ सीस कटावै आपणा,आवै मेरे नाल ॥१॥ प्रेमी सोई आखिऐ,प्रीतम हित चित लाइ ॥ तन मन धन मोह मेट कै,ताहूँ मैं मिलि जाइ ॥२॥ प्रेमी सीस संभालई,सती संभाले वत्थ ॥ ध्रिग ध्रिग तिन का जीवना,कालख मुँह अलत्थ ॥३॥ **पउड़ी-** महाबली अतिरथी सुभट,करि ढाल क्रिपाना ॥ जगत अखाड़े उत्तरे,धोंसे धुंकाना ॥ मारो मार पुकारदे,धरि सूहा बाना ॥ खलभल भड़थू मचिआ,तनि बान कमाना ॥ काकपच्छ सिर सोहई,असपीं अरबाना ॥ पाछल ओर न आवई,आगल कदमाना ॥ अपर न कोऊ भावना,बिन सिर अरपाना ॥ श्रीचंद्र रण छेत्रै,रुंड मुंड दो जाना ॥१६॥ **सलोक-** आशिक राखी आस जग,परम निलज्जा कूर ॥ ध्रिग ध्रिग इह लोकै लहै,आगै दोजख सूर ॥१॥ इश्क बिना किहँ पेखिआ,जलवा नूर खुदाइ ॥ परणकुटी पावक लगी,भसम बिना किआ पाइ ॥२॥ तन भसमा मन भसम है,धन भसमी भव खेह ॥ इस्क पिआला पीविऐ,करम करीम करेह ॥३॥ **पउड़ी-** रूप न रंग न रेख भेख किछु,करम न धरमा ॥ वरण जात अरु पात नहि,तन भेद न भरमा ॥ चिहन चक्र सूखम

स्थूल,गज गच्च आस्रमा ॥ बंसी माला राग धुनि,धरि ओट न चरमा ॥ सारंग बिसिख न खड़्ग करि,ओढत नहीं धरमा ॥ पीत लाल धूसर हरित,स्याह नील न हरमा ॥ जैसे को तैसा मिलै,निज करमी करमा ॥ श्रीचंद्र प्रभु पाइऐ,गहिऐ सह धरमा ॥१७॥ **सलोक-** सेवक सोई आखिऐ,प्रभु सिउं रहै समाइ ॥ मंत्री भूपति होइ कै,अन दर कबहुँ न जाइ ॥१॥ जीवन मरना एक संग,दूख भूख नंग ओढ ॥ सती पूज सोइ जग महि,जानत स्वस्थ न कोढ ॥२॥ साहिब सेवक रंग रंगे,आन बिसारी बान ॥ ऊच नीच चंगा मंदा,मेरा तेरा हान ॥३॥ **पउड़ी-** ग्रिह ते सेवक धाइआ,करि लंमी धाई ॥ आसा रखी चित्त महि,प्रभु सच्चे साई ॥ तन मन धन सभि परिहरे,इक टेक टिकाई ॥ जात गोत सभ भुलीआ,पत पात बिहाई ॥ साक बंधु सुत मीत भ्रात,पित मात नसाई ॥ नंग भुख दुख सूख सम,रंकी राजाई ॥ जल जल माटी माटीअहि,अगि अगनि समाई ॥ श्रीचंद्र रत्न जोति जोति,बिसमय बिसमाई ॥१८॥ **सलोक-** कहिबो सुनिबो ताहि ह्वै,जो अन दुआरै जाहि ॥ सेवक सच्चे साह के,भूल न भटका खाहि ॥१॥ जिन कउ दूजी आस है,ते दोहागणि त्रिप्ति बिन ॥ सेवक सच्ची रासि,सोहागणि पर परिहरै ॥२॥ धन कारण सेवक थपै,घर घर टूक मंगाहि ॥ ध्रिग साहिब अरु सेवकन,घोर नरक के

राहि ।।३।। **पउड़ी-** हत्थीं केस मुचाइंदे,सिर छार पवाई ।। जटा जूट बड धारिआ,नख बडे बढाई ।। मुंद्रा कानी फटक की,पट मुनि पहिराई ।। दर दर जोहत स्वान जिउं,कबि त्रिपति न पाई ।। मांगन हित जो धाइआ,किआ कथहि सुनाई ।। बिन संतोख न रज्जीऐ,लख कोटि कमाई ।। भूखे कउ भूखा मिलै,नकटे नकटाई ।। श्रीचंद्र प्रभु नाम बिन,लानत लख आई ।।१६।। **सलोक-** गुरु राहक सच बीजिआ,धरती धरम सवार ।। सिख संतोखी रज्जिआ,सुत्ता पैर पसार ।।१।। दया बीज संतोख रुख, सच्च कांड पत दान ।। धरम फुल फल गिआन लहि,त्रिप्ति मोख निदान ।।२।। हरि भगती घर कल्पतरु,जपु तपु संजम फूल ।। फल संतोख सु खाई कर,घाम हरो भव सूल ।।३।। **पउड़ी-** सत्गुरु सच्चा सेविऐ,बूझ सच्च समाइऐ ।। सच्चा जपु तपु दया धरम,सच करम कमाइऐ ।। सच्चे सबद प्रकास होइ,रोम रोम लहाइऐ ।। सच्चे ही सच निरमला,अंतरि मल धोइऐ ।। सच्चे सच्च मिलावड़ा,कत विछड़ न जाइऐ ।। मन सच्चे सच्च वासिआ,सच जोति दीपाइऐ ।। कूड़ा थाउं न पावई,सत्गुरु सरणाइऐ ।। श्रीचंद्र सच कूड़ द्वंद,गुरुमुखहुं लखाइऐ ।।२०।। **सलोक-** भंग चरस आमिख सुरा,गाँजा पोस्त अमल ।। काजी जोगी पंडिती,मसजिद देवस्थल ।।१।। चोरी जारी पान मद,विभिचारी के थांउ ।।

मंदर तीरथ मस्जिदी,वस्से घूघ गिरांउ ॥२॥ मेचक कलि तन आखिऐ,काली स्याम गुपाल ॥ कालिआं काले मन भए,काली धार किलाल ॥३॥ **पउड़ी-** कलिजुग रंग जमाइआ,गोबिंद भा काला ॥ भद्रा काली हो थिरी,काला नभ जाला ॥ काले काले वेस धरि,कलि पंथी चाला ॥ उर काले हो भगत जन,सजि तखत मराला ॥ काले नागी परसिऐ,मिरतु लहि दरहाला ॥ काले कागीं विस्ट मुँह,अक्ख काणी खिआला ॥ काले कोइले वणजिऐ,मुख कालख भाला ॥ श्रीचंद्र कलि कीरती,काली जग काला ॥२१॥ **सलोक-** शेर साधु हनि डार दी,शाही हथिनी जान ॥ गिदड़ कुत्ते काग गिद्ध,टुक टुक मुरदा खान ॥१॥ मुरदे कबरीं पड़ रहे,सदिआं लग इक पास ॥ साधू सूर वजाइआ,उठि धाए चहुँपास ॥२॥ दंभ वजाई बांसरी,लेहु पुत्र धन आन ॥ चनक हेत कपि फासिआ,नाचत जब लगि प्रान ॥३॥ **पउड़ी-** कलि वरतारा वरतिआ,दहदिसि अंधिआरा ॥ राज कुंभार गदहा प्रजा, कर लादसि भारा ॥ डंड डंड चलाइंदा,कुरके घर बारा ॥ जन चिंता पुर पेट की,हाकम डकरारा ॥ द्रिस्टी रक्त निचोड़िआ,की डोर पुकारा ॥ लाइ दुकान मुकदमी,वढी रुजगारा ॥ पुत्त धी वेच न निआउ लहि,उलटा गयो मारा ॥ श्रीचंद्र कुत्ते हलकिआं,हरि ही उपचारा ॥२२॥

सलोक- भवसागर चिंत ग्रह ग्रसा,चित्त न उबरन पाइ ॥ सज्जण सच्चा संत को,मेल लेहु हरि राइ ॥१॥ जंगल जग दुख कंट ब्रिख,मन अंधेर राह नाहि ॥ चिंता बाघ डरावणा,हरि बिनु का पहि प्राहि ॥२॥ सिंघ सांप भालुक गजीं,नर घेरो बन मांझ ॥ किहँ कहिऐ कित जाइऐ,निसि काली घन सांझ ॥३॥ **पउड़ी-** घोर अंधेरा वरतिआ,दहदिसि घट स्यामा ॥ वढी खोरे काजीआं,क्रिति फड़ी इमामा ॥ गिआन विहूणे ब्राहमणा,धरे सालिगरामा ॥ बंनण पटीआं मूंह पर,रलि कामिनि कामा ॥ कंन पड़ाए बिचरदे,मद मास ललामा ॥ तुलसी माला गलीं घत्त,रत लोभी दामा ॥ गुरू सदाइन मंगते,सिख मोचत चामा ॥ श्रीचंद्र कलि घोर महि,वसि हरि की बामा ॥२३॥ **सलोक-** परब्रहम किरपा निधान,धारन धरनि दयाल ॥ सुण बेनती मेरिआं,हरहु जगत दुख साल ॥१॥ गरब निवारण सुख करण,कारण करण गुबिंद ॥ जनम जनम के दुख हरण,सकल बिनासहु चिंद ॥२॥ भ्रम भ्रम थाके बहुबिधि,तुम बिन नहि उद्धार ॥ अपने जन की बेनती,सुनु कीजै भव पार ॥३॥ **पउड़ी-** अगम अगोचर पारब्रहम,हम तुम सरणाई ॥ आधि विआधि उपाधि लख,को नहीं उपाई ॥ घटा घोर घन पाप की,दहदिसि पर छाई ॥ पंथी बूडे दंभ सरि,दै कूड़ दुहाई ॥ तीरथ देव

दिवालियां,मंदर भोगाई ।। पोथी वाच सुणाइंदे,धन लोभ महाई ।। गिआन विहूणे ठग्ग,साध प्रजा डहकाई ।। श्रीचंद्र इस घोर ते,कर देइ बचाई ।।२४।। **सलोक-** हे नाराइण राम गुरु,हे करुणा निधि स्याम ।। हे गुबिंद हे गुण निधान,हे सुख मुकती धाम ।।१।। हे दयाल हे किरपाल,हे अच्चुत आनंद ।। हे दासन प्रतिपालक,तारकेश स्वछंद ।।२।। हे मनमोहन लाल हरि,हे प्रभु अगम अगाध ।। हे बखसंद परमातमा,हे सद संगी साध ।।३।। **पउड़ी-** करते पुरुख दयाल प्रभु,अति अगम अपारा ।। तेरा अंत न पाइऐ,करि जतन हजारा ।। तू बेअंत कल पूरणा,तूँ जग दातारा ।। सभ तेरे दर तों मंगदे,तुधु अखुट भंडारा ।। तुध वडियाईआं वडीआं,नहिं परहि सुमारा ।। तुध किरपा ते पाइऐ,जपु नाम तुमारा ।। संत संग सिमरत रहउं,मुहि बिनती सारा ।। श्रीचंद्र कउ राखीऐ,निज सरणि मझारा ।।२५।।३४१।।

ओम् पारब्रहमणे नमः

सलोक- एकंकार आराधि मन,पारब्रहम निरंकार ।। हरे राम नाराइणे,गोबिंद पुरुख मुरार ।।१।। हरि हर राम अरु स्याम,सगुण रूप धरि आप ।। श्रीचंद्र निरगुण ब्रहम ही,हरहि जगत संताप ।।२।। श्रीचंद्र राम रहीम में,जो कोई मानत भेद ।। ते सब नर मति मंद हैं,भाषत सिम्रित वेद ।।३।। धन मद कुल मद राज मद,विद्या मद अरु काम ।। श्रीचंद्र जब लगि मद रहे,कवन मिलाए राम ।।४।। श्रीचंद्र साचे गुरू की,जो जन सरणि पड़े ।। दुख विषाद अरु हानि मद,सत्गुरू आप हरे ।। ५।। अविनासी गुरु आप हैं,आदि पुरुख भगवान ।। श्रीचंद्र ताको सुमरिए,होत निमिख कलिआन ।।६।। श्रीचंद्र जाका राम हैं,बूडत पार भये ।। अनहद सबद गुंजार सिउं,कोटिनि पाप गये ।।७।। भक्ति नाम अरु संत जन,श्रीचंद्र पार करे ।। पर अगिआनी भ्रमित हैं,दुबिधा गरत पड़े ।।८।। बिनु गुरू क्रिपा न तजि सके,विषय वासना फेल ।। सहिज अवस्था गिआन बिन,दुरलभ हरि संगि मेल ।।९।। परम पुरुख

भगवान को,ढूँढ रहा संसार ।। अंतरि मन सभ के बसे,हरि करता करतार ।।१०।। जिमि सूरज प्रकास
महिं,दीपक पड़त है मंद ।। तिमि तुच्छ होत आनंद सभ,ब्रहमानंद के संग ।। ११।। सुत दारा ग्रिह
संपदा,दुखद रूप जग माहिं ।। श्रीचंद्र आतम गिआन धन,सुखप्रद वेद बताहिं ।।१२।। एकहुँ ब्रहम
सरवत्र है,तीनहुँ लोक मंझार ।। श्रीचंद्र चर अरु अचर महिं,ताका ही विस्तार ।।१३।। त्रिसना ही या
जगत में,सभ दुखों की मूल ।। श्रीचंद्र त्रिसना त्याग बिनु,होइ न हरि अनुकूल ।।१४।। जब लगि
त्रिसना पास है,तब लगि राम न पास ।। त्रिसना अभिलाषा गई,राम भयो फिरि दास ।।१५।। अलख
अगम अनाम कहूँ,अगणित ताको नाम ।। श्रीचंद्र ताका वास है,घट घट सगल जहान ।।१६।। पांच
तत्व के कोष में,निसदिन जोति जगे ।। बिनु गुरू जुगत या बापुरो,माया संगि पगे ।।१७।। सत्य अहिंसा
सील तप,दया खिमा म्रिदु दान ।। सुद्ध विचार अरु तोषना,श्रीचंद्र धरम पहिचान ।।१८।। सिमरन
ताका कीजिये,जो घटि भीतरि माहिं ।। सोहं साचा जापु है,सत्गुर आप बताहिं ।।१९।। सुत दारा धन
मान तजि,जपु मन नाम आधार ।। श्रीचंद्र या ही नाम संगि,मिलहिं आप करतार ।।२०।। नाता
ब्रहम अरु जीव का,जिमि रवि,रवि परकास ।। हरि किरपा सो पाइए,श्रीचंद्र वाको वास ।।२१।। चंचल

चित्त थिर न कियो,सांत काम नहिं कीन ।। श्रीचंद्र बिनु संतोख के,रहियो राम रस हीन ।।२२।। श्रीचंद्र राम आराधिऐ,अहंभाव कर दूर ।। आतम निरगुण पेखिऐ,ब्रहम जीव इक नूर ।।२३।। अजर अमर है आत्मा,नसवर सकल सरीर ।। इक चेतन जड़ दूसरो,कहे श्रीचंद्र फकीर ।।२४।। इह तनु भीतरि वस्तु सत,सूखम तनु कहलाय ।। जनम मरण सिउं रहित वह,श्रीचंद्र निगम बताय ।।२५।। भक्ति अरु सत गिआन ही,दोनहुं मोख द्वार ।। श्रीचंद्र दो के योग सिउं,माया परत उतार ।।२६।। श्रीचंद्र निरगुण ब्रहम ही,धरत रूप साकार ।। हित सज्जन अरु दमन अघ,दुस्ट असुर संहार ।।२७।। धन का भूखा जीव है,भाव के भूखे राम ।। श्रीचंद्र जब लगि भाव है,हीय राम कूँ धाम ।।२८।। सरधा प्रेम अरु भक्ति बिनु,मिले न निरगुण राम ।। जाको रूप न रेख है,श्रीचंद्र न कोई धाम ।।२९।। गंगा यमुना सरस्वती,सत्संग मध्य बहे ।। मज्जन करत है पारखू,श्रीचंद्र सच्च कहे ।।३०।। सत्संग राम का धाम है,औसर नाहिं बिसार ।। श्रीचंद्र जनम अमोल है,मिले न बारंबार ।।३१।। सुख स्वरग अपवरग के,सत्संग सम नहिं जान ।। श्रीचंद्र नाम अरु राम का,संत बतावहिं गिआन ।।३२।। सत्संगति अरु संत जन,हरहि कोटि अपराध ।। परनिंदक अरु दुस्टगण,श्रीचंद्र नित उपाध ।।३३।। श्रीचंद्र हीरे

लाल का,सत्संग बड़ा बाजार ।। बिना दाम नित बिकत है,जौहरी जाने सार ।।३४।। कंचन काया कामिनी,सदा न संगि रही ।। श्रीचंद्र अब तो चेत मन,अउसर एक यही ।।३५।। श्रीचंद्र गिआन विराग का,जो चाहे वरदान ।। संत जनों के चरण की,धूली करि इस्नान ।।३६।। सुत दारा अरु बंधु जन,स्वारथ के सभ मीत ।। श्रीचंद्र जब लगि गाँठ धन,तब लगि तिन की प्रीत ।।३७।। अंतरि बाहरि एक ही,लोकत आदि अनंत ।। श्रीचंद्र सोहं जाप जपु,करे पार भगवंत ।।३८।। मुक्ति चाहे नर बापुरो, अरु चाहे मोख दुआर ।। जीना भक्ति गिआन चढ़,श्रीचंद्र उतरहिं पार ।।३९।। श्रीचंद्र ब्रहम आराधिए,अहंभाव सभि खोइ ।। तुरिया अवस्था जब भई,मैं तू रहा न कोइ ।।४०।।

इति

उदासीनाचार्य जगद्गुरु श्री श्रीचंद्र भगवान् प्रणीत

श्री गुरु श्रीचंद्र सिद्धान्त सागर ग्रंथ समापन

श्री अनंद कारज लावां वाणी

ओम् पारब्रहमणे नमः

॥ लावां ॥

श्री मुखवाक बालयति श्रीचंद्र जी की ॥

पहिली लाव परविरती होई,अगनि देव गुरु साखी दोई ॥ परमेस्वर की ओट धराई,नर नारी के गंढ लगाई ॥ भगतां प्रभ की लाव उचारी,वधै वेल इह लाई वाड़ी ॥ लाव गायत्री मंत्र सहाई, श्रीचंद्र ओम गायत्री गाई ॥१॥ लाव दूसरी आरंभै कीनी,दुई द्वैत मिटाए दीनी ॥ नर नारी सुख

सद ही पावै,अगनि देव को सीस निवावै ।। जाकी जोति है सुख करनी,महिमा जाइ न अबिनासी बरनी ।। दूसरी लाव सुख धरै सरीरै,श्रीचंद्र परमेस्वर गुनी गहीरै ।।२।। लाव तीसरी तीन लोक की सोझी,खेलै अगम निगम की मौजी ।। एक टेक जो प्रभु ते राखै,कबहुँ ना कंटक काल गिरासै ।। भरम भूत को दूर भगावै,तीसरी लाव नर नारी गावै ।। श्रीचंद्र प्रभ नाम धिआवै,निरमल होइ परमपद पावै ।।३।। चौथी लाव चहुँ जुग पूजा,एक निरंजन अवर न दूजा ।। जोती जोति इक मिक भए,आदि जुगादि लेख निरमए ।। होई मिहरि जीवे जुग जोड़ी,प्रभ ते मुँह ना भगता मोड़ी ।। श्रीचंद्र चौथी लाव उचारी,धरमचंद्र की वेल सँवारी ।।४।।

इति

।। ओम् पारब्रहमणे नमः ।।